हिमाचल प्रदेश

श्री नाथो राम ठाकुर
लीडिंग फायरमैन
हिमाचल प्रदेश

श्री सज्जाद अहमद खान
मंडल फायर ऑफिसर
जम्मू एवं कश्मीर

श्री अली मोहम्मद डार
स्टेशन ऑफिसर
जम्मू एवं कश्मीर

श्री केशव राव मंजुनाथ राव
जिला फायर ऑफिसर
कर्नाटक

श्री हनुमन्थप्पा वैंकटप्पा
फायर स्टेशन ऑफिसर (ट्रेनिंग)
कर्नाटक

श्री चन्द्र शेकर
फायर स्टेशन ऑफिसर
कर्नाटक

श्री अश्वथप्पा
सहायक फायर स्टेशन ऑफिसर
कर्नाटक

श्री सिद्धालिंगा शशत्रिगल्लु माहालिंगय्या
सहायक फायर स्टेशन ऑफिसर
कर्नाटक

श्री एच. गोपाल राव
फायरमैन 139
कर्नाटक

श्री फ्रैंकलिन मार्क
फायरमैन 07
कर्नाटक

श्री जे. गोपिनाथ पिल्लै विक्रम कुरूप
सटेशन ऑफिसर
केरल

श्री विश्वानाथन थम्पी
लीडिंग फायरमैन 2485
केरल

श्री सरोज कुमार राय
सब-स्टेशन ऑफिसर
मिजोरम

श्री जाकीयमलोवा
लीडिंग फायरमैन
मिजोरम

श्री प्रकाश चन्द्र पाढ़ी
सहायक फायर ऑफिसर
उड़ीसा

श्री रघुनाथ पृष्टि
स्टेशन ऑफिसर
उड़ीसा

श्री पदु सिंह गुर्ला
सहायक स्टेशन ऑफिसर
उड़ीसा

श्री पद्म नाभ पाणिग्रही
लीडिंग फायरमैन
उड़ीसा

श्री धुर्ब चरण मल्लिक
फायरमैन सं. 441
उड़ीसा

श्री नटवर बेहेरा
फायरमैन सं. 780
उड़ीसा

श्री चिन्नप्पन कृष्णनन
सहायक डिवीजनल ऑफिसर
तमिलनाडु

श्री पेरिसामी नारायणसामी
स्टेशन ऑफिसर
तमिलनाडु

श्री रामायन लक्ष्मीनारायणन
स्टेशन ऑफिसर
तमिलनाडु

श्री अच्युतानारायण कृष्णामूर्थि
उन्नयनित सहायक स्टेशन ऑफिसर (3293)
तमिलनाडु

श्री अरुमुगम सेलवाराज
उन्नयनित सहायक स्टेशन ऑफिसर (3451)
तमिलनाडु

श्री सुब्रमणियन रंगराजन
उन्नयनित लीडिंग फायरमैन 3246
तमिलनाडु

श्री कुप्पनन्न अरीवाज़ागान
उन्नयनित लीडिंग फायरमैन 3379
तमिलनाडु

श्री चन्दन सिंह जीना
फायर स्टेशन ऑफिसर
उत्तरांचल

श्री राम स्वरूप पाल
फायर स्टेशन ऑफिसर
उत्तरांचल

श्री सीता राम यादव
एफ. एस. एस. ओ.
उत्तरांचल

श्री नत्थी राम नौडियाल
लीडिंग फायरमैन
उत्तरांचल

श्री सुभास चौधरी
डिवीजनल ऑफिसर
पश्चिम बंगाल

श्री पंकज मोहन चौधरी
डिवीजनल ऑफिसर
पश्चिम बंगाल

श्री प्रबीर कुमार भट्टाचार्जी
डिवीजनल ऑफिसर
पश्चिम बंगाल

श्री पारथा प्रातिमकर
स्टेशन ऑफिसर
पश्चिम बंगाल

श्री सचिन्दर नाथ मंडल
स्टेशन ऑफिसर
पश्चिम बंगाल

श्री तपन कुमार देबनाथ
फायर ऑपरेटर
पश्चिम बंगाल

श्री अजीत कुमार दत्ता
फायर ऑपरेटर
पश्चिम बंगाल

श्री जगदीश फकीरचन्द बाथव
फायरमैन
एन. एफ. एस. सी.
गृह मंत्रालय

श्री शेख कमलुद्दीन शफी
फायरमैन
एन. एफ. एस. सी.
गृह मंत्रालय

श्री सेवा राम
हैड कान्स्टेबल (फायर)
सी.आई.एस.एफ.
गृह मंत्रालय

श्री बीर सिंह
हैड कान्स्टेबल (फायर)
सी.आई.एस.एफ.
गृह मंत्रालय

श्री मदन मोहन मंडल
हैड कान्स्टेबल (फायर)
सी.आई.एस.एफ.
गृह मंत्रालय

2. यह पुरस्कार, सराहनीय सेवा के लिए अग्नि शमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाले नियमों के नियम 3(ii) के तहत प्रदान किया जाता है।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं. 7-प्रेज/2007--राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2007 के अवसर पर निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का गृह रक्षक और नागरिक सुरक्षा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :--

श्री चन्द्र कान्त दास
डिवीजनल कमान्डेन्ट (होमगार्ड)
असम

श्री सुशील चन्द्र बरूवा
असिस्टेन्ट डिप्टी कन्ट्रोलर (एस.आर.)
असम

श्री हेमन्त राजवाडे
डिस्ट्रिक्ट कमान्डेन्ट (होमगार्ड)
छत्तीसगढ़

श्री गोविन्द सिंह तोमर
डिस्ट्रिक्ट स्टाफ ऑफिसर (होमगार्ड)
दिल्ली

श्री दिलीप कुमार मिढा
कम्पनी कमान्डर (पी.ए.आई.डी.)
दिल्ली

श्री किक्केरी वसन्था बलराम
डिप्टी कमान्डेन्ट (होमगार्ड)
कर्नाटक

श्री एच. के. महादेवप्पा
डिप्टी कमान्डेन्ट (होमगार्ड)
कर्नाटक

श्री मनोहर लाल हनोतिया
डिस्ट्रिक्ट कमान्डेन्ट (होमगार्ड)
मध्य प्रदेश

श्री भूपेन्द्र सिंह मरकाम
डिस्ट्रिक्ट कमान्डेन्ट (होमगार्ड)
मध्य प्रदेश

श्री सुशील कुमार तिवारी
इन्स्पेक्टर (एम), होमगार्ड
मध्य प्रदेश

श्री अजय कुमार सिंह
डिप्टी कमान्डेन्ट जनरल (होमगार्ड)
उत्तर प्रदेश

श्री देव नाथ राम
डिप्टी कन्ट्रोलर (सीडी)
उत्तर प्रदेश

श्री इन्द्र पाल सिंह
चीफ वार्डन (सीडी)
उत्तर प्रदेश

श्री अकरम शमसी
चीफ वार्डन (सीडी)
उत्तर प्रदेश

श्री योगेम्बर सिंह
स्टाफ ऑफिसर (सीडी/होमगार्ड)
उत्तरांचल

2. यह पुरस्कार, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का गृह रक्षक और नागरिक सुरक्षा पदक पुरस्कार को शासित करने वाले नियमों के नियम 3(ii) के तहत प्रदान किया जाता है।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं. 8-प्रेज/2007--राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2007 के अवसर पर निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी सराहनीय सेवा के लिए गृह रक्षक और नागरिक सुरक्षा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :--

श्री काराजय कुमार
प्लाटून कमान्डर (होमगार्ड)
आन्ध्र प्रदेश

श्री ईश्वर चन्द्रा भट्टाचार्य
चीफ वार्डन (सिविल डिफेंस)
असम

श्री प्रदीप कुमार खेमका
चीफ वार्डन (सिविल डिफेंस)
असम

श्री अनिल कुमार जोशी
सूबेदार (एम)/होमगार्ड
छत्तीसगढ़

श्री एस. के. शौकीन
जूनियर स्टाफ ऑफिसर (होमगार्ड)
दिल्ली

श्री मोहन चन्द्रा महेश्वरी
डिप्टी डिवीजनल वार्डन (सिविल डिफेंस)
दिल्ली

श्री रामदास सोनू मोरगोनकर
सीनियर प्लाटून कमान्डर (होमगार्ड)
गोआ

श्री उदय शंकर कुडतरकर
प्लाटून कमान्डर (होमगार्ड)
गोआ

श्री उल्लास बलप्पा तलवार
कम्पनी क्वार्टर मास्टर (होमगार्ड)
गोआ

श्री हरसुखलाल रामजीभाई पाला
कम्पनी कमान्डर (होमगार्ड)
गुजरात

श्री सुरेन्द्र सिंह
डिस्ट्रिक्ट कमान्डेन्ट (होमगार्ड)
हरियाणा

स. सुबे सिंह
कम्पनी कमान्डर (होमगार्ड)
हरियाणा

श्री सतपाल
हवलदार इन्स्ट्रैक्टर (होमगार्ड)
हरियाणा

श्री राम सिंह ठाकुर
प्लाटून कमान्डर (होमगार्ड)
हिमाचल प्रदेश

श्रीमती सुदेश कुमारी राना
प्लाटून कमान्डर (होमगार्ड)
हिमाचल प्रदेश

श्री जिया लाल शर्मा
डिवीजनल वार्डन (सिविल डिफेंस)
जम्मू कश्मीर

श्री वैन्कटा सत्या सूर्यनारायण शर्मा मंडा
अवैतनिक इन्स्ट्रैक्टर (सिविल डिफेंस)
झारखंड

श्री मारीराज गट्टीपीट
सीनियर प्लाटून कमान्डर (होमगार्ड)
कर्नाटक

श्री मीगा नारसीमा योगाप्पा हेगोडा
इन्स्ट्रैक्टर (होमगार्ड)
कर्नाटक

श्री ए. एन. मोमीन
इन्स्ट्रैक्टर (होमगार्ड)
कर्नाटक

श्री विषाद तिवारी
डिवीजनल कमान्डेन्ट (होमगार्ड)
मध्य प्रदेश

श्री रविन्द्र कुमार घुणे
इन्सपैक्टर (एम.) (होमगार्ड)
मध्य प्रदेश

श्री रामकुमार तिवारी
प्लाटून कमान्डर (होमगार्ड)
मध्य प्रदेश

श्री संजय सक्सेना
फोटोग्राफर (होमगार्ड)
मध्य प्रदेश

श्री श्रीराम राजपूत
हवलदार इन्स्ट्रैक्टर (होमगार्ड)
मध्य प्रदेश

श्री ओनेश च. संगमा
हवलदार (बी.डब्ल्यू.एच.जी.)
मेघालय

श्री माइकल यादेन
एडीशनल डायरैक्टर (सिविल डिफेंस)
डिप्टी कमान्डेन्ट जनरल (होमगार्ड)
नागालैण्ड

श्री वसन्त कुमार पात्र
प्लाटून सारजेन्ट (होमगार्ड)
उड़ीसा

श्रीमती उर्मिला पाणि
प्लाटून कमान्डर (डब्ल्यू होमगार्ड)
उड़ीसा

श्री रमेश चन्द्र महान्ति
प्लाटून सारजेन्ट (होमगार्ड)
उड़ीसा

श्री फणु बेहेरा
होमगार्ड
उड़ीसा

श्री रामा नाथ मिश्र
डिप्टी कन्ट्रोलर (सिविल डिफेंस)
उड़ीसा

श्री सुकान्त बारीक
सिविल डिफेंस वोलेंटियर
उड़ीसा

श्री सिमान्चाल कुन्डु
सिविल डिफेंस वालेंटियर
उड़ीसा

श्री राय सिंह
कम्पनी कमान्डर (होमगार्ड)
पंजाब

श्री भंवर सिंह चौहान
कम्पनी कमान्डर (होमगार्ड)
राजस्थान

श्री महीपाल सिंह जाखड़
कम्पनी कमान्डर (होमगार्ड)
राजस्थान

श्री राम चरन वर्मा
डिवीजनल वार्डन (सिविल डिफेंस)
राजस्थान

श्री एस. पी. कुमारसैन
प्लाटून कमान्डर (होमगार्ड)
तमिलनाडू

श्री आर. गोविन्दराज
डिप्टी कमान्डर (होमगार्ड)
तमिलनाडू

श्री टी. नटराजन
प्लाटून कमान्डर (होमगार्ड)
तमिलनाडू

श्री आनन्द जमातिया
होमगार्ड
त्रिपुरा

श्री बाबूलाल कुरील
डिप्टी कन्ट्रोलर (सिविल डिफेंस)
उत्तर प्रदेश

श्री उदय प्रताप सिंह
उप नियंत्रक (सिविल डिफेंस)
उत्तर प्रदेश

श्री राजीव अग्रवाल
चीफ वार्डन (सिविल डिफेंस)
उत्तर प्रदेश

डॉ. रमेश नारायण त्रिपाठी
डिप्टी वार्डन (सिविल डिफेंस)
उत्तर प्रदेश

श्री मौहम्मद मुरतजा खान
स्टाफ ऑफिसर (डब्ल्यू.एस.)
उत्तर प्रदेश

श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव
चीफ स्टाफ ऑफिसर (सी.एस.)
उत्तर प्रदेश

श्री प्रलय जाना राय
स्टाफ ऑफिसर इन्स्ट्रैक्टर (सिविल डिफेंस)
पश्चिम बंगाल

श्री स्वनप कुमार चट्टोपाध्याय
वरिष्ठ सिविल डिफेंस इन्स्पेक्टर
रेल मंत्रालय

2. यह पुरस्कार सराहनीय सेवा के लिए गृह रक्षक और नागरिक सुरक्षा पदक पुरस्कार को शासित करने वाले नियमों के नियम 3(ii) के तहत प्रदान किए जाते हैं।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं. 9-प्रेज/2007--राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2007 के अवसर पर निम्नलिखित जेल कार्मिकों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का सुधारात्मक सेवा पदक प्रदान करते हैं :--

श्री मोहम्मद रियाजुद्दीन अहमद
अपर महानिरीक्षक (कारागार) (प्रशिक्षण एवं विकास)
तेलंगाना क्षेत्र
हैदराबाद

श्री सुनील कुमार गुप्ता
विधि अधिकारी, कारागार मुख्यालय
केन्द्रीय कारागार, तिहाड़
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

श्री अशोक कुमार खरे
उप महानिरीक्षक कारागार
कारागार मुख्यालय, भोपाल
मध्य प्रदेश

श्री हरिशंकर सिंह
उप महानिरीक्षक कारागार
बरेली
उत्तर प्रदेश

2. यह पुरस्कार, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के सुधारात्मक सेवा पदक प्रदान किए जाने को शासित करने वाले नियमों के नियम 4 के अन्तर्गत प्रदान किए जाते हैं।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं. 10-प्रेज/2007--राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस, 2007 के अवसर पर निम्नलिखित जेल कार्मिकों को सराहनीय सेवा के लिए सुधारात्मक सेवा पदक प्रदान करते हैं :--

श्री गनीवदा सत्यनारायण
हेड वार्डर
केन्द्रीय कारागार, राजामुन्दरी
आन्ध्र प्रदेश

श्री के. कृष्ण मूर्ति
चीफ हेड वार्डर
केन्द्रीय कारागार, विशाखापत्तनम
आन्ध्र प्रदेश

श्री मोहम्मद जहांगीर
चीफ हेड वार्डर
केन्द्रीय कारागार, चेरलापल्ली
आन्ध्र प्रदेश

श्री टी. दोरइया
हेड वार्डर
केन्द्रीय कारागार, राजामुन्दरी
आन्ध्र प्रदेश

श्री राकेश शर्मा
उपाधीक्षक ग्रेड-II
केन्द्रीय कारागार नं. 4, तिहाड़
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

श्री धर्मबीर सिंह डबास
हेड वार्डर
केन्द्रीय कारागार, तिहाड़
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

श्री वी. एस. राजा
मुख्य अधीक्षक
केन्द्रीय कारागार, बंगलौर
कर्नाटक

श्री एस. लक्ष्मीनारायणप्पा
चीफ जेलर
जिला कारागार, टुमकुर
कर्नाटक

श्री अलियारुकुंजू बदरुदीन
अधीक्षक
मुक्त कारागार, नेटूकालथेरी
तिरुवनन्तपुरम, केरल

श्री मणियन नादार
गेट कीपर
केन्द्रीय कारागार, तिरुवनन्तपुरम
केरल

श्री जय नारायण सिंह बघेल
जेलर
जिला कारागार छिंदवाड़ा
मध्य प्रदेश

श्री प्रभु दयाल कुशवाहा
डिप्टी जेलर
केन्द्रीय कारागार सागर
मध्य प्रदेश

श्री मणिशंकर पाल
डिप्टी जेलर
केन्द्रीय कारागार सिधी
मध्य प्रदेश

श्री स्यानली लिंगवा
हेड वार्डर
जिला कारागार, जोवाई
मेघालय

श्री धीरेन कुमार दास
हेड वार्डर
उप-कारागार छत्तरपुर
उड़ीसा

श्री सरत कुमार परीजा
वार्डर
सर्किल कारागार चौद्वार
उड़ीसा

श्री एम. कल्याणसुन्दरम
चीफ हेड वार्डर
उप-कारागार, पनरुति
तमिलनाडु

श्री एस. दयालन
चीफ हेड वार्डर
उप-कारागार वाल्लाजा
तमिलनाडु

श्री के. माथियालगन
ग्रेड-I वार्डर
केन्द्रीय कारागार सलेम
तमिलनाडु

श्री एम. नारायणसामी
ग्रेड-I वार्डर
केन्द्रीय कारागार, चेन्नई
तमिलनाडु

श्री पी. गंगाधरन
ग्रेड-I वार्डर
केन्द्रीय कारागार, चेन्नई
तमिलनाडु

मोहम्मद उमर
हेड वार्डर
जिला कारागार फतेहपुर
उत्तर प्रदेश

श्री पारस नाथ सिंह
हेड वार्डर
केन्द्रीय कारागार वाराणसी
उत्तर प्रदेश

श्री अरुण शर्मा
वार्डर
केन्द्रीय कारागार वाराणसी
उत्तर प्रदेश

श्री किशुन लाल
वार्डर
केन्द्रीय कारागार वाराणसी
उत्तर प्रदेश

श्री अंबिका यादव
वार्डर
केन्द्रीय कारागार वाराणसी
उत्तर प्रदेश

श्री सतीश चन्द्र श्रीवास्तव
हेड वार्डर
मॉडल जेल, लखनऊ
उत्तर प्रदेश

श्री गया प्रसाद मिश्रा
वार्डर
मॉडल जेल, लखनऊ
उत्तर प्रदेश

2. यह पुरस्कार, सराहनीय सेवा के लिए सुधारात्मक सेवा पदक प्रदान किए जाने को शासित करने वाले नियमों के नियम 4(iii) के अन्तर्गत प्रदान किए जाते हैं।

बरूण मित्रा
निदेशक

संख्या 11-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

श्री यदु नाथ सिंह,
द्वितीय फायर स्टेशन अधिकारी

श्री धर्मपाल सिंह,
लीडिंग फायरमैन

दिनांक 22 जुलाई, 2004 को 0930 बजे गला काटे की मस्जिद, पुलिस थाना नागफनी, मुरादाबाद के निकट एक पीतल की फैक्टरी के डीजल के गोदाम में भयानक आग लग गई। सूचना मिलने पर श्री यदुनाथ सिंह, द्वितीय फायर स्टेशन अधिकारी, मुरादाबाद अपने अग्निशमन दल के साथ तुरंत ही घटना स्थल पर पहुंचे।

घटनास्थल पर पहुंचने पर श्री यदुनाथ सिंह ने देखा कि फैक्टरी से आग की भयानक लपटें और घना काला धुआं निकल रहा है। उन्हें बताया गया कि भवन के अन्दर कुछ लोग फंसे हुए है। स्थिति को भांपते हुए उन्होंने तत्काल अग्निशमन तथा राहत आपरेशन का कार्य शुरू किया। भयानक लपटों और दमघोटु धुएं से होने वाले जान के खतरे को भली-भांति जानते हुए भी सर्व श्री यदुनाथ सिंह, द्वितीय फायर स्टेशन अधिकारी तथा धर्मपाल सिंह, लीडिंग फायरमैन फैक्टरी के अन्दर गये और पांच व्यक्तियों की जान बचायी। अग्निशमन की कार्रवाई के दौरान डीजल के ड्रमों में अचानक ही आग भड़क उठी जिसमें यह दोनों अधिकारी फंस गये और ये दोनों गम्भीर रूप से झुलस गये।

सर्व श्री यदुनाथ सिंह, द्वितीय फायर स्टेशन अधिकारी तथा धर्मपाल सिंह, लीडिंग फायरमैन ने इस प्रकार उत्कृष्ट वीरता, अदम्य साहस, नेतृत्व, व्यवसायिक कुशलता और उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, वीरता के लिए अग्निशमन सेवा पदक पुरस्कार को शासित करने वाले नियमों के नियम 3(i) के तहत प्रदान किया जाता है और परिणामतः नियम 5 (क) के तहत अनुमेय विशेष भत्ता दिनांक 22 जुलाई, 2004 से इसके साथ देय होगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं. 12- प्रेज./2007- राष्ट्रपति, श्री कृष्ण पाल चंदिला, उप जेलर, जिला कारागार, आगरा (उत्तर प्रदेश) को गणतंत्र दिवस, 2007 के अवसर पर शौर्य के लिए राष्ट्रपति का सुधारात्मक सेवा पदक प्रदान करते हैं।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया है :

27 नवम्बर, 2005 को जिला कारागार, आगरा के परिसर में स्थित मुलाकात घर, जिसमें लगभग 400 व्यक्ति उपस्थित थे, में दो पक्षों में गोलीबारी हो गई। यद्यपि श्री चंदिला निहत्थे थे परन्तु उन्होंने असाधारण साहस का परिचय देते हुए न केवल हथियारबंद हमलावरों को भागने से रोककर फायरिंग में प्रयुक्त हथियारों सहित गिरफ्तार कराया अपितु अनियंत्रित भीड़ द्वारा पीटे जा रहे एक व्यक्ति (हमलावर) की जान भी बचाई। श्री चंदिला के उपरोक्त कृत्य ने न केवल मुलाकात घर पर उपस्थित अनेक व्यक्तियों के जीवन को संभावित खतरे से बचाया वरन इससे कारागार में निरुद्ध बंदियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई।

इस प्रकार जिला कारागार, आगरा में उप जेलर के रूप में अपनी तैनाती के दौरान श्री चंदिला ने असाधारण शौर्य, साहस एवं कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

2. यह पुरस्कार विशिष्ट सेवा/शौर्य के लिए राष्ट्रपति का सुधारात्मक सेवा पदक प्रदान किए जाने को शासित करने वाले नियमों के नियम 4 (iv) के अन्तर्गत प्रदान किया जाता है और परिणामस्वरुप इसके साथ 27 नवम्बर, 2005 से नियम 5 के अन्तर्गत यथाअनुमेय विशेष भत्ता प्रदान किया जाता है।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं. 13- प्रेज./2007- राष्ट्रपति, श्री विकास शर्मा, वार्डर, जिला कारागार, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश को गणतंत्र दिवस, 2007 के अवसर पर शौर्य के लिए सुधारात्मक सेवा पदक प्रदान करते हैं।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया है :

27 सितम्बर, 2005 को श्री विकास शर्मा, वार्डर, जिला कारागार, धर्मशाला जिला कारागार के द्वार पर ड्यूटी दे रहे थे तभी एक पुलिस दल श्री अमरीश राणा नामक एक अपराधी को लेकर आया जिसे अस्पताल से उपचार के उपरान्त पुनः जिला कारागार में बंद किया जाना था। वह अपराधी अपनी बैरक में जाने के बजाय बलपूर्वक कारागार अधीक्षक के कार्यालय में घुस गया और उसने किसी परोक्ष इरादे से उनके साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया। कारागार अधीक्षक के जीवन को खतरे में पड़ा भांपकर श्री शर्मा ने तुरंत हस्तक्षेप किया और हाथापाई करके उस अपराधी को पकड़ लिया तथा उसे कारागार अधीक्षक के जीवन को इरादतन नुकसान पहुंचाने के प्रयास से रोक लिया। उस अपराधी ने हाथापाई के दौरान, श्री शर्मा के दाहिने कान को पूर्णतः उखाड़ दिया और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस प्रकार श्री शर्मा ने न केवल कारागार अधीक्षक के जीवन की रक्षा की बल्कि उक्त अपराधी के भागने की सम्भावना को समाप्त करने में असाधारण साहस का भी प्रदर्शन किया।

इस प्रकार, जिला कारागार, धर्मशाला में अपनी तैनाती के दौरान श्री शर्मा ने असाधारण शौर्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

2. यह पुरस्कार विशिष्ट सेवा/शौर्य के लिए राष्ट्रपति का सुधारात्मक सेवा पदक प्रदान किए जाने को शासित करने वाले नियमों के नियम 4 (iv) के अन्तर्गत प्रदान किया जाता है और परिणामस्वरुप इसके साथ 27 सितम्बर, 2005 से नियम 4 क के अन्तर्गत यथाअनुमेय विशेष भत्ता प्रदान किया जाता है।

बरूण मित्रा
निदेशक

दिनांक 12 फरवरी 2007

सं0 14-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. महताब सिंह
उप -निरीक्षक **राष्ट्रपति के पुलिस पदक का प्रथम बार**
(मरणोपरांत)

2. राहुल कुमार
उप -निरीक्षक **पुलिस पदक का प्रथम बार**

उस सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया:

30.12.2004 को कृष्ण पहलवान गैंग का दुर्दांत डाकू सुरेन्द्र उर्फ सुंदर पुत्र रत्तन सिंह, निवासी टिटोली, थाना सदर, रोहतक, हरियाणा जिसकी गिरफ्तारी के लिए हरियाणा पुलिस ने 25,000/- रुपए के नकद इनाम की घोषणा की थी, हरियाणा में पानीपत की चीनी मिल, बाहरी द्वार पर हुई गोलीबारी के बाद एक मुठभेड़ में मारा गया था। वह हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और जबरन वसूली के कई मामलों में संलिप्त पाया गया था। उसके दो अन्य साथियों, प्रदीप पुत्र चरण सिंह और रणबीर पुत्र धरम सिंह को जो ग्राम नांगल खेड़ी, पानीपत, हरियाणा के निवासी थे, गिरफ्तार कर लिया गया। उनके कब्जे से 0.455 बोर का एक इंग्लिश रिवाल्वर, तीन जिंदा कारतूसों के साथ 9 एम एम का एक ब्राउनिंग पिस्तौल और गोली बारुद के साथ एक देशी पिस्तौल बरामद हुआ। गोली बारी के दौरान उप -निरीक्षक महताब सिंह भी गोली लगने से घायल हो गए और बाद में घायलावस्था में उनकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना मॉडल टाउन, पानीपत, हरियाणा में आई पी सी की धारा 302/186/353/307/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27 के तहत दिनांक 30.12.2004 को प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 413/2004 के अंतर्गत एक मामला दर्ज किया गया था।

आतंक को समाप्त करने और कृष्ण पहलवान गैंग की जड़ों को उखाड़ फेंकने तथा दिल्ली को सुरक्षित बनाने के लिए निरीक्षक मोहन चंद शर्मा के पर्यवेक्षण में स्पेशल सैल के पदाधिकारियों की एक टीम का गठन किया गया । थाना नांगलोई, दिल्ली में आई पी सी की धारा 385, 386 के तहत दायर एफ आई आर संख्या 154/04 के मामले की आगे और जांच -पड़ताल के लिए इसे 2004 के माह में स्पेशल सैल, लोदी कालोनी, नई दिल्ली में अंतरित कर दिया गया था। इस मामले में वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर पुत्र रत्तन सिंह,

निवासी वी पी ओ, टिटोली, रोहतक, हरियाणा को गिरफ्तार करने के लिए उप-निरीक्षक महताब सिंह, उप-निरीक्षक राहुल कुमार, उप -निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, हैड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह और हैड कांस्टेबल अजीत की एक टीम का गठन किया गया। तदनुसार, सुरेन्द्र उर्फ सुंदर और कृष्ण पहलवान के अन्य सहयोगियों और स्रोतों की तलाशी लेने के लिए दिल्ली के विभिन्न भागों में छापे मारे गए।

30.12.2004 को टेलीफोन के जरिए मुखबिर से एक विशिष्टि सूचना मिली कि आज सांय लगभग 4.30 बजे सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर अपने साथियों के साथ मोटर साइकल नं. एच आर 06 एच-2580 पर चीनी मिल कालोनी, पानीपत, हरियाणा में किसी को मिलने आएगा और उनके पास अवैध हथियार हैं। तदनुसार, हरियाणा पुलिस के साथ इस सूचना का आदान-प्रदान करने के बाद चीनी मिल, पानीपत, हरियाणा के निकासी द्वार के आस-पास एक जाल बिछाया गया। मुखबिर के साथ उप निरीक्षक महताब, उप-निरीक्षक राहुल, उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र, हैड कांस्टेबल अजीत और हैड कांस्टेबल राजेन्द्र ने चीनी मिल कालोनी के निकासी द्वार पर मोर्चा संभाला। लगभग सांय 4.40 बजे कालोनी के अंदर से मोटर साइकल पर तीन व्यक्ति आए और बेरिकेड पर धीमे हो गए। मुखबिर ने मोटर साइकल पर पीछे बैठे दूसरे व्यक्ति को सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर के रुप में पहचाना। इस पर उप-निरीक्षक महताब और उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र ने ऊंची आवाज में अपनी पहचान बतायी और उसे रुकने को कहा, लेकिन अपने आपको को पुलिस के घेरे में फंसा पाकर उन तीनों ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। इसी बीच उप-निरीक्षक महताब और उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र ने ऊंची आवाज में उन्हें कहा कि वे आत्मसमर्पण कर दें लेकिन उन तीनों ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी जारी रखी। उप-निरीक्षक महताब, उप-निरीक्षक राहुल, उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र, हैड कांस्टेबल राजेन्द्र और हैड कांस्टेबल अजीत ने भी अपनी सुरक्षा और पुलिस पार्टी के अन्य सदस्यों को बचाने के लिए अपने-अपने हथियारों से गोलीबारी का जवाब दिया। गोलीबारी के दौरान, उप-निरीक्षक महताब सिंह गोली लगने से घायल हो गए। जब अपराधियों की तरफ से गोलीबारी बंद हुई तो सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर घायल हुआ पाया गया और अन्य दो अपराधियों नामत: प्रदीप और रणवीर, दोनों ही पानीपत हरियाणा के निवासी, ने पुलिस पार्टी के सामने अपने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। घायल उपनिरीक्षक महताब सिंह और अपराधी सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर को सरकारी अस्पताल, पानीपत ले जाया गया जहां उन्हें "मृत लाया गया" घोषित किया गया। घटना स्थल से अपराधी सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर द्वारा प्रयुक्त 0.455 बोर का एक इंग्लिश रिवाल्वर बरामद हुआ। प्रदीप और रणवीर के कब्जे से तीन जिंदा कारतूसों के साथ ब्राउनिंग पिस्तौल, एक देशी पिस्तौल तथा गोलीबारुद बरामद हुआ। पुलिस स्टेशन मॉडल टाउन, पानीपत, हरियाणा में उचित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया।

<u>डकैतों से हुई बरामदगी</u>

I) .45 बोर की एक रेमिंग्टन पिस्तौल

II) तीन जिंदा कारतूसों सहित 9 एम एम की एक ब्राउनिंग पिस्तौल

III) दो जिंदा राउंडों के साथ .315 बोर की एक देशी पिस्तौल।

अधिकारियों की व्यक्तिगत भूमिका

उप-निरीक्षक महताब सिंह: उन्होंने सामने से पुलिस पार्टी का नेतृत्व किया। विशिष्ट सूचना के आधार पर 30.12.2004 को अपराधी सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर को पकड़ने के उद्देश्य से चीनी मिल कालोनी, पानीपत, हरियाणा के बाहरी द्वार के आस-पास एक जाल बिछाया गया। उप-निरीक्षक महताब सिंह ने टीम के अन्य सदस्यों के साथ चीनी मिल कालोनी के बाहरी द्वार पर मोर्चा संभाला। सांय लगभग 4.40 बजे कालोनी के अंदर से मोटरसाइकल पर तीन व्यक्ति आए और वे बेरिकेड पर धीमे हो गए। मुखबिर ने मोटर साइकल पर पीछे बैठे दूसरे व्यक्ति की पहचान सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर के रुप में की। इस पर उप-निरीक्षक महताब ने ऊंची आवाज में पुकार कर उसे रुकने का निर्देश दिया। लेकिन अपने आपको पुलिस पार्टी के घेरे में फंसा पाकर तीनों अपराधियों ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। अपराधी सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए वापस कालोनी के अंदर की तरफ भागना शुरु कर दिया। इस गोलीबारी से विचलित हुए और गोलीबारी की परवाह किए बिना उप-निरीक्षक महताब सिंह ने टीम के अन्य सदस्यों के साथ भाग रहे सुरेन्द्र सिंह उर्फ सुन्दर का पीछा किया। गोलीबारी के दौरान उप-निरीक्षक महताब सिंह, सुरेन्द्र सिंह उर्फ सुन्दर की गोलियों से बुरी तरह से घायल हो गए। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और गोलियों से कई जख्म होने के बावजूद उन्होंने पीछा करना जारी रखा और डकैत पर गोलीबारी कर दी ताकि उसे पकड़ा जा सके और टीम के साथी सदस्यों के प्राणों की रक्षा की जा सके। उप-निरीक्षक महताब सिंह की बहादुरी और साहसी कार्रवाई के कारण ही डकैत सुरेन्द्र उर्फ सुंदर गंभीर रुप से घायल हुआ। बाद में दोनों ही उप-निरीक्षक महताब सिंह और अपराधी सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर की घायलावस्था में मृत्यु हो गई और उन्हें अस्पताल में "मृत लाया गया" घोषित किया गया। उप निरीक्षक महताब सिंह ने दुर्दान्त अपराधी की पिस्तौल से निकली गोलियों की बौछार को बहुत निकट से झेला। उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डालकर अपराधी का बहादुरी से मुकाबला किया तथा कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने अपनी पिस्तौल से 5 राउंड गोलियां चलाई और दुर्दान्त इनामी अपराधी सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर को निष्क्रिय करने में मुख्य भूमिका निभाई।

उप-निरीक्षक राहुल कुमार: विशिष्ट सूचना के आधार पर 30.12.2004 को अपराधी सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर को गिरफ्तार करने के उद्देश्य से चीनी मिल कालोनी, पानीपत, हरियाणा के बाहरी द्वार के आस-पास एक जाल बिछाया गया था । उप-निरीक्षक राहुल कुमार ने टीम के अन्य सदस्यों के साथ चीनी मिल कालोनी के बाहरी द्वार पर मोर्चा संभाला। सांय लगभग 4.40 बजे कालोनी के अंदर से मोटर साइकल पर तीन व्यक्ति आये और वे बेरिकेड पर धीमे हो गए। मुखबिर ने मोटर साइकिल पर पीछे बैठे दूसरे व्यक्ति की पहचान सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर के रुप में की। इस पर उप-निरीक्षक महताब और उप-निरीक्षक धर्मेद्र ने ऊंची आवाज में पुकार कर उसे रुकने का निर्देश दिया। लेकिन अपने आप को पुलिस पार्टी से घिरा पाकर उन तीनों अपराधियों ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। अपराधी सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर ने वापस कालोनी के अन्दर भागना शुरु किया लेकिन उप-निरीक्षक राहुल कुमार ने उप-

निरीक्षक महताब सिंह और उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र के साथ सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर का पीछा किया। गोलीबारी के दौरान सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर की गोलीबारी से उप-निरीक्षक महताब सिंह बुरी तरह घायल हो गए और गिर पड़े जब कि उप-निरीक्षक राहुल कुमार, जो सबसे आगे थे, बाल-बाल बचे और अपने प्राणों की परवाह किए बगैर डकैत का मुकाबला किया। उन्होंने साथ-ही-साथ टीम के अन्य सदस्यों को निर्देश दिया कि वे घायल अधिकारी को तत्काल चिकित्सा सहायता/उपचार प्रदान करें। गोलीबारी के दौरान सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर भी घायल हुआ। लेकिन उसने अंधाधुंध गोलियां चलाना जारी रखा। उप-निरीक्षक राहुल कुमार ने भी अपनी सुरक्षा और टीम के अन्य सदस्यों के प्राणों की रक्षा के लिए गोलीबारी जारी रखी। जब अपराधियों की तरफ से गोलीबारी रुकी तो पुलिस टीम ने भी तत्काल गोलीबारी बंद कर दी और उप-निरीक्षक राहुल कुमार घायल सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर को अस्पताल ले गए। लेकिन दोनों ही उप निरीक्षक महताब सिंह और अपराधी सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर की घायलावस्था में मृत्यु हो गई और इन्हें अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया घोषित किया गया। उप निरीक्षक राहुल कुमार ने बहुत नजदीक से दुर्दान्त अपराधी की पिस्तौल से हुई गोलियों की बौछार का सामना किया। लेकिन वह इससे विचलित नहीं हुए और अपनी परवाह किए बिना अपने प्राणों को जोखिम में डालकर बहादुरी से अपराधी का मुकाबला किया। उन्होंने अपनी पिस्तौल से 3 राउंड गोलियां चलाईं और दुर्दांत ईनामी अपराधी सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर को निष्क्रिय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गोलीबारी के दौरान उप-निरीक्षक राहुल कुमार ने घायल उप-निरीक्षक महताब सिंह को तत्काल अस्पताल भेजने का निर्णय लिया और टीम के अन्य सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री (स्व.) महताब सिंह, उप-निरीक्षक और राहुल कुमार, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, राष्ट्रपति के पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30 दिसम्बर, 2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं015-प्रेज/2006-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री खड़क सिंह,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

निरीक्षक खड़क सिंह जो अतिरिक्त थानाध्यक्ष अशोक विहार, उत्तर-पश्चिमी जिला, दिल्ली में तैनात हैं, की अनुकरणीय वीरतापूर्ण कार्रवाई और निर्णायक भूमिका के कारण खतरनाक अपराधी नितिन नागपाल पुत्र रमेश नागपाल निवासी बी-3/412, सिविल रोड, रोहतक की उसके साथी रणबीर पुत्र रामजी लाल निवासी रोहतक, हरियाणा की भारतीय दंड संहिता की धारा 302/307/393/397/353/332/186/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27 के तहत दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 419 दिनांक 23.06.2005 मामले में घटनास्थल पर गिरफ्तारी संभव हो सकी। इस अभियान के कारण ही इन खतरनाक अपराधियों को निष्क्रिय किया जा सका जिन्होंने गिरिराज किशोर निवासी ई-174, फेज प्रथम अशोक विहार, दिल्ली की दिन दहाड़े की गई सनसनीखेज वीभत्स हत्या और घर में डकैती करके राजधानी शहर में आतंक का पर्याय पैदा कर दिया था। जब पुलिस दल ने अपराधियों को रोकने का प्रयास किया, तभी उन्होंने अपनी गोलियों से भरे हथियार निकाल लिए और उन्होंने बचने के हताशा भरे प्रयास में, पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी जिसमें निरीक्षक खड़क सिंह सहायक उप निरीक्षक हरीश चंद, कांस्टेबल रविन्द्र और कांस्टेबल धर्मपाल गोलियां लगने से गंभीर रुप से ज़ख्मी हो गए। लेकिन साहसी पुलिस अधिकारी अपनी जान की परवाह न करते हुए उन पर झपट पड़े और उनको काबू में कर लिया। उपर्युक्त मामले में संलिप्त होने के अतिरिक्त, अभियुक्त नितिन नागपाल ने मकान सं. बी एन-80, शालीमार बाग, दिल्ली में इसी प्रकार की कार्य-प्रणाली को अपनाते हुए एक और घर में डकैती डाली जिसमें वह 20 लाख रु0 के जेवरात और घरेलू वस्तुएं लेकर चम्पत हो गया। इस संबंध में पुलिस स्टेशन शालीमार बाग में भारतीय दंड संहिता की धारा 392/397/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27 के तहत एक प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 999 दिनांक 18.11.2004 दर्ज की गई जिसे इस गिरफ्तारी के साथ भी सुलझा लिया गया है। यह केवल निरीक्षक खड़क सिंह द्वारा समय से की गई जवाबी, चतुराईपूर्ण और निडरतापूर्वक कार्रवाई के कारण संभव हो सका।

इस मामले के संक्षेप में तथ्य यह हैं कि 23.6.05 को दोपहर लगभग 12.35 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष में एक सूचना प्राप्त हुई कि मकान सं. ई-174 फेज प्रथम अशोक विहार, दिल्ली में एक डकैती की जा रही है और गोलीबारी भी चल रही है। इस सूचना के प्राप्त होने पर, कांस्टेबल परमजीत सिंह, कांस्टेबल रविन्द्र और कांस्टेबल धर्मपाल के साथ अतिरिक्त थानाध्यक्ष अशोक विहार तत्काल तेजी से घटनास्थल की ओर गए। जब पुलिस दल घटनास्थल पर पहुँचा तब उन्होंने देखा कि दो युवक मकान सं. ई-174, फेज-I, अशोक विहार के अंदर से निकलकर भाग रहे हैं। जब पुलिस दल ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तब नितिन नागपाल ने गोलियों से भरा हथियार निकाल लिया। भाग निकलने के हताशा भरे प्रयास में, उसने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी जिसमें अतिरिक्त थानाध्यक्ष अशोक विहार, सहायक उप निरीक्षक हरीश चंद पी सी आर, कांस्टेबल रविन्द्र और धर्मपाल गोलियां लगने से गंभीर रुप से घायल हो गए। लेकिन निडर पुलिस अधिकारी अभियुक्तों पर झपट पड़े और अपनी जानों की परवाह किए बिना, उन्होंने उन्हें काबू में कर लिया और उनके कब्जे से अपराध में इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार भी बरामद कर लिए। घटनास्थल पर की गई

जांच से यह भी मालूम हुआ कि उन्होंने मकान सं. ई-174, फेज.प्रथम अशोक विहार में एक घर में डकैती डाली थी और वे उस घर के मालिक श्री गिरिराज किशोर, को मारने के पश्चात जब घर से निकलकर भाग रहे थे कि तभी उनकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई। निरीक्षक खड़क सिंह ने आगे बढ़कर पुलिस दल का नेतृत्व करते हुए अत्यधिक जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया जिससे घटनास्थल पर अभियुक्तों को निष्क्रिय किया जा सका। खतरनाक/हताश लुटेरों के साथ गोलीबारी के दौरान, उन्होंने कॉल के पुष्टिकरण हेतु नियंत्रण कक्ष को सूचना देने का समय से निर्णय लिया और काफी निकट से लुटेरों द्वारा चलाई जा रही गोलियों की बौछार का सामना किया। घुटने में गोली लगने के बावजूद निडरता के साथ, उन्होंने बहादुरी से अपराधियों का सामना किया और अनुकरणीय सूझबूझ और कुशलता का परिचय दिया। अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियां उनके घुटने में लगीं और उन्होंने उनका लगातार पीछा किया, और अंत में उन्होंने दोनों खतरनाक लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया।

निरीक्षक खड़क सिंह, अतिरिक्त थानाध्यक्ष/अशोक विहार ने अपनी जान जोखिम में डाली और इस अभियान में अनुकरणीय साहस, बहादुरी और प्रेरणा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निरीक्षक द्वारा की गई बहादुरी भरी कार्रवाई की न केवल विभिन्न राज्यों के उच्च रैंक के पुलिस अधिकारियों और मीडिया ने बल्कि काफी संख्या में जनता ने भी प्रशंसा की। उन्होंने वीरता और ड्यूटी के प्रति समर्पण की भावना का परिचय प्रस्तुत किया।

मारे गए डकैतों से निम्नलिखित मदें बरामद की गईं :-

(1) 10 सजीव कारतूसों से भरी एक .32 कैलिबर रिवाल्वर और 9 खाली कारतूस।
(2) एक चाकू

इस मुठभेड़ में, श्री खड़क सिंह, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23 जून, 2005 से दिया जाएगा ।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 16-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री वेद प्रकाश

निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

6.10.2004 को प्रातः 11.15 बजे वेद प्रकाश को एक सूचना प्राप्त हुई कि उत्तर प्रदेश का एक वांछित डकैत अनिल भरसी अपने साथी के साथ अपने गिरोह के शस्त्रों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के उद्देश्य से एच आर 26 एस 2186 नंबर की एक महिन्द्रा स्कोर्पिओ से यमुना पुश्ता, सोनिया विहार से उत्तर प्रदेश बरास्ता ट्रोनिका सिटी से दिल्ली आएंगे। तदनुसार, सहायक पुलिस आयुक्त श्री हेमंत चोपड़ा की देख-रेख में और निरीक्षक वेद प्रकाश के नेतृत्व में धावा बोलने वाली दो पार्टियां बनाई गईं तथा आदि शक्ति माता अन्नपूर्णा मंदिर के नजदीक यमुना पुश्ता, सोनिया विहार पर एक जाल बिछाया गया। निरीक्षक वेद प्रकाश ने अपनी टीम के साथ हनुमान शिव मंदिर के नजदीक मुख्य पुश्ता रोड पर स्थिति संभाल ली और दूसरी पार्टी ने उत्तर प्रदेश सीमा की तरफ उसी सड़क पर, उस तरफ से आने वाले वाहनों पर ध्यान रखने तथा जैसे ही उपर्युक्त विवरण के अनुरुप वाहन के दिखाई देने पर अपने वाहनों को डिपर लाइटों से ब्लिंक करके संकेत देने के निदेश के साथ प्रथम पार्टी से लगभग 200 गज की दूरी पर स्थिति संभाली। दोपहर लगभग 12.25 बजे, दूसरी पार्टी ने वाहन को देखा और तदनुसार संकेत दे दिया । तभी कांस्टेबल जसबीर सिंह ने तत्काल सरकारी टोयेटा क्वालिस को चलाया तथा उसे स्कोर्पिओ के सामने खड़ा कर दिया और स्कोर्पिओ के चालक को अपना वाहन रोकने के लिए बाध्य किया। निरीक्षक वेद प्रकाश हालात के खतरनाक रुप लेने को ध्यान में रखते हुए टोयाटा क्वालिस से बाहर कूद गए और तेजी से स्कोर्पिओ की तरफ भागे। वाहन में चालक की जगह पर बैठे खतरनाक डकैत अनिल भरसी ने कार्बाइन उठा ली और निरीक्षक वेद प्रकाश पर गोलियों की बौछार कर दी। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना, तथा अपनी टीम के अन्य सदस्यों की जानों के खतरे का विचार करते हुए, अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए, अपनी छाती और पेट पर गोलियों का सामना करने के बावजूद, कार्बाइन को पकड़ लिया और उसकी दिशा ऊपर की ओर कर दी तथा अनिल भरसी को वाहन से बाहर घसीट लिया। निरीक्षक वेद प्रकाश ने डकैत अनिल भरसी द्वारा की गई गोलियों की बौछार को बहादुरी से अपनी छाती और पेट पर झेला। अपनी जिंदगी को खतरे में डालते हुए और उत्कृष्ट श्रेणी के पराक्रम को प्रदर्शित करते हुए उन्होंने की गई गोलीबारी का बहादुरी से सामना किया और अपने पीछे मोर्चा लिए हुए टीम के सदस्यों को सुरक्षा कवच दिया और फिरौती के लिए अपहरण करने, व्यापक हत्याओं इत्यादि के लगभग दर्जनों मामलों में संलिप्त दुस्साहसी डकैत को स्वयं निडरता के साथ पकड़ा। इसी बीच, अभियुक्त राजीव उर्फ भूरा, जो चालक की सीट से पीछे बायीं तरफ बैठा था और जिसके हाथ में गोलियों से भरी कार्बाइन थी, वाहन से बाहर कूद गया और बचने के लिए पीछे भागा। जब उसने हैड कांस्टेबल हीरा लाल और उप निरीक्षक अमर दीप सहगल और स्टाफ के अन्य सदस्य को अपने पीछे भागते देखा तब उसने हैड कांस्टेबल हीरा लाल पर गोलियां चला दीं, जो उन सब में सबसे आगे था। हैड कांस्टेबल हीरा लाल ने स्थिति की गंभीरता का आकलन किया और उसकी उस गोली से बचे जो उनके बायें कान के पास से गुजर गई और बाद में उप निरीक्षक अमर दीप सहगल की टांगों के बीच से गुजर गई जिन्होंने स्थिति को ध्यान में रखते हुए, अपनी सरकारी पिस्तौल से दो गोलियां चलाईं तथा उसे ललकारा। हैड कांस्टेबल हीरा लाल द्वारा पीछा न

छोड़ने पर, राजीव उर्फ भूरा नजदीक के खेतों की ओर भागा और उसने उसका पीछा कर रही पुलिस पार्टी पर गोलियां चलाईं लेकिन हैड कांस्टेबल हीरा लाल उसकी गोलियों से नहीं घबराये और असाधारण वीरता भरी कार्रवाई और अद्वितीय साहस का प्रदर्शन करते हुए उस पर झपट पड़े और उसे जमीन पर गिरा दिया और साथ ही कार्बाइन की दिशा ऊपर की ओर कर दी तथा उन्होंने उससे कार्बाइन एक झटके में छीन ली। इसी बीच, सहायक उप निरीक्षक प्रमोद त्यागी, कांस्टेबल ऋषि राज और कांस्टेबल देवेन्द्र वहां पहुँच गए और राजीव उर्फ भूरा को काबू में कर लिया। अभियुक्त अनिल भरसी, हरीश, राजीव भूरा और मनोज की उत्तर प्रदेश पुलिस को काफी समय से तलाश थी और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा अनिल भरसी और हरीश की गिरफ्तारी के लिए 10000/-रु0 के इनाम की घोषणा की हुई थी और अभियुक्त राजीव उर्फ भूरा की गिरफ्तारी पर 2500/-रु0 के इनाम की घोषणा की हुई थी और उनमें से प्रत्येक पर इनाम राशि को 50,000/-रु0 तक बढ़ाने पर कार्रवाई चल रही थी। निरीक्षक वेद प्रकाश टोयोटा क्वालिस से नीचे कूद गए और स्कोर्पिओ की ओर तेजी से भागे। अनिल भरसी, जो चालक की सीट पर बैठा हुआ था, ने कार्बाइन उठा ली और उसने निरीक्षक वेद प्रकाश पर गोलियों की बौछार कर दी, जिन्होंने अपनी जिंदगी की परवाह किए बिना, और अपने टीम के अन्य सदस्यों की जिंदगी को खतरे में पड़ते देखकर, अपनी छाती और पेट पर गोलियों का सामना करने के बावजूद, कार्बाइन को पकड़ लिया और उसकी दिशा ऊपर की ओर कर दी तथा अनिल भरसी को वाहन से बाहर घसीट लिया। निरीक्षक वेदप्रकाश ने डकैत अनिल भरसी द्वारा की गई गोलियों की बौछार को अपनी छाती और पेट पर बहादुरी से झेला। अपनी जिंदगी को खतरे में डालते हुए और उत्कृष्ट प्रकृति की वीरता का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने बहादुरी के साथ गोलियों की बौछार का सामना किया और अपने पीछे मोर्चा लिए हुए टीम के सदस्यों को सुरक्षा कवच प्रदान किया तथा निडरता के साथ, फिरौती के लिए अपहरण करने, व्यापक हत्याओं इत्यादि के लगभग दर्जनों मामलों में संलिप्त दुस्साहसी डकैत को स्वयं पकड़ा।

इस मुठभेड़ में, श्री वेद प्रकाश, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6 अक्तूबर, 2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 17-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री ह्रदय भूषण

निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

अगस्त, 2004 के प्रथम सप्ताह के दौरान केन्द्रीय आसूचना एजेंसी के माध्यम से आसूचना जानकारियां प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित आतंकवादी गुट "लश्कर-ए-तैयबा" (एल ई टी) से संबंधित एक आतंकवादी ने, जिसका सांकेतिक नाम विक्की है, अपने साथियों के साथ दिल्ली में अपना अड्डा स्थापित किया है और उसके द्वारा आतंकवादी गतिविधियां किए जाने की संभावना है। इस सूचना को तकनीकी और मानवीय आसूचना के साथ जोड़ कर और विकसित किया गया। इसी बीच, यह भी पता चला कि उक्त आतंकवादी एक पाकिस्तानी नागरिक है और उसका वास्तविक नाम आबिद है तथा उसने खतरनाक हथियार एवं अन्य संभारिकी प्राप्त कर लिए हैं। आबिद उर्फ विक्की की गतिविधियां दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में पाई गईं और यह भी ध्यान में आया कि वह सीमा पार से अपने कमांडर से अनुदेश प्राप्त कर रहा है। 16.8.2004 को तकनीकी जानकारियों के माध्यम से एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई कि आबिद उर्फ विक्की सीमा पार के अपने कमांडर से बातचीत करने के लिए सायं द्वारका क्षेत्र में एक साइबर कैफे में आयेगा। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस सूचना पर विचार-विमर्श किया गया और इस सूचना पर कार्रवाई करने के लिए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजबीर सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। निगरानी रखने के लिए द्वारका की मार्किट के क्षेत्रों में स्थित विभिन्न साइबर कैफों में छोटी टीमें भेजी गईं। रात्रि लगभग 9.30 बजे तकनीकी निगरानी के माध्यम से पता चला कि उक्त आतंकवादी ए पी जे साइबर कैफे, सेक्टर-6 मार्किट, द्वारका, दिल्ली में बातचीत कर रहा है। टीम के सभी सदस्य तेजी से उक्त मार्किट की ओर गए और साथ ही शेष टीमों को भी सूचित किया। जांच करने पर यह पता चला कि एक व्यक्ति, जिसने टोपी पहनी हुई थी, अभी कैफे से गया है। इसी बीच, संदिग्ध व्यक्ति मार्किट और डी डी ए फ्लैट के बीच की पीछे की लेन में खड़ी की गई एक मोटरसाईकल के नजदीक पहुंच गया था। उस समय तक उसे पुलिस पार्टी की गतिविधि के बारे में संदेह हो गया था और उसने मार्किट के पीछे स्थित सेक्टर-6, द्वारका के रिहाइशी फ्लैटों की ओर भागना शुरु कर दिया। पुलिस पार्टी ने उसका पीछा किया और उसे अपनी पहचान बताई तथा उससे रुकने के लिए कहा। उसने सबसे आगे की पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी और भागना जारी रखा। आतंकवादी को पकड़ने के उद्देश्य से और अपनी आत्मरक्षा में, पुलिस पार्टी ने जवाबी गोलीबारी की। लगभग 15 मिनट तक चली उस मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकवादी गुट लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित पाक आतंकवादी आबिद गैरेज सं. 39-बी और 16-बी, एस एफ एस फ्लैट्स, पॉकेट-II, फेज-I, सेक्टर-6, द्वारका, दिल्ली के नजदीक घायल हो गया। घायल हुए आतंकवादी के पास .30 बोर की पिस्तौल पाई गई। घायल आतंकवादी को ए आई आई एम एस अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत लाया गया घोषित कर किया गया।

यह सूचना प्राप्त होने पर, कि आतंकवादी सेक्टर-6 मार्किट, द्वारका दिल्ली में ए पी जे साइबर कैफे में बातचीत कर रहा है, टीम के सभी सदस्य तेजी से उक्त मार्किट की ओर रवाना हुए। निरीक्षक ह्रदय भूषण ने अपनी टीम के साथ पीछे की लेन से मार्किट में प्रवेश किया। जब आतंकवादी को अपनी मोटरसाईकल के

नजदीक पहुँचने पर पुलिस पार्टी की गतिविधि के बारे में संदेह हुआ तब उसने मार्किट के पीछे स्थित सेक्टर-6, द्वारका के रिहाइशी फ्लैटों की ओर दौड़ना शुरु कर दिया। पुलिस पार्टी ने उसका पीछा किया और उसे अपनी पहचान बता कर उससे रुकने के लिए कहा तब उसने सबसे आगे की पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी और भागना जारी रखा। निरीक्षक हृदय भूषण, जो काफी निकट थे और आतंकवादी द्वारा की ज़ा रही सीधी गोलीबारी की जद में थे, की जान जाने से बाल-बाल बची। लेकिन अपनी जिंदगी की परवाह किए बिना और अत्यंत साहस का परिचय देते हुए, पराक्रमी अधिकारी ने निडरतापूर्वक कट्टर आतंकवादी का पीछा जारी रखा और जबाबी गोलीबारी भी की। प्रशिक्षित आतंकवादी फ्लैटों की अंधेरी गलियों में घुसने में कामयाब हो गया लेकिन अपनी शारीरिक क्षमता से ज्यादा क्षमता के साथ दौड़ रहे अधिकारी ने उस रात काफी हुई बरसात में फिसलन भरी सड़क होने के बावजूद उसका पीछा किया। अपनी सुरक्षा के लिए कोई आड़ लिए बिना, दृढ़संकल्प किए उस अधिकारी ने आमने-सामने उस आतंकवादी का सामना किया। लगभग 15 मिनट तक चली उस मुठभेड़ में पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। निरीक्षक हृदय भूषण ने अपनी सर्विस पिस्तौल से 7 राऊंड चलाए और उस पाकिस्तानी आतंकवादी का सफाया करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इस प्रकार से अपनी टीम के सदस्यों और जनता की जान बचाई। लेकिन निरीक्षक हृदय भूषण के अनुकरणीय साहस न करने पर आतंकवादी बच कर भाग सकता था और सिविल डिजाईन को अंजाम देने में कामयाब हो सकता था। निरीक्षक हृदय भूषण ने अपनी जान को जोखिम में डाला और इस अभियान में अनुकरणीय साहस, बहादुरी और प्रेरणा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस की इस बहादुरी भरी कार्रवाई की न केवल विभिन्न राज्यों के उच्च रैंक के पुलिस अधिकारियों एवं मीडिया द्वारा बल्कि व्यापक रुप से जनता द्वारा भी प्रशंसा की गई। उन्होंने वीरता और ड्यूटी के प्रति समर्पण की भावना का परिचय प्रस्तुत किया।

इस मुठभेड़ में, श्री हृदय भूषण, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16 अगस्त, 2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 18-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

(1) सुभाष टंडन, निरीक्षक

(2) रमेश डबास,
उप निरीक्षक

(3) रणवीर सिंह,
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

8.6.2005 को, निरीक्षक सुभाष टंडन, उप निरीक्षक रमेश डबास, सहायक उप निरीक्षक रणवीर सिंह, हैड कांस्टेबल केवल कृष्ण, हैड कांस्टेबल कुलदीप कुमार, हैड कांस्टेबल रमेश चंद, कांस्टेबल शिव वीर सिंह, कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल धर्मबीर सिंह, कांस्टेबल प्रीत और अन्य के नेतृत्व वाली क्रैक टीम ने कुछ आतंकवादियों की गतिविधियों का पता लगाने की योजना बनाई और उन्होंने नरेला औद्योगिक क्षेत्र के निकट जी टी करनाल रोड पर एक जाल बिछाया। पुलिस पार्टी को यह सूचना मिली थी कि आतंकवादी दिल्ली से हवाला की धनराशि एकत्र करने के पश्चात नेपाल भागने की योजना बना रहे हैं। प्रातः लगभग 6.15 बजे, सूचना के अनुरुप पुलिस पार्टी को सड़क के किनारे खड़ी की गई एक एक्सेंट कार मिली। जब पुलिस पार्टी ने अपनी क्वालिस कार एक्सेंट कार के निकट रोकी तब कार में मौजूद लोगों ने पकड़े जाने से बचने के उद्देश्य से उस जगह से भागने का प्रयास किया। इन लोगों की बाद में जगतार सिंह हवारा, जसपाल सिंह और विकास सहगल के रुप में पहचान की गई। जगतार सिंह हवारा ने निरीक्षक सुभाष टंडन, उप निरीक्षक रमेश डबास और सहायक उप निरीक्षक रणवीर सिंह पर तीन गोलियां चलाईं जो उसका सबसे आगे से पीछा कर रहे थे, लेकिन उन्होंने जगतार सिंह हवारा को काबू में कर लिया और निरीक्षक सुभाष टंडन ने हाथापाई के पश्चात उसकी पिस्तौल छीन ली और इस प्रकिया में उसका दाएं हाथ का अंगूठा और दायीं तरफ की पसलियां जख्मी हो गईं। पुलिस पार्टी ने गोलीबारी कर रहे आततायी को बचने का कोई मौका नहीं दिया और उन खतरनाक अपराधियों को काबू करने में अपनी जानें खतरे में डालीं। टीम के सदस्यों द्वारा दिखाई गई इस असाधारण वीरतापूर्ण कार्रवाई ने पूरे परिदृश्य को बदल कर रख दिया और पुलिस ने उनका पीछा किया और उनके साथ मुठभेड़ के दौरान हाथापाई के पश्चात जगतार सिंह हवारा उर्फ प्रिंस उर्फ साहिब सिंह उर्फ सुखा सिंह पुत्र स्वर्गीय सरदार शेर सिंह निवासी गांव हवारा कलां, तहसील खमानो, जिला फतेहगढ़ साहिब, पंजाब, जसपाल सिंह उर्फ राजा उर्फ हनी सहोता पुत्र हरदीप सिंह निवासी वी पी ओ सिम्बली, थाना गढ़ शंकर जिला होशियारपुर, पंजाब और विकास सहगल उर्फ मोंटू पुत्र सिकंदर सहगल निवासी मकान सं. 2701/13, रणजीत नगर, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली को सहज रुप से गिरफ्तार कर लिया। इन गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों से 4 स्टार निर्मित पिस्तौल, 207 सजीव कारतूस, चलाए गए 3 कारतूस, 1 हैंड ग्रेनेड, 10.350 किलो आर डी एक्स, 3 रिमोट नियंत्रित डिवाईस, 2 रिमोट टाइमर स्विच, 2 बैटरी चालित टाइमर्स, 3 डेटोनेटर्स और एक लग्जरी कार इत्यादि बरामद की गई। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन अलीपुर, दिल्ली में भारतीय दंड संहिता की धारा 121/121क/122/186/353/332/307/120ख/34, शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27/54/59 और

विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3/4/5 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 229/05 दर्ज की गई। उपर्युक्त बरामदगी के अतिरिक्त, अन्य आतंकवादियों और उनके शस्त्र, गोलाबारुद और विस्फोटकों के भंडार से संबंधित सूचना पंजाब पुलिस को भेज दी गई। उस सूचना के आधार पर, पंजाब पुलिस ने अकेले ही और संयुक्त रुप से पंजाब में छापे मारे, जिसके परिणामस्वरुप शस्त्र, गोलाबारुद और विस्फोटकों की भारी मात्रा में बरामदगी की गई। उन्होंने "बब्बर खालसा इंटरनेशनल" के अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के अलावा इस आतंकवादी गुट के संपूर्ण माड्यूल का पता लगाकर उसे नष्ट किया। यह आतंकवादी गुट न केवल पंजाब में बल्कि पूरे भारतवर्ष में अपनी मौजूदगी का अहसास कराने के लिए आतंकवाद को पुनर्जीवित करने में संलिप्त था। दिल्ली में हाल ही में हुए विस्फोट इन्हीं की करतूतों का हिस्सा थे।

यह निरीक्षक सुभाष टंडन, उप निरीक्षक रमेश डबास और सहायक उप निरीक्षक रणवीर सिंह का ही असाधारण प्रयास था, जिन्होंने अपनी जिंदगी की परवाह किए बिना असाधारण साहस, ड्यूटी के प्रति समर्पण और वीरतापूर्ण कार्रवाई का प्रदर्शन किया और खतरनाक आतंकवादी जगतार सिंह हवारा को पकड़ा। निरीक्षक सुभाष टंडन ने उसकी गोलियों से भरी पिस्तौल छीन ली जिससे वह पहले ही पुलिस पार्टी पर 3 राउंड चला चुका था। जगतार सिंह हवारा न केवल पंजाब के पूर्व मुख्य मंत्री स्वर्गीय श्री बेअंत सिंह को मारने में मुख्य अभियुक्त था बल्कि वह पंजाब में कई नृशंस हत्याओं में भी संलिप्त था और जिस पर उन मामलों में भी विचारण चल रहा था। उपर्युक्त टीम को विशिष्ट रुप से इन बब्बर खालसा अतांकवादियों को जिंदा पकड़ने के निदेश दिए गए थे ताकि बी के आई के तंत्र और उसके षडयंत्रों का भण्डा फोड़ हो सके और उनका पता लगाया जा सके और उनकी गिफ्तारी से अन्य आतंकवादियों की भी गिरफ्तारी हो सके। टीम सदस्यों ने उनको जिंदा पकड़ने की महत्ता को ध्यान में रखते हुए बिना गोली चलाए उन्हें गिफ्तार करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी हालांकि जगतार सिंह हवारा द्वारा उन पर तीन बार गोलीबारी की गई। टीम के सदस्यों द्वारा की गई प्रतिबद्धता उत्कृष्ट थी। यद्यपि आतंकवादी भी सशस्त्र थे फिर भी उन्होंने अपनी जानों की परवाह नहीं की।

दो अन्य आतंकवादी अर्थात् जसपाल सिंह और विकास, लिबर्टी और सत्यम में हाल ही में हुए बम विस्फोट के लिए उत्तरदायी थे। इन गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से की गई पूछताछ से यह पता चला कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन "बब्बर खालसा इंटरनेशनल" का प्रमुख वधवा सिंह आपराधिक पृष्ठभूमि वाले युवकों को प्रेरित करके विशेष रुप से पंजाब में उग्रवाद को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहा है।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री सुभाष टंडन, निरीक्षक, रमेश डबास, उप निरीक्षक और रणवीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 जून, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 19-प्रेज/2006-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अनिल कुमार,
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

5.3.2004 की रात्रि को अपराध शाखा, दिल्ली पुलिस के उप निरीक्षक सतीश कुमार दलाल और एक आम आदमी विजय कुमार स्वामी की मंगोलपुरी क्षेत्र में निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी गई थी। उप-निरीक्षक की सर्विस रिवाल्वर भी छीन ली गई थी। उनका सिर काट दिया गया और उनके सिर जला दिए गए और ये दिल्ली में अन्य जगहों पर फेंक दिए गए। उनकी सिरकटी लाशें हरियाणा में विभिन्न जगहों पर फेंक दी गई। की गई जांच-पड़ताल के पश्चात (क) राजेन्द्र सिंह उर्फ जिन्दर जो 24 से ज्यादा आपराधिक मामलों में संलिप्त था और पहले राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम में निरुद्ध किया गया था, (ख) जोगिन्दर सिंह उर्फ डेनी, राजेन्द्र सिंह का भाई जो 19 से ज्यादा आपराधिक मामलों में संलिप्त था और पहले भी राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम में निरुद्ध किया गया था और उनकी माता लक्ष्मी जो 20 से ज्यादा आपराधिक मामलों में संलिप्त थी, को गिरफ्तार किया गया। वे सभी मंगोलपुरी, दिल्ली के निवासी हैं। उनसे की गई जांच-पड़ताल से पता चला कि राजेन्द्र सिंह उर्फ जिन्दर और जोगिन्दर सिंह उर्फ डेनी का भाई विनोद भी इस नृशंस अपराध में संलिप्त था। तथापि अपराध करने के पश्चात वह फरार हो गया और वह पुलिस के घेरे से बचकर निकलने में सफल हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से गैर जमानती वारंट प्राप्त किए गए और उसकी गिरफ्तारी के लिए 30,000/-रु0 का ईनाम घोषित किया गया।

फरार अभियुक्त विनोद के संबंध में एक पखवाड़ा पहले एक सूचना प्राप्त हुई थी कि वह चंडीगढ़, लुधियाना और देहरादून में सक्रिय है। तदनुसार विशेष प्रकोष्ठ के अधिकारियों की तैनाती की गई और मुखबिरों की तैनाती की गई। 6.4.2004 को, विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई कि विनोद एक व्यक्ति से मिलने के लिए आई एस बी टी सराय काले खां के मुख्य गेट की ओर रात्रि में आएगा। एक जाल बिछाया गया और विनोद को घेरा गया। पुलिस पार्टी के पहुँचने पर विनोद ने पिस्तौल निकाली थी और उसने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस पार्टी ने जवाबी गोलीबारी की। विनोद जख्मी हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत लाया गया घोषित कर दिया गया। पुलिस पार्टी द्वारा 24 राउंड चलाए गए जबकि मृत विनोद द्वारा 7 राउंड चलाए गए और उसकी 9 एम एम पिस्तौल के चैंबर में एक सजीव राउंड पाया गया। कानून की उचित धाराओं के अंतर्गत एक मामला पुलिस स्टेशन हजरत निजामुद्दीन में दर्ज किया गया। अभियान के दौरान सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार को सराय काले खाँ आई एस बी टी के मुख्य गेट के नजदीक तैनात किया गया। रात्रि लगभग 1.10 बजे, विनोद को सराय काले खाँ आई एस बी टी के मुख्य गेट से घुसते देखा गया। तत्काल, सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार को उसके वरिष्ठ अधिकारी द्वारा सतर्क कर दिया गया और उसने उसे पकड़ने के उद्देश्य से विनोद की ओर दौड़ना शुरु कर दिया। सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार को उसके नजदीक पहुँचता देखकर वह मुख्य बस स्टैंड के अंदर प्रवेश करने लगा। इस अवस्था में, सहायक पुलिस आयुक्त राजबीर सिंह ने तेज आवाज में अपनी पहचान के संबंध में बताया और विनोद को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा लेकिन इसकी बजाय विनोद ने अपनी तरफ बढ़ते सहायक उप-निरीक्षक अनिल कुमार पर गोलियां चलानी शुरु कर दी। सहायक उप-निरीक्षक अनिल कुमार, विनोद द्वारा

चलाई गई गोलियों से बाल-बाल बचे क्योंकि वह खुले में बगैर किसी आड़ के थे। इसके बाद विनोद कुमार ने प्रवेश द्वार के नजदीक कूड़ेदान की आड़ ले ली। सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार ने काफी नजदीक से विनोद का सामना किया। सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार अपनी जान की परवाह किए बिना उसके सामने डटे रहे। उनके अत्यंत अनुकरणीय साहस के कारण ही ईनाम घोषित खतरनाक अपराधी को निष्क्रिय किया जा सका। निडरतापूर्वक उन्होंने विनोद का सामना किया और अपनी सर्विस पिस्तौल से 5 राऊंड चलाए।

इस मुठभेड़ में, श्री अनिल कुमार, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 अप्रैल, 2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं० 20-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

(1) कैलाश सिंह बिष्ट
उप निरीक्षक

(2) प्रहलाद कुमार,
हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

25.4.2005 को लगभग अपराह्न 5.30 बजे, एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई कि एक एल ई टी उग्रवादी, एक और पाकिस्तानी एल ई टी उग्रवादी साद को विस्फोटक और शस्त्र तथा गोलाबारुद की खेप सौंपने के लिए रात्रि लगभग 8-8.30 बजे एक सफेद रंग की मारुती 800 कार में, जिसका नं. 3792 था, बस स्टॉप, गेट सं. 2 के सामने, प्रगति मैदान की ओर आएगा। तदनुसार भैरों मंदिर रोड, गेट सं. 2, प्रगति मैदान, नई दिल्ली के चारों ओर एक जाल बिछाया गया। रात्रि लगभग 9 बजे, पंजीकरण सं. डी एल 3 सी के-3792 वाली एक सफेद रंग की मारुति कार 800 रिंग रोड की तरफ से आई और नेशनल साईंस सेंटर, प्रगति मैदान के सामने रुकी। उस गाड़ी में केवल एक व्यक्ति था जो गाड़ी चला रहा था। लगभग 15 मिनट के पश्चात, एक व्यक्ति नेशनल साइंस सेंटर की तरफ से आया और कार में मौजूद चालक से बातचीत शुरु कर दी। तत्काल, टीम को सतर्क कर दिया गया। चालक के साथ कुछ देर बातचीत करने के पश्चात, अन्य व्यक्ति भी चालक के पास कार में बैठ गया। जब वे चलने की प्रक्रिया में थे तभी पुलिस टीम उक्त कार के पास

पहुँची और कार को रोकने के लिए चालक को संकेत दिया लेकिन उन्होंने कार रोकने की बजाय कार को तेजी से भैरों मंदिर की ओर जाने वाली लिंक रोड की ओर भगा दिया और घटनास्थल से भागने का प्रयास किया। रक्षक और अन्य वाहनों ने दोनों तरफ से कार को भागने से रोका। अपना रास्ता रोका जाते देखकर और पुलिस पार्टी द्वारा घिरा हुआ पाने पर, दोनों कार से बाहर कूद गए और पुलिस टीमों को अपनी ओर बढ़ते देखकर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए विभिन्न दिशाओं में भागना शुरु कर दिया। इसी बीच, पुलिस टीम ने ऊँचे स्वर में बोलकर अपनी पहचान बताई और दोनों उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। आत्मसमर्पण करने की बजाय, वह उग्रवादी जो चालक की जगह पर बैठा था, पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए सड़क के दूसरी तरफ दौड़ा जबकि चालक की सीट के पास बैठने वाले उग्रवादी ने अपनी तरफ बढ़ती पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए सड़क के नीचे के रास्ते पर छलांग लगा दी। पुलिस पार्टी ने भी अपनी आत्मरक्षा में और भाग रहे एल ई टी उग्रवादियों को पकड़ने के उद्देश्य से गोलियां चलाईं। गोलीबारी लगभग 15-20 मिनट तक चली। उन्हें उपयुक्त सावधानी बरतनी थी ताकि राहगीरों की जान और माल की सुरक्षा की जा सके। जब उग्रवादियों की तरफ से की जा रही गोलीबारी रुक गई तब पुलिस पार्टी ने तत्काल गोलीबारी रोक दी और सावधानीपूर्वक सड़क के किनारे और नीचे के रास्ते पर घायल पड़े उग्रवादियों की ओर बढ़े। तत्काल पी सी आर और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया और घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां दोनों उग्रवादियों को मृत लाया गया घोषित किया गया। इस संबंध में पुलिस स्टेशन तिलक मार्ग, नई दिल्ली में भारतीय दंड संहिता की धारा 121/121क/122/123/186/353/307/120ख, शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4/5 और विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 2004 की धारा 18/19/20 के अंतर्गत एक मामला प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 162 दिनांक 26.4.2005 दर्ज किया गया।

अधिकारियों की व्यक्तिगत भूमिका

श्री कैलाश सिंह बिष्ट उस अगुवाई टीम का हिस्सा थे जिसने विशिष्ट सूचना के आधार पर, लश्कर-ए-तैयबा (एल ई टी) के आतंकवादियों को पकड़ने के उद्देश्य से 25.4.2005 की रात्रि को नेशनल साइंस सेंटर के सामने बस स्टैंड के चारों ओर जाल बिछाया। ब्रीफिंग के अनुसार टीम के सदस्य जानते थे कि वे बुलटप्रूफ जैकेट नहीं पहन सकते थे क्योंकि इससे आतंकवादियों को संदेह हो जाता और उन्हें उस खतरनाक गुट लश्कर-ए-तैयबा के सदस्यों से सामना करना पड़ता जो खतरनाक हथियारों से लैस होंगे। यह भी पुलिस पार्टी के प्रत्येक सदस्य को मालूम था कि एक आतंकवादी नेशनल साइंस सेंटर, प्रगति मैदान, नई दिल्ली के सामने बस स्टॉप पर अन्य आतंकवादी को विस्फोटक, शस्त्र एवं गोलाबारुद सौंपने के लिए एक सफेद रंग की मारुती कार, जिसका नंबर 3792 था, में आएगा। प्रत्येक को जानकारी थी कि एल ई टी आतंकवादियों द्वारा कड़ा प्रतिरोध किया जाएगा और वे अपने अधुनातन शस्त्र और गोलाबारुद का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगे। सहायक पुलिस आयुक्त ने एक योजना बनाई कि जब दोनों आतंकवादी मिलेंगे तब पुलिस टीम आत्मसमर्पण करने के लिए कहेगी और पकड़ने का प्रयास करेगी और यदि वे अपनी कार में घटनास्थल से भागने का प्रयास करेंगे तब उस कार को बुलट प्रूफ कार "रक्षक" और अन्य वाहनों द्वारा रोका जाएगा। उप निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट ने इसमें निहित खतरे की परवाह न करते हुए, उस टीम का नेतृत्व किया जो लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तैयार की गई थी।

गोलीबारी के दौरान, जब उग्रवादियों ने अपनी मारुती कार में घटनास्थल से भागने का प्रयास किया और उनकी कार का रास्ता रक्षक और अन्य वाहनों द्वारा रोका गया, तब दोनों एल ई टी उग्रवादी कार से बाहर कूद गए और उन्होंने अपने हथियार निकाल लिए और आगे बढ़ रही पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी

शुरु कर दी तथा विपरीत दिशाओं में भागना शुरु कर दिया। उप निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट भी फुर्ती से पुलिस पार्टी के वाहन से बाहर कूद गए और उस आतंकवादी का पीछा करना शुरु कर दिया जो रेलिंग की ओर भाग रहा था और उसने अपनी ओर बढ़ते उप निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट पर गोलीबारी करते हुए नीचे की ओर जाती एक सड़क पर छलांग लगा दी। उप निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट ने उस एल ई टी उग्रवादी का निडरता से सामना किया जो नीचे की ओर जाने वाली सड़क पर लगी रैलिंग के निकट अपनी पोजीशन लेने के लिए नीचे की ओर जाने वाले रास्ते पर कूद गया था। उग्रवादी ने अपनी पोजीशन बदलनी जारी रखी और उप निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट पर गोलीबारी जारी रखी। यह एक युद्ध जैसी स्थिति थी और वह दुश्मन द्वारा की जा रही गोलीबारी से घिरा हुआ था, और उस आतंकवादी को काबू करना लगभग असंभव था जो घटनास्थल से भागने के उद्देश्य से झाड़ियों में अपनी पोजीशन निरंतर बदल रहा था। अधुनातन हथियार से युक्त आतंकवादी सुरक्षित पोजीशन पर था और वह भली-भांति जानता था कि वह उस पोजीशन से पुलिस पार्टी को भारी नुकसान पहुँचाने में समर्थ था। उप निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट ने भी अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को जरा सी भी परवाह न करते हुए, सभी खतरों को अनदेखा करते हुए नीचे की ओर जाने वाले रास्ते पर मौजूद झाड़ियों में छलांग लगा दी और उन्होंने उन पर आतंकवादी द्वारा निरंतर की जा रही गोलीबारी का बहादुरी से सामना किया। उप निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट वहां पर डटे रहे और उस एल ई टी उग्रवादी का सामना किया जो भारी गोलीबारी कर रहा था। आत्मरक्षा में और पुलिस टीम के सदस्यों की जानें बचाने के उद्देश्य से, उप निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट ने भी अपनी सर्विस पिस्तौल से तीन राऊंड चलाए। जब आतंकवादी की ओर से की जा रही गोलीबारी रुक गई तब पुलिस टीम ने भी तत्काल गोलीबारी रोक दी। उप निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट ने अपनी टीम के सदस्यों की सुरक्षा के लिए अपनी जिंदगी को खतरे में डाला और आतंकवादी का सामना करने में उच्च व्यक्तिगत बहादुरी और उच्चकोटि की वीरता का प्रदर्शन किया। असाधारण परिस्थितियों में की गई यह बहादुरी सम्मान के योग्य है, जिसमें उन्होंने ड्यूटी के लिए वीरता और समर्पण की भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया।

हैड कांस्टेबल प्रह्लाद

हैड कांस्टेबल प्रह्लाद की उपनिरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट के साथ तैनाती थी। उप निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट के पश्चात हैड कांस्टेबल प्रह्लाद ने भी वाहन से छलांग लगा दी और उस उग्रवादी की ओर दौड़े जो चालक के साथ वाले आगे के दरवाजे से बाहर आ गया था। आतंकवादी आगे बढ़ रहे उप निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट और हैड कांस्टेबल प्रह्लाद पर गोलीबारी कर रहा था और उसने नीचे की ओर जाने वाले रास्ते को जाने वाली सड़क पर मौजूद झाड़ियों में छलांग लगा दी। आतंकवादी ने अपनी पोजीशन को बदलना जारी रखा और साथ ही घटनास्थल से भागने के उद्देश्य से गोलीबारी करता रहा। यह महसूस करने पर कि आतंकवादी पुलिस पार्टी को भारी नुकसान पहुँचा सकता है, हैड कांस्टेबल प्रह्लाद ने नीचे की ओर जाने वाले रास्ते की ओर जाती सड़क पर उप निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट के छलांग लगाने के पश्चात उनके पीछे रैलिंग के साथ अपनी पोजीशन ले ली। आतंकवादी ने हैड कांस्टेबल प्रह्लाद पर गोलियां चला दीं जिन्होंने रैलिंग के पीछे, जहां सुरक्षा बिल्कुल नहीं थी, से साहस के साथ डट कर बहादुरी के साथ गोलियों की बौछार कर दी। हैड कांस्टेबल प्रह्लाद ने अपनी पोजीशन पर डटे रहकर अनुकरणीय वीरतापूर्ण कार्रवाई का प्रदर्शन किया और एल ई टी आतंकवादी को निष्क्रिय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्होंने अपनी सर्विस पिस्तौल से 2 राऊंड चलाए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री कैलाश सिंह बिष्ट, उप निरीक्षक और प्रह्लाद कुमार, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25 अप्रैल, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 21- प्रेज/2007-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री ललित मोहन,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

जून, 2004 के माह में, दिल्ली और फरीदाबाद में कुख्यात और अंतर्राज्यीय अपराधी यासीन, निवासी सिविल लाइन्स, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश और उसके गिरोह के सदस्यों की गतिविधि के बारे में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। यासीन पहले पुलिस हिरासत से भाग गया था। तदनुसार संदिग्ध छिपने के स्थानों पर निगरानी रखी गई और मुखबिरों की तैनाती की गई। 11.6.2004 को, विशिष्ट सूचना के आधार पर, यासीन गैंग से संबंधित दो व्यक्ति नामतः मुन्ना उर्फ मुनेश निवासी बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश और मोहम्मद साहिल निवासी दादरी, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश को हल्दीराम स्वीट्स, मथुरा रोड, दिल्ली के नजदीक गिरफ्तार किया गया और उनसे सजीव कारतूस युक्त दो देशी पिस्तौलें बरामद की गईं। इस संबंध में क्रमशः पुलिस स्टेशन विशेष प्रकोष्ठ, लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली में शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 77/2004 और पुलिस स्टेशन विशेष प्रकोष्ठ, लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली में शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 78/2004 के तहत मामले दर्ज किए गए और जांच-पड़ताल शुरु की गई। पूछताछ करने पर अभियुक्त मुन्ना और साहिल ने बताया कि यासीन और उसका निकट सहयोगी बेनामी सिंह निवासी अलीगढ़, उत्तर प्रदेश, फरीदाबाद, हरियाणा में छिपे हुए हैं और सिल्वर रंग की मारुती आल्टो कार जिसका नं. यू पी 81 पी 6090 है, का इस्तेमाल कर रहे हैं और उनके पास अधुनातन हथियार भी हैं। अभियुक्तों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार उनके छिपने के स्थानों पर मुखबिर तैनात किए गए लेकिन यासीन और बेनामी उक्त छिपने के स्थानों पर मौजूद नहीं थे। तथापि, सूत्रों में से एक ने सूचना दी कि यासीन और बेनामी दिल्ली चले गए हैं और वे किसी भी समय रात को वापिस फरीदाबाद आएंगे। तदनुसार श्री राजबीर सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त की अगुवाई वाले दल ने उन्हें पकड़ने के उद्देश्य से मथुरा रोड, सूरजकुंड रोड, शूटिंग रेंज रोड पर दिल्ली से फरीदाबाद की ओर जाने वाले छिपने की संभावना वाले महत्वपूर्ण स्थलों पर एक जाल बिछाया। रात्रि लगभग 11.15 बजे उक्त आल्टो कार को गोविंदपुरी की तरफ से आते देखा गया और वह बदरपुर की ओर बायीं ओर मुड़ गई। इसे एम बी रोड-शूटिंग रेंज रोड टी-पॉइन्ट पर रुकने का संकेत दिया गया लेकिन कार को रोकने की बजाय उन्होंने इसे शूटिंग रेंज रोड पर फरीदाबाद की ओर मोड़ दिया। उक्त आल्टो कार को अंत में करनी सिंह शूटिंग रेंज के नजदीक पुलिस टीमों द्वारा रोक लिया गया। आल्टो कार के चालक ने भागने के प्रयास में कार पर से अपना नियंत्रण खो दिया और कार सड़क के बायीं तरफ एक

पेड़ से टकरा गई। कार में मौजूद व्यक्तियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन ऐसा करने के बजाय आगे की सीट पर बैठे हुए दो व्यक्ति कार से नीचे उतर गए और उन्होंने भागने का प्रयास किया। उन्होंने अपने हथियार भी निकाल लिए और आगे बढ़ रही पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरु कर दी। आत्मरक्षा में और उन्हें पकड़ने के उद्देश्य से, पुलिस टीम ने जबाबी गोलीबारी की। इस मुठभेड़ में यासीन और बेनामी सिंह घायल हो गए। यासीन के कब्जे से .30 बोर की एक पिस्तौल पाई गई जबकि बेनामी सिंह के पास .38 कोल्ट की एक रिवाल्वर थी। दोनों घायल अपराधियों को ए आई आई एम एस अस्पताल ले जाया गया और वहां उन्हें मृत लाया गया घोषित किया गया। इस संबंध में पुलिस स्टेशन संगम विहार, नई दिल्ली में भारतीय दंड संहिता की धारा 307/186/353/34 और शस्त्र अधिनियम 25/27 के तहत एक मामला प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 442 दिनांक 12.6.2004 दर्ज किया गया और इसकी दक्षिण जिला पुलिस द्वारा जांच-पड़ताल की जा रही है।

निरीक्षक ललित मोहन, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजबीर सिंह के साथ कार में बायीं तरफ बैठे हुए थे। उन पर सबसे पहले खतरनाक अपराधी द्वारा गोलीबारी की गई जब उनकी कार ने अपराधियों को रोकने और उन्हें आत्मसमर्पण करने हेतु बाध्य करने के लिए अपराधियों की कार का रास्ता दायीं तरफ से रोका। वह खतरनाक अपराधी कार से नीचे उतर गया और उसने उसकी कार के सड़क के बायीं तरफ पेड़ से टकराने के पश्चात भागने का प्रयास किया और साथ ही उसने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी की। निडरता के साथ, निरीक्षक ललित मोहन फुर्ती से कार से नीचे उतर गए और उन्होंने गिरोह के सदस्यों का बहादुरी से सामना किया और वे उनकी गोलीबारी से बाल-बाल बचे। उन्होंने बेनामी का पीछा किया जो पुलिस को आगे बढ़ने से रोकने और अंधेरे का लाभ उठाकर बच कर भागने के उद्देश्य से अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा था। निरीक्षक ललित मोहन ने डकैतों की ओर आगे बढ़ते हुए असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया और अपनी जान की परवाह न करते हुए निडरता के साथ गिरोह का सामना किया। उन्होंने अपनी सर्विस पिस्तौल से 5 राऊंड चलाए और उस गिरोह का सफाया करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस मुठभेड़ में, श्री ललित मोहन, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 जून, 2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 22-प्रेज/2006-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री पंकज सूद,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

सोनीपत, हरियाणा में जैन भाइयों की सनसनीखेज अपहरण की घटना हुई और इस संबंध में पुलिस स्टेशन सिविल लाइन्स, सोनीपत, हरियाणा में भारतीय दंड संहिता की धारा 364/420/468/471 के अंतर्गत एक प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 71/04 दिनांक 25.3.2004 के तहत एक मामला दर्ज किया गया। अपहरणकर्ताओं ने फिरौती के रुप में 2 करोड़ रु. की मांग की और दोनों जैन भाईयों को उनके छोड़ें जाने के पहले 15 दिनों तक दुखदायी कैद झेलनी पड़ी। यूरोपीय देशों से फिरौती के लिए की जा रही अंतर्राष्ट्रीय कॉलों के कारण कॉर्टेल प्रोफाइल और ऑपरेशन में और ज्यादा रहस्य और सनसनी पैदा हो गई। अत:, हरियाणा पुलिस ने अपराध शाखा, दिल्ली से मदद मांगी। उप निरीक्षक रमेश शर्मा, उप निरीक्षक हरबीर सिंह, उप निरीक्षक नरेश शर्मा और सहायक उप निरीक्षक प्रमोद कुमार सहित निरीक्षक पंकज सूद को अपनी टीम के साथ कॉर्टेल पर कार्य करने के लिए तैनात किया गया। अतिसावधानी और वैज्ञानिक ढंग से कार्य करते हुए यह आसूचना सामने आई कि इस अपहरण में खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक आतंकवादी जगतार सिंह उर्फ जग्गा शामिल है जिसका मुखिया परमजीत सिंह पंजवार है और उसके पाकिस्तान में अड्डे हैं तथा जिसकी सहायता रतनदीप सिंह उर्फ छोटू कर रहा है और जिस पर संगठन के लिए धन एकत्र करने के लिए यूरोपियन देश में स्थित होने के संबंध में संदेह है। 28/29.4.2004 की मध्यरात्रि को, निरीक्षक पंकज सूद को जानकारी प्राप्त हुई कि जगतार सिंह और उसके साथियों से जुड़ा आतंकवादी गुट एक मॉडल टाऊन में रह रहे धनी व्यवसायी को प्रात: काल की सैर के समय अपहरण करने की मंशा से दिल्ली की ओर गए हैं। फुर्ती के साथ, निरीक्षक पंकज सूद के नेतृत्व वाली समर्पित टीम तुरंत हरकत में आई और तीन वाहनों में पुलिस स्टेशन तिमारपुर के क्षेत्र में वजीराबाद रोड में एक जाल बिछाया। उप निरीक्षक रमेश शर्मा की देखरेख में सहायक उप निरीक्षक प्रमोद कुमार सहित स्टाफ के साथ सरकारी गाड़ी क्वालिस को डबल पुलिया के नजदीक खड़ी किया। निरीक्षक पंकज सूद की देखरेख में उप निरीक्षक नरेश शर्मा की कार सहित स्टाफ के साथ एक निजी मारुती को सूरघाट के नजदीक खड़ा किया गया और उप निरीक्षक हरबीर सिंह की देखरेख में स्टाफ के साथ सरकारी जिप्सी को रेड लाईट, टी-पॉइन्ट के निकट खड़ा किया गया। अपराहन लगभग 4.20 बजे एक मारुती एस्टीम कार को गाजियाबाद की तरफ से आते देखा गया, तभी उप निरीक्षक रमेश शर्मा, जो वर्दी में थे, ने वाहन को रुकने का संकेत दिया। लेकिन रुकने की बजाय मारुती एस्टीम में बैठे लोगों ने पिस्तौल निकाल ली और क्वालिस में पीछा कर रही पुलिस पार्टी पर गोलियां चलाईं। उनके द्वारा की गई शुरुआती गोलीबारी में से एक गोली विंडस्क्रीन से निकलकर क्वालिस के स्टियरिंग पर लगी। गोलीबारी होते और क्वालिस में पीछा करते देखकर, अन्य दो वाहनों में शेष टीम ने भी एस्टीम का पीछा किया, जबकि क्वालिस ने एस्टीम को ओवरटेक करने का प्रयास किया, कि तभी चालक जगतार सिंह वाली क्वालिस से पुन: गोलीबारी की गई लेकिन उप निरीक्षक रमेश शर्मा के समय से किए गए हस्तक्षेप के कारण, चलाई गई गोली खिड़की से अंदर आकर क्वालिस के ऊपरी हिस्से में लगी। पुलिस पार्टी ने भी आत्मरक्षा में एस्टीम पर गोलियां चलाईं और एक भीषण मुठभेड़ हुई। पुलिस द्वारा घिरा हुआ पाने पर, एस्टीम में मौजूद लोगों ने बाहर निकलकर पुलिस पार्टी पर गोलीबारी करते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी भी अपनी आत्मरक्षा में

गोलीबारी करते हुए वाहन से बाहर निकल आई। जगतार सिंह और रविन्द्र सिंह के जिंदा पकड़े जाने पर आतंकवादी गुट के वास्तविक परिदृश्य और उसके अड्डों का पता चलना था और भारत में आतंक फैलाने में उनके नापाक इरादों का पता चलना था। निरीक्षक पंकज सूद, उप निरीक्षक रमेश शर्मा, उप निरीक्षक हरबीर सिंह, उप निरीक्षक नरेश कुमार और सहायक उप निरीक्षक प्रमोद कुमार की अग्रिम पंक्ति दल ने अपनी जिंदगी को जोखिम में डाला और गोलीबारी कर रहे उन दोनों व्यक्तियों को जिंदा पकड़ने के लिए वे उनके और नजदीक आए लेकिन काफी नजदीक की आपसी गोलीबारी में, एस्टीम में बैठे वे दोनों गोलियां लगने से घायल हो गए और जमीन पर गिर पड़े। घायल व्यक्तियों को तत्काल उपचार हेतु बाड़ा हिन्दू राव अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत लाया गया घोषित कर दिया गया। अनदगे सजीव कारतूस, दागे गए कारतूस और जैन भाईयों से छीने गए मोबाइल फोन के उपकरण के साथ-साथ दो विदेश निर्मित पिस्तौल उन दोनों से बरामद की गई। इसके साथ ही, उत्तर भारत के फिरौती सरगना, जिसके अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संबंध थे, के लिए शीर्ष स्तर पर होने वाले अपहरण का अंत हुआ अन्यथा तबाही और सनसनी पैदा की जा सकती थी। इससे अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों के पुनर्गठित होने और भारत में अपहरण करने के उनके नापाक इरादों के प्रयासों द्वारा धन बढ़ाने की प्रक्रिया में कमी आएगी। इस प्रकार की प्रतिकूल स्थिति में, जहां दुस्साहसी कट्टर-सशस्त्र अपराधी गोलीबारी करते हैं और वहां विशेष रुप से निरीक्षक पंकज सूद, उप निरीक्षक रमेश शर्मा, उप निरीक्षक हरबीर सिंह, उप निरीक्षक नरेश कुमार और सहायक उप निरीक्षक प्रमोद कुमार की अग्रिम पंक्ति वाली टीम को गंभीर रुप से क्षति पहुँचने की पूरी संभावना थी। इन अधिकारियों ने गोलीबारी कर रहे उन दोनों व्यक्तियों को जिंदा पकड़ने के लिए अपनी जानों को जोखिम में डाला, उनके और नजदीक आए और आसाधारण साहस और वीरता की अनोखी कार्रवाई का प्रदर्शन किया और वे उन दोनों के गोलियों से घायल होने पर उनकी जान बचाने के लिए उन्हें तेजी से अस्पताल ले गए। उप निरीक्षक रमेश शर्मा (तीन राउंड चलाए), उप निरीक्षक हरबीर सिंह (तीन राउंड चलाए), उप निरीक्षक नरेश शर्मा (पांच राउंड चलाए) और सहायक उप निरीक्षक प्रमोद कुमार (तीन राउंड चलाए) को अपनी टीम के सदस्यों की जान बचाने के उद्देश्य से गोलियां चलानी पड़ीं। निरीक्षक पंकज सूद, जो यद्यपि निहत्थे थे, उप निरीक्षक रमेश शर्मा, उप निरीक्षक हरबीर सिंह, उप निरीक्षक नरेश कुमार और सहायक उप निरीक्षक प्रमोद कुमार ने अपनी ड्यूटी के प्रति अनुकरणीय अद्वितीय वीरता, साहस, समर्पण की भावना, अपने टीम के सदस्यों की जानों की परवाह करते हुए, राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जिम्मेवारी और अत्यधिक बुद्धिमानी का प्रदर्शन किया।

निरीक्षक (एक्स.) पंकज सूद, सं.डी-3030 निहत्थे टीम की अग्रिम पंक्ति का नेतृत्व कर रहे थे और उन्होंने अपनी जान जोखिम में डाली और गोलीबारी कर रहे दोनों व्यक्तियों को जिंदा पकड़ने के उनके और नजदीक आए लेकिन निकट की आपसी गोलीबारी के दौरान एस्टीम में बैठे वे दोनों गोलियां लगने से घायल हो गए और जमीन पर गिर पड़े। घायल व्यक्तियों को तत्काल उपचार हेतु बाड़ा हिन्दू राव अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत लाया गया घोषित किया गया। अनदगे सजीव कारतूस और दागे गए कारतूस और जैन भाइयों से छीना गया मोबाइल फोन उपकरण के साथ-साथ दो विदेश निर्मित पिस्तौल उन दोनों व्यक्तियों से बरामद किए गए। इस प्रतिकारी कार्रवाई के साथ ही, उत्तर भारत के फिरौती सरगना, जिसके अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संबंध थे, के लिए शीर्ष स्तर पर होने वाले अपहरण का अंत हुआ अन्यथा तबाही की जा सकती और सनसनी पैदा की जा सकती थी। इससे अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों के पुनर्गठित होने और भारत में अपहरण करने के उनके नापाक इरादों के प्रयासों द्वारा धन बढ़ाने की प्रक्रिया में कमी आएगी। निरीक्षक पंकज सूद ने वीरता की अनोखी कार्रवाई का प्रदर्शन किया और दोनों आतंकवादियों को जिंदा पकड़ने के प्रयास द्वारा अपनी जान को खतरे में डाला जब वह स्वयं निहत्था थे और दोनों आतंकवादियों की गोलियों से जख्मी होने के बावजूद वे उन्हें जिंदा रखने के लिए उन्हें तेजी से अस्पताल ले गए। इस प्रकार की प्रतिकूल परिस्थिति में जहां दुस्साहसी सशस्त्र-कट्टर अपराधी गोलीबारी कर रहे थे तब निरीक्षक पंकज सूद ने ड्यूटी के

प्रति अनुकरणीय वीरता साहस, समर्पण, राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जिम्मेवारी और अत्यधिक बुद्धिमानी का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में, श्री पंकज सूद, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29 अप्रैल, 2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं०-23-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनके शौर्य के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. **मारी तुलसी राम**
   सहायक असॉल्ट कमांडर/
   आरक्षित उप-निरीक्षक **(राष्ट्रपति का पुलिस पदक)**
2. **एम मूर्ति**
   पुलिस कांस्टेबल **(पुलिस पदक)**
3. **एन.अनिल कुमार**
   कनिष्ठ कमांडो **(पुलिस पदक)**
4. **जी.वी.वी.डी.प्रसाद**
   पुलिस कांस्टेबल **(पुलिस पदक)**
5. **एस.रामू**
   पुलिस कांस्टेबल **(पुलिस पदक)**

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

पुलिस अधीक्षक, निजामाबाद को यह सूचना मिली कि रमेश और बाबना तथा अन्य गुरिल्ला उग्रवादी कमरपल्ली, पुलिस स्टेशन, जिला निजामाबाद के मनाला आरक्षित वन में इस इरादे से घूम रहे हैं कि निर्दोष ग्रामीणों को हानि पहुंचाई जाए या फिर घात लगा कर किसी पुलिस स्टेशन पर हमला कर पुलिस को ललचा कर उनकी हत्या की जाए। तत्काल ही 18 कार्मिकों की एक टुकड़ी के साथ नामिती 1 और एएसी पी. वैंकट राव की अगुवाई में खोजी दस्ते की 3 सी असॉल्ट यूनिट को " धनुष" नामक अभियान के भाग के रुप में आवश्यक ब्रीफिंग के बाद 5.3.05 की रात को बुलाया गया और मनाला के भयानक आरक्षित वन में अन्य नामितियों के साथ भेजा गया। कमांडो ने उन्हें दिए गए क्षेत्र की दो दिन तक छानबीन की लेकिन माओवादी उन्हें कहीं भी नहीं मिले। अभियान को सफल बनाने के लिए दृढ़ संकल्प नामिती 1 ने कमांडो के साथ मिलकर पुलिस अधीक्षक, निजामाबाद के साथ फिर से विचार-विमर्श किया और योजना में बदलाव किया। 7.3.05 को 0645 बजे उत्तर से दक्षिण की ओर जाते हुए वन की छानबीन करते समय पुलिस टीम को पैरों के ताजे निशान मिले जिन्हें पुलिस को गुमराह करने के लिए आंशिक रुप से मिटाया गया था और थोड़ी देर बाद उन्हें वन की पगडंडी पर जंगल कैंप मिल गया। नामिती 1 और एएसी पी. वैंकट राव ने तत्काल पूरी टीम को 3 ग्रुपों में बांटा। नामिती 1 से 5 मुख्य असॉल्ट ग्रुप में थे। जिस पगडंडी पर चौकसी ग्रुप खड़ा था उस पगडंडी के पश्चिम से उस ग्रुप को पहाड़ी पर चढ़ने के लिए कहा गया ताकि वहां से पूरे क्षेत्र को अच्छी तरह से देखा जा सके और शत्रु, जिसके बारे में यह आशंका की गई थी कि उसने पहाड़ी के नीचे मैदानी भागों

में जल स्रोतों के निकटवर्ती क्षेत्रों में शिविर लगा रखे होंगे, की स्थिति के बारे में मुख्य असॉल्ट ग्रुप को सूचित किया जा सके। तीसरे ग्रुप को रास्ता काटने के लिए दक्षिण की ओर भेजा गया। तथापि, माओवादियों ने पहाड़ी के शिखर पर शिविर लगाया हुआ था। जब चौकसी ग्रुप पहाड़ी के शिखर पर पहुंचा और पूर्व से पश्चिम की ओर जाने लगा तो माओवादियों ने उन्हें देख लिया, उन पर गोलीबारी कर दी और बचने के लिए पहाड़ी के दक्षिण की ओर दौड़ पड़े । चौकसी ग्रुप ने माओवादियों पर गोलीबारी की और ग्रुप 3 को सतर्क कर दिया जो पहाड़ी के दक्षिण क्षेत्र को कवर कर रहा था। उन्होंने नामिती 1 से 5 वाले उस दल को भी सतर्क कर दिया जो पहाड़ी के नीचे जंगल की छानबीन कर रहा था। तत्काल ही पार्टी 3 ने दक्षिण की तरफ से माओवादियों पर गोलीबारी कर उनका बाहर निकलने का रास्ता रोक लिया। चूंकि चौकसी ग्रुप, पश्चिम क्षेत्र को कवर कर रहा था इसलिए माओवादी, पहाड़ी के पूर्वी किनारे के साथ-साथ पहाड़ी के उत्तर की ओर भागने पर विवश हो गए। इसी बीच मुख्य असॉल्ट ग्रुप पहाड़ी पर पहुंच गया और उसने माओवादियों पर गोलीबारी कर दी। गोली लगने से माओवाद जिला समिति का एक सदस्य गिर पड़ा जिससे वे भयभीत हो गए। उसके बाद असॉल्ट ग्रुप के सदस्य दो और ग्रुपों में विभाजित हो गए। नामिती 4 और 5 की अगुवाई में एक टीम, माओवादियों के बाहर निकलने के रास्तों को रोकने के लिए उत्तर की ओर दौड़ पड़ी। जब शत्रु पक्ष का उस क्षेत्र पर दबदबा बना हुआ था और वे गोलियों की बौछार कर रहे थे तभी नामिती 2 और 3 तथा 2 अन्य कनिष्ठ कमांडो ने पहाड़ी की पूर्व दिशा की तरफ से चढ़ाई शुरु कर दी। यद्यपि शत्रु पक्ष ए के -47 से गोलियों की बौछार कर रहा था तो भी नामिती 1, 2 और 3 अपनी जान की परवाह न करते हुए आगे बढ़ते गए। अंततः वे पहाड़ी की चोटी तक पहुंच गए और उन्होंने एक और माओवादी को मार गिराया। इसे देख कर माओवादी, नामिती 1 के नेतृत्व वाली टीम 1 पर गोलीबारी करते हुए पहाड़ी के उत्तर की ओर भाग खड़े हुए। नामिती 1, 2 और 3 ने बड़ी बहादुरी से गोलियों की बौछार का सामना किया और चार और माओवादियों को मार गिराया।इस कारण शेष माओवादी उत्तर की ओर सीधे ढलान से नीचे उतरने को मजबूर हो गए। जब माओवादी पहाड़ी की तलहटी में पहुंचे तो वहां उनका सामना नामिती 4 और 5 के नेतृत्व वाले मुख्य असॉल्ट ग्रुप की टीम 2 के साथ हुआ। जब कि माओवादियों के पास जंगल की ओट थी लेकिन खुले में होने के कारण पुलिस पार्टी के पास कोई ओट नहीं थी। तथापि, पुलिस पार्टी अपने मोर्चे पर डटी रही। नामिती 4 और 5 ने अपने प्राणों को अत्यंत गंभीर संकट में डालते हुए शत्रु की गोलियों का सामना किया और 4 माओवादियों को मार गिराया। दो माओवादियों ने हथियार डाल दिए, अपने हाथ खड़े कर दिए और पुलिस पार्टी ने आत्मसमर्पण करने वाले इन दो माओवादियों को तत्काल अपने कब्जे में ले लिया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर जिला समिति सचिव, जिला समिति सदस्य, 3 दलम कमांडर, 2 दलम उप-कमांडर और 3 स्थानीय गुरिल्ला सदस्यों सहित 10 माओवादियों के शव बरामद हुए। इस तलाशी से एक ए के -47 , 3-एस एल आर, 4-.303 राइफलें और 3 एस बी बी एल भी बरामद हुए। पहली बार ऐसा हुआ है कि शिविर में मौजूद सभी सदस्यों को या तो मार डाला गया या उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। चूंकि माओवादी, किसी पुलिस थाने पर हमला करने की अपनी योजना को अंतिम रुप देने के लिए शीर्ष कार्यकर्ताओं की

बैठक कर रहे थे, इसलिए अत्याधुनिक हथियारों से गोलीबारी करने की उनकी ताकत भी अधिक थी। इस प्रकार, एक बड़ी दुर्घटना को होने से रोक दिया गया। चूंकि जिला समिति के नेता और सभी दलम कमांडर और उप-कमांडर मार गिराये गए थे, इसलिए इससे उन्हें गहरा धक्का लगा और दोनों ओर से हुई इस गोलीबारी के बाद पश्चिम करीमनगर प्रभाग में माओवादी गतिविधि का लगभग खात्मा हो गया। यद्यपि पुलिस दल के सभी सदस्यों ने अद्भुत टीम भावना का परिचय दिया, आगे बढ़ते हुए हर पल अपनी योजना बनाई, शत्रु का मुकाबला करते समय असाधारण बहादुरी का परिचय दिया और आदर्श तरीके से अपनी-अपनी भूमिका का निर्वाह किया, लेकिन नामिती 1 से 5 तक का विशेष उल्लेख किए जाने और मान्यता दिए जाने के पात्र हैं। नामिती 1 ने स्थिति का जायजा लेने में उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया जिसमें शुरु में टीमों को विभिन्न ग्रुपों में बांटना और फिर मुख्य असॉल्ट ग्रुप को 2 टीमों में विभाजित करना तथा शत्रु के बच निकलने के सभी रास्तों को बंद कर देना शामिल है। अपने साथ के कार्मिकों को प्रेरित करते हुए ये हमेशा ही सोचते रहते थे। पहाड़ी की चोटी पर 5 माओवादियों को मार गिराने में इन्होंने नामिती 2 और 3 के साथ मुख्य भूमिका निभाई। इन्होंने अभियान में नामिती 4 और 5 का भी मार्ग दर्शन किया जिसके परिणामस्वरुप पहाड़ी की उत्तरी ढलान पर 4 माओवादी मार गिराए गए। जब माओवादी, पहाड़ी की चोटी से नामिती 2 और 3 पर गोलीबारी कर रहे थे तो इन्होंने पहाड़ी पर चढ़ने में अद्भुत और अदम्य साहस का परिचय देते हुए न केवल चोटी पर पहुंचने में सफलता प्राप्त की बल्कि माओवादियों में दहशत भी फैलाई और पहाड़ी की चोटी पर 5 माओवादियों को मार गिराया जिससे स्थिति माओवादियों के प्रतिकूल हो गई। यदि वे दुस्साहसिक वीरता का परिचय न देते तो माओवादी अपने मोर्चों पर डटे रहते और बच कर भाग निकलते। नामिती 4 और 5 ने बिना किसी ओट के दुश्मनों की गोलियों का सामना किया और ए के -47 से लैस जिला समिति सचिव सहित 4 माओवादियों को मार गिराया। एक अत्यंत कठिन मुठभेड़ में, जिसमें एक के -47, सेल्फ लोडिंग राइफल, .303 राइफल जैसे 8 अत्याधुनिक हथियारों सहित 11 हथियारों की बरामदगी हुई, शीर्ष नेताओं सहित सशस्त्र गुरिल्ला मार गिराये गए और दो अन्य गिरफ्तार किए गए थे, नामिती 1 से 5 तक ने आश्चर्यजनक पहलकदमी, असाधारण बहादुरी का परिचय दिया जिससे निजामाबाद और करीमनगर जिला दोनों की ग्रामीण जनता को काफी राहत मिली।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री मारी तुलसी राम, सहायक असॉल्ट कमांडर/आरक्षित उपनिरीक्षक, एम. मूर्ति, पुलिस कांस्टेबल, एन. अनिल कुमार, कनिष्ठ कमांडो, जी. वी.वी. डी. प्रसाद, पुलिस कांस्टेबल और एस रामू, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य शौर्य, साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/ पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ते भी दिनांक 7 मार्च, 2005 से दिये जाएंगे ।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 24-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, जम्मू-कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री अब्दुल रशीद वानी
कांस्टेबल **(मरणोपरांत)**

उस सेवा का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया है:

18.10.2005 को लगभग 0900 बजे दो अज्ञात आतंकवादियों ने श्रीनगर के तुलसीबाग स्थित रिहायशी क्वार्टरों पर हमला कर दिया। एक हमलावर ने मोहम्मद यूसुफ तारिगामी, महासचिव, सी पी आई (एम) के मकान संख्या टी-20, तुलसीबाग के मुख्य प्रवेश द्वार में घुसने की कोशिश की। द्वार पर तैनात कांस्टेबल अब्दुल रशीद वानी, संख्या 1296/ऑक्स, पुलिस पहली बटालियन नामक सुरक्षाकर्मी ने उसे रोका और उसकी तलाशी लेने की कोशिश की। उस आतंकवादी ने जैकेट पहन रखी थी तथा उसके नीचे एक हथियार छिपा रखा था। उसने वह हथियार बाहर निकाला और कांस्टेबल अब्दुल रशीद पर गोली चला दी। इस पर कांस्टेबल ने अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए उस आतंकवादी को पकड़ लिया और उसे श्री तारिगामी के आवास में घुसने से रोक दिया। सी आर पी एफ के कार्मिक और श्री एम.वाई. तारिगामी के दो पी एस ओ ने उस आतंकवादी का पीछा किया और श्री तरिगामी के निवास स्थल से मुश्किल से 20 मीटर की दूरी पर उसे मार गिराया। इस प्रक्रिया में कांस्टेबल अब्दुल रशीद बुरी तरह घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। मृत आतंकवादी के कब्जे से एक ए के-47 राइफल, 06-मैग्जीन, 04-ग्रेनेड बरामद हुए। इस प्रकार इस कांस्टेबल ने अपने जीवन की परवाह किए बगैर अदम्य शौर्य, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया और एम एल ए तथा उनके घर के अंदर रह रहे लोगों की जान बचाने में सफल हुआ। अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए उसने अपने जीवन का बलिदान दे दिया।

इस मुठभेड़ में (स्व.)श्री अब्दुल रशीद वानी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 अक्तूबर, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 25-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, राजस्थान पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री गंगा राम
कांस्टेबल (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

27 जुलाई, 2005 की रात को एसएचओ थाना कल्याणपुर (जिला-बाड़मेर) ने अपने स्टाफ के साथ, जिसमें कांस्टेबल गंगाराम संख्या 769 भी शामिल था, शिव नगरी क्रासिंग की नाकेबंदी की ताकि अवैध शराब की आवाजाही रोकी जा सके।रात लगभग 1245 बजे एक जीप ने नाकेबंदी तोड़ दी। एसएचओ ने अपने स्टाफ के साथ चिंचरली गांव तक जीप का पीछा किया जहां तीन संदिग्ध व्यक्ति जीप से उतरे और भागने लगे। दो व्यक्तियों को तत्काल पकड़ लिया गया जबकि तीसरा व्यक्ति अपने साथ राइफल लेकर अंधेरे में भाग गया। तत्काल ही कांस्टेबल गंगा राम इस हथियारबंद संदिग्ध व्यक्ति की खोज में निकल पड़ा। संदिग्ध व्यक्ति के निकट पहुंचने पर गंगा राम ने उसे रुकने की चुनौती दी। जब उसने आज्ञा का पालन नहीं किया तो गंगा राम ने उसे पकड़ लिया और उस पर काबू पाने के लिए उससे गुत्थम-गुत्था की। हथियारबंद संदिग्ध व्यक्ति ने बच निकलने के बेतहाशा प्रयास किए लेकिन गंगा राम ने उसे साहस के साथ जकड़े रखा। गंगाराम ने उस पर लगभग काबू पा ही लिया था कि संदिग्ध व्यक्ति ने इरादतन उनकी छाती में गोली दाग दी। इससे गंभीर रुप से घायल होने पर भी गंगा राम ने वीरोचित गति पाने से पहले संदिग्ध व्यक्ति पर काबू पाने की नाकाम कोशिश की। इस मामले में थाना कल्याणपुर में आई पी सी की धारा 302/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मामला संख्या 45/05 दायर किया गया था। बाद में जांच पड़ताल करने से जंगली जानवरों का चोरी-छिपे शिकार करने वाले एक गैंग का भंडाफोड़ हुआ जो कई वर्षों से वन्य जीवों की हत्या करने और उनके अंगों को बेचने में संलिप्त था। कांस्टेबल संख्या 769 गंगा राम ने संदिग्ध हथियारबंद व्यक्ति का साहसपूर्वक पीछा कर उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। वर्दीधारी सेवा के उत्कृष्ट आदर्शों को जीवंत करते हुए उन्होंने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर अपनी कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। इस मामले में जीवों को शिकार करने के प्रयोजनार्थ एक जीप आर जे 19-1सी-1635, एक एम एल बंदूक (बिना लाइसेंस के) जब्त की गई। बाद में हिरण के सिर के 10 भाग, हिरण की 6 खालें और बड़ी मात्रा में जानवरों की हड्डियां भी बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में (स्व.) श्री गंगा राम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 जुलाई, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 26-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. **पामेश्वर सोनवाल,**
   हवलदार/ जनरल ड्यूटी
2. **जीवन कुमार,**
   राइफलमैन/जनरल डयूटी

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

लोकटक झील के पैट क्षेत्र (फ्लोटिंग बायो मास) के अंदर गहराई में यूएनएलएफ के छिपने के स्थान के बारे में अपने स्रोत से सूचना मिलने के आधार पर 27 दिसम्बर, 2005 को 0330 बजे कंपनी कमांडर के नेतृत्व में 7 असम राइफल्स की टुकड़ी द्वारा " ऑप. एम्फिबियस" अभियान चलाया गया। इस पार्टी में चार देशी नावों और एक इंजीनियर फैब्रिकेटिड नाव पर कुल 03 अधिकारी और 15 अन्य रैंकों के कार्मिक सवार थे। लगभग 0515 बजे धुंध के कवर में जब सबसे आगे वाली नाव, जिसमें मेजर जितेन्द्र कुमार सवार थे, जब 3-4 मीटर लम्बी घास से ढके छिपने के संदिग्ध स्थान तक पहुंची तो एक आतंकवादी ने उनकी यह चाल भांप ली और टीम पर गोलियों की बौछार कर दी। आतंकवादी की गोलियों की पहली बौछार ने मेजर जितेन्द्र कुमार और इनकी टीम को पानी में कूदने पर विवश कर दिया। तथापि, संख्या जी/75321 वाई हवलदार (जनरल ड्यूटी) पामेश्वर सोनवाल नाव पर ही रहे और इन्होंने अपनी एलएमजी से आतंकवादियों पर गोलीबारी जारी रखी तथा आतंकवादियों को गोलाबारी रोकने और कवर लेने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही निकटवर्ती झोपड़ियों से पांच और आतंकवादी अपने हथियारों के साथ निकले और उन्होंने हवलदार (जनरल डयूटी) पामेश्वर सोनवाल पर गोलीबारी करनी शुरु कर दी जिससे इनके हाथ पर बंदूक की गोली लगने से घाव हो गया और इन्हें भी विवश हो कर पानी में कूदना पड़ा और इसी प्रक्रिया में इनकी एलएमजी झील में गिर गई। गोलीबारी की इस

लड़ाई के दौरान संख्या जी/76247 एच राइफलमैन (जनरल ड्यूटी) जीवन कुमार, जो स्वयं झील में गिर पड़े थे और इन्होंने घास पकड़ी हुई थी, ने सूझ-बूझ और साहस का परिचय दिया तथा अपनी टीम को कवरिंग फायरिंग दी और इस प्रकार आतंकवादियों का ध्यान बंटाया। इस टीम की गोलीबारी की बौछार से घटना स्थल पर तीन आतंकवादी मारे गए और इस प्रकार जोश में आकर पूरी टीम ने यूएनएलएफ के कुल चार आतंकवादियों को मार गिराया और उनसे हथियार, गोलीबारुद और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए। बाद में अवरोधों से प्राप्त सूचना के आधार पर यूएनएलएफ के दो और आतंकवादियों की मौत की पुष्टि हुई।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री पामेश्वर सोनवाल, हवलदार/जनरल ड्यूटी और जीवन कुमार, राइफैलमैन/जनरल ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 दिसम्बर, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 27-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री रुधि सिंह

हवलदार/जनरल ड्यूटी

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

शांकला क्यू टी 9892 सामान्य क्षेत्र में एटीटीएफ आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में मुश्किल से प्राप्त सूचना के आधार पर 10 फरवरी, 2006 को 1930 बजे एक विशेष अभियान चलाया गया था जिसमें नायब सुबेदार ज्ञान बहादुर गुरुंग एक्स. हेजमरा के नेतृत्व में एक जूनियर कमीशन अधिकारी, 13 अन्य रैंक के अधिकारी और पुलिस का एक प्रतिनिधि शामिल था। इस टुकड़ी ने 11 फरवरी, 2006 को 1900 बजे बलुआबारी-शांकला के सामान्य क्षेत्र में घात लगाई। जब अभियान पार्टी को कोई संदिग्ध हलचल महसूस नहीं हुई तो इस पार्टी ने 12 फरवरी, 2006 की सुबह को निकटतम गांव लखमोदी में तालाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान और स्थानीय लोगों से बात करने पर पता चला कि संभावित आतंकवादी पड़ोस के गांव मस्राहीपाड़ा में छुपा हो सकता है। पार्टी ने इस बारे में और सूचना प्राप्त की और वे मस्राहीपाड़ा गांव की ओर बढ़े। गांव पहुंचने पर जब हवलदार जनरल ड्यूटी रुधि सिंह, अग्रणी स्काउट संख्या 2, घनी झाड़ियों के बीच अपना रास्ता बना रहे थे तो उन पर भारी गोलीबारी की गई। आतंकवादियों द्वारा की गई शुरुआती गोलीबारी से एनसीओ के बांये बाजू में गोली लगने के बावजूद इन्होंने नजदीक से ही आतंकवादियों पर अपनी ए के -47 से गोलीबारी कर दी। आतंकवादियों ने दो ग्रेनेड फेंके। आतंकवादियों की गोलीबारी के सामने अदम्य साहस, बहादुरी और शांति का परिचय देते हुए हवलदार रुधि सिंह ने ग्रेनेड को ठोकर मारी और एक आड़ में मोर्चा संभाला तथा भाग रहे आतंकवादियों पर गोलीबारी जारी रखी। वह ग्रेनेड कुछ मीटर की दूरी पर फटा जिससे इनकी टुकड़ी के लोगों की प्राण रक्षा हुई।हवलदार रुधि सिंह और इनके बड्डी हवलदार ज्ञानवीर प्रधान द्वारा की गई भारी गोलीबारी के कारण खतरे को भांपते हुए आतंकवादी ने भागना शुरु किया। श्री रुधि सिंह द्वारा प्रदर्शित साहस और बीरता के कारण गश्तीदल, आतंकवादियों द्वारा लगाई गई घात तोड़ने में सफल हुआ और इस कारण इनकी टुकड़ी के लोगों की प्राणों की रक्षा हुई। इस कार्मिक का "जीएसडब्ल्यू से बायें हाथ और बाजू बुरी तरह जख्मी हुआ" और तदनुसार इन्हें कमान अस्पताल कोलकाता ले जाया गया।

इस मुठभेड़ में श्री रुधि सिंह, हवलदार/जनरल डयूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12 फरवरी, 2006 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 28-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री विनोद कुमार
कांस्टेबल (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

विशिष्ट "जी" सूचना के आधार पर श्री हंस राज, सहायक कमांडेंट ने 14/15 मई, 2005 की मध्यवर्ती रात्रि को जम्मू के डोडा सेक्टर में एक विशेष अभियान की योजना बनाई और उसे निष्पादित किया। आपरेशनल बेस सुम्बर के एक पुलिस प्रतिनिधि के साथ श्री हंस राज, सहायक कमांडेंट की कमान में एक पार्टी ने नाग चस्मा और बरकोटला के सामान्य क्षेत्र में घात लगाई और दूसरी पार्टी ने अपर मलपती रिज के निकट घात लगाई। चकमा देने की दृष्टि से सुबह होने पर दोनों ही पार्टियों को 3-4 कार्मिकों वाले उप-ग्रुपों में बांटा गया। बहुत सावधानी से क्षेत्र की तलाशी ली गई और इसके बाद पार्टियां सिकना टॉप की ओर बढ़ीं। यह क्षेत्र घने वन से आच्छादित है, चट्टानों से भरा पड़ा है और यहां पर रास्ता बनाने की भी जगह नहीं है। लगभग 150800 बजे कांस्टेबल विनोद कुमार , जो पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे, ने लगभग 100 गज की दूरी पर वन में दो व्यक्तियों की संदिग्ध हलचल महसूस की और पार्टी कमांडर को इसकी सूचना दी, जिसने सभी पार्टियों को सावधान कर दिया तथा उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए चुपके-चुपके संदिग्ध व्यक्तियों की ओर बढ़े। जब पार्टी सीधी ढलान से गुजर रही थी और संदिग्ध व्यक्तियों के छिपने के स्थान से लगभग 50 गज की दूरी पर थी तभी उग्रवादियों ने अग्रणी बीएसएफ की पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। पार्टी ने भी जबाबी गोलीबारी की। पार्टी कमांडर ने ग्रुप को पुनर्गठित किया और कवरिंग गोलीबारी के बीच श्री हंस राज, सहायक कमांडेंट, हैड कांस्टेबल रिचपाल सिंह और कांस्टेबल विनोद कुमार ने उग्रवादियों की गोलीबारी की परवाह न करते हुए सीधी ढलान से नीचे उतरे और उग्रवादियों के निकट पहुंच गए। बीएसएफ की टुकड़ियों के अचानक सामने आ जाने से उग्रवादी अचंभित रह गए और उन्होंने पार्टी पर भारी गोलीबारी कर दी जिससे कांस्टेबल विनोद कुमार घायल हो गए। गोली

लगने से घायल होने की परवाह न करते हुए कांस्टेबल विनोद कुमार ने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और छिपे हुए उग्रवादी पर गोलीबारी कर दी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल कांस्टेबल विनोद कुमार को निकटतम आपरेशनल बेस सुम्बर ले जाया गया लेकिन दुर्भाग्य से घायलावस्था में इनका देहावसान हो गया। दोनों ओर से लगभग एक घंटे तक गोलीबारी होती रही। लगभग 151500 बजे जब उग्रवादियों की तरफ से गोलीबारी रुकी तो क्षेत्र की तलाशी ली गई और 01 ए के-56 राइफल, 03 ए के-56 मैग्जीन और ए के-56 गोलीबारुद के 26 राउंदों के साथ एक उग्रवादी का शव बरामद हुआ। मारे गए उग्रवादी की पहचान बाद में अब्दुल करीम उर्फ गुलजार अहमद (कोड चिन्ह-जन मोहम्मद) पुत्र इमामदीन गुज्जर, निवासी सुम्बर, पुलिस स्टेशन रामबन, जिला डोडा (जम्मू और कश्मीर) के रुप में की गई।

इस मुठभेड़ में (स्व.) श्री विनोद कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 मई, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 29-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक /पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. जितेन्द्र सिंह,
कांस्टेबल **(राष्ट्रपति का पुलिस पदक)**

2. डी. अप्पना
कांस्टेबल **(पुलिस पदक)**

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

30 मार्च, 2005 को लगभग 1055 बजे फेरन पहने दो अज्ञात फिदाईन, बी एस एफ चौकी आरमपोरा -सोपोर (जम्मू और कश्मीर) के सामने एक तांगे से उतरे और मुख्य द्वार की ओर बढ़े। उन्होंने गार्ड कमांडर हैड कांस्टेबल टी एम सिंह से कहा कि वे कंपनी कमांडर से मिलना चाहते हैं।जब उनसे फेरन उठाने और अपनी पहचान बताने के लिए कहा गया तो दोनों फिदाईनों ने अपनी एक के 47 राइफलों से अचानक ही भारी गोलीबारी कर दी। ये हथियार उनकी फेरन के नीचे छिपे हुए थे। यह गोलीबारी

गार्ड कमांडर और संतरी कांस्टेबल धर्मवीर सिंह की ओर की गई थी। फिदाईन ने कामचलाऊ मोर्चेबंदी पर भी ग्रेनेड फेंका जो मुख्य द्वार और प्रवेश के निकट फटा। गोलीबारी के दौरान गार्ड कमांडर और संतरी गोली लगने से घायल हो गए। इसका लाभ उठाते हुए फिदाईन मुख्य कैंपस में घुस गए और अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए आफिस कांप्लेक्स की ओर भागे। कांस्टेबल डी अप्पना, जो कंपनी कमांडर कार्यालय में संतरी थे, ने बिल्डिंग के प्रवेश के निकट मोर्चा संभाला और बहादुरी से फिदाईन को उलझाये रखा तथा एक फिदाईन को घायल कर दिया जिससे उसकी शरीरिक क्षमता काफी क्षीण हो गई। कांस्टेबल अप्पना को तत्काल, मौके पर और साहसिक तथा अकेले ही की गई कार्रवाई से चौकी के बाकी कार्मिकों को पुन: संगठित होने और आगामी खतरे का मुकाबला करने का बहुमूल्य समय मिल गया। इसी बीच दूसरा फिदाईन जवानों की बैरक तक पहुंच गया और उसने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। घायल फिदाईन भी गोलीबारी और ग्रेनेड फेंकते हुए कुक हाउस तक पहुंच गया। कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह, जो बैरक की पहली मंजिल में थे, ने फिदाईन की गतिविधियों को देखा और तत्काल ही दरवाजे के निकट स्वयं मोर्चा संभाल लिया ताकि फिदाईन को उलझाये रखा जा सके और बिल्डिंग के अंदर प्रवेश करने की उसकी कोशिश को नाकाम किया जा सके। कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह नहीं की और दरवाजे के सामने आ गए तथा अपने अचूक निशाने से दोनों फिदाईन को मार गिराया। कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह ने दोनों फिदाईन को सफलतापूर्वक मार गिराया जिससे इनकी टुकड़ी को कोई भी नुकसान नहीं हुआ। बाद में हैड कांस्टेबल टी एम सिंह का घायलावास्था में देहांत हो गया। मारे गए फिदाईन की पहचान अबू विसारी लस्खरी उर्फ अबू और अबू सलीम, जरार उर्फ मलिक के रुप में हुई जो पाकिस्तान के निवासी थे तथा एल ई टी तंजीम से संबंध रखते थे। उनके कब्जे से 02 ए के राइफलें, ए के श्रृंखला की 16 मैग्जीन और ए के गोलीबारुद के 340 राउंड बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल और डी अप्पना, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30 मार्च, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 30-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. **अवधेश सिंह,**
   कांस्टेबल
2. **एस. के. अरबन सिंह**
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

फारवर्डेड डिफेंडिड लोकेलिटी 430 (मेंधर, पुंछ, जम्मू और कश्मीर) के सामान्य क्षेत्र से हो कर राष्ट्र -विरोधी तत्वों की संभावित घुसपैठ के बारे में प्राप्त विशिष्ट सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल की 153 बटालियन की टुकड़ियों को सतर्क कर दिया गया था और उस क्षेत्र में अतिरिक्त टुकड़ियां तैनात करके, उसे सुदृढ़ बनाया गया था। एफ डी एल 430 और 429 के बीच तैनात टुकड़ियों ने 17 जनवरी, 2005 को लगभग 1825 बजे उग्रवादी ग्रुपों की कुछ संदिग्ध गतिविधि महसूस की। उस क्षेत्र में घात लगाने वाली सभी पार्टियों को तत्काल सचेत कर दिया गया। उग्रवादियों का ग्रुप जब बाड़ के निकट पहुंचा तो घात लगाने वाली पार्टी ने उन्हें ललकारा। जबावी कार्रवाई में उग्रवादियों ने घात लगाने वाली पार्टी पर भारी गोलीबारी कर दी और ग्रेनेड फेंके। इस बात को भांपते हुए कि उग्रवादी, घात लगाने वाली पार्टी को नुकसान पहुंचा सकते हैं, कांस्टेबल एस. के अरबन सिंह ने स्वयं अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए घात लगाने के स्थान से बाहर अपनी एलएमजी खड़ी कर दी और अपनी लाभप्रद स्थिति से कांस्टेबल अरबन सिंह ने अपने अचूक निशाने और प्रभावी गोलीबारी से घटनास्थल पर ही तीन उग्रवादियों को ढेर कर दिया। इसी बीच कांस्टेबल अवधेश सिंह ने घात लगाने वाले स्थान के निकट देवदार के पेड़ के पीछे छिपे चौथे उग्रवादी को देख लिया। घात लगाने वाली पार्टी ने जबावी गोलीबारी की लेकिन क्योंकि उग्रवादी सुरक्षित रुप से मोर्चे के अंदर थे इसलिए यह प्रभावी नहीं हुई। कांस्टेबल अवधेश सिंह ने स्थिति का जायजा लेने के बाद पहल की और स्वयं अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर अदम्य साहस का परिचय देते हुए घात लगाने वाले स्थान से बाहर आए और उग्रवादियों पर ग्रेनेड फेंके जिसके कारण उग्रवादी ने अपना मोर्चा बदलने की कोशिश की। इस पर कांस्टेबल अवधेश सिंह ने बिजली की तेजी से अचूक निशाना साधा और घटनास्थल पर ही उग्रवादी को ढेर कर दिया। घात लगाने वाली पार्टी ने पांचवें उग्रवादी को भी ढेर कर दिया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर ए के श्रृंखला की 05 राइफलें, 32 ए के मैग्जीन, ए के गोलीबारुद के 941 राउंद और मैग्जीन के साथ एस एस जी राइफल सहित पांच उग्रवादियों के शव बरामद हुए। उग्रवादियों की पहचान सुनिश्चित नहीं की जा सकी।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अवधेश सिंह, कांस्टेबल और एस. के. अरबन सिंह,

कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17 जनवरी, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 31-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. ए. आनंदन (मरणोपरांत)
   द्वितीय कमान अधिकारी
2. चेत राम कुल्हार (मरणोपरांत)
   द्वितीय कमान अधिकारी
3. अशोक कुमार शॉ (मरणोपरांत)
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

11.9.2004 को लश्कर-ए-तैयबा के अल-मंसूरियन आतंकवादी गुट के दो फिदायीन (पाक राष्ट्रिक) लगभग 2120 बजे 94 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय, होटल योर्क कोहना खां (डलगेट) श्रीनगर के अंदर घुस गए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बल के कार्मिकों पर ग्रेनेड फेंके और गोलीबारी की। मोर्चा सं0 11 पर ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी अशोक कुमार शॉ ने एक उग्रवादी को देखा जिसने इनके मोर्चे से लगभग 10 गज की दूरी पर चाहरदीवारी को लांघा और तत्काल ही इन पर गोलीबारी कर दी। सामना होने पर भौचक्क हुए इस उग्रवादी ने उनकी संतरी चौकी की तरफ ग्रेनेड फेंका जो वहीं फट गया और कांस्टेबल अशोक कुमार शॉ का दांया पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। अपनी चोटों की परवाह न करते हुए कांस्टेबल अशोक कुमार शॉ ने साहस बटोरते हुए अपनी एस एल आर से फिदायीन पर गोलीबारी जारी रखी और उनकी एक गोली उग्रवादी की जैकेट में छिपाकर रखे गए चाइनी ग्रेनेड पर लगी जिससे एकदम विस्फोट हुआ। इसके परिणामस्वरुप उग्रवादी के शरीर के चीथड़े उड़ गए। कांस्टेबल अशोक कुमार शॉ बुरी तरह जख्मी हो गए थे और उन्हें इनके क्षतविक्षत पैर के साथ एस के आई एम एस अस्पताल, सूरा, श्रीनगर ले जाया गया जहां घायलावस्था के कारण 15.9.2004 को उनका देहावसान हो गया। श्री ए. आनंदन, सेंकंड इन कमांड, 60 बटालियन और श्री चेत राम कुल्हार सेंकंड इन कमांड, 65 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को निदेश दिया गया था कि वे अपने-अपने यूनिट मुख्यालयों और बी.पी. बंकरों के साथ कुमुक के रुप में 94 बटालियन मुख्यालय में रिपोर्ट करें। श्री ए. आनंदन, सेंकंड इन कमांड ने स्थिति का जायजा लेने के

बाद लगभग 2200 बजे दूसरे आतंकवादी को बाहर निकालने के लिए एम टी बिल्डिंग में "रुम इंटरवेंशन" के लिए स्वयं तैयार हुए। पहली तलाशी में कुछ नहीं मिला। तथापि, दूसरे प्रयास में श्री वी.एस. अग्रवाल, सेकंड, 94 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नेतृत्व वाली एक और पार्टी इनके साथ मिल गई। कांस्टेबल शिव कुमार, श्री ए. आनंदन, सेकंड इन कमांड को सुरक्षा कवच प्रदान कर रहे थे। इन्होंने एक कमरे को छोड़ कर सभी कमरों की तलाशी ली। जब श्री ए. आनंदन, सेकंड इन कमांड ने अंतिम कमरे के दरवाजे पर धक्का मारा तो कमरे के अंदर छिपे उग्रवादी ने गोलियों की बौछार कर दी। श्री ए. आनंदन, सेकंड इन कमांड को उस समय गोली लग गई जब वह कमरे में घुसने ही वाले थे। यद्यपि इनकी छाती और पैर पर गोली लगी थी तो भी इन्होंने स्वयं अपने प्राणों की परवाह किए बगैर अपनी ए के-47 से जवाबी गोलीबारी की और उग्रवादी को घायल कर दिया जिससे उस उग्रवादी ने गोलीबारी बंद कर दी। श्री ए. आनंदन, सेकंड इन कमांड ने कमरे में प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन कांस्टेबल शिव कुमार ने जब देखा कि इनका अधिकारी गंभीर रुप से घायल है तो इन्होंने इन्हें वापस बाहर खींच लिया। उन्हें 92 बेस आर्मी अस्पताल ले जाया गया जहां इन्हें "मृत लाया गया" घोषित किया गया। यह क्षति होने के बाद लगभग 0230 बजे चाल में परिवर्तन किया गया और बी पी बंकरों के साथ एम टी बिल्डिंग का घेराव करने का निर्णय लिया गया। आतंकवादी के छिपने के कमरे में आंसू गैस के कुछ गोले छोड़े गए। आंसू गैस के गोले फेंकने के कारण बेकार पड़े एम टी स्टोर में आग लग गई। आंसू गैस के धुएं और आग के कारण छिपे हुए आतंकवादी ने गोलीबारी करते हुए और ग्रेनेड फेंकते हुए कमरा बदल दिया और वह उसी बिल्डिंग के अंतिम किनारे के सामने वाले कमरे में चला गया। सी आर पी एफ के एक कार्मिक हैड कांस्टेबल (ड्राइवर) उमा शंकर, जो उस कमरे में था, ने सहायता के लिए शोर मचाया और बाहर जाने की कोशिश की। श्री चेत राम कुल्हार, सेकंड इन कमांड, 65 बटालियन, सी आर पी एफ ने उसकी गतिविधि नोटिस की। हैड कांस्टेबल/ड्राइवर उमा शंकर को बचाने के उद्देश्य से श्री चेत राम कुल्हार, सेकंड इन कमांड अपने साथियों के साथ चतुराईपूर्ण ढंग से बंकर के बाहर आए और हैड कांस्टेबल/ड्राइवर उमा शंकर को कवरिंग फाइरिंग देनी शुरु कर दी। इसी बीच छिपे हुए आतंकवादी ने भी पलट कर गोलियों की बौछार कर दी जिससे श्री चेत राम कुल्हार, सेकंड इन कमांड, 65 बटालियन, सी आर पी एफ की जांघ में गोली लग गई। तत्काल ही इन्हें 92 आर्मी बेस अस्पताल, श्रीनगर ले जाया गया जहां लगभग 0400 बजे घायलावस्था के कारण इनका देहावसान हो गया। श्री चेत राम कुल्हार, सेकंड इन कमांड, 65 बटालियन ने अपने जीवन की परवाह किए बगैर इस अभियान के दौरान अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया और हैड कांस्टेबल/ड्राइवर उमा शंकर को बचाया। इस प्रकार हैड कांस्टेबल/ड्राइवर उमा शंकर, 94 बटालियन का जीवन बचाने की प्रक्रिया में श्री चेत राम कुल्हार, सेकंड इन कमांड ने स्वयं अपने जीवन का बलिदान दे दिया। उग्रवादी को उलझाये रखने के लिए बिल्डिंग के चारों ओर घेराव करने वाली पार्टी ने पूरी रात रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रखी। 12.9.2004 को सुबह सवेरे बिल्डिंग पर ग्रेनेड फेंक कर और भारी गोलीबारी करके इसे उड़ाया गया जिससे उग्रवादी बाहर आने के लिए विवश हो गया और उस पर सी आर पी एफ ने भारी गोलीबारी कर उसे मार गिराया।

इस मुठभेड़ में (स्व.) सर्व/श्री ए. आनंदन, द्वितीय कमान अधिकारी, चेत राम कुल्हार, द्वितीय कमान अधिकारी और अशोक कुमार शॉ, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 सितम्बर, 2004 से दिया जाएगा।

—बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 32-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री कुलदीप सिंह, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

27.11.2004 को लगभग 2345 बजे आर्मी ओल्ड डेरी फार्म बारामूला (जम्मू और कश्मीर) स्थित एफ/152 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में तैनात इस यूनिट के सं. 031527527 कांस्टेबल समरेन्द्र डेका, सं. 810180028 हैड कांस्टेबल कृष्णन देव शर्मा, कंपनी सी एच एम के कमरे की ओर हड़बड़ी में बेतहाशा भागा और बिल्कुल नजदीक से उनके माथे को निशाना बना कर गोली मार कर उनकी हत्या कर दी तथा सी एच एम का निजी हथियार (ए के एम) उठा कर ले गया। इसके बाद वह सं. 710430023 उप निरीक्षक चन्द्र राम के निकटवर्ती कमरे में गया और उन्हें भी गोली मार दी। गोलियों की आवाजें सुन कर कांस्टेबल पी.सी. सूर्यवंशी, जो बैरक के निकट मोर्चा सं. 1 पर संतरी था, ने "तैयार रहो" के रुप में कैंप को सचेत कर दिया। "तैयार रहो" के आह्वान से जवान अपनी बैरकों से बाहर निकले लेकिन उन्हें कांस्टेबल समरेन्द्र डेका की भारी अंधाधुंध गोलीबारी का सामना करना पड़ा जिससे सं. 031523177 कांस्टेबल एम. मारिया पिल्लई की मृत्यु हो गई और सं. 850846632 कांस्टेबल रमेश चन्द पठानिया के बांये पैर के घुटने के नीचे गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। इस प्रकार कांस्टेबल समरेन्द्र डेका की करतूतों से पूरा कैंप आतंकित हो उठा। इस अफरा-तफरी का फायदा उठाते हुए कांस्टेबल समरेन्द्र डेका, सं. 680373578 निरीक्षक/जनरल ड्यूटी साधु राम, (जो कमांडिंग अधिकारी की ड्यूटी कर रहे थे) के कमरे की ओर दौड़ा और उन्हें भी उस समय गोली मार दी जब वह गोलियों की आवाज सुन कर तैयार हो रहे थे। इसके बाद कांस्टेबल समरेन्द्र डेका दूसरी बैरक में गया और वहां सं. 01510635 कांस्टेबल तारक नाथ डे और 031527456 कांस्टेबल हरदीप सिंह को गोली मार दी। 6 कार्मिकों की हत्यां और एक कार्मिक को घायल करने के बाद कांस्टेबल समरेन्द्र डेका इस संभावित ध्येय से मोर्चा सं. 6 की ओर बढ़ा कि वह कैंप की दीवार कूद कर वहां से भाग जाएगा। इसी बीच सं. 031523913 कांस्टेबल कुलदीप सिंह, जो मोर्चा सं. 6 पर संतरी की ड्यूटी पर थे और 031524144 कांस्टेबल मुनीश कुमार, जिन्होंने "तैयार रहो" के आह्वान पर उसी मोर्चे पर आड़ ले ली थी, ने मोर्चे की तरफ आते हुए एक व्यक्ति को देखा। पूछने पर उसकी पहचान कांस्टेबल समरेन्द्र डेका के रुप में हुई। कांस्टेबल कुलदीप सिंह ने उससे पूछा कि जब कैंप पर फिदायीन हमले की आशंका है (उस समय तक सभी कार्मिक यही समझ रहे थे) तो वह इस प्रकार बाहर क्यों घूम रहा है और उससे मोर्चे के अंदर आने के लिए कहा। जैसे ही कांस्टेबल समरेन्द्र डेका मोर्चे के अंदर आया वैसे ही उसने कांस्टेबल कुलदीप सिंह और कांस्टेबल मुनीश कुमार पर गोलीबारी कर दी। कांस्टेबल कुलदीप सिंह और कांस्टेबल मुनीश कुमार गोलियां लगने से गंभीर रुप से घायल हो गए। कांस्टेबल कुलदीप सिंह ने अत्यधिक प्रतिकूल और कष्टकर परिस्थितियों में सूझ-बूझ नहीं खोई। उन्होंने अत्यधिक पेशेवर अंदाज में अपना मानसिक संतुलन बनाए रखा और गोलियों से गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद कांस्टेबल समरेन्द्र डेका पर पलट कर गोलीबारी कर दी और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया और इस प्रकार वह दिन सी आर पी एफ के लिए बचा लिया। कांस्टेबल समरेन्द्र डेका को मार गिराने के बाद कांस्टेबल कुलदीप सिंह का भी अस्पताल ले जाते समय घायलावस्था के कारण देहावसान हो गया।

इस मुठभेड़ में (स्व.) श्री कुलदीप सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 नवम्बर, 2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 33-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री हरे कृष्णा मणि, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्र, श्रीनगर की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा की घेराबंदी के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की उप-यूनिट बी और डी/11 की तैनाती की गई थी। 26.4.2003 को लगभग 1255 बजे तीन उग्रवादियों का एक फिदायीन ग्रुप, लाल बत्ती लगी और प्रभावी आवाज वाले साइरन वाली सफेद एम्बेसडर कार में सड़क के रास्ते आया। एक फिदायीन कार चला रहा था और दो, कार की पिछली सीट पर बैठे थे। यह कार लगभग 30-40 कि.मी./घंटे की रफ्तार से चल रही थी और इसने लोहे के बाहरी ड्राप गेट पर टक्कर मारी (बेरियर) जिससे वे टूट गए। वाहन की गति देख कर गार्ड कमांडर सं. 810696668 हैड कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी (अब उपनिरीक्षक/जनरल ड्यूटी) साह मोहम्मद को संदेह हुआ और गेट खोलने के बजाय उन्होंने कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी एच.के. मणि से मोर्चा संभालने के लिए कहा। संतरी सं. 891141443 कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी एच.के. मणि ने आतंकवादियों को ललकारा और यथोचित उत्तर न पाने पर कार पर गोलीबारी कर दी। सभी तीन फिदायीन तेजी से कार से उतरे और उन्होंने अपने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। इसी बीच एक फिदायीन ने मुख्य गेट के मोर्चे पर एक ग्रेनेड फेंक दिया जिससे स्व. कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी एच.के. मणि घायल हो गए लेकिन घायल होने के बावजूद उन्होंने साहस से काम लिया और उन्होंने एक आतंकवादी को उस समय मार गिराया जब वह उनसे लगभग 2 मीटर की दूरी पर था और जब इसने मोर्चा संभाल कर अपने हथियार से गोलीबारी की थी। चूंकि स्व. कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी एच.के. मणि ने फिदायीन-फिदायीन चिल्लाकर कर समय पर कैंप कार्मिकों को सचेत कर लिया था और वीरतापूर्वक उन पर पलट कर जवाबी गोलीबारी कर दी थी इसलिए फिदायीन उग्रवादियों को आकाशवाणी/दूरदर्शन केन्द्र के परिसरों में घुसने का मौका नहीं मिल सका। चूंकि उग्रवादी, परिसरों में नहीं घुस सके थे इसलिए उग्रवादियों ने आर डी एक्स से भरी एम्बेसडर कार को मुख्य गेट के सामने विस्फोट से उड़ा दिया जिससे मुख्य गेट का मोर्चा क्षतिग्रस्त हो गया तथा साथ ही आकाशवाणी भवन का सामने वाला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया और विस्फोट के कारण और

फिदायीन आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी से घायल होने के कारण स्व. कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी एच.के. मणि का भी देहावसान हो गया। पुलिस कंट्रोल रुम, श्रीनगर के डा. सुहेल नजकी द्वारा किए गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार गोली लगने से हुए घाव के कारण मृत्यु हुई। दूसरे आतंकवादी को हैड कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी (अब उप-निरीक्षक/जनरल ड्यूटी) साह मोहम्मद ने मार गिराया और तीसरा आतंकवादी, जो रेजीडेंसी सड़क की दाहिनी तरफ दौड़ रहा था, सीमा सुरक्षा बल के एक पतरोल में घुस गया और इस प्रकार उसने एक ग्रेनेड का विस्फोट कर आत्महत्या कर ली तथा बी एस एफ के एक कार्मिक की भी हत्या कर दी।

सं0 891141443 स्व. कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी एच.के. मणि ने आदर्श कार्य के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया और फिदायीनों का बहादुरी से सामना करते हुए सरकारी संपत्ति को बचाने के अतिरिक्त अपनी कंपनी के कार्मिकों और आकाशवाणी/दूरदर्शन केन्द्र के कर्मचारियों के बेशकीमती प्राणों की भी रक्षा की। उन्होंने ईमानदार, प्रेरित और समर्पित सैनिक का सच्चा उदाहरण प्रस्तुत किया और संगठन के सभी स्तर के रैंक के कार्मिकों के लिए वह उत्कृष्ट वीरता और कर्तव्यनिष्ठा का चमकता उदाहरण बन गए।

इस मुठभेड़ में (स्व.) श्री हरे कृष्णा मणि, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26 अप्रैल, 2003 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 34-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री प्रभु स्वामी, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

दिनांक 23.12.2003 को 1100 बजे एस ओ जी, पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) के साथ ई/69 बटालियन के 6 सेक्शनों ने 69 बटालियन मुख्यालय से 12 कि.मी. दूर द्रुबगांव में घेराबंदी की। संदिग्ध मकानों की घेराबंदी करने और तलाशी लेने की प्रक्रिया में अंदर छिपे आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी और हमारी पार्टी पर ग्रेनेड फेंके। टुकड़ियों ने जबाबी गोलीबारी की और इस आशय के प्रयास किए गए कि आतंकवादी आत्मसमर्पण कर दें। आतंकवादी ने इसकी परवाह नहीं की और गोलीबारी करते हुए बचने की कोशिश की। इस प्रक्रिया में ई/69 बटालियन की पार्टी ने उस बिल्डिंग पर राकेट लांचर से गोलीबारी कर दी जिसमें उग्रवादी छिपे हुए थे जिसके परिणामस्वरुप बिल्डिंग में आग लग गई। सं.943300859 कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी प्रभु स्वामी, इन्होंने स्वयं पिछली तरफ से मोर्चा संभाला हुआ था, ने देखा कि बाउंड्री की दीवार की आड़ लेकर आतंकवादी बच निकल रहा है। तत्काल ही कांस्टेबल ने वीरतापूर्वक स्थिति का सामना किया और अपना मोर्चा बदला तथा भागते उग्रवादी पर गोलियां चला दीं। वह उग्रवादी गोली लगने से घायल हो गया और बिल्डिंग में वापस आने के लिए विवश हो गया लेकिन अंदर से उसने कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी प्रभु स्वामी पर गोलियों की बौछार कर दी। कांस्टेबल प्रभु स्वामी को दो गोलियां लगीं (एक छाती में और दूसरी पेट में) और बाद में घायलावस्था में उनका देहावसान हो गया। कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी प्रभु स्वामी ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर अद्भुत साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया और आतंकवादी को भागने से रोका तथा उसे मार गिराने में सहायता की। बाद में मकान के अंदर आतंकवादी को मारा गया और उसकी पहचान मोहम्मद रफीक, उम्र 25 वर्ष पुत्र मोहम्मद सफीक निवासी ग्राम संगरवानी, जिला पुलवामा के रुप में की गई जो जैश-ए-मोहम्मद ग्रुप का सदस्य था। मृतक उग्रवादी से एक ए.के-56 राइफल, मैगजीन-5 और 77 सक्रिय राउंद बरामद हुए जिन्हें सिविल पुलिस को सौंप दिया गया।

आतंकवादी को मार गिराने का श्रेय, मृतक सं. 943300859 कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी प्रभु स्वामी की सूझ-बूझ और इनके द्वारा दर्शाई गए ओजस्वी साहस को जाता है। उन्होंने अकेले ही भागते हुए आतंकवादी को ललकारा, गोलीबारी कर घायल किया और उसे भागने से रोका।

इस मुठभेड़ में (स्व.) श्री प्रभु स्वामी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23 दिसम्बर, 2003 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 35-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मो. हैदर,
हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

15.04.05 को 5 ए की पूरी यूनिट, बिजाग जिले के नरसीपट्टनम में शिविर लगाए हुए थी। पुलिस अधीक्षक, बिजाग ग्रामीण को सूचना मिली कि माओवादियों ने एक होम गार्ड को पुलिस का मुखबिर मान कर 15.04.05 को उसकी हत्या कर दी है। पुलिस अधीक्षक, बिजाग ग्रामीण ने तत्काल खोजी दस्तों की 5 ए ए /यूनिट को बुलाया जिसमें 21 सदस्य थे और उनको अपने द्वारा बनाई गई अभियान की योजना के बारे में बताया। योजना के अनुसार उप-एसॉल्ट कमांडर श्री के. सुब्रमणयम के नेतृत्व में खोजी दस्तों की 5ए एसॉल्ट यूनिट के 21 सदस्यों को 16.4.2005 को 2130 बजे कनुगुला में उतारा गया। वहां पर उतरने के बाद यह दल, रोल्लागड्डा गांव की ओर 1300/1400 मीटर की ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर पैदल ही 8 कि.मी. चला और उस रात वहीं पर रुका। अगले दिन की सुबह अर्थात् 17.04.2005 को यह दल गुनुकुरिया गांव की ओर 7 कि.मी. पैदल चला। वहां से वे एक पानी वाले स्थान की ओर पानी लेने के लिए चले। पानी लेते समय लगभग 1730 बजे नामिती मो. हैदर, एस सी 2185 ने पानी वाले स्थान से 300 गज की दूरी पर कोई चमकती धातु देखी। नामिती ने दूरबीन की सहायता से हरी जैतूनी वर्दी में सशस्त्र माओवादियों के एक ग्रुप की मौजूदगी की पुष्टि की। यह संदेश दल प्रभारी को पहुंचाया गया।

दल प्रभारी ने सूचना पर चर्चा की और मोओवादियों के ग्रुप को निष्क्रिय करने के लिए वहीं पर एक कार्य योजना तैयार की। यह अभियान पहाड़ियों में घने वन में अत्यंत दुर्गम भूभाग में चलाया जाना था जो माओवादियों का गढ़ है। दुश्मन ऊँचाई पर था और पुलिस दल पहाड़ी की तलहटी में। दल नेतृत्व ने ग्रुप को 3 उप-ग्रुपों में बांटा। मुख्य एसॉल्ट ग्रुप का नेतृत्व ए ए सी किरण कुमार कर रहे थे और नामिती भी इसी ग्रुप में था। यह ग्रुप पहाड़ी के पीछे की ओर से जा रहा था जहां दलम का रुकने का ठिकाना था। दूसरे ग्रुप की अगुवाई, इस दल के नेता कर रहे थे और तीसरे ग्रुप का नेतृत्व एक और ए ए सी पी. प्रभाकर राव कर रहे थे ताकि बच कर भाग निकलने के सभी रास्तों को कवर किया जा सके।

अत्यंत कठिन विपरीत परिस्थितियों में पुलिस टीम ने सभी दिशाओं से दलम के कैंप क्षेत्र को कवर किया, माओवादी ग्रुप पर हमला करने के लिए ऊंची पहाड़ी पर चढ़ा। इस माओवादी ग्रुप ने ऊंची पहाड़ी पर डेरा जमाया हुआ था तथा वहां पर संतरियों आदि की तैनाती जैसी सभी एहतियातें बरती हुई थीं। टीम नेता ए ए सी ने एक बार फिर अपने ग्रुप को दो उप-ग्रुपों में बांटा जिसमें से एक उप-ग्रुप का नेतृत्व वे स्वयं कर रहे थे और दूसरे का नेतृत्व नामिती मो. हैदर, ए सी 2185 कर रहे थे। यह टीम अपने प्राणों के जोखिम की परवाह किए बगैर मोओवादियों का मुकाबला करने के लिए दृढ़ संकल्प थी. इसने अद्भुत साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। जब नामिती के नेतृत्व वाली टीम माओवादियों के ठिकाने की ओर बढ़ रही थी तो संतरी ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी कर दी और अपने

ग्रुप को चौकस कर दिया। पूरे माओवादी दलम ने तुरंत गोलीबारी शुरु कर दी। साथ ही नामिती ने उसी दिशा में जबाबी गोलीबारी कर दी। नामिती अपनी टीम के सदस्यों के साथ तेजी से आगे बढ़ा और गोलीबारी में दलम कमांडर, रमना और उप दलम कमांडर बी. शालू सहित दो माओवादी मारे गए। नामिती ने देखा कि दो महिलायें उस स्थल से बचकर भाग रही हैं, इन्होंने उनका पीछा किया और आत्मसमर्पण करने के लिए उन्हें आदेश दिया। लेकिन उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी कर दी। इसलिए नामिती ने भी गोलीबारी कर दी जिससे दोनों अतिवादी महिलायें मारी गई।

यह भयंकर लड़ाई 50 मिनट से अधिक समय तक चली और इसमें कोरुकोंडा दलम कमांडर रमना सहित 4 दुर्दांत माओवादी (1 पुरुष + 3 महिला) मारे गए। वह विस्फोटकों का प्रयोग करने, बारुदी सुरंगे, क्लेमोर सुरंगे बिछाने और उन्हें आपरेट करने का विशेषज्ञ था। गोलीबारी रुकने के बाद जब पुलिस पार्टी ने क्षेत्र की तलाशी ली तो उन्हें माओवादियों के चार (पुरुष) शव मिले जिनकी पहचान (1) आलम श्रिनु उर्फ रमना, दलम कमांडर, (2) बी. शालू उर्फ चिलकम्मा (महिला), उप-दलम कमांडर, (3) के. मल्लेश्वरी उर्फ शांति (महिला), दलम सदस्य और (4) कन्नगी नूकलम्मा उर्फ निर्मला (महिला), दलम सदस्य के रुप में की गई। पुलिस पार्टी ने .303 राइफलें-2, डी बी बी एल-1, तपंचा-1, ग्रेनेड-15, क्लेमोर सुरंग-1, डिस्चार्जर कप -1, बड़ी मात्रा में गोलीबारुद और माओवाद पार्टी से संबंधित साहित्य बरामद किया।

इस मुठभेड़ में श्री मो. हैदर, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17 अप्रैल, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 36-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. के.एन.एस.वी. प्रसाद,
   उप-निरीक्षक
2. एम. मल्लेश,
   कनिष्ठ कमांडो
3. ओ. शिवा चरण,
   कनिष्ठि कमांडो

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

13.07.2005 को सूचना मिली कि लगभग 30 से 40 माओवादी उग्रवादियों के एक ग्रुप ने आन्ध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम ग्रामीण क्षेत्र के घने जंगल में डेरा डाला हुआ है। नामिती 2 और 3 सहित खोजी दल यूनिट एस 2-सी के साथ नामिती 1 को सशस्त्र माओवादियों को गिरफ्तार करने के लिए भेजा गया। 15.07.05 को लगभग 1040 बजे, जब खोज़ी दल एसॉल्ट यूनिट, पुट्टोकोटा से कांतावरम की ओर बढ़ रहा था तो अचानक ही उग्रवादियों ने इस पार्टी पर गोलीबारी कर दी। पुलिस पार्टी ने उग्रवादियों को गोलीबारी रोकने और आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। लेकिन माओवादियों ने गोलीबारी जारी रखी। इसी बीच पार्टी प्रभारी ने पुलिस पार्टी को तीन ग्रुपों में विभाजित कर दिया ताकि शत्रु को तीन तरफ से घेरा जा सके। उक्त तीन नामितों वाले एक ग्रुप ने अपनी निजी सुरक्षा का विचार किए बगैर एक तरफ से हमला कर दिया। इसे देख कर उग्रवादियों ने वापस वन की ओर जाने की कोशिश की। नामिती 1 से 3 ने आधा किलोमीटर तक उन उग्रवादियों का पीछा किया और मुख्य कैंप तक पहुंच गए। इस समय उग्रवादियों ने क्लेमोर माइंस के 6 विस्फोट किए जिससे नामिती बाल-बाल बच गये। नामिती 1 से 3 ने अपने प्राणों के लिए गंभीर खतरे की परवाह किए बगैर उनका पीछा करना और गोलीबारी करनी जारी रखी। इनके साहसिक और निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरुप सी पी आई (माओवादी) का जिला समिति सदस्य एम. रमनजनेयुलु उर्फ रमना उर्फ कैलासम, गुनीपल्ली (वी), अनंतपुर जिला, गलीकोंडा कृषि टीम का प्रमुख मारा गया। संघर्ष विराम के बाद, पुलिस पार्टी उस क्षेत्र की ओर बढी और उस क्षेत्र से एक .303 राइफल और गोलीबारुद के साथ एक तमंचा, 9 एम एम के 22 राउंद, दो देशी ग्रेनेड, 37 डिटोनेटर, एक क्लेमोर माइन, दो केनवुड मैनपैक, विस्फोटक सामग्री, पार्टी साहित्य, 7,670/-रुपए की राशि और अन्य वस्तुयें बरामद की। यह मामला मंपा पुलिस स्टेशन में आई पी सी की धारा 149 के साथ पठित धारा 147, 148, 307, आई ए अधिनियम की धारा 25 और 27, ई एस अधिनियम की धारा 4 और 5 तथा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत अपराध सं. 7/2005 के रुप में दर्ज है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री के.एन.एस.वी. प्रसाद, उप-निरीक्षक, एम. मल्लेश, कनिष्ठ कमांडो और ओ. शिवा चरण, कनष्ठि कमांडो ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 जुलाई, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 37-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री के. रवि,
सहायक एसॉल्ट कमांडर/आरक्षी उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

20.02.2005 को श्री के. रवि, सहायक एसॉल्ट कमांडर, आर एस आई ने टीम के नेता के रूप में एक भीषण मुठभेड़ में भाग लिया और केडिगुड्लागुंडी (वी) के निकट, कालीमेला पुलिस स्टेशन, मल्कागिरी उप-प्रभाग, उड़ीसा राज्य की सीमांतर्गत ए ओ बी क्षेत्र के सघन वन में मिलिट्री कैंप पर हमला किया। श्री के. रवि और एस-7 बी ए/यूनिट के प्रभारी ने संयुक्त अभियान चलाने के लिए उड़ीसा राज्य की विशेष पुलिस पार्टी के 5 सदस्यों के साथ एसॉल्ट यूनिट का नेतृत्व किया। पूरी पार्टी ने 19.2.2005 को लगभग 0700 बजे अभियान के लिए कूच किया। इन्हें लगभग 2030 बजे सिलेरु पावर प्रोजेक्ट के निकट उतारा गया और ये पूरी रात 0300 बजे तक 25 कि.मी. पैदल चले और एक सुविधाजनक तथा रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान के निकट रुके और वहां पर डेढ़ घंटे तक विश्राम किया। श्री के. रवि, सहायक एसॉल्ट कमांडर, आर एस आई ने अगले दिन अर्थात् 20.02.2005 की सुबह 0500 बजे पैदल चलना शुरु कर दिया और विश्राम स्थल से लगभग 9 कि.मी. दूर चले गये। लगभग 0900 बजे श्री के. रवि, सहायक एसॉल्ट कमांडर, आर एस आई अपनी टीम के साथ कोडिगुड्लागुंडी गांव पहुंचे और गांव के आस-पास के क्षेत्र का जायजा लिया। कुछ समय बाद किसी संदिग्ध गतिविधि का पता नहीं चलने पर नामिती ने अपनी टीम के साथ गांव की घेराबंदी कर दी और कुछ ग्रामीणों से पूछ-ताछ की। पूछ-ताछ करने पर एक ग्रामीण ने बताया कि गांव के निकट एक मिलिट्री कैंप है। तत्काल ही श्री के. रवि, सहायक एसॉल्ट कमांडर, आर एस आई ने कोई समय गंवाए बगैर पूरी टीम को दो भागों में बांटा और ग्रामीण द्वारा बताई गई दिशा के अनुसार मिलिट्री कैंप की ओर कूच किया। छोटी पहाड़ी पर स्थित उस स्थान विशेष तक पहुंचने पर यह पाया गया कि वहां पर मिलिट्री कैंप के कोई चिह्न नहीं हैं। पूरी पार्टी फिर कुछ दूरी तक आगे बढ़ी और पहाड़ी की चोटी से दिन के दूरबीन से आस-पास के क्षेत्र का जायजा लिया। लगभग 10.30 बजे नामिती की नजर पहाड़ी की तलहटी पर लगे एक टेंट पर पड़ी जो थोड़ा-थोड़ा दिखाई दे रहा था और वहां से कुछ आवाज भी महसूस की। तत्काल ही श्री के. रवि, ए ए सी ने पहाड़ी क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए एक

रणनीतिक अभियान की योजना बनाई और पूरी पार्टी को तीन ग्रुपों में बांट दिया तथा सभी एहतियाती उपाय अपनाते हुए स्वयं पार्टी का रणनीतिक दृष्टि से नेतृत्व किया और शत्रु के कैंप की ओर बढ़े। पहले फ्लैंक का नेतृत्व नामिती और यूनिट के 4 अन्य कार्मिकों ने किया। दूसरे फ्लैंक में ए ए सी बी. सोमैया और यूनिट के 12 अन्य सदस्य शामिल थे। तीसरे फ्लैंक में एस सी-1309 और अन्य सदस्य थे। दो फ्लैंकों को कट-ऑफ पार्टी के रुप में बनाया गया था ताकि दुश्मन को बच कर भाग निकलने से रोका जा सके। कट-ऑफ पार्टी से इस बात की पुष्टि होने पर कि इन्होंने बच निकलने के सभी रास्तों को पूरी तरह से कवर कर लिया है, श्री के. रवि, सहायक एसॉल्ट कमांडर, आर एस आई अपनी पार्टी के साथ शत्रु के निकट पहुंचे और उन्हें आत्मसमर्पण करने का निदेश दिया। लेकिन उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी कर दी। अत: श्री के. रवि, सहायक एसॉल्ट कमांडर, आर एस आई के इशारे पर पार्टी अत्यंत खतरनाक जोखिम लेते हुए शत्रु के टेंट की ओर 5 गज की दूरी तक रेंगती रही। उस समय जे सी-1885 ने दो ग्रेनेड फेंके और तत्काल श्री के. रवि, सहायक एसॉल्ट कमांडर, आर एस आई ने दुश्मन के टेंट पर अंधाधुंध गोलियां बरसायी और दो उग्रवादियों को घटनास्थल पर ही मार गिराया। इसी बीच उग्रवादियों ने क्लेमोर माइंस के दो धमाके किए और श्री के. रवि, सहायक एसॉल्ट कमांडर, आर एस आई के प्राणों को खतरा होने के बावजूद उन्होंने दुश्मन की तेज गोलीबारी के प्रतिरोध में गोलीबारी की और वे तुरन्त ही वहां से बचकर भाग रहे उग्रवादियों की ओर बढ़े और लगभग एक कि.मी. तक उनका पीछा किया। जब दो उग्रवादियों ने अपने हथियार डाल दिए और हाथ ऊपर कर दिए तो श्री के. रवि, सहायक एसॉल्ट कमांडर, आर एस आई ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मारे गए उग्रवादियों की पहचान 1. डी. युगांधर, क्षेत्रीय समिति सचिव, 2. येरिनि, सदस्य मिलिट्री प्लाटून, उड़ीसा राज्य के रुप में की गई। आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादी हैं - 1. जालंधर और 2. कुखिया। उस क्षेत्र से निम्नलिखित हथियार, गोलीबारुद और अन्य वस्तुएं बरामद हुईं :-

एस एल आर-1, .303 राइफल-2, एस बी बी एल-1, तपंचा-2, ग्रेनेड-6, किटबैग-13, होंडा जेनेरेटर-1, जीरोक्स मशीन-1, सिलाई मशीन-3, लोहे का बक्सा-1, हरे जैतूनी कपड़ों के बंडल-10, कुर्सियां-3 और राशन से भरी बैलगाड़ी ।

इस मुठभेड़ में श्री के. रवि, सहायक एसॉल्ट कमांडर/आरक्षी उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 फरवरी, 2005 से दिया जाएगा ।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 38-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. के. किस्तैया,
   निरीक्षक
2. बी. श्रीनिवासा राव,
   कनिष्ठ कमांडो

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

24.07.2005 को श्री के. किस्तैया और उनकी टीम को अपने निजी स्रोत से सूचना मिली कि रचकोंडा दलम ने तूम्बई ठांडा, समस्थान नारायणपुर पुलिस स्टेशन सीमांतर्गत, नालगोंडा जिले में येलियाह गुट्टा की पहाड़ी पर डेरा डाला हुआ है। श्री के. किस्तैया ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस आयुक्त, साइबराबाद को दी जिसने नालगोंडा पुलिस और खोजी दलों को सतर्क कर दिया। पुलिस आयुक्त, साइबराबाद ने अभियान के लिए खोजी दलों की यूनिट को श्री के. किस्तैया के पास प्रतिनियुक्त कर दिया। श्री के. किस्तैया ने पुलिस अधीक्षक, नालगोंडा से संपर्क किया जिसने खोजी दलों की एक यूनिट को पहाड़ी की तलहटी की ओर भेजा। श्री किस्तैया के मुखबिर की अगुवाई में सर्व/श्री के. किस्तैया और बी. श्रीनिवासा राव, कांस्टेबल और उनकी टीम ने 24.07.2005 को सांय 9 बजे येलियाह गुट्टा, समस्थान, नारायणपुर की ओर कूच किया। सर्व/श्री के. किस्तैया और बी. श्रीनिवासा राव, कांस्टेबल और उनकी टीम ने अपनी जान जोखिम में डाल कर पहाड़ियों, पठारी क्षेत्रों, भारी वर्षा के कारण कीचड़ भरी सड़क की सभी कठिनाईयों को पार करते हुए पैदल ही 20 कि.मी. से अधिक की यात्रा की और 25.07.2005 को सुबह 5 बजे येलियाह गुट्टा में बेसप्वाइंट पर पहुंचे। श्री किस्तैया ने श्री बी. श्रीनिवासा राव के नेतृत्व वाली दूसरी पार्टी, जो नालगोंडा से यहां आयी थी, को दसकी उस छोटी पहाडी तक ले गए जहां पर माओवादियों ने डेरा डाला हुआ था। अब सर्वश्री के. किस्तैया और बी. श्रीनिवास राव, कांस्टेबल को पहाड़ी की तलहटी से 600 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचना था। 600 मीटर ऊंचाई की यह दूरी बड़ी-बड़ी चट्टानों, घनी झाड़ियों और पत्थरों से अटी पड़ी थी जिसे पार कर कैंप तक पहुंचना व्यावहारिक रुप से अत्यंत कठिन था। इसके अतिरिक्त यदि उग्रवादी इन्हें थोड़ा सा भी देख लेते तो निश्चित ही यह सर्व श्री के. किस्तैया और बी. श्रीनिवासा राव, कांस्टेबल तथा पूरी टीम के प्राणों के लिए घातक होता क्योंकि टीम छोटी पहाड़ी की तलहटी में थी जबकि उग्रवादी पहाड़ी की चोटी पर थे तथा पुलिस कार्मिकों पर हमला करने के लिए वे हर प्रकार से लाभप्रद स्थिति में थे। श्री किस्तैया ने पूरी टीम को प्रेरित किया और किसी भी हादसे का मुकाबला करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में टीम के प्रत्येक सदस्य को बताया। इसके बाद श्री किस्तैया ने माओवादियों के कैंप पर हमला करने के लिए टीम का नेतृत्व किया और जब माओवादियों ने पुलिस पार्टी को देखा तो उन्होंने श्री किस्तैया और श्री बी. श्रीनिवासा राव के नेतृत्व वाली दोनों पार्टियों पर अंधाधुंध गोलीबारी करनी शुरु कर दी और वहां से भागना शुरु कर दिया। श्री किस्तैया और इनकी टीम माओवादियों को चेतावनी देकर साहसपूर्वक उन्हें पकड़ने के लिए आगे बढ़ी लेकिन इनकी चेतावनी का उन पर कोई असर नहीं हुआ। कोई विकल्प शेष न देखकर श्री किस्तैया और टीम को जबावी कार्रवाई करनी पड़ी और दोनों ओर से चली गोलीबारी में श्रीमती मंगा उर्फ प्रेमलता, लेडी दलम

सदस्य, जो जिला समिति के सदस्य जी. चंद्रैया की पत्नी थीं, की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई। बचकर भाग निकलने की कोशिश में जिला समिति सदस्य जी. चन्द्रैया और श्रीमती तलारी मजुला उर्फ श्यामला, श्री बी. श्रीनिवास राव के नेतृत्व वाली कट ऑफ पार्टी के हाथों मारे गए जिसको गोलीबारी के दौरान मूल कैंप पर सतर्क कर दिया गया था। इस घटना स्थल से हथियार, साहित्य आदि बरामद हुआ। श्री के. किस्तैया, पुलिस निरीक्षक, ए एन एस टीम, साइबराबाद ने अपने स्रोत से सूचना प्राप्त करने, दलम की गतिविधियों पर नजर रखने और वरिष्ठ अधिकारियों, नालगोंडा पुलिस को सूचना देने तथा माओवादियों की गोलियों से अपने जीवन को जोखिम में डाल कर पूरे अभियान को सफल बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई। अत: नामिती द्वारा प्रदर्शित साहस, दृढ़ संकल्प, बहादुरी और जोखिम उठाने की भावना से विभाग का नाम ऊंचा हुआ तथा ग्रामीणों, व्यवसायी समुदाय और राजनीतिज्ञों को राहत मिली जो सामान्य जीवन जीने के लिए अपने गांवों को लौट गए। सभी ने इस कृत्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

श्री बी. श्रीनिवासा राव ने दूसरी पार्टी का नेतृत्व किया जो मुख्य एसॉल्ट पार्टी थी। माओवादियों की गोलियों से अपने जीवन को उत्पन्न गंभीर खतरे का सामना करते हुए, वे अपने ग्रुप के कार्मिकों को गोली चलाने का आदेश देकर साहसपूर्वक आगे बढ़े। उक्त गोलीबारी में इनके द्वारा लिए गए सामयिक निर्णय और प्रदर्शित नेतृत्व क्षमता के कारण दो कट्टर उग्रवादी 1) जी. चन्द्रैया उर्फ वैंकन्ना उर्फ राजू, जिला समिति सदस्य और रचकोंडा क्षेत्रीय समिति का सचिव तथा 2) वी. प्रेम लता उर्फ मंगा, दलम सदस्य, रचकोंडा एल जी एस मारे गए और उस क्षेत्र से एक एस एल आर, एक .303 राइफल और एक मैन पैक जब्त किये गये। खोजी दल के श्री बी. श्रीनिवासा राव ने आगे बढ़ कर पार्टी का नेतृत्व किया और माओवादियों की गोलियों के सामने अपने प्राणों को गंभीर जोखिम में डालते हुए अद्वितीय बहादुरी, दृढ़ संकल्प और साहस का परिचय दिया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री के. किस्तैया, निरीक्षक और बी. श्रीनिवासा राव, कनिष्ठ कमांडो ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25 जुलाई, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 39-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. पी. बालाजी वाराप्रसाद,
   रिजर्व उप निरीक्षक
2. के. रामैय्या,
   सशस्त्र रिजर्व पुलिस कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

डॉ. टी. प्रभाकर राव, पुलिस अधीक्षक, जो विशेषकर आसूचना एकत्र करने और आंतकवाद-विरोधी अभियान आयोजित करने का कार्य देखते हैं, को 18.03.2005 को वेंकटपुर पुलिस स्टेशन की परिधि के अन्तर्गत पड़ने वाले अन्दुगुलमेदी और रामकृष्णपुर गांवों के बीच में घने जंगल में स्थित चकलीमदुगु के पास उत्तरी तेलंगाना विशेष जोनल समिति और वारंगल-खम्माम जिला समिति के शीर्ष केडरों द्वारा गुप्त बैठक आयोजित किए जाने और जिले में सनसनीखेज घटना करने की योजना बनाने के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। डॉ. टी. प्रभाकर राव ने पुलिस अधीक्षक वारंगल से मुलाकात की और सूचना के बारे में उनको अवगत करवाया। पुलिस अधीक्षक वारंगल और डॉ. टी. प्रभाकर राव ने सूचना के ताने-बाने का विश्लेषण किया और सतर्कतापूर्ण आप्रेशन की योजना तैयार की। पुलिस अधीक्षक वारंगल ने शिविर पर छापा मारने के लिए उपलब्ध जिला रक्षकों को एकत्र किया।

डॉ. टी. प्रभाकर राव, पुलिस अधाक्षक, सर्व श्री पी. बालाजी वाराप्रसाद, आर एस आई और के. रामैय्या, ए आर पी सी जिला रक्षकों की दो यूनिटों के साथ 19.03.2005 को अर्ध रात्रि में (0100 बजे) जिला मुख्यालय से निकले और रामाकृष्णापुर गांव के निकट रिजर्व जंगल के आस-पास उतर गए चूंकि जंगल से निकलने वाले सभी रास्तों का बारुदी सुरंग से पटे होने का संदेह था इसलिए डॉ. टी. प्रभाकर राव. पुलिस अधीक्षक, सर्व श्री पी बालाजी वाराप्रसाद, आर एस आई और के. रामैय्या, ए आर पी सी ने दल के साथ त्वरित युक्तियों का पालन करने के पश्चात पैदल ही चलना शुरु कर दिया। दलों ने घने जंगल में से चलना शुरु किया और वे सुबह-सुबह उग्रवादियों के संदेहास्पद शिविर तक पहुंच गए। उन्हें शिविर खाली मिले। डॉ. टी. प्रभाकर राव, पुलिस अधीक्षक, सर्व श्री पी. बालाजी वाराप्रसाद, आर एस आई और के. रामैय्या, ए आर पी सी ने अत्यन्त दृढ़ता और उच्च प्रेरणा के साथ दल का नेतत्व किया और उग्रवादियों के सम्भावित रास्ते की खोज की। लगभग 0700 बजे श्री के. रामैय्या. जो एक स्काउट के रुप में कार्य कर रहे थे, ने दूरबीन के जरिए जंगल की छानबान की। उन्होंने एक व्यक्ति को कुछ ही दूरी पर पेड की शाखाओं की आड़ के पीछे छिपे हुए पाया। श्री के. रामैय्या ने तत्काल यह बात डॉ. टी. प्रभाकर राव को बतायी जिन्होंने दल को रुकने का संकेत दिया और उन्होंने व्यक्तिगत रुप से दूरबीन के जरिए संदिग्ध क्षेत्र की छानबीन की और एक व्यक्ति के संतरी के रुप में पेड पर बैठ होने की पुष्टि की। डॉ. टी. प्रभाकर राव, पुलिस अधीक्षक, सर्व श्री पी. बालाजी वाराप्रसाद, आर एस आई और के. रामैय्या, ए आर पी सी ने सम्पूर्ण दल को दो आक्रमण दलों जिनमें प्रत्येक में 5 सदस्य तथा 16 सदस्यों के साथ एक कट आफ दल में विभाजित कर दिया। डॉ. टी. प्रभाकर राव प्रथम आक्रमण दल में और सर्व श्री पी. बालाजी वाराप्रसाद और के. रामैय्या दूसरे आक्रमण दल में शामिल थे। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के नेतृत्व में कट आफ पार्टी द्वारा भागने के सम्भावित रास्तों पर

अपना मोर्चा सम्भालने के पश्चात, डॉ. टी. प्रभाकर राव ने आक्रमण दलों को आगे बढ़ने का संकेत दिया। चूंकि आक्रमण दलों ने उग्रवादियों के शिविर की तरफ रेंगते हुए बढ़ना शुरु किया। आगे बढ़ती हुई पुलिस पार्टी को उस संतरी ने देख लिया और "पुलिस" कह कर चिल्लाते हुए शिविर में उग्रवादियों को सतर्क कर दिया और इसके साथ ही उन्होंने पुलिसपार्टी पर तेजी से गोली चलाना शुरु कर दिया। उग्रवादियों ने, जिनकी संख्या लगभग 20 थी, जो लाभप्रद स्थिति में थे, अपने स्वचालित हथियारों से सभी दिशाओं में तत्काल अंधाधुंध गोली चलाना शुरु कर दिया और इसके साथ ही उन्होंने एच ई ग्रेनेड भी दागे। डॉ. टी. प्रभाकर राव ने उग्रवादियों को गोलीबारी रोकने और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने की चेतावनी देते हुए, कट आफ पार्टी को सतर्क किया और आतंकवादी शिविर की तरफ उपलब्ध कवर लेते हुए रेंगते हुए आगे बढ़ने के लिए आक्रमण दलों को आदेश दिया। चूंकि उग्रवादी बार-बार दी गई चेतावनियों से बेखबर रहे और उन्होंने पुलिस को मारने की इच्छा से ए के-47, एस एल आर और अन्य स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी करना जारी रखा, डॉ. टी. प्रभाकर राव ने आत्मरक्षा में पुलिस दल को उग्रवादियों की गोलीबारी का जवाब देने का आदेश दिया और भागने के रास्ते सील करने के लिए कट आफ पार्टी को भी सतर्क किया। डॉ. टी. प्रभाकर राव और श्री के. रामैय्या, बुलेट प्रुफ जैकेट पहने हुए थे, वे अपनी जान के प्रति जोखिम की परवाह किए बगैर उग्रवादियों की गोलीबारी का जवाब देते हुए शिविर स्थल के समीप पहुँच गए। कुछ उग्रवादी बडे पेडों और शिलाखण्ड के पीछे छिपते हुए बारुदी सुरंगों में विस्फोट करते हुए भागने में सफल रहे, जबकि अन्य गुटों ने शिविर स्थल से अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए पुलिस को व्यस्त रखा। भीषण गोलीबारी से घने जंगल में युद्ध सी स्थिति पैदा हो गई। डॉ. टी. प्रभाकर राव, पुलिस अधीक्षक, सर्व श्री पी. बालाजी वाराप्रसाद, आर एस आई और के. रामैय्या, ए आर पी सी पर हालांकि उग्रवादियों द्वारा भारी गोलीबारी की जा रही थी और गोलियां बिल्कुल पास से गुजर रही थीं, किन्तु इन्होंने बहादुरी से उग्रवादियों का सामना किया और नियंत्रित गोलीबारी के जरिए उग्रवादियों की गोलीबारी को निष्क्रिय कर दिया। उग्रवादियों की तरफ से 0745 बजे तक गोलीबारी होती रही। डॉ. टी. प्रभाकर राव, पुलिस अधीक्षक, सर्व श्री पी. बालाजी वाराप्रसाद, आर एस आई और के. रामैय्या, ए आर पी सी और उनका दल हालांकि संख्या में कम था, फिर भी उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर पराक्रम से जवाबी कार्रवाई की। इसके बाद पुलिस पार्टी ने घटना स्थल की तलाशी ली और शिविर स्थल पर चार पुरुष उग्रवादी मृत पाए।

पुलिस को घटनास्थल से एक ए के-47 राइफल, एक कारबाइन, एक 8 एम एम राइफल, एक रिवाल्वर, एक डी बी बी एल, बारुद सहित एक तमंचा, 3 आईकोम ब्रान्ड वी एच एफ वायरलैस सेट, 11 किट बैग और खाना पकाने के बर्तन भी बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री पी. बालाजी वाराप्रसाद, रिजर्व उप निरीक्षक और के. रामैय्या, सशस्त्र रिजर्व पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19 मार्च, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 40-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री के. रामुलू नायक,

सहायक असाल्ट कमान्डर/रिजर्व उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

15.01.05 को खोजी टुकड़ी को समूह 2 ए यूनिट ने प्रकाशम जिले में शिविर डाला हुआ था। प्रकाशम के पुलिस अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई कि सी पी आई माओवादियों की मिलिट्री प्लाटून जो 11.1.05 को अर्द्धवेदू पुलिस स्टेशन के वेलागलापाया गांव के बाहर गोलीबारी में बाल-बाल बची थी, कुछ सनसनीखेज आक्रमण करने की योजना बना रही है। अतः उन्होंने दोरनाला पुलिस स्टेशन सीमा में दो स्थानों पर घात लगाने के लिए यूनिट को कहा। तदनुसार आई/सी यूनिट 2 ए यूनिट ए ए सी एस.वी. रमन्ना ने यूनिट को दो दलों में विभाजित कर दिया। प्रथम दल का नेतृत्व ए ए सी एस.वी. रमन्ना और दूसरे दल का नेतृत्व ए ए सी के. रामुलू नायक कर रहे थे। ए ए सी रामुलू नायक के नेतृत्व वाले दूसरे दल में, 3 एस सी और 9 जे सी उपस्थित थे। दोनों दलों ने मरकापुर से लॉरी और आर टी सी बस में प्रस्थान किया। कार्यक्रम के अनुसार ए ए सी रामुल्लू नायक के नेतृत्व के अन्तर्गत दूसरे दल को चिन्ताला गांव के बाहर उतार दिया गया, वे 5 कि.मी. तक जंगल में चलते रहे और उन्होंने नक्शे 57 I/13 में .462 पर घात लगाई। दूसरे दल 2 ए ए सी के. रामुल्लू नायक ने 3 संतरियों को तफसील किया, जिसमें से 2 संतरियों को दो रास्तों की निगरानी करने के लिए ओ पी के रुप में रखा गया तथा एक संतरी को मैन पैकस और दूरबीन के साथ पेड़ (ऊंचे स्थान) पर ओ पी ड्यूटी के लिए रखा गया। दल ने दो दिनों तक घात लगाई। तीसरे दिन अर्थात 15.1.05 को लगभग 12.30 बजे पेड़ पर ओ पी ड्यूटी पर जे सी संतरी ने दो छोटी पहाड़ियों के बीच में दक्षिणी तरफ के रास्ते पर दलम को घूमते हुए देखा। संतरी ने तत्काल इसकी सूचना ए ए सी रामुलू नायक को दी जिन्होंने स्वयं भी दलम को देखा और इसकी पुष्टि की। उन्होंने तत्काल 2 दलों को तफसील किया। एक दल उनके नेतृत्व में आक्रमण दल के रुप में तथा एस सी गोपाल, मित्या नायक के अन्तर्गत दूसरे दल को कट आफ के रुप में रखा गया। नामांकित ने एस सी राठौड को पर्यवेक्षक के रुप में रखा, जिनकी ड्यूटी दलम आवाजाही पर निगरानी रखने और समय-समय पर दोनों दलों को सूचित करने की थी। ब्रीफ करने के पश्चात नामांकित ने अपने दल को साथ लिया और वे उत्तरी दिशा में पहाडी से नीचे उतर गए, आगे बढ़े और उसी रास्ते पर घात लगाई जिस पर दलम बढ़ रहा था। इसी तरह एस सी गोपाल दल भी उत्तरी दिशा में आगे बढ़ा और रास्ते (अर्थात् दक्षिणी रास्ते) से नीचे उतरा जिस पर दलम आगे बढ़ रहा था। उन्होंने पद चिन्हों को देखा था और कुछ सीमा तक उनका पीछा किया और तत्पश्चात पद चिन्ह गायब हो गए। एस सी गोपाल के अन्तर्गत पीछे वाला दल रुक गया और उसने पहाड़ी के ऊपर ओ पी संतरी राठौड से सम्पर्क किया परन्तु कोई उत्तर नहीं दिया गया। उन्होंने दुबारा नामांकित ए ए सी रामुल्लू नायक से वी एच एफ पर सम्पर्क किया परन्तु कोई उत्तर नहीं दिया गया। उन्होंने दुबारा नामांकित ए ए सी रामुलू नायक से वी एच एफ पर सम्पर्क किया परन्तु कोई उत्तर प्रदान नहीं किया गया। लगभग 13.30 बजे नामांकित ए ए सी रामुल्लू नायक ने 4 दलम सदस्यों को पानी के लिए मिर्ची के खेतों की तरफ 2 हथियारों और पानी की 2 कैनों के साथ जाते हुए देखा था। तब नामांकित ए ए सी, 4 जे सी के साथ घात से बाहर आए और दलम सदस्यों की तरफ बढ़ने लगे। इसी बीच सिविलियनों ने पुलिस पार्टी को

देख लिया और दलम सदस्यों को चेतावनी दी। नामांकित ने उग्रवादियों का आत्मसमपण करने को चेतावनी दी परन्तु उन्होंने भागते हुए अन्धाधुन्ध गोलीबारी करना शुरु कर दिया। नामांकित ए.ए सी रामुलू नायक ने तत्काल उग्रवादियों का पीछा किया और गोलीबारी शुरु करते हुए बहादुरी से आगे बढ़े। उनको साहसपूर्ण और समयपूर्वक की गई कार्रवाई से 3 खूंखार उग्रवादी मारे गए और गोलीबारी रुकने के पश्चात उन्होंने पूरी तग्द क्षेत्र की तलाशी ली और 1-.303 राइफलें, 1-.22 राइफल, 1-एस बी बी एल, 1-410 मस्केट और 28 राउन्ड जंव कारतूस बरामद किए। नामांकित द्वारा की गई पहल और समयपूर्वक कार्रवाई के कारण ही ऐसा परिणाम प्राप्त किया जा सका। ऐसा करते समय, नामांकित ने अपनी जान को जोखिम में डाला और साहस तथा दृढ़ता के साथ कार्रवाई की।

नामांकित श्री के. रामुलू नायक, ए ए सी/आर एस आई खोजी टुकड़ी ने माओवादियों की गोलियों से अपने जीवन को उत्पन्न जोखिम का सामना करते हुए उत्कृष्ट पराक्रम, उच्च दृढ़ता और साहस का परिचय देते हुए आगे बढ़कर नेतृत्व किया। इस तरह नामांकित द्वारा प्रदर्शित नेतृत्व, साहस, दृढ़ता, बहादुरी और साहस की भावना ने पुलिस विभाग का यश बढ़ाया और पुलिस के मनोबल में वृद्धि की क्योंकि उन्होंने विकट परिस्थितियों में माओवादियों को उनके ही घर में निष्क्रिय कर दिया।

गोलियों के इस आदान-प्रदान से माओवादियों को गहरा धक्का पहुंचा क्योंकि गोलियों का आदान-प्रदान प्रकाशम जिले में दोरनाला पुलिस स्टेशन सीमाओं के बाहर चिन्ताला (V) में हुआ जिसे उग्रवादियों का गढ़ माना जाता था।

इस मुठभेड़ में, श्री के. रामुलू नायक, सहायक असाल्ट कमान्डर/रिजर्व उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 जनवरी, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 41-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अदला महेश,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

15.03.2005 को नामांकित ने स्रोत के जरिए विशिष्ट सूचना प्राप्त की कि खूंखार जनशक्ति समूह के उग्रवादी करीमनगर और वारंगल जिलो की सीमा पर गुप्त बैठक कर रहे हैं और महत्वपूर्ण राजनैतिक नेताओं/लक्ष्यों को समाप्त करने की योजना बना रहे हैं। नामांकित ने तत्काल सूचना पुलिस अधीक्षक, करीमनगर को प्रेषित की और एक खोजी टुकड़ी ली और टाडीचेरला मंडल के घने, आरक्षित जंगल में तलाशी अभियान शुरु कर दिया। नामांकित ने 10 कि.मी. की दूरी तक असाल्ट पार्टी का नेतृत्व किया, क्षेत्र की तलाशी की और घात लगाई। लगभग 1710 बजे नामांकित ने उग्रवादियों के समूह के आगमन को नोटिस किया। नामांकित ने तत्काल आकस्मिकता योजना बनाई और पुलिस पार्टी को दो समूहों में विभाजित कर दिया और उग्रवादियों को घेर लिया। लगभग 1715 बजे उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी की हलचल को देख लिया, वे चौकन्ने हो गए और उन्होंने पुलिस पार्टी पर अपने स्वचालित और अर्द्ध स्वचालित आग्नेय अस्त्रों से अंधाधुंध गोलबारी शुरु कर दी। नामांकित ने साहस का परिचय दिया और उग्रवादी, जिनकी संख्या लगभग 10 व्यक्ति थी, द्वारा की जा रही गोलीबारी में अपनी जान जोखिम में डालते हुए आक्रमण कर दिया। उग्रवादियों ने हथगोले दागे जोकि नामांकित से कुछ गज की दूरी पर फटे। नामांकित ने अपनी जान की परवाह किए बिना और कर्तव्य के प्रति उच्च निष्ठा का परिचय देते हुए, अकेले गोलीबारी शुरु की और उग्रवादियों पर आक्रमण कर दिया। भीषण गोलीबारी लगभग 45 मिनट तक चली और उग्रवादियों का 2 कि.मी. तक पीछा किया गया और वे 3 उग्रवादियों को मार गिराने में सफल रहे। बाद में दोनों मृत उग्रवादियों की पहचान 1) सिरी कोन्डा जलपथी उर्फ मंगाना, खम्मम और वारंगल जिलों के प्रभागीय सचिव और राज्य समिति सदस्य, 2) जीला सम्मैया उर्फ सरैय्या पुत्र मलैय्या, 30 वर्ष, यादव, निवासी महाबूबपल्ली (V), भुपलपल्ली मंडल, उप कमान्डर और 3) अम्बाला ज्योति उर्फ अरुणा उर्फ रजिठा पुत्री मदनैय्या, मदिगा निवासी गोलाबुददरम (V), भुपलपल्ली मंडल, दलम सदस्य के रुप में की गई। गोलियों के आदान-प्रदान में घटना स्थल से 8 एम एम बोल्ट एक्शन राइफल, दो रिवाल्वर, तीन किट बैग, दो सैल फोन, एक कैमरा, 8 एम एम राइफल के 40 जैव कारतूस, रिवाल्वर के 3 कारतूस चार 8 एम एम मैगजीन और पार्टी साहित्य बरामद किया गया। मृत उग्रवादी मंगाना, वारंगल और खम्मम जिलों का सचिव खूंखार और दुर्दान्त उग्रवादी के रुप में कुख्यात था और पुलिस पार्टी सहित (80) हत्याओं के लिए जिम्मेदार था और क्रमशः करीमनगर और वारंगल जिलों से संबंधित (150) मामलों में संलिप्त था। उसका मारा जाना राज्य में सी पी आई एम एल जनशक्ति के लिए गहरा धक्का और आघात था।

इस मुठभेड़ में, श्री अदला महेश, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15.3.2005 से दिया जाएगा।

सं0 42-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. पी. भक्तवत्सला रेड्डी,
   सहायक असाल्ट कमांडर/रिजर्व उप निरीक्षक
2. पी. मोगीली,
   कनिष्ठ कमांडो

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

29.01.2005 को 2-ए ए सी, 3-एस सी, 22-जे सी, कुल संख्या 27 को मिलाकर खोजी टुकडी की एस आई सी असाल्ट यूनिट ने करीमनगर जिले के गोदावरिकहानी हेतु आपरेशन ड्यूटी के लिए प्रस्थान किया और सूचना प्राप्त करने के लिए 02.02.2005 को वे बैंस में रुके। 03.02.2005 की रात्रि को 01:30 बजे उन्हें पुलिस अधीक्षक, आदिलाबाद जिला से सूचना प्राप्त हुई कि सी पी आई-एम एल माओवादियों का एक समूह जिनकी संख्या 10 से 12 है, आदिलाबाद जिले के जयपुर पुलिस स्टेशन सीमा के अन्तर्गत शिवाराम गांव के निकट छुपा हुआ है। माओवादियों की योजना जयपुर पुलिस स्टेशन पर आक्रमण करने की है। श्री पी. भक्तवत्सल रेड्डी, सहायक असाल्ट कमान्डर, पी. मोगीली कनिष्ठ कमांडो-2147 ने दो अन्य कनिष्ठ कमान्डो के साथ सम्भावित माओवादी शिविर स्थल की तलाशी की। श्री पी. भक्तवत्सला रेड्डी, ए ए सी/आर एस आई खोजी पुलिस पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे, उन्होंने सूचना पर चर्चा की और माओवादी समूह को निष्क्रिय करने के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार की। अभियान घने जंगल में बहुत ही प्रतिकूल परिस्थितियों वाले भू-भाग में चलाया जाना था, जो माओवादियों का गढ़ है। श्री पी. भक्तवत्सला रेड्डी, ए ए सी/आर एस आई, पी. मोगीली, कनिष्ठ कमान्डो और एस-आई सी असाल्ट यूनिट को उसी रात अभियान चलाने का काम सौंपा गया। उन्होंने गोदावरिकहानी से मंथानी तक यात्रा की और वे लगभग 02-30 बजे मंथानी-वेंकटपुरम सड़क पर स्थित 7 कि.मी. मील पत्थर के पश्चात उतर गए। वे अंधेरी रात में घने जंगल में लगभग 4 कि.मी. तक पैदल चले और करीमनगर जिले से गोदावरी नदी तक पहुंच गए। उन्होंने बहादुरी से विकट परिस्थिति में बड़ी कठिनाई से नाव की सुविधा के बगैर रात में गोदावरी नदी को पार किया और आदिलाबाद जिला क्षेत्र में प्रवेश किया। नदी को पार करने के पश्चात संदिग्ध क्षेत्र में पहुंचने के लिए वे 7 कि.मी. तक और पैदल चले। श्री पी. भक्तवत्सला रेड्डी, ए ए सी/आर एस आई ने खोजी पार्टी को 03.02.2005 की सुबह 6 छोटे समूहों में विभाजित कर दिया और सभी दिशाओं से क्षेत्र की तलाशी शुरु कर दी और 10 से 12 माओवादियों के गुट पर आक्रमण शुरु करने के लिए पहाड़ी पर चढ़ गए जो सभी तैयारी करने और क्षेत्र को सुरक्षित करने के पश्चात रात्रि में रुके हुए थे। इसके बावजूद अवसर को न चूकने के निश्चय के साथ नामांकितों ने पुलिस टीम का नेतृत्व किया। अपनी जान के प्रति जोखिम की परवाह किए बिना, साहस और अनूठी कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय देते हुए वे माओवादियों का मुकाबला करने के लिए दृढ़ निश्चयी थे। जब ये पुलिस पार्टियाँ लगभग माओवादियों के ठिकाने पर पहुंच गई, श्री पी. मोगीली, कनिष्ठ कमान्डो ने सशस्त्र माओवादियों को जैतून हरित वेश भूषा में देखा और अपने हैंडसैट के जरिए श्री पी. भक्तवत्सला रेड्डी, ए ए सी/आर एस आई को सूचित किया।उसी समय माओवादियों ने पुलिस पार्टी को भी देखा और ए के-47, स्टेनगन, एस एल आर, एस बी बी एल आदि जैसे स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस पार्टी के पास पर्याप्त कवर नहीं था। श्री पी. भक्तवत्सला रेड्डी,

ए ए सी/आर एस आई, मुख्य असाल्ट पार्टी में थे, वे माओवादी ग्रुप के काफी निकट थे तथा उन्होंने माओवादियों की गोलीबारी का जवाब दिया। श्री पी. भक्तवत्सला रेड्डी, ए ए सी/आर एस आई ने हैंडसैट के जरिए सभी ग्रुपों को सतर्क कर दिया और भागने के रास्तों को कवर करने के लिए उनको आदेश दिया। श्री पी. भक्तवत्सला रेड्डी, ए ए सी/आर एस आई अपनी टीम के सदस्यों के साथ आगे बढ़े तथा दो माओवादियों को मार गिराया। श्री पी. मोगीली, कनिष्ठ कमान्डो कट आफ ग्रुप प्रभारी की भूमिका निभा रहे थे, उन्होंने भी एक माओवादी का पीछा किया और उसको मार गिराया। यह भीषण संग्राम 20 मिनट से अधिक चला और इसके परिणामस्वरुप 3 दुर्दान्त माओवादी (3 पुरूष) मारे गए जिनमें से दो शीर्ष माओवादी नेता थे। गोलीबारी बंद होने के पश्चात जब पुलिस पार्टी ने क्षेत्र की तलाशी की उनको 3 माओवादियों के शव प्राप्त हुए जिनकी पहचान (1) ब्यागनी श्रीनिवास उर्फ रंजीत जिला समिति सचिव, आयु-35 पुत्र मौगीलई गौड, जदलपेट (vii), चित्याल (एम) वारंगल जिला जिसके सिर पर 5 लाख रुपए का ईनाम था (2) कम्बलसम्मैया उर्फ श्रीकान्त जिला समिति सदस्य आयु 28 वर्ष, बदराराम गांव, मल्लाराम (एम), करीमनगर जिला, जिसके सिर पर 5 लाख रुपए का ईनाम था, (3) मेदी सेट्टी अंजैय्या उर्फ श्रीनू, सिकासा का केन्द्रीय संचालक, आयु 30 वर्ष पालेमगुडा (v), कासीपेट (एम), आदिलाबाद जिले के रुप में की गई। इसके सिर पर 3 लाख रुपए का ईनाम था। रंजीत और श्रीकान्त ऐसे दो मुख्य कैडर थे जो विस्फोटकों के इस्तेमाल में विशेषज्ञ थे और दिनांक 13.04.1999 की घटना में मुख्य अभियुक्त थे, जिसमें आन्ध्र प्रदेश राज्य विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री श्रीपद राव, मंथानी के विधायक की हत्या कर दी गई थी। पुलिस पार्टी ने 2-एस एल आर, 1-स्टेनगन, 2-एस बी बी एल राइफल, 4-एस एल आर मैगजीन, 1-कैमरा, 3-नोकिया सैल फोन, 35-एस एल आर के जैव कारतूस, 2-एस बी बी एल के 30 कारतूस, 78,000 रुपए नकद, फोटो एल्बम, महत्वपूर्ण दस्तावेज और साहित्य, 6-किट बैग, आदि घटनास्थल से जब्त किए। यह मुठभेड़ सामान्य रुप से सी पी आई-एम एल माओवादी ग्रुप और विशेष रुप से आदिलाबाद जिले के सिकासा संगठन के लिए गहरा झटका थी, इसमें एक जिला समिति सचिव, जिला समिति सदस्य और एक केन्द्रीय संचालक मारे गए थे। यह सबसे परिणामदायी मुठभेड़ थी जोकि गोदावरी नदी क्षेत्र में घने दण्डकारण्य जंगल में घटित हुई थी। श्री पी. भक्तवत्सला रेड्डी ए ए सी/आर एसआई खोजी टुकड़ी ने हमलावर माओवादियों से अपनी जान के प्रति खतरे का सामना करते हुए उत्कृष्ट वीरता, दृढ़ निश्चय और साहस का परिचय देते हुए नेतृत्व किया। श्री पी. मोगीली, कनिष्ठ कमान्डेंट ने भागते हुए उन माओवादियों जोकि पुलिस पार्टी पर गोलियों की बौछार कर रहे थे, का पीछा करते हुए, अपनी जान के प्रति गंभीर जोखिम की परवाह किए बगैर गोलियों के आदान-प्रदान में सक्रिय रुप से भाग लिया और वे माओवादियों के ठिकाने पर सबसे पहले पहुंचे। इस तरह दोनों नामांकितों द्वारा प्रदर्शित नेतृत्व, साहस, दृढ़ निश्चय, साहस और प्रयोजन ने पुलिस विभाग के यश को बढ़ाया और माओवादियों के मनोबल को गहरा आघात पहुंचाते समय पुलिस के मनोबल में वृद्धि की।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री श्री पी. भक्तवत्सला रेड्डी, सहायक असालट कमान्डर/रिजर्व उप निरीक्षक और पी. मोगीली, कनिष्ठ कमान्डो ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 3 फरवरी, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 43-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री शैक हुसैन साहेब,
पुलिस उप अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

श्री शैक हुसैन साहेब, पुलिस उप अधीक्षक एस आई बी, को 30.06.2005 को आसूचना प्राप्त हुई कि सी पी आई (एम एल) जनशक्ति (राजन्ना गुट) मनेरु दलम अपने शीर्ष नेताओं के साथ तेलंगाना क्षेत्र में सशस्त्र संग्राम की भविष्य की योजना के बारे में मोहिनीकुन्टा (V) के बाहरी क्षेत्र में स्थित आम के बाग में बैठक करने जा रहे हैं। श्री शैक हुसैन साहेब, पुलिस उप अधीक्षक एस आई बी, ने तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी और उनके निर्देशों पर जनशक्ति आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के लिए दो जिला विशेष पार्टियों के साथ एक योजना तैयार की।दो जिला विशेष पार्टियों को 3 समूहों असाल्ट, कट आफ तथा बाहरी घेरे में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह का नेतृत्व एक अधिकारी द्वारा किया जा रहा था और श्री एस.के. हुसैन साहेब, पुलिस उप अधीक्षक एस आई बी स्वयं समग्र प्रभारी बने और उन्होंने विशेष रुप से असाल्ट समूह का नेतृत्व किया। ए आर मुख्यालय, करीमनगर में 2000 बजे नामांकित द्वारा इन तीनों समूहों को ब्रीफ किया गया। श्री शैक हुसैन साहेब, पुलिस उप अधीक्षक, एस आई बी, ने सभी समूहों का नेतृत्व किया और 01.07.2005 को लगभग 0030 बजे मोहिनी कुन्टा (V) के बाहरी क्षेत्र में पहुंच गए। आम के बाग में पहुचने के पश्चात एस के हुसैन साहेब, पुलिस उप अधीक्षक ने आपसी गोलीबारी से बचने के लिए आतंकवादियों के ठिकाने की उत्तरी और पूर्वी दिशाओं में बाहरी घेरा और कट आफ समूह तैनात किए। श्री एस.के. हुसैन साहेब, पुलिस उप अधीक्षक के नेतृत्व में असाल्ट समूह ने लगभग 0130 बजे आम के बाग में प्रवेश किया और दो दिशाओं से आड़ के पास से बाग की तलाशी लेनी शुरु की, आतंकवादियों की चर्चा की आवाज सुनी, तत्काल मोर्चा संभाला और सभी सावधानियां बरतते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़े। उस स्थान पर लगभग 10-12 संदिग्ध आतंकवादी पाए गए। हालांकि श्री एस.के. हुसैन साहेब, पुलिस उप अधीक्षक एस आई बी के नेतृत्व में असाल्ट समूह उस स्थान से 30 गज की दूरी पर था, एक संदिग्ध आतंकवादी ने उनको नोटिस किया तथा उन्होंने यह कहते हुए चेतावनी दी कि "आप कौन हैं" इस पर नामांकित ने पहचान का खुलासा किया कि वे पुलिस है। इस पर संदिग्ध आतंकवादियों ने तत्काल पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। उसी समय अन्य आतंकवादियों ने मोर्चा संभाला और उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। नामांकित ने दुबारा पहचान का खुलासा किया और उनको हथियार डाल कर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। परन्तु आतंकवादियों ने उनकी चेतावनियों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और उनको मारने की इच्छा से उन पर लगातार गोली चलाते रहे। गोलियां और हथगोलों के स्पिलिन्टर नामांकितों के बिल्कुल पास से गुजर रहे थे। गोलीबारी लगभग 20 मिनट तक चली और कुछ आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाते हुए झाड़ियों में से भाग निकले। श्री एस.के. हुसैन साहेब, पुलिस उप अधीक्षक, आगे बढ़े और कुछ दूरी तक भागते हुए आतंकवादी का पीछा किया जब एक आतंकवादी ने उनको लक्ष्य बनाकर हथगोले फेंके परन्तु नामांकित बहादुरी और पराक्रम से आगे बढ़े और आतंकवादियों पर गोली चलाई। कुछ समय पश्चात असाल्ट पार्टी के साथ नामांकित धीरे-धीरे रेंगते हुए आड़ की तरफ आगे बढ़े तथा सभी सावधानियां

बरतते हुए क्षेत्र की तलाशी ली और गोलियों के निशान लगे 4 पुरुषों के शव बरामद हुए। घटनास्थल से एक 9 एम एम पिस्तौल, एक स्प्रिंग फील्ड राइफल, दो 3 एम एम राइफल, एक डी बी बी एल बंदूक, जैव और खाली कारतूस, किट बैगस, साहित्य और खाने-पीने की वस्तुएं बरामद की गई। गोलीबारी के इस आदान-प्रदान में मारे गए आतंकवादियों की पहचान वेंकटेश्वरलू उर्फ रियाज, आयु, 35 वर्ष, निवासी कवाली, नैलोर जिला, राज्य समिति सदस्य आई/सी नलामाला विशेष क्षेत्रीय समिति, सी पी आई (एम एल) जनशक्ति (राजन्ना धडा) रेगुला श्री सैलम उर्फ श्रीनू उर्फ विजय उर्फ गुटन्ना निवासी मुठचेरला, गम्बीरावपेट (एम), करीम नगर, डी सी एस, करीमनगर, कुमारी सुरेश उर्फ गौतम, 21 वर्ष, निवासी चित्तपुर, दुबाका, मेढक, राज्य समिति सदस्य का संदेशहर, पेड्डी यादागिरि पुत्र नरसइया, 28 वर्ष, निवासी कादावेन्डी, देवरूप्पला, वारंगल जिला के रुप में की गई। सिरिसिला, करीमनगर जिला (सी आर सं. 41/05 पी एस मुस्ताबाद) के मोहिनीकुन्टा स्थित ई ओ एफ में तकनीकी फील्ड और डेन कीपर मारे गए।

मृतक खूंखार आतंकवादी थे और करीमनगर, खम्मम, वारंगल, आदिलाबाद और निजामाबाद के उत्तरी तेलंगाना जिलों में कई हिंसात्मक घटनाओं के लिए वे जिम्मेदार थे। उनकी मृत्यु से जनशक्ति समूह को गहरा आघात पहुंचा। श्री शैक हुसैन साहेब, पुलिस उप अधीक्षक ने न केवल आसूचना को एकत्र करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी बल्कि योजना, संगठन और आतंकवादियों के साथ गोलियों के आदान-प्रदान में बलों को योग्य नेतृत्व प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्होंने अपने जीवन के प्रति जोखिम की परवाह न करते हुए उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया तथा कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा, दृढ़ निश्चय और बहादुरी से आतंकवादियों की भीषण गोलीबारी का सामना किया जिससे उत्तरी तेलंगाना में सी पी आई (एम एल) जनशक्ति ग्रुप को अपूरणीय क्षति पहुंची।

इस मुठभेड़ में, श्री शैक हुसैन साहेब, पुलिस उप अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 1 जुलाई, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 44-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, अरुणाचल प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मंदीप मिश्रा,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

25 अगस्त, 2005 को पगलाम में ओ पी रेड रोज के दौरान श्री भोला शंकर, भारतीय पुलिस सेवा, पुलिस अधीक्षक रोइंग और लेफ्टिनेंट कर्नल करण सिंह, 2-आई सी, 5 मद्रास के नेतृत्व वाली पुलिस-सेना की पार्टी ने बंगो के नजदीक कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। श्री भोला शंकर आगे बढ़े और उन्हें चुनौती दी। कांस्टेबल मंदीप मिश्रा अपने निजी सुरक्षा अधिकारी (पी एस ओ) की हैसियत से पुलिस अधीक्षक रोइंग के साथ थे। जब पुलिस अधीक्षक रोइंग पर उल्फा (यूनाईटेड लिब्रेशन फ्रंट ऑफ असम) उग्रवादियों द्वारा गोलीबारी की गई तब कांस्टेबल मंदीप मिश्रा ने उनको तुरंत जमीन पर धकेल दिया और उग्रवादियों पर पलट कर गोलीबारी की। तथापि भोला शंकर की भुजा में गोली स्पर्श करती हुई और उन्हें घायल करते हुए निकल गई और वे बाल-बाल बच गए। उनके निजी सुरक्षा अधिकारी कांस्टेबल मंदीप मिश्रा पेट और भुजाओं में गोलियां लगने से जख्मी हो गए, उनके शरीर से तेजी से रक्त बहने लगा। उन्होंने गंभीर रुप से जख्मी होने और अत्यधिक पीड़ा होने के बावजूद उग्रवादियों से लड़ाई जारी रखी। जब उग्रवादियों ने सिविलियनों की आड़ लेते हुए बच कर भागने का प्रयास किया तब श्री भोला ने एक तलाशी अभियान शुरु किया। अगले दिन कैप्टिन विरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सेना के साथ एक और अभियान शुरु किया गया और दोमुख क्षेत्र में उन्हीं उग्रवादियों से मुठभेड़ हुई जहां श्री रितु बोरा, उल्फा का एरिया कमांडर मारा गया था और 5 मद्रास के नायक चंद्रशेखर मारे गए थे।

इस मुठभेड़ में, श्री मंदीप मिश्रा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25 अगस्त, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 45-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. स्वप्ननील डेका,
   अपर पुलिस अधीक्षक
2. रोहित दत्ता,
   उप निरीक्षक
3. खगेन बोरगोहेन, हवलदार
4. धर्मेन्द्र सोनोवाल, कांस्टेबल
5. कुलाधर बोराह, कांस्टेबल
6. सरत गोगोई, कांस्टेबल
7. मनोज हजारिका, कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

22.06.2005 को बहुत ही विश्वसनीय स्रोत से इस गुप्त सूचना के आधार पर कि प्रतिबंधित उल्फा संगठन के सदस्य मांगे गए फिरौती के धन को एकत्र करने के लिए जोनई पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत पोभा रिजर्व जंगल में डेरा डाले हुए हैं, श्री मृदुलानन्द शर्मा, ए पी एस, पुलिस अधीक्षक, धीमाजी ने श्री स्वप्ननील डेका, ए पी एस, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), धीमाजी को आतंकवादियों को पकड़ने की योजना बनाने का निर्देश दिया। उक्त अभियान चलाने के लिए दो टीमें गठित की गई। एक टीम का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), श्री स्वप्ननील डेका, कर रहे थे जिसमें उप निरीक्षक रोहित दत्ता, प्रभारी अधिकारी, जोनई पुलिस स्टेशन, हवलदार खगेन बोरगोहेन, सशस्त्र कांस्टैबल धर्मेन्द्र सोनोवाल, ए बी सी/सरत गोगोई, ए बी सी/कुलाधर बोराह और ए बी सी/मनोज हजारिका शामिल थे, स्रोत के साथ उस स्थान तक जहां आतंकवादी छुपे हुए थे, छलावरण में अपनी जान जोखिम में डालकर स्त्रोत की मारुति वैन में गए। 5 कमान्डो बटालियन कार्मिक के साथ निरीक्षक सिद्धेश्वर गोगोई, सी.आई. जोनई के नेतृत्व में अन्य टीम को स्टाप पार्टी के रूप में लेकू झेलम के मार्ग पर भेजा गया जिससे कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में उनका इस्तेमाल पुन: प्रवर्तन के रुप में किया जा सके। लेकू झेलम गांव में मुख्य प्रहारी पार्टी के पूर्वाहन 4.15 बजे पहुंचने पर स्त्रोत को योजना के अनुसार आतंकवादी को प्रलोभन देने के लिए वाहन से उतर जाने के लिए कहा गया। स्त्रोत को देखने के पश्चात आतंकवादी स्त्रोत से फिरौती के धन को वसूलने के लिए वाहन के निकट आए। पुलिस पार्टी तत्काल वाहन से बाहर आई और आतंकवादियों को चुनौती दी। आतंकवादी भौंचक्के हो कर अपर पुलिस अधीक्षक और उनकी पार्टी को मारने की दृष्टि से हथगौला फेंकते हुए जंगल की तरफ भागे परन्तु हथगोला फटा नहीं। आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी की तरफ .32 रिवाल्वर से भी चार राउन्ड गोली चलाई। अपर पुलिस अधीक्षक श्री डेका की प्रभावपूर्ण कमान्ड ने पुलिस पार्टी को प्रोत्साहित किया और उन्होंने प्रभावपूर्ण ढंग से जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी लगभग 10 मिनट तक चली। इसके परिणामस्वरुप दो आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारे गए जिनके नाम निम्नलिखित हैं :-

(i) एस/एस सी पी एल. सोरबेशवर कारडांग उर्फ अविनाश कारडांग, पुत्र फुकन सा एच. कारडांग, गांव बोटुआमुख, पुलिस स्टेशन-धीमाजी।

(ii) एस/एस एस जी टी मेजर विष्णु प्रसाद रिगन उर्फ सेनीराम ताथे, पुत्र श्री बनेश्वर ताए, गांव सोमोनी मिसिंगगांव, पुलिस स्टेशन-दीमोअ, जिला-शिवसागर।

तदनन्तर घटनास्थल के तलाशी अभियान में घटनास्थल से दस्तावेजों सहित निम्नलिखित हथियार और गोलाबारुद बरामद किए गए।

(i) .32 रिवाल्वर (फैक्टरी निर्मित)
(ii) एक हथगोला
(iii) एक डेटोनेटर
(iv) कोरडेक्स का एक नग (लगभग छः इंच)
(v) जोनई क्षेत्र के कुछ सरकारी अधिकारी/व्यवसायी को सम्बोधित कुछ फ़िरौती नोट्स
(vi) कुछ दवाएं
(vii) आतंकवादिया से संबंधित पाकेट डायरी
(viii) म्यांमार सरकार का 50 रुपए मूल्य का एक करेंसी नोट

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री स्वप्ननील डेका, अपर पुलिस अधीक्षक, रोहित दत्ता, उप निरीक्षक, खगेन बोरगोहेन, हवलदार, धर्मेन्द्र सोनोवाल, कांस्टेबल, कुलाधर बोराह, कांस्टेबल, सरत गोगोई, कांस्टेबल और मनोज हजारिका, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 जून, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 46-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सिवा रामा प्रसाद कल्लुरी,
पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

पुलिस को सिलाजु और उचेरवा गांवों के पास नक्सलवादी गतिविधि के बारे में सूचना प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री सिवा रामा प्रसाद कल्लुरी और अपर पुलिस अधीक्षक श्री नारायण सिंह कंवर के नेतृत्व में पुलिस बल की बड़ी टुकड़ी ने मोटर साइकिलों पर उपर्युक्त गांवों की तरफ प्रस्थान किया। रास्ते में कनकपुर नामक गांव के पास एक संदिग्ध सिविलियन मोटर साइकिल को श्री एस.आर.पी. कल्लुरी द्वारा रोका गया और उनकी टीम द्वारा उसकी जांच की गई। एक नक्सलीवादी रितेश गुप्ता उस मोटर साइकिल पर बैठा हुआ था जिसे तत्काल रोका गया और उसकी ओर उसके वाहन की गहन जांच की गई। उक्त तलाशी के दौरान पुलिस ने दो भरे हुए हथियार और लगभग 10,000/-रुपए नगद बरामद किए। नक्सलवादी रितेश गुप्ता को तब पुलिस स्टेशन रामचन्द्रपुर ले जाया गया। पूछताछ पर रितेश गुप्ता ने बताया कि नक्सलवादियों की बैठक उस दिन गांव इन्द्रपुर खोरी में होनी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक कार्य योजना तैयार की गई। तीन पुलिस पार्टियों का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री सिवा रामा प्रसाद कल्लुरी ने स्वंय प्रथम पार्टी का नेतृत्व किया। दूसरी पार्टी का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक श्री एन.एस. कंवर द्वारा किया गया। तीसरी पार्टी का नेतृत्व एस.एच.ओ. पुलिस स्टेशन बलरामपुर श्री अजितेश सिंह द्वारा किया गया। सभी तीनों पार्टियों ने तीन भिन्न दिशाओं से इन्द्रपुर खोरी की तरफ प्रस्थान किया। सभी पार्टियों ने अपने लक्ष्य पर पहुंचने के पश्चात अपने वायरलैस सैट्स द्वारा अपने मोर्चे की पुष्टि की। कार्य योजना के अनुसार तीनों पुलिस पार्टियों ने घेराबंदी को मजबूत कर दिया। पुलिस पार्टियों को देखने के पश्चात नक्सल संतरी ने नक्सलवादी ग्रुप को सतर्क करने के लिए कुछ राउन्ड गोली चलाई। नक्सलवादियों को तीन ग्रुपों में विभाजित कर दिया गया और उन्होंने पुलिस कार्मिकों को मारने और उनके हथियार लूटने के उद्देश्य से अंधाधुंध गोलीबारी करना शुरु कर दिया। तब पुलिस अधीक्षक ने नक्सलवादियों को चेतावनी दी कि उनको चारों तरफ से घेर लिया गया है और ऐसे में उन्हें अपने हथियार डाल देने चाहिए और पुलिस के सम्मुख आत्मसमर्पण कर देना चाहिए। नक्सलवादियों ने पुलिस की चेतावनियों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और पुलिस की तरफ शनै: शनै: आगे बढ़ते हुए भारी गोलीबारी चालू रखी। गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पार्टियों को वायरलेस के जरिए आत्मरक्षा के रुप में गोलीबारी शुरु करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक स्वयं खड़े हुए, गोलीबारी शुरु की और अपने पार्टी सदस्यों को प्रोत्साहित करने और अन्य पार्टियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए आगे बढ़े। अपने संबंधित नेताओं के नेतृत्व के अन्तर्गत सभी तीनों पुलिस पार्टियां बहादुरी से आगे बढ़ीं। नेता अपने साथी पुलिस कार्मिकों के मनोबल को प्रोत्साहित कर रहे थे और बढ़ा रहे थे। पुलिस और नक्सलवादियों के बीच मुठभेड़ लगभग चार घंटों तक चली जिसके परिणामस्वरुप रमन कोडाकू नामक सशस्त्र वर्दीधारी नक्सलवादी मारा गया। बाकी नक्सलवादी जिनमें से अधिकतर घायल थे, पहाड़ी जंगली रास्ते, अंधेरे और उस क्षेत्र के पास गांव वालों की उपस्थिति का लाभ उठाकर भाग गए। पुलिस ने बड़ी मात्रा में शस्त्र, गोला बारुद, हथगोले, टिफिन बम, डेटोनेटर, वायरलैस सेट, चीन निर्मित दूरबीन, नक्सलवादी वर्दी और पिट्ठू बरामद किए और सबसे महत्वपूर्ण कोई सिविलियन अथवा पुलिस कार्मिक घायल नहीं हुआ। इस मुठभेड़ के

दौरान, इस तरह श्री एस.आर.पी. कल्लुरी ने अपने व्यक्तिगत जीवन को गंभीर संकट में डालकर उच्च श्रेणी के साहस का परिचय दिया।

क) एस.आर.पी. कल्लुरी ने स्वंय एक सशस्त्र नक्सलवादी रितेश गुप्ता को पकड़ा जिसके पास पूरी तरह भरी हुई दो बंदूकें अर्थात् 0.38 रिवाल्वर और 315 डबल बैरल बंदूक थी।

ख) तीन पार्टियों में से, श्री एस.आर.पी. कल्लुरी के नेतृत्व वाली पार्टी में केवल नौ पुलिस कार्मिक थे और जो मार्ग उन्होंने अपनाया वह बहुत अधिक संवेदनशील और घात सापेक्ष था। यही वह मार्ग था जिस पर 8 जनवरी 2005 को नक्सलवादियों ने घात लगाई थी और एक उप-निरीक्षक श्री बेलसजर टिर्की तथा दो कांस्टेबलों सहित 3 पुलिस कार्मिकों को मार गिराया। इस अभियान की स्कीमें ऐसी थी कि पुलिस अधीक्षक और उनकी टीम इस खतरनाक सड़क पर जाएगी और नक्सलवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए चेतावनी देगी और यदि नक्सलवादी गोली चलाना शुरु करते हैं अथवा इधर-उधर भागना शुरु करते हैं तो अन्य दो पार्टियां अपने संबंधित मोर्चो से उनको घेर लेगी।

ग) कई बार तेज आवाज में और कई बार अपनी टीम के सदस्यों को वायरलैस पर उपर्युक्त निर्देश देने के लिए उन्होंने अपने आपको पर्याप्त रुप से शान्त और सयंम रखा।

घ) भारी गोलीबारी के बीच पराक्रम से अपने ग्रुप का नेतृत्व किया औरउसी समय उपयुक्त कवर के जरिए सुरक्षा सुनिश्चित की और इस तरह नक्सलवादियों को सब कुछ पीछे छोड़कर भागने पर विवश कर दिया।

ङ) उन्होंने इतनी ईमानदारी से अभियान की योजना बनाई और उसको संचालित किया कि मुठभेड़ स्थल के आस-पास कोई सिविलियन घायल नहीं हुआ।

मुठभेड़ के दौरान न केवल उत्कृष्ट साहस, उच्चतम निडरता का परिचय दिया बल्कि अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया जिसमें एक भी पुलिस कार्मिक घायल नहीं हुआ और इस तरह सम्पूर्ण अभियान को शानदार सफलता प्राप्त हुई।

इस मुठभेड़ में, श्री सिवा रामा प्रसाद कल्लुरी, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4 अप्रैल, 2005 से दिया जाएगा ।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं() 47-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

(1) अरुण सिंह,
उप पुलिस अधीक्षक

(2) जयवीर सिंह,
छूट प्राप्त हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

12.5.2005 को श्री अरूण सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, झज्जर के साथ -साथ निरीक्षक प्रताप सिंह, सी आई ए, बहादुरगढ़, उप निरीक्षक अनूप सिंह, सहायक उप निरीक्षक चंद्र गुप्त, सहायक उप निरीक्षक संत राम और अन्य ओ आर भारतीय दंड संहिता की धारा 392 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 83/2005, पुलिस स्टेशन बहादुरगढ़ मामले की जांच पड़ताल के संबंध में नरेला गए जिसमें एक अति वांछित अपराधी, जिसने दिल्ली और हरियाणा राज्यों में आतंक पैदा कर रखा था और जिसका नाम युद्धवीर पुत्र ईश्वर सिंह, निवासी गांव फरमाना को उसके सह अभियुक्त गोपाल पुत्र प्रताप सिंह निवासी हलालपुर के साथ गिरफ्तार किया जाना था। एक और अभियुक्त नरेन्द्र पुत्र ओम प्रकाश निवासी गंगना, जो इस मामले में पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था, को भी युद्धवीर और गोपाल की पहचान करने हेतु छापेमार दल द्वारा अपने साथ ले जाया गया। जब पुलिस पार्टी झंडा चौक, नरेला के नजदीक पहुँची तब नरेन्द्र पुत्र ओम प्रकाश, जो पुलिस पार्टी के साथ था, ने दो व्यक्तियों की ओर इशारा किया जो एक कार के पास खड़े हुए थे और बताया कि ये दोनों युद्धवीर और गोपाल हैं, तभी दोनों व्यक्तियों ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस पार्टी ने भी अपनी आत्मरक्षा में गोलियां चलाईं। तथापि युद्धवीर और गोपाल अपनी मारूति एस्टीम कार में बहादुरगढ़ की ओर भाग गए। पुलिस पार्टी ने कार का पीछा शुरू कर दिया। जब युद्धवीर और गोपाल बहादुरगढ़ की ओर भाग रहे थे तब पुलिस पार्टी ने हरियाणा के विभिन्न जिलों की नजदीक की पुलिस चौकियों और पुलिस नियंत्रण कक्ष, झज्जर के माध्यम से दिल्ली पुलिस को भी तत्क्षण संदेश भेजा। जब पुलिस पार्टी बहादुरगढ़ क्षेत्र पहुँची तब श्री कप्तान सिंह प्रभारी पी. पी. झज्जर के नेतृत्व में एक और पुलिस कर्मी भी ऑपरेशन में शामिल हो गया। पुलिस अधीक्षक, झज्जर भी तब तक छापेमार पार्टी में शामिल हो गए। जब पुलिस पार्टी संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा कर रही थी तब संदिग्ध व्यक्ति गांव सिद्धीपुर क्षेत्र में श्री अरुण सिंह की जिप्सी के पास पहुँचे। तब उप पुलिस अधीक्षक ने अभियुक्त व्यक्तियों की कार को ओवरटेक करने का प्रयास किया जब पुलिस जिप्सी कार की बगल में पहुँच गई। युद्धवीर और गोपाल ने अपनी कार रोकी और श्री अरुण सिंह, उप पुलिस अधीक्षक पर गोलीबारी की जिन्होंने खिड़की के नीचे

झुककर स्वयं को बचाया। उन संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा चलाई गई एक गोली श्री अरुण सिंह, उप पुलिस अधीक्षक की जिप्सी की खिड़की पर लगी। तभी अभियुक्त युद्धवीर कार से बाहर निकल आया और उसने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी करते हुए खेत की ओर भागना शुरू कर दिया। उप पुलिस अधीक्षक अरूण सिंह और उनके साथ वाली पुलिस पार्टी ने भी जवाबी गोलीबारी की युद्धवीर जमीन पर गिर पड़ा जबकि गोपाल कार में भाग गया। युद्धवीर को काबू में करके पकड़ लिया गया। वह जख्मी हो गया था और उसके पास 12 बोर की देशी पिस्तोल थी। उसकी व्यक्तिगत रूप से तलाशी लेने पर, उसकी पैंट की जेब से 12 बोर के छह जिंदा कारतूस और 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उसके पास से 315 बोर की एक देशी पिस्तौल भी बरामद की गई। 0.12 बोर की पिस्तौल में एक खाली कारतूस था जबकि 0.315 बोर की पिस्तौल में एक जिंदा कारतूस था जो इसके चैंबर में लोड किया पाया गया। इस ऑपरेशन के दौरान ई एच सी जयवीर को चोटें आई। कुछ समय के पश्चात युद्धवीर ने अपने जख्मों के कारण दम तोड़ दिया और उसे अस्पताल में मृत लाया गया घोषित किया गया।

यह भी उल्लेख किया जाता है कि युद्धवीर के खिलाफ सोनीपत और दिल्ली में कई न्यायालयों में विचारण चल रहा था। वह बहुत खतरनाक अपराधी था और उसका करतूतों का क्षेत्र केवल हरियाणा ही नहीं था बल्कि वह जघन्य अपराध जैसे कि जबरन धन उगाही करने, फिरौती के लिए अपहरण करने, हत्या करने तथा उसने दिल्ली में भी हत्या का प्रयास किया था। उत्तरवर्ती जांच-पड़ताल के अनुसार, यह पता चला कि 50 से ज्यादा लोगों से नियमित आधार पर जबरन धन उगाही कर रहा था। हत्या के प्रयास के एक मामले में, उसे अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा 7 वर्ष के कठोर कारावास के लिए भेजा गया। उसे 22.3.2004 को जेल से 2 माह के लिए पैरोल पर रिहा किया गया। लेकिन वह वापिस नहीं लौटा। यह प्रासंगिक है कि युद्धवीर कई आपराधिक मामलों और हत्या के मामलों में संलिप्त था।

उपर्युक्त तथ्यों से यह काफी स्पष्ट हो जाता है कि अत्यधिक खतरनाक अपराधी युद्धवीर को पकड़ने के दौरान श्री अरूण नेहरा, उप पुलिस अधीक्षक और ई एच सी जयबीर सिंह संख्या 244 /जे जे आर ने अपने जीवन को खतरे में डाला।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री अरुण सिंह, उप पुलिस अधीक्षक और जयवीर सिंह, छूट-प्राप्त हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12 मई, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 48-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व /श्री

1. आनन्द जैन, पुलिस अधीक्षक
2. एस.पी.पाणी, पुलिस अधीक्षक
3. अब्दुल हमीद, उप-निरीक्षक
4. अशोक कुमार, हैड कांस्टेबल
5. शबीर अहमद, हैड कांस्टेबल
6. अनिल दत्त, चयन ग्रेड कांस्टेबल
7. शुब करन, कांस्टेबल
8. बशीर अहमद, चयन ग्रेड कांस्टेबल
9. कुलरत्तन सिंह, चयन ग्रेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

14.11.2005 को लगभग 1505 बजे श्रीनगर शहर के दिल-लाल चौक में आतंकवादियों द्वारा आत्मघाती हमला किया गया। आत्मघाती हमलावरों ने व्यापारिक बाजार में हथगोला दागा और सी आर पी एफ 131 बटालियन की पालाडियम चौकी की तरफ अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। गोलीबारी के दौरान घनश्याम सं.930040446 और दयानंद जय सिंह संख्या 931181345 नामक सी आर पी एफ के दो कांस्टेबल घटनास्थल पर ही मारे गए और उक्त बटालियन के कांस्टेबल नजमुल हक और कांस्टेबल भगवत सिंह संख्या 031310027 घायल हो गए। तब दोनों आत्मघाती हमलावरों ने लाल चौक क्षेत्र में स्थित पीक व्यू और पंजाब होटल नामक दो महत्वपूर्ण होटलों में प्रवेश किया। क्यू आर टी के साथ वरिष्ठ अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। यह वह समय था जब लाल चौक के व्यापारिक बाजार में वास्तव में क्या हुआ है, इस बारे में स्थानीय लोगों में भ्रम फैला हुआ था। इस तथ्य को समझने में ज्यादा समय नहीं लगा कि आत्मघाती हमलावरों ने हमला कर दिया है। स्थिति का आकलन करने, सिविलियनों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और तब अभियान को पूरा करने के लिए आतंकवादियों को उलझाने/समाप्त करने की चुनौती थी। इस अभियान के रास्ते में आने वाली सबसे बड़ी दिक्कत यह थी कि पिछले आत्मघाती हमलों की तरह यह न तो किसी सरकारी प्रतिष्ठान में हुआ था और न ही सुरक्षा बलों के शिविर में अपितु यह हमला व्यापारिक बाजार स्थल में श्रीनगर शहर के दिल में और वह भी ऐसे होटल में जिसमें सिविलियन रह रहे थे, हुआ था। इसको करने के पीछे

आतंकवादियों का मकसद योजनाबद्ध था क्योंकि वे मीडया का ध्यान आकर्षित करना चाहते थे और इस तरह यह सिद्ध करना चाहते थे कि वे कहीं पर भी हमला कर सकते हैं। क्यू आर टी और आई जी पी कश्मीर, डी आई जी सी के आर, एस एस पी एस जी आर, एस पी दक्षिण, एस पी पूर्व, एस डी पी ओ कोठी बाग, एस एच ओ पुलिस /स्टेशन मायसुमा स्थल पर पहुंचे और बिना किसी विलम्ब के स्थिति का तुरन्त जायजा लिया। बिना कोई समय गंवाए दो बंकर वाहनों की सहायता से दोनों सी आर पी एफ कांस्टेबलों के शवों का निकाला गया। अधिकारियों ने क्यू आर टी के साथ ज्यादा से ज्यादा सिविलियनों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का प्रयास किया। इस प्रक्रिया में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी के प्रारम्भिक चरण में फंसे काफी लोगों को सफलतापूर्वक सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया। तब सबसे महत्वपूर्ण कार्य यह जानना था कि वास्तव में आतंकवादी कहां छुपे हुए हैं। होटलों में छुपे आतंकवादियों का पता लगाने/उनको समाप्त करने तथा इन होटलों के अन्दर फंसे सिविलियनों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के लिए श्री आनन्द जैन, पुलिस अधीक्षक पूर्व और श्री एस पी पाणी-पुलिस अधीक्षक, दक्षिण के नेतृत्व में दो पार्टियों का गठन किया गया। लाल चौक के आस-पास सख्त बाहरी घेराबंदी की गई। पीक व्यू होटल का भवन जिसकी तीन मंजिलें हैं और जिसका आगे से केवल एक प्रवेश द्वार है, पुलिस अधीक्षक पूर्व ने उपनिरीक्षक अब्दुल हमीद संख्या 5825/एन जी ओ, हैड कांस्टेबल अशोक कुमार संख्या-665/जेकेएपी 5वीं बटालियन, कांस्टेबल शुभकरन संख्या 680 /जे के ए पी 5वीं बटालियन, के साथ पीछे से प्रवेश किया। रणनीति सफल रही क्योंकि उन्होंने सफलतापूर्वक भवन के पीछे सीढी लगाई और पीक व्यू होटल में प्रवेश किया और पीक व्यू होटल से फंसे हुए सिविलियनों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। जब यह प्रक्रिया चल रही थी, एक आतंकवादी ने, जो पंजाब होटल में छुपा हुआ था, सुरक्षा बलों पर हथगोला फैंका जिससे पता चला कि अन्य आतंकवादी पंजाब होटल में छुपे हुए हैं।चूंकि अंधेरा हो रहा था और किसी भी प्रकार का अभियान चलाना व्यावहारिक रुप से असम्भव था क्योंकि इससे सिविलियनों के जीवन को खतरा हो सकता था, इसलिए भोर होने तक अभियान को स्थगित कर दिया गया। घेराबंदी को सुदृढ़ किया गया और इन दोनों होटलों के बाहर जाने के रास्तों पर बंकर वाहनों को तैनात किया गया। जैसे ही सुबह हुई दोनों होटलों के अन्दर फंसे सिविलियनों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के उद्देश्य से आम उदघोषणा की गई। पीक व्यू होटल में पुलिस पार्टियों ने पहले ही मध्यरात्रि में प्रवेश कर लिया था । इसी बीच एक सिविलियन होटल से बाहर आया जिसने बताया कि होटल में एक आतंकवादी है जिसने उसे बंदी बना रखा था। तथापि, प्रात:काल एक आतंकवादी सिविलियन के भेष में पंजाब होटल से बाहर आया जिसे पकड़ लिया गया क्योंकि वह उस क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा था। उसकी पहचान एजाज अहमद भट्ट उर्फ अबु सुमामा पुत्र रियाज अहमद भट्ट निवासी मंसुराबाद पाकिस्तान के रूप में की गई। आतंकवादी ने पीक व्यू होटल में अपने साथी की

उपस्थिति के बारे में बताया जो पाक आतंकवादी था और उसका नाम अबु फुरकान था। श्री एस.पी.पाणी एसपी. दक्षिण, हैड कांस्टेबल शौकत अहमद संख्या 2550/एस, एसजी.कांस्टेबल बशीर अहमद संख्या 4330/एस. एस.जी.कांस्टेबल कुल रतन सिंह सं. 3191/एस तथा कांस्टेबल शिव करन संख्या 680/जे के ए पी 5वीं बटालियन वाली पार्टी छुपे हुए आतंकवादियों पर निर्णायक हमला करने के लिए तैयार हो गई। जो पार्टी पहले से ही अन्दर थी और जिसने सिविलियनों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया था, अपने स्थान से होटल के हॉल की तरफ हिल नहीं सकती थी जो कि पहले से ही आतंकवादियों के कब्जे में था। पीक व्यू होटल के साथ वाला होटल जोकि न्यू ओरियन है का प्रयोग हमलावर पार्टी की सहायता के लिए सारी आपूर्ति सामग्री रखने के लिए किया जा रहा था। गंभीर जोखिम उठाते हुए हमलावर पार्टी ने सीढी के जरिए पीक व्यू होटल की तीसरी मंजिल पर प्रवेश किया, इस अवधि के दौरान छुपे हुए आतंकवादी ने प्रथम मंजिल से अंधाधुंध गोलीबारी की और दो हथगोले दागे। परन्तु चूंकि पार्टी सुरक्षित स्थिति में थी अत: कोई घायल नहीं हुआ। पीक व्यू होटल के सामने वाले न्यू ओरियन होटल में स्थित पार्टी ने प्रथम मंजिल से कुछ कवरिंग गोलीबारी की, जिसने लक्षित भवन में पुलिस पार्टी के हमले को सुविधा जनक बना दिया। यह निर्णय लिया गया कि छुपे हुए आतंकवादी को समाप्त करने के उद्देश्य से हमलावर पार्टियों का नेतृत्व श्री आनन्द जैन पुलिस अधीक्षक पूर्व और अन्य पार्टी का नेतृत्व श्री एस. पी पाणी पुलिस अधीक्षक दक्षिण करेंगे। आतंकवादी पीक व्यू होटल की प्रथम मंजिल पर छुपा हुआ था जहां से तीसरी मंजिल दो सीढियों से जुड़ी हुई थी। एक सीढी का प्रयोग पुलिस अधीक्षक दक्षिण द्वारा किया जा रहा था तथा जब दूसरी मंजिल और उसके बाद प्रथम मंजिल के मोर्चों पर गोलीबारी की जा रही थी और हथगोले दागे जा रहे थे और अन्य सीढी का प्रयोग पुलिस अधीक्षक पूर्व और उनकी पार्टी द्वारा किया जा रहा था, इसके परिणामस्वरूप आतंकवादी प्रथम मंजिल पर फंस कर रह गए। पुलिस अधीक्षक, पूर्व के नेतृत्व में दूसरी मंजिल वाली पुलिस पार्टी ने प्रथम मंजिल से किसी अन्य मंजिल पर जाने की आतंकवादी की हरकत को अवरुद्ध कर दिया। छुपे हुए आतंकवादी ने हमलावार पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी की परन्तु उच्च साहस प्रदर्शित करते हुए उन्होंने आतंकवादी को प्रथम मंजिल पर रोके रखा। एक सिविलियन जिसे आतंकवादी ने प्रथम मंजिल पर एक कमरे में फंसा रखा था को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया। कई हथगोले दागे गए और आतंकवादी को निष्क्रिय करने के लिए गोलीबारी की गई। आतंकवादी ने दोनों पार्टियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। दोनों पार्टियों ने आतंकवादियों की गोलीबारी को कवर करने के लिए बी.पी.शीट्स का श्रेष्ठतम इस्तेमाल किया। भारी गोलीबारी के परिणामस्वरूप कमरा गहरे धुंआ से भर गया और उस बड़े हॉल में आतंकवादी की वास्तविक स्थिति को जानना अत्यंत कठिन हो गया। दोनों हमलावर पाटियों ने कमरे में धावा बोल दिया और सफलतापूर्वक उसको

समाप्त कर दिया। इस अभियान को युक्तिपूर्वक चलाया गया क्योंकि इस अभियान के दौरान अधिक क्षति नहीं हुई। यह भय बना हुआ था कि होटलों में स्थित लकड़ी की संरचना में आग लगने की पूरी सम्भावना है? परन्तु पार्टी ने अत्यधिक सावधानी बरती और सफलतापूर्वक कार्य को अंजाम दिया। इस अभियान में पीक व्यू होटल के अन्दर फंसे काफी सिविलियनों को बचाया गया जिसके लिए पुलिस पार्टी ने अपनी जान की परवाह किए बिना काफी जोखिम उठाया।

इस मुठभेड़ में, श्री सर्वश्री आनन्द जैन, पुलिस अधीक्षक, एस.पी पाणी, पुलिस अधीक्षक, अब्दुल हमीद, उप निरीक्षक, अशोक कुमार,हैड कांस्टेबल, शबीर अहमद, हैड कांस्टेबल, अनिल दत्त, चयन ग्रेड कांस्टेबल, शुब करन, कांस्टेबल, बशीर अहमद, चयन ग्रेड कांस्टेबल और कुलरत्तन सिंह, चयन ग्रेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 नवम्बर, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं०-49-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनके शौर्य के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. एस.पी. पाणी, पुलिस अधीक्षक	**वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार**
2. जोगिन्दर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक	**वीरता के लिए पुलिस पदक**
3. शबीर अहमद, कांस्टेबल	**वीरता के लिए पुलिस पदक**
4. बशीर अहमद, कांस्टेबल	**वीरता के लिए पुलिस पदक**
5. जी एच. रसूल, कांस्टेबल	**वीरता के लिए पुलिस पदक**
6. शबीर अहमद गनी, कांस्टेबल	**वीरता के लिए पुलिस पदक**
7. दौलत सिंह, कांस्टेबल	**वीरता के लिए पुलिस पदक**
8. सफीर अहमद खान, कांस्टेबल	**वीरता के लिए पुलिस पदक**
9. जाकिर हुसैन, कांस्टेबल	**वीरता के लिए पुलिस पदक**
10. मोहम्मद शफी, कांस्टेबल	**वीरता के लिए पुलिस पदक**
11. अजित पाल सिंह, कांस्टेबल	**वीरता के लिए पुलिस पदक**

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

15.01.2005 को लगभग 1605 बजे सूचना प्राप्त हुई कि बख्शी इनडोर स्टेडियम परिसर, श्रीनगर के अन्दर स्थित पास पोर्ट कार्यालय भवन के अन्दर दो आतंकवादी घुस गए हैं। इस सूचना के प्राप्त होने के बाद श्री जाविद मुखदुमी, आई पी एस, आई जी पी कश्मीर जोन, की कमान के अन्तर्गत वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल की तरफ दौड़े। घटनास्थल पर पहुंचने पर यह पता चला कि दो आतंकवादी पासपोर्ट परिसर में घुस गए हैं जहां काफी संख्या में सिविलियनों और खेल तथा युवा सेवा विभाग के कर्मचारियों सहित दो शस्त्र विहिन सी आर पी एफ कार्मिक पासपोर्ट कार्यालय परिसर; और निकटवर्ती खेल परिषद भवन में फंसे हुए हैं। हालांकि छुपे हुए आतंकवादियों की वास्तविक संख्या और स्थिति का पता लगाना कठिन था, पुलिस महानिरीक्षक, कश्मीर जोन श्री जाविद मुखदुमी, आई पी एस, ने स्थिति का तत्काल आकलन किया और उन्होंने फंसे हुए कर्मचारियों और सिविलियनों को बचाने तथा आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के लिए कार्य योजना को तुरन्त अन्तिम रूप प्रदान किया। उप महानिरीक्षक सी के आर श्रीनगर, उप महानिरीक्षक (ओ पी एस) सी आर पी एफ और एस एस पी

श्रीनगर के सहयोग से आई जी पी कश्मीर ने फंसे हुए सिविलियनों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के लिए बचाव पार्टियों का गठन किया। अत्यधिक जोखिम के बावजूद, बचाव पार्टियों ने युवा होस्टल और खेल परिसर की तरफ प्रस्थान किया और सभी सिविलियनों और कर्मचारियों को बचाया और अंधेरे के कारण अगली सुबह तक अभियान को स्थगित करने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके बाद समग्र परिसर की जम्मू ओर कश्मीर पुलिस तथा सी आर एफ की तीन पंक्ति में तैनाती के साथ घेराबन्दी की गई और विभिन्न रणनीतिपरक बिन्दुओं पर छः बंकरों को लगाया गया। बाहरी घेराबंदी की प्रक्रिया के दौरान दो सी आर पी एफ अधिकारियों अर्थात् 50 बटालियन सी आर एफ के उप निरीक्षक (जी डी) अनिल कुमार राय संख्या 961240552 तथा 84 बटालियन सी आर पी एफ के हैड कांस्टेबल (जी डी) नेक राम संख्या 850845769 जो गोली से घायल हुए थे को उपचार हेतु एस एम एच एस अस्पताल में भेजा गया। अगले दिन आतंकवादियों के भागने से पहले, महानिरीक्षक पुलिस, कश्मीर जोन श्री जाविद मुखदुमी ने तत्काल घेराबन्दी की और वे बंकर में चले गए। जब वे भवन में आतंकवादियों की वास्तविक स्थिति का पता लगाने का प्रयास कर रहे थे, एक आतंकवादी अचानक एक खिड़की पर नजर आया और उसने अधिकारी की तरफ अंधाधुंध गोलीबारी करना शुरू कर दिया। आई जी पी कश्मीर जो बाल -बाल बचे थे, ने आतंकवादियों की गोलीबारी से बिना डरे आतंकवादियों पर अन्तिम हमला करने के उद्देश्य से दो टीमों का गठन किया, जिसमें अन्यों के अलावा पुलिस उपाधीक्षक (ओ पी एस) और कांस्टेबल शबीर अहमद, बशीर अहमद, जी एच. रसुल, शबीर अहमद गनई, दौलत सिंह, सफीर अहमद खान, जाकिर हुसैन मोहम्मद शफी और अजित सिंह शामिल थे, किसी सिविलियन को हताहत किए बिना, आई जी पी कश्मीर ने आतंकवादियों की हरकत को अवरुद्ध करने की योजना बनाई; तब तक वे पासपोर्ट कार्यालय भवन के एक निश्चित क्षेत्र में घिरने के लिए मजबूर हो गए। तत्पश्चात आई जी पी कश्मीर ने अपने आप्रेशन दल के सहयोग से पूरी ताकत के साथ जवाबी कार्रवाई शुरु की और अन्ततः आतंकवादी को मार गिराया। श्री एच. के. लोहिया, आई पी एस उप महानिरीक्षक, सी के आर श्रीनगर की कमान के अन्तर्गत अन्य पार्टी में उप महानिरीक्षक (ओ पी एस) सी आर पी एफ, पुलिस अधीक्षक दक्षिण श्रीनगर 2 आई. सी. कमान्डेंट 50 बटालियन सी आर पी एफ, उप कमांडेंट 123 बटालियन सी आर पी एफ और कांस्टेबल/जी डी एच. एस. चौहान संख्या 920750637, 123 बटालियन सी आर पी एफ शामिल थे, वे बंकर में चले गए और उन्होंने धीरे धीरे भू-तल की कमान संभाली तथा यह पता चला कि आतंकवादी भवन की प्रथम मंजिल पर छुपे हुए हैं। तुरन्त बंकर की सहायता से खेल परिसर की एक खिड़की पर सीढी लगाई गई तथा खिड़कियों के अन्दर कुछ हथगोले दागे गए। बाद में पुलिस अधीक्षक दक्षिण सीढ़ी की सहायता से कमरे में चले गए, और उस दौरान वे आतंकवादियों की भारी गोलीबारी में फंस गए जिसका उन्होंने प्रभावपूर्ण ढंग से जवाब दिया जिसके परिणामस्वरुप आतंकवादी भागने के प्रयास में कमरे से बाहर कूदे परन्तु अग्रिम पार्टी ने आतंकवादी पर गोलीबारी की उसे निष्क्रिय कर दिया।

इस मुठभेड़ में, सर्व श्री एस. पी.पाणी, पुलिस अधीक्षक, जोगिन्दर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, शबीर अहमद, कांस्टेबल, बशीर अहमद, कांस्टेबल, जी एच.रसूल, कांस्टेबल, शबीर अहमद गनी, कांस्टेबल, दौलत सिंह, कांस्टेबल, सफीर अहमद खान, कांस्टेबल, जाकिर हुसैन, कांस्टेबल, मोहम्मद शफी, कांस्टेबल और अजित पाल सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक , 15 जनवरी, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 50-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. शिव दर्शन सिंह,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

2. परषोत्तम सिंह,
चयन ग्रेड कांस्टेबल

3. मोहम्मद फैसर,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

06.06.2005 को एस एस पी पुंछ को निचले नाका मंजरी में नाले के किनारे के समीप अबु मावीय और उसके दो साथियों की उपस्थिति के बारे मे विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। बिना कोई समय गंवाए, एस एस पी पुंछ मेंढर की तरफ दौड़े और कमान्डो ग्रुप मेंढर, 37 आर आर की एन सी ए टुकड़ियों और सी आर पी एफ के सहयोग से अभियान की योजना बनाई गई। कार्मिक संख्या को तीन ग्रुपों में विभाजित किया गया तथा तीन भिन्न दिशाओं से तलाशी शुरु की गई। दो कॉलमों ने क्रमशः नाले के बायें और दायें किनारों से क्षेत्र की तलाशी लेना शुरु कर दिया और एस एस पी पुँछ के नेतृत्व में एक कॉलम ने पहाड़ी के ऊपर से नीचे की तरफ तलाशी अभियान शुरु कर दिया। पूर्वाह्न लगभग 7 बजे जब क्षेत्र की तलाशी चल रही थी, नाले की बायीं और दायीं तरफ से आगे बढ़ने वाले कॉलम आतंकवादियों की भारी गोलीबारी में फंस गए। एस एस पी पुंछ ने तत्काल कार्मिकों को मोर्चा संभालने का निर्देश दिया और भीषण मुठभेड़ शुरु हो गई। छुपने के स्थान का पता लगा लिया गया जो कि नाले की दिवार के पीछे था और बड़े शिलाखंडों के पीछे छुपा हुआ था। गोलीबारी का आदान प्रदान तीन घंटों से अधिक तक चला और पुलिस/ एन सी ए पार्टियों के पास गोलाबारुद कम पड़ गया। उस स्थिति में आपातकालीन कदम उठाने की आवश्यकता थी। एस जी कांस्टेबल परषोत्तम सिंह सं. 143/जे के ए पी 6ठी बटालियन और कांस्टेबल मोहम्मद फैसर संख्या 1081/पी स्वैच्छा से छुपने के स्थान के अंदर हथगोले दागने के लिए वहां गए । दोनों अधिकारियों ने छुपने के स्थान की तरफ रेंगते हुए बढ़ना शुरु कर दिया और उन्हें पुलिस पार्टी द्वारा कवरिंग गोलीबारी प्रदान की गई जिन्होंने शिलाखंडों के पीछे कवर ले रखा था तथा जो किसी भी स्थिति में प्रतिक्रिया करने के लिए सतर्क थे। दोनों अधिकारियों ने छुपने के स्थान के अन्दर हथगोले दागे और दो आतंकवादी

तत्काल भारी मात्रा में गोलीबारी करते हुए छुपने के स्थान से निकल कर भागे। ऐसा ही एक आतंकवादी जिसने छुपने के स्थान की दायीं तरफ नाले की दिवार का कवर लेते हुए भागना शुरु किया, श्री शिव दर्शन सिंह, आई पी एस, एस.एस पी पुंछ की गोलीबारी द्वारा मारा गया। नाले की बायीं तरफ भागने वाला दूसरा आतंकवादी एस पी ओ मोहम्मद शाहिद और एस पी ओ राजेश कुमार की संयुक्त गोलीबारी द्वारा मारा गया। इस अभियान के परिणामस्वरुप सभी तीनों खूंखार आतंकवादी मारे गए जिनकी बाद में पहचान अबू मावीय, हरकत-ए-इस्लामी (एच ई आई) का स्वयं भू प्रभागीय कमान्डर, अबू लेराब (जिला कमांडर) और इब्राहीम उर्फ ड्राइवर। आतंकवादियों के इस ग्रुप ने नाका माजरी क्षेत्र जो पुलिस गुरासी, जिला पुंछ के अधिकार क्षेत्र में आता है की आम जनता में आतंक का माहौल और असुरक्षा की भावना पैदा कर रखी थी। खूंखार आतंकवादी (अबू मावीय) पिछले चार वर्षो से सक्रिय था और वो गुरासी क्षेत्र में कम से कम 19 सिविलियनों और चार सेना अधिकारी/ जवानों की हत्या में शामिल था। वह 18.12.2003 को श्री एस.एम. सहाय, आई पी एस तब के डी आई जी राजौरी/पुंछ क्षेत्र पर घातक हमले में भी शामिल था जिसमें उसके दो पी एस ओ भी मारे गए थे। अभियान की युक्तिपूर्वक योजना बनाई गई थी और इस क्षेत्र के सिविलियनों के जीवन और सम्पत्ति को कोई संपार्शिवक हानि पहुंचाए बिना श्री शिव दर्शन सिंह, आई पी एस, एस पी पुंछ की कमान के अन्तर्गत पुलिस /सुरक्षा बलों द्वारा इसे पेशेवर ढंग से संचालित किया गया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री शिव दर्शन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, परषोतम सिंह, चयन ग्रेड कांस्टेबल और मोहम्मद फैसर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6 जून, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 51-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मुकेश चंदर,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

19.6.2005 को, उप निरीक्षक विनय परिहार के नेतृत्व में कमांडो ग्रुप मेंधार की एक टुकड़ी मेंधार शहर के चारों ओर नित्यक्रम की गश्त पर थी। पी एस आई पवन सिंह के नेतृत्व में कमांडो ग्रुप की एक और टुकड़ी पूर्वोत्तर की ओर गश्त हेतु एक सेना की टुकड़ी के साथ थी। लगभग 2115 बजे, एस डी पी ओ के कार्यालय/कमांडो ग्रुप पर हमला करने की चेष्टा में दो फिदायीन मुख्य गेट पर प्रकट हुए। उन्हें कांस्टेबल मुकेश चंदर और एस पी ओ इम्तियाज अहमद और सुनील कुमार ने देख लिया और उन्हें अपनी पहचान बताने के लिए कहा। लेकिन पहचान बताने की बजाय आतंकवादियों ने इन अधिकारियों को लक्ष्य बनाकर गोलियों की बौछार की और ग्रेनेड फेंके। जिसके परिणामस्वरुप कांस्टेबल मुकेश चंदर और 2 एस पी ओ गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी होने के बावजूद अधिकारियों ने कारगर रुप से जवाबी गोलीबारी की और आतंकवादी को एस डी पी ओ के कार्यालय/कमांडो ग्रुप के परिसर के अंदर घुसने से रोका। हमले का कारगर रुप से जवाब देने के कारण फिदायीन शहर की पूर्वोत्तर दिशा की ओर भाग गए जिस रास्ते से वे आए थे। एस पी ओ इम्तियाज अहमद और सुनील कुमार ने अपने जख्मों के कारण दम तोड़ दिया। इसी बीच आतंकवादियों को निष्क्रिय करने हेतु एक अभियान शुरु किया गया। पी एस आई के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी ने उन आतंकवादियों की गतिविधि को देखा जो शिलाखंड के पीछे छिपे हुए थे। भीषण मुठभेड़ हुई जिसमें पी एस आई पवन सिंह द्वारा एक आतंकवादी को मार गिराया गया और दूसरे आतंकवादी, जिसने भागने का प्रयास किया, वह कांस्टेबल मुकेश चंदर द्वारा मार गिराया गया और इस प्रकार से बड़ा हादसा होने से टल गया।

इस मुठभेड़ में, श्री मुकेश चंदर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19 जून, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 52-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1. **अब्दुल रजाक खान,**
   अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
2. **मोहम्मद असलम,**
   सहायक उप निरीक्षक
3. **मंसूर अहमद,**
   हैड कांस्टेबल
4. **बलबीर सिंह,**
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

10/11-05-2004 को 0030 बजे पुलिस को पंडेक सोरा में आतंकवादियों की गतिविधियों/मौजूदगी के संबंध में सूचना प्राप्त हुई कि वे आतंक पैदा करने तथा उच्च स्तर के कुछ राजनीतिज्ञों/सरकारी अधिकारियों को मारने के लिए श्रीनगर सिटी में एक आत्मघाती हमला करने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के प्राप्त होने पर, श्री अब्दुल रजाक खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ओप्स) श्रीनगर तत्काल अपनी टीम के साथ उस स्थान पर पहुँचे और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए उन्होंने उनकी घेराबंदी की। उनकी गतिविधियों को देखने पर, संदिग्ध आतंकवादियों को रुकने हेतु ललकारा गया लेकिन उन्होंने अपने स्वचालित हथियारों से पुलिस पार्टी पर गोलीबारी की और पुलिस पार्टी को अधिकतम नुकसान पहुंचाने के लिए हथगोले फैंके। तथापि, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीनगर, ने तत्काल एक रणनीति बनाई और अपने कर्मियों को आतंकवादियों पर लक्ष्य बनाकर हमला करने के लिए पोजीशन लने की सलाह दी। घात बिछाई गई तथा आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले का जवाब श्री अब्दुल राजक खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ओप्स), श्रीनगर के नेतृत्व वाली संयुक्त टीम, ने दिया जिसकी सहायता सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद असलम संख्या 8063 /एन जी ओ, हैड कांस्टेबल मंसूर अहमद संख्या1061/एस, कांस्टेबल बलबीर सिंह संख्या 501/9 वीं जे के ए पी और अन्य कर रहे थे। यद्यपि आतंकवादियों को ऊँचाई पर होने का लाभ था, फिर भी पुलिस पार्टी ने आतंकवादियों पर हमला करने में अत्यधिक वीरता और साहस का प्रदर्शन किया तथा आतंकवादी कमांडर अर्थात् शकील अहमद भट्ट सांकेतिक नाम शकील अंसार निवासी डोडा को मारने में सफल हो गए। घटनास्थल से 01 ए के राइफल, 04 ए के मैगजीन, 64 ए के राऊंड, 1 पाऊच और 2 चीनी ग्रेनेड बरामद किए गए। शकील अहमद भट्ट सांकेतिक नाम शकील अंसारी को हाल ही में खतरनाक उग्रवादी गुट हिजबुल मुजाहिद्दीन का डिप्टी चीफ

ऑपरेशनल कमांडर बनाया गया था और वह अर्द्ध सैनिक बल और पुलिस के विरुद्ध कई आतंकवादी कार्रवाईयों के लिए जिम्मेदार था।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री अब्दुल रजाक खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मोहम्मद असलम, सहायक उप निरीक्षक, मंसूर अहमद,हैड कांस्टेबल और बलबीर सिंह कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 मई, 2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 53-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, कर्नाटक पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. एन.श्रीनिधि,
   सर्कल पुलिस निरीक्षक
2. आर.एम. अजय,
   उप निरीक्षक
3. ए.एम. सथीशा,
   सिविल पुलिस कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

चिकमगलुर जिले में नक्सलवादी गतिविधियों को प्रभावपूर्ण ढंग से समाप्त करने के उद्देश्य से, जिला पुलिस अधीक्षक श्री बिजय कुमार सिंह, आई पी एस ने उप अधीक्षक पुलिस, कोप्पा उप-प्रभाग के योग्य पर्यवेक्षण के अन्तर्गत पुलिस निरीक्षकों की अध्यक्षता में 10-15 पुलिस कार्मिकों को शामिल करके 4 टीमें बनाई। उन्होंने कुद्रेमुखा सर्कल पुलिस कार्मिकों को शामिल करके नक्सलवादी विरोधी अभियान दल का नेतृत्व श्री एन. श्रीनिधि को सौंपा।

कर्मठ, युवा और साहसी पुलिस अधिकारी श्री श्रीनिधि ने इस कार्य को एक चुनौती के रुप में लिया और अपने स्टाफ के साथ रात दिन जंगलों और पहाड़ियों को पैदल ही पार किया। उन्होंने जिला शस्त्रागार से 7 एस एल आर प्राप्त करने के लिए पहल करने के पश्चात अपनी टीम को एस एल आर .76 एम एम गोलीबारी का अभ्यास करवाने के लिए संगठित किया। उन्होंने टीम भावना पैदा करने के लिए उनके साथ कई बार क्रिकेट भी खेला। उनके सख्त प्रयास 06.02.2005 को फलदायक सिद्ध हुए।

05.02.2005 शाम को पुलिस अधीक्षक और पुलिस उप अधीक्षक से सूचना प्राप्त हुई कि 10-15 सशस्त्र नक्सलवादियों का एक समूह मेनासिनहाधया और बालिज गांवों के आस-पास विचरण कर रहा है और वे उन गांवों के आस-पास मकान में रुके हो सकते हैं। रात्रि में ही विभिन्न स्थानों पर घेराबंदी करने के लिए निर्देश दिए गए और कहा गया कि प्रात:काल में नक्सलवादियों की आवाजाही का अवलोकन करने के पश्चात ही उनको पकड़ना चाहिए। वे आर.एम. अजय, प्रोब.पी एस आई और अन्य स्टाफ के साथ लगभग 11:30 बजे कलासा से निकले और सुबह तड़के लगभग 3:00 बजे बालिज के पास विगनेश्वर कट्टे पहुंचे। उन्होंने अपनी टीम को नक्सलवादियों को पकड़ने और उनके निर्देशों के बिना गोलीबारी न करने तथा उनकी स्वंय की आत्म-रक्षा के अलावा गोलीबारी शुरु न करने का निर्देश दिया। अन्य टीमों ने भी इस टीम से लगभग 4-5 किलोमीटर के अंदर पुलिस उप अधीक्षक कोप्पा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों और दिशाओं में मोर्चा संभाल लिया। प्रात: लगभग 04:15 बजे, पुलिस उप अधीक्षक कोप्पा जोकि मेनासिनहाधया गांव की दूसरी तरफ थे, ने कुत्ते के भौंकने के पश्चात कुछ टार्च की रोशनी की हरकत को देखा। उन्होंने श्रीनिधि और अन्य टीमों से इस बारे में पूछताछ की। पुलिस उप अधीक्षक कोप्पा ने दुबारा 3-4 टार्चों की रोशनी की हरकत को देखा और उन्होंने दुबारा श्रीनिधि और अन्य टीम से पूछताछ की। परन्तु श्रीनिधि और उनकी टीम किसी टार्च की किसी हरकत को देख नहीं सकी। श्रीनिधि ने इसके बारे में अपनी टीम को सतर्क कर दिया। उस समय तक पुलिस उप अधीक्षक कोप्पा ने देखा कि टार्च की रोशनी उस घेराबन्दी की तरफ बढ़ रही है जहां श्रीनिधि और उनकी टीम उपस्थित है। कुछ समय पश्चात, अचानक एक के बाद एक 8-10 टार्चों की रोशनी पंक्ति में अंधेरे की काली पृष्ठभूमि में उभरी और रोशनी लगभग घेराबंदी बिन्दु की तरफ बढ़ रही थी। कुछ समय पश्चात, जब वे घेराबंदी बिन्दु से लगभग 200-250 गज की दूरी पर थे, टार्च की वह रोशनी बंद हो गई और कोई हरकत नहीं देखी गई। इसे पुलिस उप अधीक्षक को बता दिया गया और श्रीनिधि और उनकी टीम द्वारा क्षेत्र पर पैनी नजर रखी गई।

इसी बीच क्षितिज पर भोर होने से पूर्व की लालिमा का कुछ प्रकाश गहरे कोहरे के बीच से उभर रहा था। प्रात:काल लगभग 6.00 बजे श्रीनिधि और उनकी टीम ने धीरे-धीरे उस स्थान की तरफ बढ़ना शुरु किया जहां टार्च की रोशनी बंद हो गई थी। श्री श्रीनिधि टीम के आगे थे और आर.एम. अजय पंक्ति में उनके पीछे थे। जब वे उस स्थान की तरफ लगभग 100-150 गज आगे बढ़े होंगे और प्रात: लगभग 06:15 बजे अचानक गोलीबारी की आवाज हुई और एक गोली श्रीनिधि के सिर के बांयी तरफ लगी। तत्काल, श्रीनिधि ने स्टाफ को लेटकर मोर्चा संभालने के लिए सतर्क किया और तब उन्होंने भी लेटते हुए मोर्चा संभाला। नक्सलवादियों ने नक्सलवादी नारों के साथ इस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। इसी समय, श्री एन. श्रीनिधि ने गोलीबारी शुरु करने में अदम्य साहस दिखाया और उनको गोली लगने के पश्चात उन्होंने अपनी टीम को नक्सलवादियों पर गोली चलाने का आदेश दिया और अपनी टीम के कार्मिकों की सुरक्षा के लिए नि:स्वार्थ गोलीबारी करते हुए खड़े रहे। नक्सलवादियों पर गोलबारी करते समय वे नक्सलवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी में ए के-47 की गोली का दुबारा शिकार हुए जब वे आत्मरक्षा में गोलीबारी कर रहे थे। चूंकि वे आगे गोलीबारी करने में असमर्थ थे इसलिए उन्होंने अपना हथियार श्री आर.एम. अजय, प्रोब.पी एस आई को सौंप दिया और उनको टीम का नेतृत्व करने के लिए कहा और बाद में उनको अस्पताल भेज दिया गया।

नक्सलवादी नारे लगा रहे थे और हथगौले फैंक कर विरोधियों को चुनौती दे रहे थे और हथगौले टीम से 10 फीट के अंदर-अंदर फटे। जब ए.एम. सतीशा अपनी राइफल में अतिरिक्त मैगजीन लगा रहे थे, ए के 47 की एक गोली उनकी एस एल आर की ट्रिगर गार्ड पर लगी। वे उस गोली से बाल-बाल बचे। इसी बीच ए.एम. सतीशा, सी पी सी 110 को हँसली और दांयी जांघ में छर्रे लगे और उन्हें भी अस्पताल भेज दिया गया।

बाद में श्री आर.एम. अजय, प्रोब.पी एस आई ने बिना घबराए उस स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दिखाते हुए टीम सदस्यों को प्रोत्साहित किया और वास्तविक लड़ाई में सक्रिय रुप से भाग लिया। गोलीबारी का आदान-प्रदान लगभग 30 मिनट तक चला और वे पुलिस टीम की तरफ हथगौले फैंक रहे थे। उसी समय दोनों तरफ से गोलीबारी कम हो गई और 30-35 मिनट के पश्चात अन्ततः बंद हो गई। जब पुलिस उप अधीक्षक के आगमन के पश्चात पुलिस पार्टी आगे बढ़ी, उनको दो नक्सलवादियों के शव और ए के-47 राइफल, एक एस बी बी एल बंदूक, ए के-47 की 43 जैव गोलियों सहित 3 मैगजीन, गोला बारुद और अन्य सामान बरामद हुए। पुलिस पर अंधाधुंध गोलीबारी करने के पश्चात 10-12 नक्सलवादी जंगल में भाग निकले। ऐसी स्थिति में पुलिस अधिकारी मारे जा सकते थे।

बाद में शवों की पहचान प्रेम उर्फ साकेत राजन उर्फ अमरनाथ उर्फ एस एस जालान उर्फ फोसले साकेत राजन, खूंखार नक्सलवादी नेता और पीपल वार ग्रुप कार्यकर्ता के रूप में की गई जो आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक पुलिस की वांछित सूची में था और बैंक डकैती (बालागनुर पुलिस स्टेशन सी आर सं. 50/89 आई पी सी की धारा 395 के अंतर्गत) सहित कई अपराधिक मामलों में भी मुख्य अपराधी था और दूसरे की पहचान शिवलिंगा, रायचुर के अन्य नक्सलवादी के रुप में की गई।

श्री एन.श्रीनिधि, सर्कल पुलिस निरीक्षक, कुद्रेमुख सर्कल ने नक्सलवादियों की बंदूक की गोली लगने के पश्चात गोलीबारी शुरु करके अदम्य साहस प्रदर्शित किया और वे अपनी टीम के कार्मिकों की सुरक्षा के लिए निःस्वार्थ रुप से गोलीबारी करते रहे। उन्होंने कर्त्तव्य को स्वंय से ऊपर रखा और आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करते हुए उच्चतम पराक्रम का परिचय दिया।

श्री आर.एम. अजय ने हालांकि परिवीक्षाधीन पी एस आई होने के बावजूद समयपूर्वक प्रतिक्रिया के रुप में अदम्य साहस और पराक्रम और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया और स्वंय से ऊपर कर्त्तव्य को रखते हुए अपने जीवन को जोखिम में डालते हुए अपने कार्मिकों की सुरक्षा हेतु अपने जीवन से भयभीत हुए बिना गोलीबारी की और टीम का नेतृत्व किया।

श्री ए.एम. सथीशा ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों का आदेश प्राप्त होने के पश्चात बिना हिचकिचाए अपने कार्मिकों के हित में अपने जीवन से भयभीत हुए बिना, साहसपूर्वक और बहादुरी से कार्रवाई की और छर्रों द्वारा घायल होने के बाद भी अदम्य साहस का परिचय दिया।

श्री श्रीनिधि और उनकी टीम अपने जीवन को जोखिम में डालकर और अनूठे साहस का परिचय देते हुए नक्सलवादियों को काबू करने में सफल रही। यदि श्री श्रीनिधि, पुलिस निरीक्षक, श्री आर.एम. अजय, प्रोब.पी एस आई और श्री ए.एम. सथीशा, पुलिस कांस्टेबल और अन्य स्टाफ को शामिल करके ऐसी समर्पित और योग्य युवा टीम का साहसपूर्ण और पराक्रमपूर्ण कृत्य न होता तो काफी खून खराबा होता और जीवन हानि होती। इस गोलीबारी के पश्चात, चिकमगलुर जिले में नक्सलवादी गतिविधियां, नियंत्रणाधीन हैं। इन संस्तुत कार्मिकों द्वारा प्रदर्शित साहसपूर्ण कृत्य उच्च श्रेणी का है और कर्त्तव्य के पालन के समय अपने जीवन की परवाह न करने के इस पराक्रमपूर्ण कार्य को मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री एन.श्रीनिधि, सर्कल पुलिस निरीक्षक, आर.एम. अजय, उप निरीक्षक और ए.एम. सथीशा, सिविल पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6 फरवरी, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 54-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, कर्नाटक पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. बी.के. शिवराम,
   सहायक पुलिस आयुक्त
2. वाई.सी. नगन्ना गौडा,
   पुलिस उप निरीक्षक
3. बी.सी. रुद्रमूर्ति,
   हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

बैंगलौर शहर का खूंखार गुण्डा नसरु और उसका गिरोह बैंगलोर में लूटपाट, डकैती, अपहरण, लूटखसोट आदि की कई घटनाओं में शामिल था और वे गिरफ्तारी से बच रहे थे। वे आई पी सी की धारा 34 के साथ पठित धारा 302 के तहत माइको लेआउट पुलिस स्टेशन में दर्ज नृशंस हत्या के एक मामले अपराध सं. 226/2005 में भी संलिप्त थे जिसमें उन्होंने दिन दहाड़े घातक हथियारों के साथ शफी नामक व्यक्ति का पीछा किया और गुरापनपलया स्थित एक मस्जिद के सामने ईद के दिन उसकी नृशंस हत्या कर दी। इस घटना ने उस इलाके में तनाव उत्पन्न कर दिया था। श्री बी.के. शिवराम, सहायक पुलिस आयुक्त और उनके अधिकारियों तथा स्टाफ ने नसरू और उसके गैंग के बारे में पता लगाने संबंधी सूचना एकत्र करने के लिए मुखबिरों को तैनात किया। 6.5.2005 को रात्रि लगभग 10.00 बजे श्री बी.के. शिवराम को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त गुंडा और उसके गिरोह के सदस्य बैंगलोर ग्रामीण जिले अनेकल में के ए 0 4 ए 8926 संख्या की पलसर मोटर साईकिल पर घूमते हुए देखे गए हैं और उसने अनेकल में कहीं घर ले रखा है। श्री बी.के. शिवराम, सहायक पुलिस आयुक्त ने तत्काल अपने अधिकारियों अर्थात् पुलिस निरीक्षकों श्री रेवन्ना, श्री एस.के. उमेश, श्री नन्जुन देगौडा और श्री रत्नाकर शैट्टी; पुलिस उप निरीक्षक श्री नगन्ना गौडा, सहायक उप निरीक्षक श्री हनुमानथैया और स्टाफ को अपने कार्यालय में बुलाया, उनके साथ चर्चा की और नसरु और उसके गैंग का पता लगाने और उनको गिरफ्तार करने के लिए रणनीति तैयार की। तदनुसार मुखबिर की सहायता से लगभग रात 11.30 बजे वे अनेकल आएं, घर का पता लगाने के लिए अनेकल शहर की सभी गलियों और उप गलियों में व्यापक तलाशी की। अन्ततः वे पलसर मोटर साईकिल सं. के ए 0 4 ए 8926 का पता लगाने में सफल रहे जो बुनकरों की कॉलोनी, इन्दिरा नगर, अनेकल शहर में छोटी

उप-गली में स्थित घरों के झुड के ब.ध स्थित एक घर के सामने खड़ी थी। श्री बी.के. शिवराम ने तत्काल घरों में रहने वालों को जगा दिया तथा पलसर मोटर साईकिल के बारे में उनसे पूछताछ की। एक श्री सोमशेखर पुज स्वर्गीय जी. हनुमानथप्पा ने उनको बताया कि मोटर साईकिल उन व्यक्तियों की है जिन्होंने हाल ही में घर किराए पर लिया है। चूंकि यह सूचना विश्वनीय थी कि उक्त पलसर मोटरसाईकिल का इस्तेमाल नसरु और उनके गिरोह द्वारा किया जा रहा है, इसलिए श्री बी.के. शिवराम और उनके अधिकारियों ने छुपने के स्थान को चारों और से घेरने के लिए छुपने के स्थान के आस-पास स्थित मकानों के निवासियों को जगाने का प्रयास किया। श्रीमती जयअम्मा पत्नी स्वर्गीय हनुमानथप्पा ने ए सी पी को बताया कि अगले घर (छुपने के स्थान) में रहने वाले व्यक्ति मुस्लिम हैं और वे इस महीने की 2 तारीख को ही आए हैं। इसने इस संदेह की पुष्टि कर दी कि नसरू और उनका गिरोह उस स्थान पर छुपा हुआ है। उनको भागने से रोकने के लिए, उन्होंने घर के सामने सड़क पर श्री रेवन्ना, पुलिस निरीक्षक और 1 हैड कांस्टेबल और 1 पुलिस कांस्टेबल को तैनात किया गया; श्री ननजुनदेगौडा, पुलिस निरीक्षक और एक पुलिस कांस्टेबल को घर के बांयी तरफ तैनात किया; श्री एस.के. उमेश, पुलिस निरीक्षक और 3 पुलिस कांस्टेबलों को घर के दांयी तरफ तैनात किया गया। यह सुनिश्चित करने के पश्चात कि भागने के सभी रास्ते बंद कर दिए गए हैं, श्री बी.के. शिवराम, ए सी पी, पुलिस निरीक्षक श्री रत्नाकर शेट्टी; पुलिस उप निरीक्षक श्री नगन्ना गौडा, सहायक उप निरीक्षक श्री हुनमानथैय्या; हैड कांस्टेबल रुद्रामूर्ति और पुलिस कांस्टेबल सुरेश के साथ छुपने के स्थान के मुख्य द्वार के निकट आए और दरवाजे पर दस्तक दी और वहां रहने वालों से दरवाजा खोलने के लिए कहा। एक व्यक्ति ने अंदर से हिन्दी में पूछा कि कौन है। श्री बी.के. शिवराम ने अपना परिचय दिया तथा अन्दर के व्यक्ति को लाइट जलाने और दरवाजा खोलने के लिए कहा। घर के अंदर लाइट जला दी गई थी। श्री बी.के. शिवराम ने खिड़की के जरिए तत्काल अंदर झांका और घर के भीतर नसरु और उसके साथी वसीम (माइको लेआउट पुलिस स्टेशन के हत्या के मामले में भी संलिप्त) को पाया। श्री शिवराम ने तत्काल उनको बताया कि वे माइको लेआउट पुलिस स्टेशन में सूचित हत्या के मामले में संलिप्त भागे हुए अभियुक्त हैं और उनको दरवाजा खोलने और पुलिस को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। तत्काल नसरू जिसने दरवाजा खोला था, अपनी लम्बी तलवार (छुरा) चलाते हुए बाहर की तरफ दौड़ा और उसने श्री रत्नाकर शेट्टी, पुलिस निरीक्षक की गर्दन पर वार कर दिया जोकि दरवाजे के पास खड़े थे। इसके परिणामस्वरुप श्री रत्नाकर शेट्टी का खून बहने लगा और वे घायल हो गए। नसरु ने अपने साथियों को किसी भी पुलिस-अधिकारी को जिन्दा न छोड़ने की चेतावनी भी दी। तत्काल वसीम ने हैड कांस्टेबल रुद्रामूर्ति पर अपनी दरांती निकाल ली, वे भी दरवाजे के समीप खड़े थे। हैड कांस्टेबल, जिसने हमले को भांप लिया था, अपना हाथ आगे कर दिया, उनके हाथ पर चोट पहुंची और खून बहने लगा। श्री रत्नाकर शेट्टी जो घायल हो गए थे, जमीन पर गिर पड़े। चूंकि यह सब पल भर में ही हो गया, श्री बी.के. शिवराम ने उस गुंडे और उसके गिरोह के सदस्यों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। ए सी पी द्वारा दी गई चेतावनी की परवाह न करते हुए नसरु, जोकि खून से सनी तलवार अपने हाथ में लेकर खड़ा था, ने सहायक उप निरीक्षक श्री हनुमानथैय्या के सिर पर हमला कर दिया। जैसे ही श्री हुनमानथैय्या ने भागने की कोशिश की वह उनके हाथ पर लगी। उनके हाथ पर भी चोट पहुंची और खून बहने लगा। इसी समय पुलिस अधिकारियों के जीवन की रक्षा करने के लिए और आत्मसुरक्षा में श्री बी.के. शिवराम ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से वसीम पर एक राउन्ड गोली चलाई और पुलिस निरीक्षक श्री ननजुनदेगौडा ने नसरु पर एक राउन्ड गोली चलाई। गोली से घायल होने के बाद भी नसरु और उसका साथी वसीम आगे बढ़ते रहे। उसी समय, श्री एस.के. उमेश, पुलिस निरीक्षक ने नसरु और वसीम पर एक-एक, कुल 2 राउन्ड गोली चलाई। तब वसीम और नसरु गोली से घायल होने के कारण जमीन पर गिर पड़े। तत्काल नसरु के 2 अन्य साथी अपनी तलवारों के साथ घर से बाहर निकले।

तथापि, उनको काबू में कर लिया गया और हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने अपने नाम जफरु और प्रेम बताए। नसरु 07.05.2005 को रात्रिकाल में 02:45 बजे घटनास्थल पर ही मारा गया और वसीम अभी भी जिन्दा है। उसको उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल भेजा गया। घायल पुलिस अधिकारियों श्री रत्नाकर शेट्टी, पुलिस निरीक्षक, श्री नगन्ना गौडा, पुलिस उप निरीक्षक, श्री हनुमानथैय्या, सहायक पुलिस निरीक्षक और श्री रुद्रामूर्ति, हैड कांस्टेबल को भी उपचार के लिए सागर अपोलो अस्पताल भेजा गया। घटनास्थल से 4 तलवारें, 3 गंडासे, एक मोबाइल फोन और एक बजाज पलसर मोटर साईकिल बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री बी.के. शिवराम, सहायक पुलिस आयुक्त, वाई.सी. नगन्ना गौडा, पुलिस उप निरीक्षक और बी.सी. रुद्रमूर्ति, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7.5.2005 से दिया जाएगा ।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 55-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

(1) बी. लुन्थांग वैफई,
उप निरीक्षक

(2) टी एच. सुधीर सिंह
जमादार

(3) अथीशो डेविड चलई,
हवलदार

(4) एल. समनंदा सिंह,
राइफलमैन

(5) एस. बोइपू वैफई
राइफलमैन

(6) थोंगबैम देवन सिंह,
राइफलमैन

(7) दैंगसावा मैथ्यू मारिंग,
राइफलमैन

(8) एस. प्रेमजीत सिंह,
राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

23.01.2006 को दोपहर लगभग 3.30 बजे, उप निरीक्षक बी. लुनथांग वैफई को एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि गैर कानूनी संगठन पीपल लिब्रेशन आर्मी (पी एल ए) से संबंध रखने वाले भूमिगत तत्व उक्त क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बलों पर हमला/घात लगाकर हमला करने की मंशा से वेंगू बाजार और कुम्बी क्षेत्र के सामान्य क्षेत्रों के आसपास छिपे हुए हैं। उक्त विश्वसनीय सूत्र की सूचना प्राप्त होने पर, एस.आई.बी. लुनथांग वैफई के नेतृत्व में बिश्नुपुर जिले के कमांडो का संयुक्त बल और सागैंग 7वीं असम राइफल्स चौकी के मेजर जितेन्द्र कुमार के अंतर्गत जमादार टी एच. सुधीर सिंह और 7वीं असम राइफल्स कर्मियों को संगठित किया गया और उन्हें चार समूहों में विभाजित करके उन्होंने वांगू बाजार क्षेत्र में जाम: तलाशी और जांच की। उन्होंने क्षेत्र की चुनिंदा जगहों पर तलाशी अभियान भी चलाया। दोपहर लगभग 4.00 बजे, जब वांगू बाजार में संयुक्त बल जांच करने और तलाशी करने में व्यस्त था तभी एक सफेद टाटा सूमो वाहन, जिसका बाद में संपुष्टि हुआ पंजीकरण नंबर एम एन-01 के/4582 था और जिसमें चार अज्ञात पुरुष सवार थे, उसे वांगू बाजार की तरफ वांगू खुनजाओ सड़क के साथ-साथ उत्तरी दिशा की ओर आते देखा गया और वह उसी क्षेत्र/स्थल की ओर आ रही जहां उप निरीक्षक बी. लुनथांग वैफई के नेतृत्व में कमांडो टीम आने-जाने वालों की जाम: तलाशी और जांच कर रही थी। उप निरीक्षक बी. लुनथांग वैफई ने सुरक्षा जांच हेतु वाहन को रुकने का संकेत दिया। तथापि, वाहन रुकने की बजाय तेजी से वांगू पुल की ओर तेज गति से दौड़ा। तत्काल, उस वाहन में मौजूद लोगों ने टाटा सूमो के पीछे की विंड शील्ड से वाहन के अंदर से कमांडो पर अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल करते हुए गोलीबारी शुरु कर दी जिससे कमांडो वाहन की मारुती जिप्सी नंबर एम एन-आई ए/8220, के सामने की विन्ड शील्ड को काफी नुकसान पहुंचा। इस प्रकार, गाड़ी में बैठे चार अज्ञात सशस्त्र लोग उसी वाहन (टाटा सूमो) को पूर्व में वांगो पुल को पार करके वांगो सैन्डैंगखोंग की ओर तेजी से भाग रहे थे। तत्काल, कमांडो अपने वाहन में सवार हो गए और उन्होंने भाग रहे सशस्त्र तत्वों को रोकने के दृढ़ संकल्प के साथ गोलीबारी करते हुए टाटा सूमो का पीछा किया। रास्ते में, उप निरीक्षक बी. लुन्थांग वैफई ने सूचना कमांडो नियंत्रण कक्ष को भेज दी, जिन्होंने वह सूचना पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बिश्नुपुर जिला को भेज दी, जिन्होंने उस क्षेत्र में और अधिक कुमुक भी भेज दी। वेंगो पुल से लगभग 1 कि.मी. तक पीछा करने के पश्चात दोपहर लगभग 4.15 बजे कमांडो टीम सैन्डैंगखोंग पुंगाजाओ माखोंग एल.पी. स्कूल के नजदीक अपने सर्विस ए के-47 राइफल्स से गोलीबारी करके टाटा सूमो के पिछले टायर में हवा निकाल के उसे रोकने में सफल हो गई। तत्काल बाद, सशस्त्र लोगों में से दो लोग, जिनमें से एक के पास ए के-47 राइफल और दूसरे के पास लिथोड लांचिंग गन थी, सैन्डैंगखोंग पुंगाजाओ माखोंग के एक नोंगथोम्बाम अंगो सिंह के वासभूमि क्षेत्र के सूखे गड्डे की तरफ टाटा सूमो के सीधी तरफ से कूद गए, जबकि टाटा सूमो के अंदर मौजूद शेष दो सशस्त्र व्यक्तियों ने कमांडो की तरफ ए के-47 राइफल से गोलीबारी जारी रखी। तत्काल कमांडो ने एक दूसरे को डब्ल्यू/टी सेट से संदेश भेजकर अपने को तीन ग्रुपों में विभाजित कर लिया और उन दो सशस्त्र युवकों को घेर लिया जो अभी भी वाहन (टाटा सूमो) के भीतर थे और जो पहले ही टाटा सूमो के दायीं तरफ कूद गए थे। (प्रथम बटालियन मणिपुर राइफल्स) का राइफल सं. 0697240 नेरन्जम समनन्दा सिंह, कमांडो/बिश्नुपुर के साथ उप निरीक्षक लुन्थैंग वेफई नीचे कूद गए और वे जल-निकास (नाले) के साथ दायीं तरफ जमीन पर गिरे तथा उन्होंने उन सशस्त्र युवकों का प्रत्यक्ष रुप से सामना किया जिनके पास लिथोड लांचिंग गन थी। कमांडो को देखने पर, उन युवकों ने कमांडो पर लिथोड बम का एक राउंड चलाया। हालांकि वह बम नहीं फटा। इस महत्वपूर्ण समय में, एक युवक अपना लिथोड बम रीलोड करने का प्रयास कर रहा था। उप निरीक्षक लुनथांग वेफई और राइफलमैन एल. समनंदा सिंह ने दृढ़ता के साथ अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना तत्काल

उस युवक पर हमला बोल दिया। कुछ ही पलों में, दोनों ने अपनी सर्विस ए के-47 राइफलों से निरंतर गोलीबारी करके सशस्त्र युवक पर धावा बोल दिया और उस युवक को उसके द्वारा बम को रीलोड किए जाने से पहले ही मार गिराया। इस प्रकार इस युवक की पहचान सलाम सन्थोम्बा उर्फ जयंता उर्फ इन्द्रजीत सिंह (23), थंगलावई सबल लेकई के पुत्र एस. थोईबा सिंह के रुप में की गई जिसे घटनास्थल (वाहन अर्थात टाटा सूमो के पश्चिमी तरफ पर एक सूखे नाले में) पर मार गिराया गया। मृत युवक की कमर की बेल्ट के चारों ओर लपेटे हुए 6 लीथोड बमों के साथ-साथ एक लीथोड लांचिंग गन बरामद की गई। वह उन अभियुक्तों में से एक अभियुक्त था जिसने 31.12.2005 को श्री टी. थंगथुअम, भारतीय पुलिस सेवा पुलिस महानिरीक्षक (इंट), मणिपुर और उसके मार्गरक्षी को मार दिया था और जिसकी अभियुक्तों में से एक अभियुक्त के रुप में पहचान की गई जो न्यायिक हिरासत में था। दूसरी ओर, असाधारण कर्त्तव्य भावना से प्रेरित होकर, टीम जिसका नेतृत्व जमादार, टी एच. सुधीर सिंह, एस. बोइपू वैफई और सिनाम प्रेमजीत सिंह, कमांडो/बिश्नुपुर कर रहे थे, और जो उप निरीक्षक लुन्थैंग के वाहन के थोड़ी पीछे से ही आ रहे थे, सड़क के बांयी तरफ कूद गए और रेंगतें हुए आगे बढ़े तथा उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा सी भी परवाह न करते हुए दो सशस्त्र युवकों के विरुद्ध, जो ए के-राइफलों से टाटा सूमो के अंदर से कमांडो की तरफ निरंतर गोलीबारी कर रहे थे, बहादुरी से गोलीबारी की। भीषण गोलीबारी के दौरान, जमादार टी एच. सुधीर सिंह, राइफलमैन एस. बोइपु वेफई और राइफलमैन सिनाम प्रेमजीत सिंह, कमांडो/बिश्नुपुर ने अपनी व्यक्तिगत जान को जोखिम में डालते हुए घटनास्थल पर ही दो सशस्त्र युवकों को मार गिराया। मारे गए दो युवकों की बाद में (i) लैमशैंग बाजार के खेदम मेमु सिंह उर्फ नोंगजु (24 वर्ष) पुत्र (एल) के एच. बीरा सिंह, पीपल्स लिब्रेशन आर्मी (पी एल ए) का स्वंभू कॉरपरल और गोलाबारुद के 10 सजीव राउंड से भरी एक मैगजीन युक्त ए के-47 राइफल बरामद की गई। (ii) टैंगजैंग सबल लेकई के मौइरैंगथैम हीरामणी सिंह उर्फ मोचा (32 वर्ष), पुत्र (एल) एम. पूर्णा सिंह, पी एल ए के लड़ाकू ग्रुप के एक कट्टर सदस्य और एक मैगजीन के साथ-साथ एक ए के-47 राइफल बरामद की गई, के रुप में पहचान की गई। बेहतर पोजीशन में होने के बावजूद सशस्त्र युवक राइफलमैन थोंगबैम देबन सिंह के साथ-साथ हवलदार अथीशो डेविड चलई पर भारी पड़ रहे थे और राइफलमैन दैंगसावा मैथ्यू मारिंग पोजीशन से चतुराईपूर्ण ढंग से जमीन पर लेटते हुए और बहादुरी के साथ आगे रेंगते हुए उन सशस्त्र युवकों की ओर बढ़े जो लोबुक (एल ओ यू बी यू के) (धान के खेत) के लौरी (रिज) के पीछे पोजीशन लिए हुए थे। युवकों के लाभप्रद स्थिति में होने के बावजूद, हवलदार अथीशो डेविड चलई ने राइफलमैन थोंगबैम डेबन सिंह और राइफलमैन दैंगसावा मैथ्यू मारिंग के साथ मिलकर सशस्त्र युवकों पर धावा बोल दिया। अंत में, अब कमांडो सशस्त्र युवक को मार सकते थे और उसे उन्होंने घटनास्थल (धान के खेत) पर मार गिराया। मारे गए उग्रवादी की बाद में निंगोमबैन राजू सिंह (26 वर्ष), हाओरेबी मखा लेखई (पी एल ए का कट्टर उग्रवादी) के पुत्र नित्य सिंह के रुप में पहचान की गई और मारे गए पी एल ए उग्रवादी से 14 सजीव राउंड गोलाबारुद से भरी एक मैगजीन युक्त एक ए के-47 राइफल बरामद की गई। इस प्रकार से इस भीषण मुठभेड़ में, यू.जी. गुट के एक स्वंभू कॉरपरल सहित "पीपल्स लिब्रेशन आर्मी" (पी एल ए) के चार कट्टर उग्रवादी मारे गए और उनसे निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारुद बरामद किया गया।

(i) एक ए के-56 राइफल

(ii) दो ए के-47 राइफल

(iii) एक लीथोड लांचिंग गन

(iv) ए के गोलाबारुद के 24 सजीव राऊंड

(v) ए के-राइफल की 3 मैगजीन

(vi) 6 लीथोड बम

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री बी. लुन्थांग वैफई, उप निरीक्षक, टी एच. सुधीर सिंह, जमादार, अथीशो डेविड चलई, हवलदार, एल. समनंदा सिंह, राइफ़लमैन, एस. बोइपू वैफई, राइफलमैन, थोंगबैम देवन सिंह, राइफलमैन, दैंगसावा मैथ्यू मारिंग, राइफलमैन और एस. प्रेमजीत सिंह, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23 जनवरी, 2006 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 56-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, राजस्थान पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सुरेश चन्द्र मीणा,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

8.4.2003 को श्री एस सी मीणा, कांस्टेबल बेल्ट सं. 137, जो सर्किल ऑफिसर सिटी वेस्ट उदयपुर के साथ कमांडो के रुप में तैनात थे, पुलिस स्टेशन हाथीपोल, जिला उदयपुर के दैनिकी रजिस्टर में नोट सं. 47/8.4.2003 के अनुसार सरकारी ड्यूटी के लिए डुंगरपुर गए थे। डुंगरपुर में अपनी ड्यूटी पूरी करने के पश्चात श्री मीणा 10.4.2003 की रात को अहमदाबाद-दिल्ली मेल द्वारा वापिस उदयपुर जा रहे थे। डुंगरपुर रेलवे स्टेशन से चलने के 30 मिनट के पश्चात अर्थात कोटाना और ऋषभदेव रेलवे स्टेशनों के बीच कांस्टेबल ने उस रेल के डिब्बे के दूसरे हिस्से में, जिसमें वह यात्रा कर रहे थे, मदद के लिए चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनी। कांस्टेबल मीणा तत्काल उस जगह पहुँचे और उन्होंने देखा कि कुछ मास्क पहने डकैत लूटपाट कर रहे थे और वे यात्रियों से धन और कीमती सामान लूट रहे थे तथा उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे थे। डकैतों की संख्या 5-6 के लगभग थी और वे सभी आग्नेयास्त्रों और चाकुओं से लैसे थे। अपनी जान की परवाह न करते हुए कांस्टेबल मीणा निहत्थे डकैतों पर कूद पड़े और उनमें से एक को पकड़ लिया। उस डकैत के गिरोह के अन्य साथियों ने अपने साथी को कांस्टेबल से छुड़ाने के लिए आग्नेयास्त्रों, चाकू और सूखी लाल मिर्च पाऊडर का इस्तेमाल किया। डकैतों में से एक ने कांस्टेबल मीणा पर गोली चलाई जिससे वह दिल के नजदीक छाती में गोली लगने से घायल हो गए। तथापि, उन्होंने डकैत पर से अपनी पकड़ ढीली नहीं की। इसी बीच डकैतों के गिरोह के अन्य तीन सदस्य गैंग के एक सदस्य द्वारा चेन खींचने के कारण धीमी हुई ट्रेन का लाभ उठाते हुए, डिब्बे से बाहर कूद गए। पुन: श्री मीणा ने अपनी छाती में से तेजी से बहते रक्त की परवाह न करते हुए और पहले डकैत को दबोचने के पश्चात, बच कर भाग रहे अन्य डकैतों को पकड़ने के लिए चलती रेल से बाहर कूद गए। डकैतों ने उन पर पुन: चाकू से और सूखी लाल मिर्च का पाऊडर फेंकते हुए हमला किया लेकिन उन्होंने एक और डकैत को काबू में कर लिया और उसे सुरक्षित उसी डिब्बे में ले गए। ज्यादा रक्त बह जाने के कारण वे शेष डकैतों का पीछा नहीं कर सके लेकिन उन्होंने घटनास्थल से आग्नेयास्त्र और कुछ सूखी लाल मिर्च का पाऊडर एकत्र किया। उनकी

हालत बिगड़ती जा रही थी क्योंकि उन्हें चिकित्सा सहायता की सख्त आवश्यकता थी। रेल के यात्रियों ने रेल को नजदीक के रेलवे स्टेशन तक चलने के लिए जोर दिया जहां वे कुछेक यात्रियों की मदद से डकैतों के लिए पुलिस की हिरासत सुनिश्चित कर सकते थे और अपनी छाती में लगी गोलियों को निकालने के लिए चिकित्सा सहायता प्राप्त कर सकते थे। तथापि, उनकी नाजुक स्थिति के कारण उन्हें उदयपुर में एम बी कॉलेज हॉस्पिटल में भेजा गया जहां वे लंबे उपचार के पश्चात ठीक हुए और उसके बाद ठीक होने पर वे ड्यूटी पर गए। कांस्टेबल एस.सी. मीणा बेल्ट सं. 137 की बहादुरी पूर्ण इस कार्रवाई से कुछ विदेशी पर्यटकों सहित बड़ी संख्या में यात्रियों की जान-माल की रक्षा हुई और उन्होंने उनकी ड्यूटी के प्रति समर्पण की भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कांस्टेबल द्वारा पकड़े गए डकैतों पर मुकद्दमा चलाया गया और उन्हें सात वर्ष की सजा दी गई और उन पर 21,000/-रु. का जुर्माना लगाया गया। सेशन न्यायाधीश अजमेर के न्यायालय ने अपने निर्णय में कांस्टेबल की बहादुरी की प्रशंसनीय कार्रवाई का विशेष रुप से उल्लेख किया और उन्हें सिद्धदोषियों के जुर्माने से 10,000/-रु. का नकद पुरस्कार देने का निर्णय दिया।

इस मुठभेड़ में, श्री सुरेश चन्द्र मीणा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 अप्रैल, 2003 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 57-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. फर्मूद अली पुंडीर,
   उप निरीक्षक
2. राकेश कुमार यादव,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

श्री एन पी सिंह, सी ओ सिटी प्रथम, अलीगढ़ को 25.4.05 को एक व्यक्ति नामत: इस्लाम से एक लाइसेंसी रिवाल्वर के साथ-साथ 4000/-रु. की लूटपाट की सूचना आर टी सेट से प्राप्त हुई। श्री एन पी सिंह ने सभी संबंधित पुलिस स्टेशनों को हीरो होंडा मोटरसाईकल का प्रयोग करते हुए अपराधियों की खोज करने का अनुदेश दिया। श्री एन पी सिंह अपने वाहन में गोंडा मार्ग जाने के लिए तलासपुर पुलिया की ओर बढ़े। श्री एन पी सिंह ने दो युवकों, जिन पर अपराधी होने का संदेह प्रतीत होता था, को एक मोटरसाईकल से आते देखा और उन्होंने श्री एन पी सिंह के वाहन की नीले रंग की लाइट को देखने पर अपनी मोटरसाईकल तेजी से वापिस मोड़ ली। श्री सिंह ने सी सी आर को स्थिति की सूचना देते हुए उनका पीछा किया। श्री सिंह ने भाग रहे अपराधियों को उच्च स्वर में रुकने के लिए

ललकारा लेकिन अपराधियों ने श्री सिंह को मारने की मंशा से उन पर गोलियां चला दीं लेकिन वे जरा सा बच गए। उस समय तक उप निरीक्षक श्री फर्मूद अली पुंडीर, प्रभारी एस.ओ.ज़ी. ने श्री सिंह को सूचित किया कि वे कुछ बल के साथ तलासपुर पुलिया पहुँच गए हैं, तब श्री सिंह ने प्रभारी एस.ओ.जी. को सूचित किया कि अपराधी तलासपुर पुलिया की ओर बढ़ रहे हैं और वे उनका पीछा कर रहे हैं। श्री एन पी सिंह ने श्री पुंडीर को अपने वाहन को उचित तरीके से तिरछा करके अपराधियों के रास्ते को रोकने का आदेश दिया। श्री पुंडीर ने रास्ते को रोक दिया और तब अपराधी और कोई विकल्प न देखकर खेतों की ओर भाग लिए। अपराधियों ने अपना वाहन छोड़ दिया और खेतों के पास एक चारदिवारी के पीछे पोजीशन ले ली। श्री सिंह ने शीघ्रता से बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया और अपराधियों की तलाश हेतु पुलिस पार्टी की मदद के लिए पुलिस वाहनों के चालकों को अपने वाहनों की हैड लाइटें जलाने का आदेश दिया। श्री सिंह ने उप निरीक्षक को अपने दायीं तरफ आगे बढ़ने के लिए कहा और उन्होंने स्वयं चारदिवारी के नजदीक कोने में पोजीशन ले ली और पुनः अपराधियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। उनकी इस आवाज पर अपराधियों ने गोलियां चलाई और श्री सिंह को बचाने में वह चारदिवारी का कोना उनके लिए भाग्यशाली सिद्ध हुआ। प्राणों के उच्चतम जोखिम में भी अपनी ज़िंदगी की परवाह किए बगैर श्री सिंह एक हाथ में टार्च लेकर दूसरे हाथ से अपराधियों पर गोलियाँ चलाते रहे। एस.ओ.जी. प्रभारी श्री पुंडीर और उसके साथ चल रहे बल ने भी अपराधियों पर गोलीबारी की। जब अपराधियों की ओर से की जाने वाली गोलीबारी रुक गई तब श्री एन.पी. सिंह पुलिस बल के अन्य सदस्यों के साथ सावधानीपूर्वक आगे बढ़े और उन्होंने अपराधियों में से एक अपराधी को वहां मृत पाया। उस अपराधी की कुख्यात शंकर उर्फ शंकरिया के रुप में पहचान की गई, जिस पर 20,000/-रु. का ईनाम था और जो 45 जघन्य अपराध संबंधी मामलों में संलिप्त था। इस मुठभेड़ के दौरान श्री एन पी सिंह सी.ओ. सिटी प्रथम के दायें हाथ का अग्र भाग गोली लगने से घायल हो गया लेकिन उस बहादुर अधिकारी ने जख्मी होने के बावजूद उस हाथ से गोलीबारी जारी रखी। उप निरीक्षक फर्मूद अली पुंडीर और कांस्टेबल 181 सी.पी. राकेश कुमार भी जख्मी हो गए। निम्नलिखित बरामदगियां की गईं :-

(1) फैक्टरी निर्मित एक पिस्तौल, 20 सजीव और 10 खाली राऊंड।
(2) एक रिवाल्वर, वेबले स्कॉट (इग्लैंड निर्मित), 02 खाली राऊंड।
(3) एक मोटरसाईकल सं. यू.पी-81 एल 6977
(4) लूटे गए 4000/-रु.

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री फर्मूद अली पुंडीर, उप निरीक्षक और राकेश कुमार यादव, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25 अप्रैल, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 58-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री जस बहादुर थापा,
हवलदार/सामान्य ड्यूटी

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

15 फरवरी, 2006 को काकचिंग खुनोऊ के आम क्षेत्र में ऑपरेट कर रहे सशस्त्र उग्रवादियों की मौजूदगी के संबंध में विशिष्ट सूचना के आधार पर एक ऑपरेशन की योजना तैयार की गई। गांव की ओर जाने वाले उन मार्गों पर लैफ्टिनेंट कर्नल आर एन सिन्हा द्वारा घात लगाए जाने वाले अनेक स्थल तैयार किए जिनसे होकर उग्रवादी आमतौर पर आते-जाते थे। घात 2200 बजे तक बिछाई गई थीं। लेफ्टिनेंट कर्नल के अंतर्गत एक पार्टी काकचिंग खुनोऊ लामखई से काकचिंग खुनोऊ जाने वाली सड़क पर थे, और हवलदार सामान्य ड्यूटी जस बहादुर थापा पार्टी के स्काऊट का नेतृत्व कर रहे थे। लगभग 2330 बजे हवलदार जस बहादुर थापा नें घात वाली जगह की ओर दो संदिग्ध उग्रवादियों को आते देखा। हवलदार सामान्य ड्यूटी जस बहादुर थापा ने उन व्यक्तियों को ललकारा और ललकारे जाने पर उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी और अंधेरे में घनी झाड़ियों का लाभ उठाकर बच कर भागने का प्रयास किया। हवलदार सामान्य ड्यूटी जस बहादुर थापा ने धैर्य, साहस और मानसिक संतुलन का प्रदर्शन करते हुए अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उग्रवादियों द्वारा की जा रही प्रभावी गोलीबारी के बीच भाग रहे उग्रवादियों में से एक का पीछा किया और काफी निकट की लड़ाई में उसे मार गिराया। मुठभेड़ स्थल की बाद में ली गई तलाशी के दौरान, एक ए के-47 जड़ित बट, एक ए के-47 मैगजीन, ए के-47 के सात सजीव राऊंड और ए के-47 के 12 दागे गए खोल बरामद किए गए। मारे गए उग्रवादी की बाद में यू एन एल एफ, भारत सरकार द्वारा एक प्रतिबंधित गुट, के इलैंगबम ब्रोइनाओ के रुप में की गई। हवलदार सामान्य ड्यूटी जस बहादुर थापा ने ऑपरेशन के दौरान अनुकरणीय साहस और ड्यूटी के प्रति असाधारण समर्पण की भावना का प्रदर्शन किया। उन्होंने बच कर भाग रहे उग्रवादी का पीछा किया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा सी परवाह न करते हुए उस पर अचूक गोलीबारी की जिसके परिणामस्वरुप वह उग्रवादी मारा गया।

इस मुठभेड़ में, श्री जस बहादुर थापा, हवलदार/सामान्य ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 फरवरी, 2006 से दिया जाएगा ।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 59-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

(1) इनाहो सुमी,
राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी

(2) सुलक्षण कुमार,
राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

16 फरवरी, 2006 को लगभग 1500 बजे कानालोक नदी पार से कंपनी ऑपरेशन बेस के दो लॉक्स ईस्ट से एगिजेंग स्थित कंपनी ऑपरेशन बेस आतंकवादियों (यू एन एल एफ आतंकवादी) की ओर से प्रक्षेपित मोर., लीथोड और एस ए की गोलीबारी की जद में आ गए। कंपनी ऑपरेशन बेस की टुकड़ियों की ओर से मोर., ए जी एस और एस ए से जवाबी गोलीबारी की गई। कंपनी ऑपरेशन बेस एगिजेंग में गोलीबारी के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर, कंपनी ऑपरेशन बेस में कुमुक भेजने के लिए दो टुकड़ी तैयार की गई। 20 ओ आर एस युक्त क्यू आर टी कमांडेंट्स की बनी एक टुकड़ी लगभग 1600 बजे चतुराईपूर्ण ढंग से घात लगाते हुए पैदल एगिजेंग की ओर बढ़ी। लगभग 1745 बजे जब टुकड़ी कंपनी ऑपरेशन बेस एगिजेंग से लगभग 2.5 कि.मी. दूर थी तभी उन पर गांव मौलनुआम आर एम 3111 के आम क्षेत्र में आर पी जी, लिथोड और एस ए से गोलीबारी की गई। यू एन एल एफ आतंकवादियों ने टुकड़ी पर साजिक-ऐगिजेंग (आर एम-316104) के पूर्वी तरफ के ऊँचे हिस्से से गोलीबारी की। क्यू आर टी ने तत्काल घात लगा कर जवाबी कार्रवाई की और वे आतंकवादियों द्वारा किए जा रहे हमले को नाकाम करने के लिए फुर्ती से आगे बढ़े। उन्होंने साथ ही ए के-47, इनसास और एल एम जी से कारगर रुप से गोलीबारी भी की। कार्रवाई के दौरान, राइफलमैन/जी डी सुलक्षण कुमार, जो स्काऊट नं. 2 थे, की दायीं टांग में जी एस डब्ल्यू लगी। राइफलमैन/सामान्य डयूटी इनाहो सुमी और राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी सुलक्षण कुमार द्वारा की गई घात विरोधी ठोस कार्रवाई ने यू एन एल एफ आतंकवादियों को उस स्थल से भागने पर विवश कर दिया। निडरतापूर्वक की गई इस कार्रवाई से एक आतंकवादी मारा गया और दो अन्य घायल हो गए। घायल होने के बावजूद राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी सुलक्षण कुमार कंपनी ऑपरेशन बेस एगिजेंग तक पूरे रास्ते पैदल पहुंचे। उन्हें राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी इनाहो सूमी से काफी मदद मिली। ये दोनों कार्मिक अपनी बहादुरी भरी कार्रवाई से आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले का जवाब देने में समर्थ हो सके और इस प्रक्रिया में एक आतंकवादी मारा गया और दो अन्य घायल हो गए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री इनाहो सुमी, राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी और सुलक्षण कुमार, राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16 फरवरी, 2006 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 60-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

(1) अरुण कुमार भट्टा
राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी

(2) लोईटोंगबाम जॉयचन्द्रा सिंह,
राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

राइफलमैन सामान्य ड्यूटी अरुण कुमार भट्ट कंपनी आसूचना टीम का हिस्सा थे। 7 नवम्बर, 2005 को विशिष्ट सूचना के आधार पर मोबाइल वाहन जांच चौकी स्थापित की गई। जांच चौकी पर एक मारुती कार को रोका गया और तलाशी लेने पर एक .303 राइफल बरामद की गई। राइफलमैन भट्ट ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए कांगलेईपाक कॉम्यूनिस्ट पार्टी (पृथ्वी) के स्वंभू सार्जेंट चौनगाम्बा को काबू में कर लिया जो भागने का प्रयास कर रहा था। गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कंपनी कमांडर द्वारा कई स्तरों पर घात बिछाई गई। 8 नवम्बर, 2005 को राइफलमैन सामान्य ड्यूटी लोईटोंगबाम जॉयचन्द्रा सिंह जो एक टुकड़ी का हिस्सा थे उन्होंने फाखनुंग पर्वत पर घात बिछाई। उन्हें घात टुकड़ी बनाते समय स्काऊट के रुप में कंपनी कमांडर द्वारा चुना गया था। राइफलमैन भट्ट घात टुकड़ी का भी हिस्सा थे। 0300 बजे राइफलमैन जयचन्द्र ने घात वाले स्थान की ओर दो संदिग्ध लोगों को आते महसूस किया। उन्होंने चुपचाप प्रतीक्षा की और उसी समय उन संदिग्धों के बारे में अपने टुकड़ी कमांडर मेजर उदय गनपतराव जरांदे को संकेत दिया। जब उग्रवादी काफी नजदीक पहुंचे तब टुकड़ी ने उग्रवादियों के छिपने के स्थान पर हमला कर दिया। उग्रवादियों ने तत्काल ही इनकी टुकड़ियों पर पलट कर गोलीबारी कर दी और बच कर भागने का प्रयास किया। राइफलमैन भट्ट ने आड़ लेने वाली जगह पर छलांग लगा दी और भाग रहे आतंकवादियों को उलझाए रखा। इसी बीच राइफलमैन जॉयचन्द्रा लाभप्रद स्थिति की ओर रेंग कर पहुंच गए और उन्होंने आतंकवादियों के बच कर भाग निकलने के रास्ते को बंद कर दिया और भाग रहे आतंकवादियों को उलझा लिया। इस साहसिक ऑपरेशन में दो आतंकवादी मारे गए और एक ए के-47 राइफल, दो पिस्तौलें बरामद की गईं।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री अरुण कुमार भट्टा, राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी और लोईटोंगबाम जॉयचन्द्रा सिंह, राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 नवम्बर, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं० 61-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

(1) तुला राम राणा
राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी

(2) सत्यनारायण प्रसाद
नायब सूबेदार

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

कुम्बी गांव में सशस्त्र प्रीपाक आतंकवादियों की गतिविधियों के संबंध में सूत्रों से विशिष्ट जानकारी के आधार पर, दो टुकड़ियां तैयार की गईं, जिनमें प्रत्येक टुकड़ी में भूतपूर्व कुम्बी कंपनी ऑपरेशन बेस के एक कनिष्ठ कमीशन अधिकारी और 12 अन्य रैंक के अधिकारियों को शामिल किया गया। यह टुकड़ी तुरंत हरकत में आ गई। जे सी-74130 एक्स नायब सूबेदार (सामान्य ड्यूटी) सत्यनारायण प्रसाद के नेतृत्व में प्रथम टुकड़ी 10 सितम्बर, 2005 को लगभग 2245 बजे जब कुम्बी गांव के वार्ड सं. 9 से गुजर रही थी की तभी उन पर पास ही में छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा दो दिशाओं से गोलीबारी की गई। अपनी टुकडी को खतरे में भांपकर, नायब सूबेदार (सामान्य ड्यूटी) सत्यनारायण प्रसाद ने अपने स्कॉऊटों को घात लगाकर जवाबी कार्रवाई करने के लिए सतर्क किया, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा सी भी परवाह न करते हुए, बटालियन के लिए युद्ध की सी स्थिति मानते हुए नायब सूबेदार (सामान्य ड्यूटी) के साथ स्कॉऊट सं. 2 जी/76104 पी राइफलमैन (सामान्य ड्यूटी) तुला राम राणा ने अपनी ए के-47 से गोलीबारी करते हुए आतंकवादियों पर झपटे और घटनास्थल पर एक आतंकवादी को मार गिराया और पांच अन्य को घायल कर दिया। राइफलमैन तुला राम राणा और नायब सूबेदार सत्यनारायण प्रसाद की ओर से की गई गोलीबारी और आतंकवादियों में से एक को मरा हुआ देखकर आतंकवादियों का धैर्य जवाब दे गया और वे अंधेरे की आड़ लेते हुए पीछे हट गए तथा वे झील की ओर बच कर भाग गए। मुठभेड़ लगभग 10 मिनट तक चली और निम्नलिखित मदें बरामद की गईं:-

(i) आतंकवादी की प्रीपाक आतंकवादी लांस. कोरपोरल कोंन्जेंगबाम बॉबी उर्फ थोईथोईबा उर्फ रोबिन्द्रो, आयु 21 वर्ष, निवासी मोईरंग ओक्रयोंगबुंग के रुप में पहचान की गई।

(ii)	ए के-47	-	01
(iii)	ए के-47 मैगजीन	-	03
(iv)	ए के-47 के सजीव राऊंड	-	151 राऊंड
(v)	ब्लैक वेब बेल्ट के साथ पाऊच	-	01
(vi)	पानी की बोतल	-	01

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री तुला राम राणा, राइफलमैन/सामान्य ड्यूटी और सत्यनारायण प्रसाद, नायब सूबेदार ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 सितम्बर, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 62-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अलेम ए ओ,
नायब सूबेदार

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

30 सितम्बर, 2005 को एक सिविल वाहन में शस्त्र और गोलाबारुद के साथ आतंकवादियों की गतिविधि के संबंध में विश्वसनीय सूत्र से विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, कनिष्ठ कमीशन अधिकारी सं. 3800026 वाई नायब सूबेदार/सामान्य ड्यूटी अलेम अओ के नेतृत्व में "ए" कंपनी की एक टुकड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर चल रहे वाहनों की जांच करने हेतु कंपनी ऑपरेशनल बेस (आर एम 2289) की ओर रवाना हो गई। 30 सितम्बर, 2005 को 0600 बजे गांव मोईडैंगपोक (आर एम 2884) के निकट नायब सूबेदार/सामान्य ड्यूटी अलेम अओ के नेतृत्व में एक मोबाइल वाहन जांच चौकी की स्थापना की गई। 0615 बजे नायब सूबेदार अलेम अओ ने एक वाहन को रोका जिसका पंजीकरण संख्या एम एल-06 एल 1746 था, और जो संदेहास्पद स्थिति में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर इम्फाल की ओर जा रहा था। सुरक्षा बल द्वारा स्थापित मोबाइल वाहन जांच चौकी को देखकर, आतंकवादियों ने वाहन छोड़ दिया और नजदीक के गांव की ओर भाग गए। तत्काल नायब सुबेदार अलेम अओ ने प्रभारी कंपनी कमांडर 50781 ए मेजर विक्रम सिंह को मामले की जानकारी थी और इसी बीच उस क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। मेजर विक्रम सिंह ने अपनी क्यू आर टी के साथ "ए" कंपनी की टुकड़ी द्वारा रोके जाने के बाद कार्रवाई की और भाग रहे आतंकवादियों को रोकने हेतु गांव मोईडेंगपोक के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्र की तत्काल घेराबंदी की। तलाशी के दौरान नायब सूबेदार/सामान्य ड्यूटी अलेम ए ओ पार्टी द्वारा ए के-47 राइफलों द्वारा की गई गोलीबारी से आतंकवादियों को काबू में कर लिया गया। आतंकवादियों द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई से पहले नायब सूबेदार अलेम ए ओ के नेतृत्व वाली टुकड़ी ने उस घर की घेराबंदी कर दी जहां दोनों आतंकवादियों ने पनाह ले रखी थी। सुरक्षा बलों द्वारा घर की घेराबंदी होने को भांपकर आतंकवादियों ने खिड़की से बच कर भागने का प्रयास किया। नायब सूबेदार/सामान्य ड्यूटी अलेम ए ओ ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा सी भी परवाह किए बिना पहल की और बच कर भाग रहे आतंकवादियों में से एक पर झपट पड़े और उसे पकड़ लिया, लेकिन दूसरा आतंकवादी बच कर भागने में सफल हो गया। व्यापक रुप से तलाशी के बाद निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारुद बरामद किया गया:-

(क):	ए के-47 राइफल	-	02 नग
(ख)	ए के-47 के सजीव राऊंड	-	34 नग
(ग)	9 एम एम पिस्तौल	-	01 नग
(घ)	9 एम एम पिस्तौल के सजीव राऊंड	-	03 नग
(ङ)	मारुति कार	-	01 नग

इस मुठभेड़ में, श्री अलेम ए ओ, नायब सूबेदार ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30 सितम्बर, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 63-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1. **ससींदरन एम.,**
   सहायक कमांडेंट
2. **सोंगटेन लेपचा**
   हैड कांस्टेबल
3. **केसरी दास**
   हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

सहायक कमांडेंट, 14 आर श्री ससींदरन एम द्वारा निभाई गई भूमिका

मणिपुर के सेनापति जिले में कालापहाड़ आर जी 4122 सामान्य क्षेत्र में नेपाली गांव वालों के अपहरण, जबरन धन ऐंठने और उन्हें डराने धमकाने में संलिप्त नेंशनल सोसलिस्ट काऊंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) केडरों के बारे में उच्च मुख्यालयों सहित स्रोतों से लगातार सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। 04 जनवरी को लगभग 1930 बजे के आसपास कालापहाड़ सामान्य क्षेत्र में धन ऐंठने में संलिप्त नेशनल सोसलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) केडर के तीन से चार सशस्त्रधारियों के बारे में विशेष सूचना पर आधारित, भूतपूर्व कांगपोक्पी कम्पनी ओपरेटिंग बेस की दो टुकड़िया द्रुत गति से उस क्षेत्र की ओर भेजी गई। आई सी-60141 वाई मेजर मुकुन्द एम जी के अधीन एक टुकड़ी ने संदिग्ध स्थान के आसपास डेरा डाल लिया और ए आर 247 एल सहायक कमांडेंट ससींदरन एम के अधीन दूसरी टुकड़ी पुलिस प्रतिनिधि के साथ कालापहाड़ मार्केट पहुंची। जिस स्थाम पर डेरा डाला गया था वहां ए आर 247 एल सहायक कमांडेंट ससींदरन ने अपनी पार्टी के साथ तलाशी लेनी शुरु की। सुरक्षा बलों को आते देखकर चार संदिग्ध सशस्त्रधारी विपरीत दिशा में गांव मेकहा आर जी 4022

की ओर भागे। ए आर -247 एल सहायक कमांडेंट ससींदरन एम ने अपनी पार्टी के साथ अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए संदिग्धों के पीछे पूरी ताकत से भागे। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद संदिग्ध व्यक्ति नहीं रुके और उन्होंने पीछा छुड़ाने और बचने के लिए जवानों पर गोलीबारी शुरु कर दी। उग्र उत्तेजना के बावजूद ए आर-247 एल सहायक कमांडेंट ससींदरन एम ने निर्मित क्षेत्र के नजदीक होने के कारण जवाबी कार्रवाई में दृढ़ निश्चय का परिचय दिया। अधिकारी ने अदम्य साहस और अनुकरणीय आदेश के अवर नेतृत्व का परिचय दिया और आदेश के अवर नेतृत्व का परिचय दिया और संदिग्धों का बचकर न भागना सुनिश्चित किया। भारी गोलीबारी में आई सी-60141 वाई मेजर मुकुन्द एम जी के नेतृत्व में घात दल के संयोजन में ए आर-247 एल सहायक कमांडेंट ससीधरन एम के नेतृत्व में जवानों द्वारा नेशनल सोशलिस्ट काऊंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) केडर के चार उग्रवादी मारे गए। अंधाधुंध गोलीबारी करने वाले सशस्त्र आतंकवादियों का पीछा करते हुए और अंत में उन्हें मार गिराने में ए आर-247 एल सहायक कमांडेंट ससीधरन एम और उनकी पार्टी ने बहादुरी का प्रदर्शन किया और सेवा की उत्कृष्ट परम्परा का और कर्तव्य निष्ठा का प्रदर्शन करते हुए अपने सिपाहियों का और कोई संपार्श्विक नुकसान नहीं होने दिया। ए आर-247 एल सहायक ससीधरन एम द्वारा प्रदर्शित बहादुरी के परिणामस्वरुप नेशनल सोसलिस्ट काऊंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) केडर के चार उग्रवादियों को खत्म किया जा सका और उनसे शस्त्र, गोलाबारूद और अभिषंसी दस्तावेज भी बरामद किए गए।

श्री सोंगटेन लेपचा, 14 ए आर द्वारा निभाई गई भूमिका

कालापहाड़ आर जी 4122 गांव में ग्रामीणों से धन ऐंठने और उन्हें डराने धमकाने में संलिप्त नेशनल सोसलिस्ट काऊंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) केडर के बारे में आई सी-60141 वाई मेजर मुकुंद एम जी द्वारा 04 जनवरी, 2006 को लगभग 1930 बजे के आसपास विशेष सूचना प्राप्त हुई। स्टॉप पार्टी कमांडरों में से एक संख्या जी/144132 एच हवलदार सामान्य डयूटी सोंगटेन लेपचा को बाहरी घेरे में तैनात किया गया। ऑपरेशन में उच्च स्तर के आत्मसंयम की आवश्यकता थी क्योंकि वह क्षेत्र जनसंख्या बहुल था और सिविलियनों के घायल होने की संभावना ज्यादा थी। तलाशी पार्टी द्वारा पीछा किए जा रहे हैं चार आतंकवादियों ने तलाशी पार्टी पर गोलीबारी करते हुए उनके संपर्क को तोड़ने की कोशिश की। उनको घेराबंदी दल द्वारा अवरूद्ध करके रूकने के लिए ललकारा गया। आई सी-60141 वाई मेजर मुकुंद एम जी के नेतृत्व में स्टॉप पार्टी ने जहां दो आतंकवादियों को मार गिराया वहीं दो अन्य आतंकवादी अंधेरे और तारतम्य टूटने का फायदा उठाते हुए आंतरिक घेरे से बच निकले। संख्या जी/ 144132 एच हवलदार सामान्य डयूटी सोंगटेन लेपचा ने नाइट विजन डिवाइस के माध्यम से उन आतंकवादियों की गतिविधियों का पता लगाया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, बड़ी तेजी से उनका पीछा किया।

उन्होंने निर्मित क्षेत्र की निकटता और अपने सैनिकों के हताहत होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए गोलबारी का जबाव देते समय पूर्ण आत्मसंयम का प्रदर्शन किया। प्रभावपूर्ण गोलीबारी के बावजूद उन्होंने निकट लड़ाई में दो आतंकवादियों को मार गिराया। संख्या जी/144132 एच हवलदार सामान्य डयूटी सांगटने लेपचा ने अपने सैनिकों और किसी अन्य नुकसान के बिना जिस प्रकार आतंकवादियों को फंसाने और मार गिराने में जिस अदम्य साहस और वीरता का प्रदर्शन किया वह उनकी कर्त्तव्यनिष्ठा की पराकाष्ठा है। इस कार्य के परिणामस्वरूप ही नेशनल सोसलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) केडर के चार दुर्दांत उग्रवादियों को मारा जा सका और उनसे शस्त्र, गोलाबारूद और अभिषंसी दस्तावेजों की बरामदगी की गई। संख्या जी/144132 एच हवलदार सामान्य डयूटी सोंगटेन लेपचा की कर्त्तव्यनिष्ठा और कुशाग्र पेशावरी से किए गए उनके गौरवशाली कृत्य से संगठन के सभी रैंकों के अधिकारियों को प्रेरणा मिलेगी।

श्री केसरी दास, 14 ए आर द्वारा निभाई गई भूमिका

कालापहाड़ आर जी 4122 के सामान्य क्षेत्र में नेपाली गांव वालों के अपहरण, जबरन धन ऐंठने और उन्हें डराने धमकाने में संलिप्त नेशनल सोसलिस्ट काऊंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) केडर के बारे में उच्च मुख्यालयों सहित स्रोतों से नियमित सूचनाएं प्राप्त हो रही थी।जनवरी को लगभग 1930 बजे के आस पास कालापहाड़ सामान्य क्षेत्र में धन ऐंठने में शामिल क्षेत्र में धन ऐंठने में शामिल नेशनल सोसलिस्ट काऊंसिल ऑफ नागालैंड (खांपलांग) संगठन के तीन से चार सशस्त्रधारियों के बारे में विशेष सूचना पर आधारित भूतपूर्व कांगपोक्सी कम्पनी ओपरेटिंग बेस की दो टुकड़िया द्रुत गति से भेजी गई। आई सी 60141 वाई मेजर मुकुन्द एम जी के अधीन एक टुकड़ी ने संदिग्ध स्थान के आसपास डेरा डाल लिया और ए आर-247 एल सहायक कामंडेंट ससीदरन एम के अधीन दूसरी टुकड़ी पुलिस प्रतिनिधि के साथ कालापहाड़ मार्केट पहुंची। ए आर- 247 एल सहायक कमांडेंट ससीधरन एम के नेतृत्व में संख्या जी/143542 एम हवलदार सामान्य डयूटी केसरीदास ने, पार्टी के शेष सदस्यों के साथ उस क्षेत्र की तलाशी लेनी शुरू की जहां उन्होंने डेरा डाला था। सुरक्षा बलों को आते देखकर चार संदिग्ध सशस्त्रधारी विपरीत दिशा में गांव मे कहा आर जी 4022 की ओर भागे। संख्या जी/143542 एम हवलदार सामान्य डयूटी केसरी दास ने अपनी पार्टी के साथ अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए, जबरदस्त पीछा करते हुए संदिग्धों के पीछे भागे। बार बार चेतावनी देने के बावजूद संदिग्ध व्यक्ति नहीं रुके और उन्होंने पीछा छुड़ाने और बचने के लिए जवानों पर गोलीबारी शुरु कर दी। निर्मित क्षेत्र के नजदीक होने होने के बावजूद संख्या जी/14352 एम हवलदार सामान्य डयूटी केसरीदास ने गोलीबारी करने में आत्मसंयम का परिचय दिया। गैर कमीशन अधिकारी ने अदम्य साहस और अनुकरणीय आदेश के अवर नेतृत्व का परिचय दिया और यह सुनिश्चित किया कि संदिग्ध व्यक्ति बचकर न भाग सकें। भारी गोलीबारी में आई सी -

60141 वाई मेजर मुकुन्द एम जा के नेतृत्व में घात दल के संयोजन में ए आर 247 एल सहायक कमांडेंट ससींदरन एम के नेतृत्व में जवानों ने नेशनल सोसलिस्ट काऊंसिल आफ नागालैंड (खापलांग) के चार उग्रवादियों को मार गिराया। अंधाधुंध गोलीबारी में शामिल सशस्त्र आतंकवादियों का पीछा करते हुए संख्या जी/143542 एम हवलदार सामान्य डयूटी केसरी दास और उसकी पार्टी ने अदम्य साहस और निर्भीकता का प्रदर्शन किया और सेवा की उत्कृष्ठ परम्परा और कर्तव्य निष्ठा का प्रदर्शन करते हुए अपने सिपाहियों को और किसी अन्य नुकसान के बिना अतत: उन्हें मार गिराया। संख्या जी/143542 एम हवलदार सामान्य डयूटी केसरी दास के बहादुरी पूर्ण प्रदर्शन के परिणामस्वरूप ही नेशनल सोसलिस्ट काऊंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) के चार दुर्दांत उग्रवादियों को मारा जा सका और उग्रवादियों से शस्त्र, गोलाबारूद और अभिषंसी दस्तावेज बरामद किए जा सके।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री ससींदरन एम, सहायक कमांडेंट, सोंगटेन लेपचा, हेड कांस्टेबल और केसरी दास, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4 जनवरी, 2006 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 64-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. **गुलाम मुस्तफा अंसारी**
   हवलदार
2. **मोहम्मद रियाजुद्दीन,**
   राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

25 अप्रैल 2006 को जी/ 3200342 ए हवलदार (सामान्य ड्यूटी) गुलाम मुस्तफा अंसारी और जी/3200321 के राइफलमैन मोहम्मद रियाजुद्दीन, मणिपुर में थोबल जिले के केबोंग क्षेत्र में विद्रोह विरोधी अभियानों के लिए मेजर निशांत नायर के नेतृत्व वाली टुकड़ी का एक हिस्सा बने। जब वे 0030 बजे, केबोंग से चिंखाम गांव की ओर मेजर निशांत के साथ अग्रिम वाहन में जा रहे थे कि तभी उन्होंने एक मारुती वैन को गांव मोईजैंग से नुंगई की ओर आते देखा। वैन में मौजूद व्यक्तियों ने भी अपने वाहन को देखा और फिर उसकी गति तेज कर दी। हवलदार अंसारी और राइफैलमैन रियाजुद्दीन ने भी निडरतापूर्वक उत्साह के साथ उनका तब तक पीछा किया जब तक वे नुंगई के नजदीक आतंकवादियों के निकट नहीं पहुँच गए। आतंकवादियों को वैन से बाहर निकलने के लिए ललकारे जाने पर, आतंकवादियों ने अंधेरे में बच कर भाग निकलने के प्रयास में प्रभावी गोलीबारी शुरू कर दी। काफी निकट से हो रही गोलीबारी के बावजूद, हवलदार अंसारी और राइफैलमैन रियाजुद्दीन ने आतंकवादियों को प्रभावी ढंग से उलझाए रखने में मेजर निशांत और जी/3201229 एक्स राइफलमैन को समर्थ बनाने हेतु उन्हें कवरिंग फायर प्रदान करने के लिए फुर्ती से पोजीशन ले ली, जिसके फलस्वरूप सभी चार आतंकवादियों को निष्क्रिय कर दिया गया। अत्यधिक खतरे के समक्ष निडरतापूर्वक और सुविचारित कार्रवाई के द्वारा, उन्होंने कारगर रुप से कवरिंग गोलीबारी प्रदान की और इस प्रकार से सभी चारों आतंकवादियों का सफाया करने में टुकड़ी को सहायता प्रदान की।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री गुलाम मुस्तफा अंसारी, हवलदार और मोहम्मद रियाजुद्दीन, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25 अप्रैल, 2006 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 65-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

1. श्री मोहम्मद इस्राइल,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

12 मई, 2005 को लगभग 1200 बजे, बेहिबाग, जिला- कुलगाम (जम्मू ओर कश्मीर) में तैनात 17 जे ए के राइफल के मेजर विवेक भंडारी के अनुरोध पर, सी आई पोस्ट यारीपोरा में तैनात श्री देवेश कंडवाल सहायक कमांडेट की कमान में सीमा सुरक्षा बल की 143 वीं बटालियन की "सी" कंपनी पतरीगाम-त्रिगाम के सामान्य क्षेत्र में चलाए जा रहे अभियान में शामिल हुई । योजना के अनुसार क्षेत्र को बांट लिया गया और तदनुसार सीमा सुरक्षा बल को 143वीं बटालियन की टुकड़ियों को पूर्वोत्तर दिशा से तलाशी/काम्बिग की जिम्मेदारी सौंपी गई। तलाशी अभियान के दौरान, उग्रवादियों ने 17 जे ए के राइफल की तलाशी पार्टियों पर गोलीबारी शुरु कर दी। दोनों तलाशी पार्टियां चतुराई पूर्ण ढंग से गोलीबारी करते हुए उग्रवादियों के छिपने के स्थल की ओर बढ़ी । मेजर विवेक भंडारी ने एक उग्रवादी को देख लिया और उस पर गोली चला दी। अन्य उग्रवादी जो मेजर विवेक भंडारी पर गोली चलाने वाला ही था कि तभी उसे बी एस एफ की 143 वीं बटालियन के संख्या 01121818 कांस्टेबल मोहम्मद इस्राइल ने देख लिया। मेजर विवेक भंडारी के जीवन को आसन्न खतरे में महसूस होते देखकर कांस्टेबल मोहम्मद इस्राइल ने अपने व्यक्तिगत हथियार से उस पर गोली चला दी और उस दूसरे उग्रवादी का सफलतापूर्वक सफाया कर दिया तथा इस प्रकार से मेजर विवेक भंडारी के बहुमूल्य जीवन को भी बचाया। उपर्युक्त अभियान के दौरान निम्नलिखित असला बरामद किया गया:-

i.	ए के 47 राइफल	01नग
ii.	यू बी जी एल युक्त ए के 56	01 नग
iii.	ए के श्रेणी की मैगजीन	05 नग
iv.	ए के 47 श्रेणी का गोलाबारूद	35 राऊंड
v.	यू बी जी एल ग्रेनेड	07 नग
vi.	रेडियो सेट	01 नग
vii.	मोबाइल फोन	01 नग
viii.	आजाद अहमद मलिक का पहचान पत्र	01 नग
ix.	भारतीय मुद्रा	200/-रू
x.	फोटोग्राफ	10 नग
xi.	कैमरा रोल	01 नग

इस मुठभेड़ में, श्री मोहम्मद इस्राइल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12 मई, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 66-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियो को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1. **एम एस मीणा,**
   उप निरीक्षक
2. **राय सिंह,**
   कांस्टेबल/चालक
3. **सुलेमान टिर्की,**
   हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

जम्मू और कश्मीर के बड़गाम जिले में गांव -पंजन से छिपा कर रखे गए शस्त्र और गोलाबारुद को दूसरी जगह ले जाए जाने के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर, कमांडेंट 76 बटालियन सीमा सुरक्षा बल द्वारा 1 नवंबर, 2004 को एक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरु करने हेतु एक योजना तैयार की गई। पार्टियों को घेराबंदी और तलाशी करने के लिए बांट दिया गया। गांव पंजन में पहुंचने पर, उन्होंने पीर मोहल्ले की घेराबंदी कर दी। श्री असीम शर्मा, डिप्टी कमांडेंट की कमान में पार्टी चतुराईपूर्ण ढंग से एक स्थानीय प्रशिक्षित उग्रवादी रियाज अहमद डार पुत्र गुलाम रसूल डार, के घर पर पहुंची और उन्होंने उसे पकड़ लिया। उसके घर में कतिपय विस्फोटक सामग्री और शस्त्र /गोलाबारुद की छिपी हुई रसद के संबंध में उन्हें दी गई सूचना के आधार पर, पार्टी ने उस घर की तलाशी लेनी शुरु कर दी। जब तलाशी की जा रही थी तब हैड कांस्टेबल एस टिर्की, जो उस घर के मुख्य द्वार की चौकसी कर रहे थे, ने प्रथम मंजिल पर कुछ संदिग्ध गतिविधि महसूस की और उन्होंने तत्काल उप-निरीक्षक एम एस मीणा को सतर्क कर दिया। इस पर उप निरीक्षक एम एस मीणा ने अपनी स्वयं की सुरक्षा की जरा सी भी परवाह न करते हुए घर से बाहर निकले ताकि वह प्रथम मंजिल पर उस व्यक्ति की वास्तविक स्थिति को जान सकें। इसी बीच हैड कांस्टेबल एस टिर्की ने यू बी जी एल फिट की गई ए के 47 राइफल लिए हुए का पता लगा लिया और उन्होंने तत्काल अन्य को सतर्क कर दिया तुरंत प्रतिक्रिया करते हुए, उप निरीक्षक एम एस

मीणा उस घर के बायीं तरफ कूद गए और वहां पोजीशन ले ली। उस समय तक उप निरीक्षक एम एस मीणा का उस उग्रवादी से आमना सामना हो गया और उनके कुछ करने से पहले ही उग्रवादी उनकी तथा हैड कांस्टेबल एस टिर्की की ओर गोलीबारी करते और ग्रेनेड फेंकते हुए प्रथम मंजिल पर कूद गया। उप निरीक्षक एम एस मीणा और हैड कांस्टेबल एस टिर्की दोनों बाल-बाल बचे। निडरतापूर्वक आगे बढ़ते हुए हैड कांस्टेबल एस टिर्की ने एक मानवीय कवच के रुप में सबसे आगे मोर्चाबंदी की और कवरिंग गोलीबारी की। भारी गोलीबारी का सामना कर रहे उस उग्रवादी ने पंजन कनीर सड़क के दूसरी और भागना शुरू कर दिया। यह देखने पर, कांस्टेबल चालक राय सिंह जो बी पी वाहन पर अपने हथियार के साथ तैनात थे, उच्च स्वर में चुनौती देते हुए उग्रवादी की ओर दोड़े। कांस्टेबल/चालक राय सिंह ने अत्याधिक बहादुरी का प्रदर्शन किया और भाग रहे सशस्त्र उग्रवादी का गोलीबारी करते हुए पीछा किया। उप निरीक्षक एम एस मीणा, हैड कांस्टेबल एस टिर्की और कांस्टेबल/चालक राय सिंह द्वारा की गई गोलीबारी के कारण गंभीर रुप से जख्मी हुआ वह उग्रवादी पंजन-कनीर सड़क के दूसरी तरफ एक घर में पनाह लेने में कामयाब हो गया। घर की तलाशी के दौरान, गंभीर रूप से जख्मी उग्रवादी को एक शौचालय के निकट जमीन पर पड़े हुए पाया गया। गंभीर रुप से घायल उग्रवादी ने हताशा भरे प्रयास में और तलाशी पार्टी का विनाश करने के उद्देश्य से, हैड ग्रेनेड के पिन को निकालने का प्रयास किया। यह देखते ही तलाशी पार्टी द्वारा उग्रवादी पर समन्वित गोलीबारी की गई और उस उग्रवादी को मार गिराया जिसकी बाद में दकियाबाद, फैजलबाद, पाकिस्तान के एल ई टी गुट के डिविजनल कमांडर अब्दुल मन्ना उर्फ असादुल्ला सेट कोड एम वाई पुत्र अब्दुल हफीज के रूप में शिनाख्त की गई। पकड़े गए उग्रवादी को आगे छदूरा, पुलिस थानां, बडगाम (जम्मू और कश्मीर) को सौंप दिया गया। उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर 1 ए के 47 राइफल, 5 ए के मैगजीन और ए के गोलाबारुद के 139 राउंड बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री एम एस मीणा, उप निरीक्षक, राय सिंह, कांस्टेबल/चालक और सुलेमान टिर्की, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 1 नवंबर, 2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 67-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1. जे. आर.टिर्की,
उप निरीक्षक

2. एम. तोम्बा सिंह,
कांस्टेबल

3. सुधीर कुमार,
सहायक कमांडेंट

4. अफजल खान
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

20 जनवरी, 2005 को पुलवामा जिले (जम्मू और कश्मीर) के दरूबगम गांव में आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में प्राप्त विशेष सूचना के आधार पर बी एस एफ की 71 वीं बटालियन के कमांडेंट ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए एक व्यापक कार्रवाई योजना बनाई। योजनानुसार, एस आई जे आर टिर्की के नेतृत्व में 15 अन्य रैंकों के कार्मिकों के साथ एक विशेष गश्ती दल लक्षित क्षेत्र की ओर चला। क्षेत्र में पहुंचने पर, पार्टी ने दरूबगम गांव के खेतों में दो सशस्त्र आतंकवादियों को देखा। एस आई जे आर टिर्की, कांस्टेबल एम तोम्बा सिंह और कांस्टेबल दिलबाग सिंह की सबसे आगे वाली पार्टी ने उनको ललकारा। इस पर संदिग्ध आतंकवादियों ने अपने स्थान से इस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। अच्छी मोर्चाबंदी किए हुए आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ में पार्टी ने अपनी स्थिति संभाली और कारगर रूप से गोलीबारी का जवाब दिया और अपनी अचूक गोलीबारी से वे मौके पर एक आतंकवादी को मारने में सफल रहे। दूसरा आतंकवादी घेराबंदी पार्टी पर भारी गोलीबारी करते हुए बचने के लिए जंगल की ओर दौड़ा। आतंकवादी ने उबड़-खाबड़ जमीन पर अपना मोर्चा बनाया। एस आई(SI) जे आर टिर्की ने और कुमक लगाने तथा सभी नाकों को अनुकूल बनाकर बचने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए कहा। गोलीबारी की आवाज सुनने पर, श्री सुधीर कुमार, सहायक कमांडेंट उस क्षेत्र के रास्ते में मौजूद लम्बी दूरी की गश्ती पार्टी के साथ, घटनास्थल की ओर दौड़े और ऑपरेशन में शामिल हो गए और इस प्रकार उन्होंने घेराबंदी को सुदृढ़ किया। ऑपरेशन को और तेजी से चलाने के लिए बी एस एफ की 8 वीं बटालियन के जवानों के साथ तदनुरूप समन्वय किया गया। इसी बीच थानाध्यक्ष राजपुरा भी पुलिस कार्मिकों के साथ आपरेशन में शामिल हो गए। श्री सुधीर कुमार, सहायक कमांडेंट अपनी पार्टी के साथ छिपे हुए

आतंकवादी की सही स्थिति का पता लगाने के लिए नुल्हा की तरफ से दरूबगम गांव के दक्षिण-पश्चिम की ओर गए। श्री सुधीर कुमार ने कांस्टेबल अफजल खान के साथ एक साहसपूर्ण निर्णय लिया और आतंकवादी द्वारा की जा रही लगातार गोलीबारी के बावजूद भी अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए आतंकवादी की स्थिति की ओर 15 गज के लगभग रेंगते हुए गए। दोनों ने ग्रेनेड फैंके ओर अचूक गोलीबारी की तथा दुर्दान्त आतंकवादी को मारने में सफल हो गए। मारे गए दो आतंकवादियों की पहचान बाद में फारूक अहमद बट उर्फ अरूफ अरसलान (एच एम का बटालियन कमांडर) पुत्र अमीरूल्ला बट निवासी परिगोम, पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) और तारिक अहमद खान कोड तारिक मौलवी, (एच एम गुट के "सी" श्रेणी के जिला कमांडर) पुत्र अम्मा खान निवासी सम्बल (केल्लर) , पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) के रूप में हुई और उनसे 02 ए के राईफल्स, 07 नग ए के मैगजीन और ए के गोलाबारूद के 181 राऊंद भी बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री जे आर टिर्की, उप निरीक्षक, एम. तोम्बा सिंह, कांस्टेबल, सुधीर कुमार, सहायक कमांडेंट और अफजल खान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 जनवरी, 2005 से दिया जाएगा ।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 68-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1. डी एस बरार,
उप कमांडेंट

2. जी एच खान,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

एक सूचना के आधार पर, जम्मू और कश्मीर राज्य में गांव खसीरमर, जिला पुलवामा में 9 जुलाई, 2005 को विशेष ऑपरेशन ग्रुप ने एक छापा और तलाशी अभियान चलाया। लगभग 0900 बजे, ऑपरेशन पार्टी ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और बच कर भाग निकल सकने के सभी मार्ग बंद कर दिए। श्री डी एस बरार उप कमांडेंट ने छिपने के संदिग्ध ठिकाने की ओर अनुमान लगाते हुए गोलीबारी की। इस पर, उग्रवादियों ने गोलियों की भारी बौछार शुरू कर दी और बी एस एफ पार्टी पर दो रॉकेट भी दागे, जिसकी प्रतिक्रिया में उनकी टुकड़ियों ने तुरंत जवाबी हमला किया। बगैर किसी परिणाम के दोनों पक्षों के बीच आपसी गोलीबारी लगातार लगभग एक घंटे तक चली। इस गतिरोध को तोड़ने के लिए, उग्रवादियों को निष्क्रिय करने के प्रयास में श्री डी एस बरार, उप कमांडेंट अपनी पार्टी के साथ निकट से लड़ने के लिए आगे बढे। निरंतर गोलीबारी और ग्रेनेडों के विस्फोटो के पश्चात उग्रवादी छिपने के अड्डे से बाहर निकल आया और उसने आगे बढ़ रहे एक अधिकारी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी लेकिन वह उस निर्भय अधिकारी की राइफल से निकली गोली से मारा गया। श्री डी एस बरार, डी सी ने अपनी जान और सुरक्षा की जरा सी परवाह न करते हुए उच्च स्तर की पेशावरी, दृढसंकल्प और साहस के साथ इस ऑपरेशन को चलाया। कांस्टेबल जी एच खान का असाधारण साहस कुल मिलाकर उस खतरनाक उग्रवादी का सफाया करने में सहायक सिद्ध हुआ। उन्होंने इतनी अतिसावधानीपूर्वक कार्रवाई की जिसके कारण उनकी अपनी टुकड़ियों या सिविलियनों को कोई नुकसान नहीं पहुँचा। उनकी वीरतापूर्वक की गई कार्रवाई के कारण खतरनाक"ए" श्रेणी के जे ई एम उग्रवादी को मारा जा सका जिसकी पहचान बाद में पाकिस्तान के एक निवासी तिपू भाई के रुप में की गई और उस क्षेत्र से एक उग्रवादी का शव, 01 एक ए के राइफल, 02 ए एक के मैगजीन और 5 जीवित राऊंड बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री डी एस बरार, उप कमांडेंट और जी एच खान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 9 जुलाई, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 69-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

1. श्री जाला नंदू सिंह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

16 दिसम्बर, 2004 लगभग 0640 बजे, गांव इच्चागोज, जिला पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) में उग्रवादियों की मौजूदगी के संबंध में प्राप्त विशिष्ट सूचना के आधार पर, सीमा सुरक्षा बल (बी एस एफ) की 42 वीं बटालियन द्वारा एक योजना बनाई गई तथा घेराबंदी की गई। योजनानुसार उग्रवादियों को धरने के लिए श्री एस एफ पी वाइफाई के नेतृत्व में एक लांग रेंज गश्ती दल को कतिपय पॉकटों को छोड़ते हुए गांव में छानबीन करते हुए पूर्वोत्तर दिशा से आगे बढ़ने के लिए कहा गया। स्टॉप पार्टी में से एक पार्टी ने, चुपचाप बढ़ते हुए एक उग्रवादी को देख लिया। उसे ललकारने पर, उस उग्रवादी ने पार्टी पर गोलियां चला दी। कांस्टेबल बिपुल कंवर और कांस्टेबल भीम सिंह ने जवाबी गोलीबारी की जिसके फलस्वरुप उग्रवादी जख्मी हो गया। उन्होंने उस उग्रवादी को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। जख्मी होने के बावजूद, उस उग्रवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी करना जारी रखा और उसने उबड़-खाबड़ वाले रास्ते तथा अंधेरे का लाभ उठाते हुए बच कर भागने का प्रयास किया। तथापि, दूसरी पार्टी द्वारा की गई प्रभावी गोलीबारी से उग्रवादी बच कर भाग नहीं सका। उग्रवादी ने स्टॉप पार्टी में से एक पार्टी के काफी निकट मोर्चाबंदी कर ली। चूंकि उग्रवादी रक्षात्मक स्थिति में था इसलिए स्टॉप पार्टी उसे निष्क्रिय नहीं कर सकती थी। उग्रवादी के पास उनकी टुकड़ियों को जख्मी करने का पर्याप्त मौका था। आसन्न खतरे को महसूस करते हुए, संख्या 00633896 कांस्टेबल जाला नंदू सिंह ने लड़ाई वाली पोजीशन में अपनी एल एम जी ले ली और अपनी जान की परवाह किए बिना, उस उग्रवादी पर निडरतपूर्वक धावा बोल दिया और मोर्चा संभाले उस उग्रवादी को घटनास्थल पर मार गिराया। मारे गए उग्रवादी की बाद में पहचान जिला पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) के दंगरपुरा के निवासी गुलजार अहमद मीर (सांकेतिक नाम सुलेमान) पुत्र मोहम्मद कासिम मीर के रूप में की गई। उसके कब्जे से 01 ए के राइफल, 03 ए के श्रेणी की मैगजीन और ए के गोलाबारूद के 66 राउंड बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, श्री जाला नंदू सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16 दिसंबर, 2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 70-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों का नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अमित कुमार,
   सहायक कमांडेंट
2. सुरेन्द्र सिंह
   कांस्टेबल
3. जगरूप सिंह
   कांस्टेबल
4. सुजाराम
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

एक विशेष सूचना पर, ऊधमपुर जिले (जम्मू और कश्मीर) में बखीवाल के जंगली क्षेत्र में श्री अमित कुमार, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में लम्बी दूरी के गश्ती दल ने 21 जनवरी, 2005 को एक तलाशी अभियान चलाया। लगभग 0930 बजे जब लम्बी दूरी का गश्त दल घने जंगल की ओर गया तो, उसने जंगल में आतंकवादियों के छिपने के संभावित ठिकाने की ओर जाने वाले रास्ते पर गिरी बर्फ पर पैरों के निशान देखे। श्री अमित कुमार सहायक कमांडेंट ने तुरंत स्थिति को भापा और ठिकाने की घेराबंदी करने हेतु जवानों को तैनात किया। तथापि, पार्टी द्वारा ठिकाने के प्रवेश का पता लगाने से पहले ही एक आतंकवादी ठिकाने से बाहर आया और उसने अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी जिसका तत्परता से जवाब दिया गया। इसी बीच, ऊंची पहाड़ियों पर स्थित आतंकवादियों के एक गुट ने फंसे हुए आतंकवादियों को बचाने के लिए बी एस एफ पार्टी की तरफ स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरु कर दी। जब आतंकवादियों के साथ भारी गोलीबारी हो रही थी तब कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए, उनके ठिकाने की छत में बने छेद द्वारा धीरे

से ग्रेनेड डालने के लिए ठिकाने तक गए परन्तु ऊंची छत पर मौजूद आतंकवादी ने गोलीबारी कर दी जिससे कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह घायल हो गए। घायल होने की बावजूद कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह उनके ठिकाने के भीतर ग्रेनेड फेंकने में सफल हो गए। इसी बीच कांस्टेबल जगरूप सिंह भी एल एम जी लिए हुए आगे आए और उग्रवादियों की मौजूदगी वाले ऊंचे स्थान से की जा रही गोलीबारी को निष्प्रभावी कर दिया। ऐसा करते समय उनके सिर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गए। घायल होने के बावजूद कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह और कांस्टेबल जगरूप सिंह अपनी स्थिति पर डटे रहे और आतंकवादियों पर गोलीबारी करते रहे। गोलीबारी के दौरान श्री अमित कुमार सहायक कमांडेंट भी बाएं कान में किरचे लगने से घायल हो गए। ऑपरेशन के लिए और अधिक कुमक भेजी गई। 84 एम एम सी जी आर एल और 30 एम एम ए जी एल से गोलीबारी करने के बावजूद भी उग्रवादियों के ठिकाने को नष्ट नहीं किया जा सका। छिपे हुए घायल आतंकवादी अभी भी हमलावर पार्टी को व्यस्त रखे हुए थे। कोई अन्य विकल्प न होने के कारण संख्या 010088539 कांस्टेबल सुजा राम बड़ी निडरता से रेंगते हुए ठिकाने के प्रवेश द्वार तक पहुंचे और उन्होंने ठिकाने में दो ग्रेनेड डाल दिए जिसके कारण ठिकाने से हो रही गोलीबारी बंद हो गई। ऑपरेशन 21 जनवरी, 2005 को खत्म हुआ और घायलों को ऑपरेशन बेस केम्प ले जाया गया। खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण, क्षेत्र की तलाशी 23 जनवरी, 2005 को ली गई जिसमें 01 यू जी बी एल, 01 ए के 47 मैगजीन और ए के गोलाबारूद के 34 ई एफ सी उस स्थल से बरामद किए गए। 15 मार्च, 2005 को गोली लगा एक शव नहर गली से बरामद हुआ जिसकी बाद में पहचान मोहम्मद तौशीद(कोड चिन्ह-टाइगर 02) के रुप में हुई। बर्फ के पिघलने के बाद, 6 से 12 अप्रैल, 2005 की कार्रवाई में सैनिकों को 02 नग ए के राईफल्स, 04 नग ए के मैगजीन, ए के गोलाबारूद के 114 राऊंड ओर 01 रेडियो सेट के साथ दो और शव बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अमित कुमार, सहायक कमांडेंट, सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल, जगरूप सिंह, कांस्टेबल और सुजा राम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21 जनवरी, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 71-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अब्दुल हमीद,
लांस नायक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

विशिष्ट सूचना के आधार पर, 10 मार्च, 2005 को, सीमा सुरक्षा बल (बी एस एफ) की 143 वीं बटालियन की टुकड़ी ने यारीपोरा गांव, जिला अनंतनाग (जम्मू और कश्मीर) के क्षेत्र में घात बिछाने की योजना बनाई। घात स्थल के रास्ते में 1 अधीनस्थ अधिकारी तथा 11 अन्य रैंक के अधिकारियों की एक पार्टी ने जिला अस्पताल यारीपोरा के निकट रजि. सं.जे के -03 -8538 की एक टाटा सूमो (सफेद रंग की) को रोका जो फ्रिसल टाऊन की तरफ से आ रही थी। लांसनायक अब्दुल हमीद और कांस्टेबल पी सी लालनुंट लुआंगा, जो घात पार्टी के स्काउट थे, ने ड्राइवर को इंजन और हैड लाइट बंद करने का निदेश दिया। उस वाहन में मौजूद लोगों की संदिग्ध गतिविधियां महसूस करने और यह अनुभूति होने पर कि वे उग्रवादी है, लांस नायक अब्दुल हमीद ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तथा फुर्ती का प्रदर्शन करते हुए ड्राइवर के साथ वाली सीट में बैठे उग्रवादी को खींच कर नीचे गिरा दिया। इससे पहले कि वह उग्रवादी ग्रनेड निकाल पाता लांस नायक अब्दुल हमीद ने काफी निकट की लड़ाई में उस उग्रवादी को मार गिराया। इसी बीच, अन्य उग्रवादी ने, जो उस वाहन के पीछे की सीट पर बैठा हुआ था, लांसनायक अब्दुल हमीद और कांस्टेबल पी सी लालनुंत लुआंगा पर गोलियां चला दी। जिसके फलस्वरुप कांस्टेबल पी सी लालनुंत लुआंगा के बायें हाथ का ऊपरी हिस्सा गोली लगने से जख्मी हो गया। तथापि, दूसरा उग्रवादी, जख्मी होने के बावजूद अंधेरे का लाभ उठाते हुए बचकर भाग निकलने में सफल हो गया। उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर, 01 ए के राइफल, 03 -ए के मैगजीन, ए के गोलाबारुद के 100 राऊंड और एक टाटा सूमो के साथ-साथ एक उग्रवादी का शव बरामद हुआ। मारे गए उग्रवादी की बाद में पहचान जिला कुलगाम (जम्मू और कश्मीर) के निवासी मोहम्मद सरताज अहमद डार पुत्र गुलाम मुस्तफा डार (एल ई टी गुट का जिला कमांडर) के रूप में की गई।

इस मुठभेड़ में, श्री अब्दुल हमीद, लांस नायक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 मार्च, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 72-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. **रफीक अजीज खान**
   कांस्टेबल
2. **आर एस बिष्ट**
   सहायक कमांडेंट
3. **जोगी शाह**
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

बिसमई- करमूल्ला टॉप, जिला पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) के क्षेत्र में चोटी के उग्रवादी नेता की गतिविधि के बारे में स्रोत और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अवंतीपुरा से प्राप्त एक विश्वसनीय सूचना के आधार पर 1 अक्तूबर, 2005 को एस ओ जी, त्राल के साथ मिलकर बी एस एफ की 173 वीं बंटालियन द्वारा एक विशेष अभियान शुरु किया गया। उग्रवादियों की गतिविधि के सभी संभावित रास्तों में घात बिछाई गई। लगभग 1745 बजे, जब अंधेरा हो गया, तब श्री आर एस बिष्ट, सहायक कमांडेंट और पार्टी द्वारा बिछाई गई घात में दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि महसूस की। उन्हें चुनौती दिए जाने पर उन्होंने घात पार्टी पर गोलियां चला दीं और एक ग्रेनेड फेंका। श्री आर एस बिष्ट, सहायक कमांडेंट ने तत्काल उस उग्रवादी पर अपनी ए के 47 राइफल से गोली चला दी जो उस उग्रवादी को लगी और वह नीचे गिर पड़ा। वह अधिकारी कांस्टेबल जोगी शाह के साथ उग्रवादी की ओर रेंगते हुए उसकी पोजीशन का पता करने के लिए आगे बढ़ा। तथापि, जख्मी उग्रवादी ने एक और ग्रेनेड फेंका जो एक खड्ड में गिरा और फट गया। लेकिन उससे कोई जख्मी नहीं हुआ। उस असहाय उग्रवादी ने एक और ग्रेनेड फेंकने का प्रयास किया लेकिन आसन्न खतरे को महसूस करते हुए, श्री आर एस बिष्ट, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल जोगीशाह, अपनी जान को खतरे में डालकर, उग्रवादी की ओर दौड़े तथा उसे काबू में कर लिया। पकड़े गए उग्रवादी की पहचान बाद में करमुल्ला, त्राल, जिला पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) के निवासी मुश्ताक गुज्जर पुत्र नूरिया गुज्जर (एच एम गुट) के रुप में की गई। उसे प्राथमिक चिकित्सा के लिए टाक मुख्यालय त्राल (जम्मू और कश्मीर) ले जाया गया और बाद में उसे पुलिस स्टेशन त्राल को सौंप दिया गया। दूसरा उग्रवादी अभी भी गोलीबारी कर रहा था। कांस्टेबल रफीक अजीज खान द्वारा यह अनुमान लगाए जाने पर कि इस उग्रवादी को मौजूदा पोजीशन से निष्क्रिय नहीं किया जा सकता है, वे अपनी जान की जरा सी परवाह न करते हुए अपनी पोजीशन से बाहर निकल आए और उन्होंने उस उग्रवादी पर एक सटीक गोली चलाई और उसे घटनास्थल पर ही मार

गिराया। मारे गए उग्रवादी की पहचान अब्दुल रशीद गुज्जर उर्फ बिशारत/रशीदा पुत्र गुलाम मोहम्मद गुज्जर निवासी जदिमार, मचामा, त्राल (जम्मू और कश्मीर) (एच एम गुट का ऑपरेशनल कमांडर) के रुप में की गई। वहां से 01 ए के 47 राइफल, ए के मैगजीन के 5 नग और ए के श्रेणी के गोलाबारुद के 122 राऊंड बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री रफीक अजीज खान कांस्टेबल, आर एस बिष्ट, सहायक कामांडेंट और जोगी शाह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 1 अक्टूबर, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 73-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व /श्री

1. **टेनिसन जमातिया,** **(मरणोपरांत)**
   कांस्टेबल
2. **विशरी,**
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

जनवरी/ फरवरी, 2005 के माह में राज्य विधान सभा चुनाव ड्यूटी के लिए झारखंड के जिला पलामू में सीमा सुरक्षा बल की 17 वीं बटालियन की "सी" कंपनी तैनाती की गई। इस कंपनी को पुलिस स्टेशन मनातू (झारखंड) के अंतर्गत नक्सलियों के एक गढ़ अर्थात् मितर मतदान केन्द्र में पुन: मतदान कराने के लिए तैनात किया गया। 7 फरवरी, 2005 को लगभग 0750 बजे बी एस एफ की 17 वीं बटालियन की "सी" कंपनी की टुकड़ियां पैदल ही मतदान केन्द्र मित्तर की ओर बढ़ी। वह रास्ता उबड़-खाबड़ और घने जंगल वाला था। मित्तर मतदान केन्द्र मित्तर के रास्ते में नक्सलियों द्वारा कई बारूदी सुरंगें सक्रिय करके तथा घात लगाकर गश्त पार्टी की टुकड़ियों पर भारी गोलीबारी की गई। पैदल टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे बी एस एफ की 17 वीं बटालियन के कांस्टेबल टेनिसन जमातिया और कांस्टेबल विशरी पर बारुदी सुरंग के विस्फोट का पूरा प्रभाव पड़ा और उसके परिणामस्वरुप दोनों के मुंह कई छर्रों के लगने से कई जगह जख्मी हो गए। जख्मी होने के बावजूद उन्होंने वीरतापूर्वक जवाबी गोलीबारी की और नक्सलियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस मुठभेड़ में बी एस एफ की 17 वीं बटालियन के कांस्टेबल टेनिसन जमातिया और कांस्टेबल विशरी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए अनुकरणीय साहस और उत्कृष्ट कार्रवाई का प्रदर्शन किया और नक्सलियों द्वारा लगाई गई घात को विफल कर दिया तथा अपनी टुकड़ियों को हताहत होने से बचा लिया। इस घात - रोधी अभियान में कांस्टेबल टेनिसन जमातिया ने राष्ट्र की सेवा के लिए उच्चतम बलिदान किया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री (दिवंगत) टेनिसन जमातिया, कांस्टेबल और विशरी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 फरवरी, 2005 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 74-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व /श्री

1. रमेश टी.
कांस्टेबल

2. मुकेश
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

28 जुलाई, 2004 को बड़गाम (श्रीनगर) जम्मू और कश्मीर के गांव-वथूरा में लश्कर-ए-तैयबा के दो सशस्त्र खतरनाक उग्रवादियों की उपस्थिति के संबंध में प्राप्त विशिष्ट सूचना के आधार पर, बी एस एफ की 96 वीं बटालियन की टुकड़ियों द्वारा एक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया। घेराबंदी करने वाली पार्टी में से एक पार्टी के पार्टी कमांडर, उप निरीक्षक मुकेश ने लक्षित घर के पीछे चुपचाप पोजीशन ले ली। वहां दृश्यता काफी कम थी क्योंकि वह क्षेत्र घनी झाड़ियों और ऑर्किडस से ढका हुआ था। स्थिति का आकलन करने के पश्चात , उप निरीक्षक मुकेश ने अपने ग्रुप के चार सदस्यों के साथ मिलकर उस घर के पीछे की तरफ से उग्रवादियों के बच कर निकल भागने के संभावित रास्ते को कवर करने हेतु घर के जरा सा पीछे पोजीशन ले ली। कुछ समय के पश्चात उप निरीक्षक मुकेश ने 10 से 15 मीटर की दूरी पर दो उग्रवादियों को देखा। नजदीक जाने पर, सबसे आगे के उग्रवादी ने बी एस एफ की टुकड़ियों को देख लिया और उसने उप निरीक्षक मुकेश और उसकी पार्टी पर गोलियां चला दीं। तत्पश्चात दूसरे उग्रवादी ने भी गोलियां चलानी शुरु कर दीं। उप निरीक्षक मुकेश ने अपनी जान की जरा सी भी परवाह न करते हुए प्रभावी जवाबी गोलीबारी की और एक उग्रवादी को पीछे की तरफ गोली मार दीं जिसके फलस्वरूप वह नीचे गिर गया। उग्रवादी को नीचे गिरते हुए देखकर कांस्टेबल रमेश टी ने पोजीशन ले ली और सटीक गोलीबारी की और उस उग्रवादी को घटनास्थल पर मार

गिराया। समीप के एक घर में छिपे हुए दूसरे उग्रवादी ने घेराबंदी करने वाली पार्टी पर एक ग्रेनेड फेंका और उस विस्फोट का और उसके बाद हुए उसके प्रभाव का लाभ उठाते हुए वह कमरे से बाहर कूद गया तथा बच कर भागने में कामयाब हो गया। 01 ए के 47 राइफल, 06 ए के मैगजीन और ए के श्रेणी के 175 राउंड के साथ-साथ एक उग्रवादी के शव की बरामदगी की गई। मृत उग्रवादी की बाद में पहचान फैशल शाह (सांकेतिक नाम अबु मूसा) उर्फ नईम भाई के रुप में की गई।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री रमेश टी., कांस्टेबल और मुकेश, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28 जुलाई, 2004 से दिया जाएगा ।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 75-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री एम. श्रीनिवास,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

20.3.2004 को एक विश्वसनीय सूचना के प्राप्त होने पर, आंध्र प्रदेश पुलिस के तीन कांस्टेबलों के साथ थानाध्यक्ष, कोथागुडा पुलिस स्टेशन की सम्पूर्ण ऑपरेशन कमान के तहत बी/83 बटालियन के छह कांस्टेबलों के साथ संख्या 830440194 हैड कांस्टेबल/ जी डी गजराज सिंह की कमान के अंतर्गत सी आर पी एफ की बी/83 बटालियन की टुकड़ी इड्डुल्लपल्ली गांव में जो कोथागुडा थाने के उत्तर की ओर लगभग 10 किमी की दूरी पर है, 1900 बजे घात लगाने और तलाशी अभियान चलाने के लिए निकल पड़ी। लगभग 2300 बजे, जब पार्टी कोथागुडा थाने के अंतर्गत इड्डुल्लापल्ली गांव के समीप घात लगा रही थी कि तभी सी आर पी एफ पार्टी को महिलाओं और बच्चों के चिल्लाने की आवाजें सुनाई दी। पार्टी तत्काल उस घर की ओर बढ़ी जहां से चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं और उन्होंने वहां पी डब्ल्यू जी के कुछ अतिवादियों को एक व्यक्ति को बुरी तरह पीटते हुए देखा । उन्हें पता लगा कि वह व्यक्ति टी डी पी के नेता श्री पेंथाला करुणाकर है। उन्हें नक्सलियों से बचाने के 12 से 14 सिविलियनों ने भी प्रयास किए थे। तत्काल सी आर पी एफ के पार्टी कमांडर

ने उस घर की घेराबंदी करने हेतु अपनी कमान के तहत सी आर पी एफ कर्मिकों को आदेश दिया। संख्या 881132879 कांस्टेबल एम. श्रीनिवास पर अंधाधुंध गोलियां चला दी। लेकिन कांस्टेबल एम श्री निवास और संख्या 9543322132 कांस्टेबल डी. बरूआ ने घेराबंदी करने के लिए दायीं तरफ के अंतिम छोर की ओर चतुराईपूर्ण ढंग से रेंगते हुए आगे बढना शुरू कर दिया। उन्हें देखकर, एक नक्सली ने अपनी एस एल आर से कांस्टेबल एम. श्रीनिवास पर अंधाधुंध गोलियां चला दी। लेकिन कांस्टेबल एम. श्रीनिवास अपनी जान और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, पी डब्ल्यू जी अतिवादी की ओर उत्कृष्ट साहस का प्रदर्शन करते हुए चतुराई पूर्ण ढंग से आगे बढ़ता रहा और उसने अपनी एस एल आर से गोलियां चलाई जो पी डब्ल्यू जी. आतिवादी को लगी जिससे वह मर गया। मारे गए अतिवादी की पहचान गोरिल्ला स्क्वैड के निवासी नरसमपेट निवासी मूला रमेश उर्फ रणजीत, एरिया कमांडर सी पी आई (एम एल), पी डब्ल्यू जी के रूप में की गई जिस पर आंध्र प्रदेश की सरकार ने एक लाख रुपए के ईनाम की घोषणा की हुई थी। कांस्टेबल श्रीनिवास की वीरतापूर्ण की गई कार्रवाई से श्री पेंथाला करुणाकर, टी डी पी नेता की जान बची और जिसके फलस्वरूप पी डब्ल्यू जी के गोरिल्ला स्क्वैड का एरिया कमांडर मूला रमेश उर्फ उर्फ रणजीत मारा गया। एक 7.62 एम एम एस एल आर और मृत अतिवादी के पास से 17 संख्या के गोलाबारूद से भरी दो मैगजीन, 33 डिटोनेटर्स, 3 बम, फ्लैश युक्त एक कैमरा तथा कुछ अभिशंसी दस्तावेजों वाले दो किट बैग बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, श्री एम. श्रीनिवास, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 मार्च, 2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं0 76-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री रक्षा राम पाठक, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

कांस्टेबल/जी डी रक्षा राम पाठक उन कुछ व्यक्तियों में से एक थे जो स्वेच्छा से यूनिट की विध्वंसरोधी टीम में शामिल हुए थे। उन्हें विध्वंस रोधी ड्यूटी के लिए अपेक्षित प्रशिक्षण प्रदान करने के पश्चात विध्वंस रोधी टीम के एक सदस्य के रूप में चुना गया और एफ/141 में उनकी तैनाती की गई। 15 जनवरी, 2005 को लगभग 0655 बजे जब विध्वंसरोधी तलाशी पार्टी, जिसमें एक उप निरीक्षक, दो हैड कांस्टेबल और एफ/141 के 6 कांस्टेबल थे, माइल स्टोन 281 के समीप पंपोरा क्षेत्र में तलाशी कर रही थी, कांस्टेबल/जी डी रक्षा राम पाठक पार्टी में सबसे आगे थे और उनके हाथ में एक खोदनी थी। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-1 ए पर जहां घना जंगल था, एक छोटे पुल की एक मुंडेर के बायीं तरफ कुछ संदिग्ध गतिविधि महसूस करने पर अपनी पार्टी के सदस्यों को सतर्क कर दिया। कांस्टेबल/जी डी रक्षा राम पाठक पार्टी के अन्य सदस्यों को पीछे रुकने के लिए कहकर स्वयं आगे बढ़े और थोड़ी ही दूरी पर खड़े संख्या 031412426कांस्टेबल/जी डी विजय कुमार द्वारा धारित एच एच एस एल के प्रकाश में क्षेत्र की तलाशी ली। कांस्टेबल रक्षा राम पाठक अपनी जान की परवाह न करते हुए अपनी खोदनी का इस्तेमाल करते हुए ध्यानपूर्वक आगे बढ़े। जब वे छिपे हुए आई ई डी का पता लगाने ही वाले थे, कि रिमोट चालित आई ई डी लगाने वाले उग्रवादियों ने उसमें विस्फोट कर दिया, जिसके फलस्वरूप वहां शक्तिशाली विस्फोट हुआ। विस्फोट ने कांस्टेबल/जी डी रक्षा राम पाठक को उस स्थान से 15 मीटर परे फेंक दिया और वे सड़क के परे जा गिरे। उस विस्फोट के फलस्वरुप वह पूरी मुंडेर भी उड़ गई। कांस्टेबल/जी डी रक्षा राम पाठक जिन्होंने हालांकि बुलेट प्रूफ जैकेट और हैलमेट पहनकर सभी एहतियाती उपाय किए हुए थे, फिर भी लीवर के क्षतिग्रस्त होने के साथ उनकी पसलियाँ टूटने के अतिरिक्त उनकी छाती, पेट, अण्डकोश और टांगों में कई जगह छर्रे लगने के कारण जख्म हो गए और जलने से घाव हो गए। इसके अतिरिक्त उनकी आंखे भी जख्मी हो गईं। वे उस विस्फोट के तत्काल प्रभाव के बाद भी जीवित थे और उन्हें तुरंत 92 बेस अस्पताल ले जाया गया जहां वह 19 जनवरी, 2005 तक रहे लेकिन 19.1.2005 को 1500 बजे दुर्भाग्यवश उन्होंने अपने घावों के कारण दम तोड़ दिया।

उस यूनिट में शामिल होने के बाद से ही कांस्टेबल/जी डी रक्षा राम पाठक ने वीरता के संकेत दे दिए थे, और उन्होंने उस क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि महसूस होने के पश्चात अपनी जान को जाखिम में डालते हुए आई ई डी को ढूंढने का साहसिक कार्य किया। उन्होंने अपने साथियों की सुरक्षा के प्रति चिंता भी दर्शाई और स्वयं साहस पूर्ण ढंग से उस दुष्कर कार्य को किया जिससे न केवल उनके साथियों की जाने बची बल्कि उन्होंने एस एफ एस कॉनवॉइ को होने वाले जान-माल के नुकसान को भी होने से बचाया जिसके लिए आई ई डी को लगाया गया था। उनकी पार्टी के केवल दो अन्य कांस्टेबलों अर्थात एच एच एस एल धारित कांस्टेबल वी. विजय कुमार तथा कांस्टेबल राजकुमार को मामूली चोटें आई जबकि उन्होंने अपना जीवन का बलिदान कर दिया। विस्फोट के पूरे ताप को झेलने वाले कांस्टेबल/जी डी रक्षा राम पाठक अपने जीवन का बलिदान करके उग्रवादियों के नापाक इरादों को विफल करने में सफल रहे।

इस मुठभेड़ में, श्री (दिवंगत) श्री रक्षा राम पाठक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 जनवरी, 2005 से दिया जाएगा ।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं०-77-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनके शौर्य के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री के. आर. रंगास्वामी,

कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

12.5.2003 को श्री एल. डेविड, ए/सी, ओ/सी, सी/113 बटालियन, सी आर पी एफ के साथ 12 व्यक्तियों की एक पार्टी, भारतीय स्टेट बैंक, कुपवाड़ा से सी आर पी एफ की सी/113 बटालियन के कार्मिकों की अप्रैल , 2003 महीने के वेतन के बैंक ड्राफ्ट को भुनाने के लिए दो वाहनों (जिप्सी और एक टोनर) में कुपवाड़ा (जम्मू और कश्मीर) की ओर निकले। एस बी आई कुपवाड़ा पहंचने पर, पार्टी को बैंक खुला नहीं मिला, इसलिए ओ सी ने डी पी एल, कुपवाड़ा (डी ई ई टी/ 113) से संख्या 880909346 एस / के बी. के रमेह को लेने का निर्णय लिया जिन्हें 9.5.2003 को डी पी एल के लिए भेजा गया था। एस/ के बी के रमेह को साथ में लेने के बाद, पार्टी एस बी आई कुपवाड़ा पहुंची, जो इस समय तक खुल गया था और एस बी आई के सामने सुरक्षा की सही तैनाती सुनिश्चित , करने के बाद, सी आर पी एफ के चार कार्मिकों के साथ ओ सी बैंक में पहुंचे। लगभग 1045 बजे, आतंकवादी अचानक सी पी एम एफ /पुलिस वर्दी में दिखाई पड़े और यू पी स्वीट हाऊस बिल्डिंग के ऊपर खाली होटल से उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। उनकी पहली बौछार ने संख्या 931130457 सी टी/जी डी बी. प्रसाद और संख्या 880909346 एस/के बी.के रमेह पर प्रहार किया और उन्हें मौके पर ही मार गिराया। संख्या 941382495 सी टी/ जी डी के. आर. रंगा स्वामी भी बांयी जांघ में गोली लगने से घायल हो गए। पार्टी के अन्य कार्मिकों ने गोलीबारी का जवाब दिया और बन्दूकी लड़ाई शुरु हो गई। फियादीन अंधाधुध गोलीबारी कर रहे थे और ग्रेनेड फेंक रहे थे। इसके बाद, फियादीन ने बैंक के अन्दर ग्रेनेड फेंकने का प्रयास किया ताकि बल कार्मिकों के साथ बैंक के अन्दर ग्राहकों को भी ज्यादा चोट पहुंचाई जा सके। उसी क्षण, सी टी/जी डी के. आर. रंगा स्वामी ने तत्काल अपनी बुद्धिमता का परिचय देते हुए द्रुत गति से प्रतिक्रिया की और उस फियादीन पर गोलीबारी शुरु कर दी जो बैंक के अंदर प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। गोली उसकी जांघ में लगी जिसके परिणामस्वरूप फियादीन की ग्रनेड से पकड़ ढीली हो गई और वह मोर्चे में गिर गया। ग्रेनेड फट गया जिसके फलस्वरुप फियादीन की गर्दन से ऊपर का हिस्सा फट गया और वह मर गया। संख्या 941382495 सी टी /जी डी के आर. रंगास्वामी को यह पूरी तरह मालूम था कि दूसरा आतंकवादी उसे फियादीन पर गोलीबारी करते हुए देख लेगा और उन्हीं पर गोलीबारी चला देगा। किन्तु यह सब कुछ जानते हुए भी उन्होंने अदम्य साहस का परिचय दिया और अपनी जिन्दगी की परवाह न करके, उच्च कोटि के पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने आतंकवादी पर गोलीबारी शुरु दी जिसके कारण आतंकवादी मारा गया। इस कारनामें से यह पता चलता है कि सी टी /जी डी के आर.रंगास्वामी ने पूरी गंभीरता और जिम्मेवारी से अपनी ड्यूटी निभाई जिसके कारण कई सौ बहुमूल्य जिन्दगियों और सरकारी सम्पत्ति को बचाया जा सका क्योंकि बैंक के अन्दर घुसने का प्रयास करने वाला आतंकवादी कई लोगों को मार सकता था क्योंकि बैंक में बहुत ग्राहक मौजूद थे। हेहमा चौक की ओर दोड़ रहे दूसरे आतंकवादी ने देखा

कि सी टी /जी डी के आर रंगा स्वामी ने उसके साथी को मार गिराया है, इसलिए उसने सीटी /जी डी के आर रंगास्वामी पर गोलियों की बौछार कर दी और उनको बुरी तरह से घायल करके घटनास्थल से बच कर भागने में सफल हो गया। इस प्रकार उक्त घटना में, आतंकवादियों द्वारा की गई गोलियों की प्रथम बौछार में गम्भीर रुप से घायल हुए सी आर पी एफ की 113 वीं बटालियन के सी टी/जी डी के आर रंगास्वामी यह भी भली-भांति जानते हुए कि वे अन्य आतंकवादी द्वारा की जाने वाली गोलीबारी की जद में आ जाएंगे उन्होंने उच्च कोटि की वीरता का प्रदर्शन करते हुए और अपनी जान की परवाह न करते हुए उस फियादीन पर गोली चला दी जो बैंक में घुसने का प्रयास कर रहा था।

इस मुठभेड़ में, श्री के. आर. रंगास्वामी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12 मई, 2003 से दिया जाएगा ।

बरूण मित्रा
निदेशक

सं078-प्रेज/2007-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियो के नाम और रैंक

1. **पवन कुमार सिंह,**
   उप कमांडेंट
2. **सुरेश कुमार,**
   हैड कांस्टेबल
3. **रामानुज कुमार सिंह,**
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

10 और 11 मई, 2004 की मध्य रात्रि में विश्वसनीय सूत्र से एक सूचना प्राप्त हुई कि हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के दो से तीन वरिष्ठ कमांडर पांडिअक, श्रीनगर से होकर जाएंगे। वे आत्मघाती हमले (फियादीन हमला) के द्वारा घाटी के वरिष्ठ राजनीतिज्ञों को मारने की योजना बना रहे थे, ताकि आतंक फैलाया जा सके। श्री पवन कुमार सिंह, उप कमांडेंट (डी सी), औ पी एस (आई आर एल ए संख्या 4729) ने उनके नापाक इरादे को नाकाम करने के लिए अवसर का लाभ उठाया। यह अधिकारी मुश्किल भू भागों से अच्छी तरह से परिचित था। उसने जमीनी स्थिति का

आकलन किया और घात लगाने की योजना बनाई। व्यक्तिगत उदाहरण पेश करते और आगे बढ़कर नेतृत्व करते हुए, श्री पवन कुमार सिंह एच सी/जी डी सुरेश कुमार और सी टी/जी डी रामानुज कुमार सिंह और एस ओ जी (जे के पी) के तीन कार्मिकों के साथ संभावित स्थान पर पहुंच गए। 11.5.2004 को 0025 बजे के लगभग भेदिये ने संदिग्ध गतिविधि महसूस की। श्री पवन कुमार सिंह ने शांत रहते हुए अपने साथियों को गोली चलाने से रोका और संदिग्धों को नजदीक आने दिया। मरने मारने की स्थिति आने पर उन्होंने चुनौती देते हुए उनको अपनी पहचान बताने के लिए कहा परन्तु उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और आड़ ले ली। उचित ढंग से गोलीबारी, कमान और नियंत्रण को सुनिश्चित करते हुए, श्री पवन कुमार सिंह ने आतंकवादियों की गोलीबारी को निष्प्रभावित कर दिया। आतंकवादी अनेक ग्रेनेड फेंकते हुए पीछे हटे और उन्होंने पुन: जोरदार हमला किया और कार्रवाई पार्टी को अधिक से अधिक क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। श्री पवन कुमार सिंह ने अपनी सूझ-बूझ नहीं खोई। स्थिति का पूरा उत्तरदायित्व लेते हुए श्री पवन कुमार सिंह ने एक रणनीति सोची और क्षति से बचने के संबंध में अपने साथियों को स्थिति बदलने और आतंकवादियों पर लक्ष्योंमुखे हमला करने का कहा। श्री पवन कुमार सिंह ने एच सी सुरेश कुमार और 116 बटालियन और 3 एस ओ जी (जे के पी) के कार्मिक सी टी रामानुज कुमार सिंह को दायी तरफ से उन्हें कवर करने के आदेश दिए। दोनों छोटे हथियारों एवं ग्रनेडों से हो रही भारी गोलीबारी के अधीन कुशलता का प्रदर्शन करते हुए उन दोनों ने चतुराई से अपनी स्थिति को पुन: व्यवस्थित किया और रेंगते हुए दायीं तरफ के सूचित स्थान पर पहुंचें और छिपे हुए आतंकवादियों पर काबू पाने के लिए उन पर लगातार गोलीबारी करते रहे। श्री पवन कुमार सिंह अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए आगे बढ़ते रहे और नजदीकी लड़ाई में दुर्दान्त आतंकवादी को मार गिराया जिसकी बाद में पहचान शकील अंसारी, हिज्ब-उल- मुजाहिदीन के मुख्य प्रचालक के रुप में हुई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री पवन कुमार, उप कमांडेंट, सुरेश कुमार, हैड कांस्टेबल और रामानुज कुमार सिंह कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 मई, 2004 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
निदेशक

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 19 दिसम्बर 2006

संकल्प

सं. क्यू/हिंदी/621/21/2006--

दिनांक 8 फरवरी, 2005 के संकल्प सं. क्यू/हिंदी/621/88/98 में आंशिक संशोधन करते हुए विदेश मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में श्री नवीन जिंदल, संसद सदस्य(लोक सभा) और श्रीमती कमला मनहर, संसद सदस्य (राज्य सभा) के स्थान पर क्रमशः कुंवर मानवेन्द्र सिंह, संसद सदस्य(लोक सभा) और श्री द्विजेन्द्र नाथ शर्मा, संसद सदस्य(राज्य सभा) को नामित किया जाता है। विदेश मंत्रालय द्वारा नामित दो गैर-सरकारी सदस्यों, श्री हिमांशु जोशी और डा0 वेद प्रताप वैदिक के स्थान पर श्री अलोक मेहता और श्री बाल कवि बैरागी को विदेश मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की शेष अवधि के लिए नामित किया जाता है । समिति के कार्य, कार्य क्षेत्र और कार्यकाल यथावत रहेंगे ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति निम्नलिखित को प्रेषित की जाएः

राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, संसदीय राजभाषा समिति, योजना आयोग, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, लेखापरीक्षा निदेशक, केन्द्रीय राजस्व, समिति के सभी सदस्य और भारत सरकार के सभी मंत्रालय और विभाग ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण के सूचनार्थ यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

वी. पी. हरन
संयुक्त सचिव

वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 23 जनवरी 2007

संकल्प

सं0 2/2/2003-एनएस-I भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग ने वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य कर रहे एक अधीनस्थ कार्यालय/संगठन, राष्ट्रीय बचत संगठन (एनएसओ) को दिनांक 29.10.2003 के अपने संकल्प के द्वारा राष्ट्रीय बचत संस्थान (एनएसआई) के रूप में पुनर्गठित किया है।

उक्त संकल्प के पैरा 2 में राष्ट्रीय बचत संस्थान के स्टाफ का ब्यौरा दिया गया है।

उक्त अधिसूचना के पैरा 2 में दी गई सारणी की क्रम सं0 1 और 8 के सामने निर्दिष्ट पदों को पुनः पदनाम देने के लिए दिनांक 29.10.2003 के संकल्प सं0 2/2/2003 एनएस(I) में आंशिक रूप से संशोधन करते हुए निम्नलिखित संशोधनों को अधिसूचित किया गया है।

पैरा 2 के नीचे सारणी 2 में क्रम सं0 1 और 8 के सामने प्रविष्टियों को निम्नलिखित प्रविष्टियों से प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :

क्रम सं0	पद का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या (छूटटी रिजर्व सहित)
1	निदेशक	18400-500-22400	1
2	निजी सचिव	6500-200-10500	1

एल. एम. वास
संयुक्त सचिव

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

नई दिल्ली-110003, दिनांक 9 जनवरी 2007

संकल्प

सं. एमओईएस/एसईसीवाई/ईसी/1/2006--

यह महसूस करते हुए कि मानसून राष्ट्रीय जीवन को बुरी तरह प्रभावित करते हैं तथा इससे भारत के जन-जीवन पर प्रभाव पड़ता है, यह मानते हुए कि वायुमण्डल, महासागर तथा धरती एक जटिल युग्मित प्रणाली है, इस बात पर गौर करते हुए कि देश सूखा, बाढ़, भूकंप, सुनामी इत्यादि सहित अनेक प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं का शिकार रहा है, तथा इस बात पर ध्यान देते हुए कि सामान्यतया आम आदमी तथा कृषि, मात्स्यिकी तथा सभी औद्योगिक कार्य-कलाप दोनों के लिए भूमि और जल प्रमुख संसाधन हैं, सरकार ने पृथ्वी विज्ञान में राष्ट्रीय प्रयास को एकीकृत करने के लिए एक प्रमुख नई पहल आरम्भ करने का संकल्प लिया है । यह महसूस किया गया है कि इक्कीसवीं सदी में जल, वैश्विक जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण, भूमि उपयोग तथा समुद्री संसाधनों से संबंधित मुद्दे छाए रहने की संभावना है । सरकारी विभागों द्वारा अलग-अलग समय पर निर्धारित कार्य-कलापों और कार्यक्रमों को अब एकीकृत किए जाने की आवश्यकता है क्योंकि वायुमण्डल, भूमि और महासागर को शामिल करते हुए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता विश्व स्तर पर तेजी से महसूस की जा रही है, इसके परिणामस्वरुप पृथ्वी प्रणाली विज्ञान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और राष्ट्रों के भीतर एक प्रमुख अंतर-विधात्मक वैज्ञानिक प्रयास के रुप में उभरा है ।

2. मौसम विज्ञान, समुद्र विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी, भूकंप विज्ञान और संबंधित पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, भारत सरकार ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (पृविमं) की स्थापना करने का निर्णय लिया है, इसका पर्यवेक्षण परमाणु ऊर्जा आयोग और अंतरिक्ष आयोग की तर्ज पर गठित पूर्ण कार्यकारी और वित्तीय शक्तियाँ प्राप्त पृथ्वी आयोग करेगा ।

3. आयोग का गठन

(क) आयोग, प्रभारी पृथ्वी विज्ञान मंत्री के अधीन होगा ।

(ख) आयोग में पूर्णकालिक और अंशकालिक सदस्य होंगे । इसमें कम से कम चार तथा अधिकतम कुल बारह सदस्य होगें ।

(ग) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में भारत सरकार के सचिव आयोग के अध्यक्ष होंगे ।

(घ) आयोग का एक सदस्य (वित्त) होगा, जो वित्तीय मामलों में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में भारत सरकार का पदेन सचिव भी होगा ।

4. कार्य

पृथ्वी आयोग के निम्नलिखित उद्देश्य होंगे :-

(क) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की नीतियां तैयार करना ।

(ख) मंत्रालय के लिए बजट तैयार करना ।

(ग) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के कार्यक्षेत्र में आने वाले पृथ्वी विज्ञान से संबंधित सभी मामलों में नियमों और नीतियों का कार्यान्वयन ।

(घ) इसके नियंत्रणधीन संगठनों के भीतर व संगठनों के बाहर जनशक्ति की मंजूरी/छंटनी/पुनर्तैनाती करने के उद्देश्य से इसके प्रत्येक केन्द्र/संस्थान में जनशक्ति की आवश्यकता का मूल्यांकन ।

(ङ) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के कार्यक्रमों के लिए अपेक्षित उच्च स्तरीय जनशक्ति का चयन और नियुक्ति करने के लिए अपनी स्वयं की क्रियाविधियां निर्धारित करना ।

(च) मानव संसाधन विकास में अच्छी तरह पहल करने को बढ़ावा देना ताकि पृथ्वी विज्ञान में राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए उचित प्रशिक्षित जनशक्ति उपलब्ध हो सके । साथ ही विश्वविद्यालयों और अन्य अनुसंधान केन्द्रों में पृथ्वी विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए वित्तपोषण संबंधी क्रियाविधियां निर्धारित करना ।

(छ) सरकार की विभिन्न एजेन्सियों द्वारा चलाए जा रहे पृथ्वी विज्ञान से जुड़े सभी कार्यकलापों के लिए एक नोडल प्राधिकरण के रूप में कार्य करना तथा इस प्रकार की गतिविधियों को पृथ्वी आयोग के कार्यक्रमों के साथ समेकित करना ।

(ज) उपयुक्त कार्यकारी तन्त्रों का सृजन करना, इसमें पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के कार्यों को करने के लिए समय-समय पर आवश्यक और उपयुक्त अतिरिक्त केन्द्रों और इकाइयों की स्थापना करना भी शामिल है ।

(झ) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के केन्द्रों और इकाइयों तथा संबद्ध कार्यों से जुड़े अन्य संगठनों के भीतर प्रोगाम कार्यालयों के माध्यम से उपयुक्त नेटवर्क वाले तंत्र का सृजन करना ताकि निर्धारित कार्यक्रमों/परियोजना के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके ।

(ञ) पृथ्वी विज्ञान से संबद्ध मामलों पर संसद द्वारा उपयुक्त राष्ट्रीय कानून बनाने के लिए कार्रवाई करना ।

5. संसद द्वारा अनुमोदित बजट प्रावधानों की सीमा के भीतर ही पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के कार्यों को करने के लिए आयोग को भारत सरकार के प्रशासनिक एवं वित्तीय दोनों अधिकार प्राप्त होंगे ।

6. अध्यक्ष

(क) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में भारत सरकार के सचिव की हैसियत से इसके अध्यक्ष, तकनीकी मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए उत्तरदायी होंगे तथा पृथ्वी विज्ञान नीति संबंधी मामलों पर सरकार को सुझाव भी देंगे । नीति और संबद्ध मामलों पर आयोग की सभी सिफारिशों को अध्यक्ष के माध्यम से संबंधित मंत्री को प्रस्तुत किया जाएगा ।

(ख) अध्यक्ष को आयोग के अन्य सदस्यों की बात न मानने का अधिकार होगा, परंतु सदस्य (वित्त) को उन वित्तीय मामलों पर प्रश्न पूछने का अधिकार होगा जिन मामलों में वह अध्यक्ष से सहमत नहीं है तथा ऐसे मामलों को प्रभारी मंत्री और वित्त मंत्री को भेजा जा सकता है ।

(ग) अध्यक्ष, आयोग के किसी भी सदस्य को अपनी शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार दे सकते हैं, बशर्ते कि वे समय-समय पर इस आशय के सामान्य अथवा विशिष्ट आदेश जारी करें जिनमें उनकी ऐसी शक्ति और अधिकारों का उल्लेख किया गया हो ।

7. वित्त सदस्य

वित्त सदस्य इस मंत्रालय को अब तक सौंपी गई अथवा प्रत्यायोज़ित शक्तियों अथवा भविष्य में सौंपी जानी वाली या प्रत्यायोजित की जाने वाली शक्तियों के अलावा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित वित्तीय मामलों में भारत सरकार की शक्तियों का प्रयोग करेंगे ।

8. आयोग को अपनी स्वयं की नियम-प्रक्रिया तैयार करने का अधिकार होगा । आयोग की बैठक के समय और स्थान का निर्धारण अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा ।

9. आवश्यकतानुसार सुधार लाने के लिए पृथ्वी आयोग में पुनर्गठित निकायों के कार्यनिष्पादन की तीन वर्ष बाद समीक्षा की जाएगी ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों तथा सभी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

प्रकाश कुमार
संयुक्त सचिव एवं
सचिव, पृथ्वी आयोग

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(उच्चतर शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 25 जनवरी 2007

शुद्धिपत्र

सं. एफ. 9-25/2000/यू-3--

इस मंत्रालय की दिनांक 28 दिसम्बर, 2006 की अधिसूचना संख्या 9-25/2000-यू.3 में आंशिक संशोधन करते हुए उपर्युक्त अधिसूचना में 'स्कूल' शब्द के स्थान पर 'कालेज' रखा जाए और इसे इस प्रकार पढ़ा जाए:

विद्यापीठम के अनुरोध और इस संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सलाह पर केन्द्र सरकार एतद्द्वारा विद्यापीठम की उपर्युक्त संघटक संस्था अर्थात "अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साईंसेज, कोच्चि" के नाम को तत्काल प्रभाव से बदलकर 'अमृता कालेज ऑफ नर्सिंग, कोच्चि' करने की अनुमति प्रदान करती है।

2. ..."

केशव देसिराजु
संयुक्त सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 5 फरवरी 2007

सं. एफ. 3-1/2007-यू.3--

भारत सरकार भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद में एक नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक कार्य के हित को ध्यान में रखते हुए श्री के.एम. आचार्य, अपर सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय को अस्थायी रूप से भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद का अध्यक्ष नियुक्त करती है। श्री के.एम. आचार्य तत्काल प्रभाव से भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करेंगे।

रवि माथुर
संयुक्त सचिव

संस्कृति मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 5 फरवरी 2007

संकल्प

सं. एफ. 12-30/2006 - ए एण्ड ए। सरकार, अनुसंधान, सर्वेक्षणों और अन्य कार्यकलापों से सम्बंधित कार्यक्रमों पर भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण को सलाह देने के लिए, निम्नलिखित संघटन के अनुसार भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण हेतु सलाहकार समिति का पुनर्गठन करती है।

	सदस्य :	
1.	श्री बादल के. दास, सचिव, संस्कृति मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	अध्यक्ष
2.	प्रो. टी. एन. मदान, अवकाशप्राप्त प्रोफेसर, इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ एंड चेयरमैन, सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज, दिल्ली यूनीवर्सिटी एनक्लेव, दिल्ली-110007	सदस्य
3.	प्रो. ए. सी. भगवती, (सेवानिवृत्त प्रोफेसर, मानव-विज्ञान तथा भूतपूर्व कुलपति, अरूणाचल बिश्वविद्यालय) मानद समन्वयक, फील्ड स्टेशन, पूर्वोत्तर भारत, आई जी एन सी ए राष्ट्रीय राजमार्ग, 37 (बाई पास) जालुकबारी, गुवाहाटी - 781014	सदस्य
4.	प्रो. ई. हरिबाबू, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद-500046	सदस्य
5.	प्रो. टी. बी. सुब्बा, प्रोफेसर, मानव-विज्ञान विभाग नॉर्थ-ईस्टर्न हिल यूनीवर्सिटी शिलांग, मेघालय - 783014	सदस्य
6.	प्रो. एस. बी. रॉय, परामर्शदाता, प्रिंसिपल फैकल्टी एंड हॉनरेरी चेयरमैन, आई बी आर ए डी, 3-ए, हिंदुथान रोड, गैयाहाट, कोलकाता-700029	सदस्य

7.	डॉ. पी. एस. चौहान, (अवकाशप्राप्त भूतपूर्व चिकित्सा वैज्ञानिक, आई सी एम आर, मुंबई तथा सेवानिवृत्त प्रमुख, सेल बॉयोलॉजी, बी ए आर सी), चामहानास, आर एस # 99, सेक्टर-18-ए नेरुल-पश्चिम, नवी मुंबई-400706	सदस्य
8.	डॉ (सुश्री) दीपिका मोहंती, (पूर्व निदेशक इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोहीमैटोलॉजी, मुंबई), 'विजानपुरी', डोलामंडई, कटक-9	सदस्य
9.	प्रो. के. के. बासा, निदेशक, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, (प्रोफेसर और भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, मानव-विज्ञान, उत्कल विश्वविद्यालय), पोस्ट बैग स. 2, शामला हिल्स, भोपाल - 462013	सदस्य
10.	डॉ. एस. बी. ओटा, अधीक्षक पुरातत्वविद, नेशनल मिशन ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड ऐंटीक्विटीज, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, जनपथ, नई दिल्ली - 110001	सदस्य
11.	डॉ. एस. आर. वालीम्बे, ऐसोसिएट प्रोफेसर, पुरातत्व विभाग, डेक्कन कॉलेज रिसर्च इंस्टीट्यूट, पुणे - 411006	सदस्य
12.	प्रो. पी. के. मिश्रा (पूर्व प्रोफेसर, मानव-विज्ञान, नॉर्थ ईस्ट हिल यूनीवर्सिटी, शिलांग) सुदर्शन, ई 583, जे. पी. नगर, फर्स्ट स्टेज, 17 वॉं मेन, मैसूर - 570008	सदस्य
13.	प्रो. माधव गाडगिल, (प्रोफेसर, सेंटर फॉर इकोलॉजिकल साइंस, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बंगलौर) अगरकर रिसर्च इंस्टीट्यूट, अगरकर, पुणे - 411004	सदस्य
14.	प्रो. पी. एस. रामकृष्णन, इनसा - वरिष्ठ वैज्ञानिक और अवकाशप्राप्त प्रोफेसर, स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज, जवाहरलाल नेहरू यूनीवर्सिटी, नई दिल्ली - 110067	सदस्य

पदेन सदस्य :

15.	प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, मानव–विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली - 110007	सदस्य
16.	निदेशक, पुरातत्व विभाग, डेक्कन कॉलेज रिसर्च इंस्टीट्यूट, पुणे - 411006	सदस्य
17.	महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, जनपथ, नई दिल्ली - 110011	सदस्य
18.	महानिदेशक, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च, अंसारी नगर, पोस्ट बॉक्स सं. 4911, नई दिल्ली - 110029	सदस्य
19.	सदस्य सचिव, इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च, अरूणा आसिफ अली मार्ग, पोस्ट बॉक्स सं. 10528, नई दिल्ली - 110067	सदस्य
20.	सचिव, जैव-प्रौद्योगिकी विभाग (डी बी टी), ब्लॉक - II, सी जी ओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली - 110003	सदस्य
21.	सलाहकार (अ.जा/अ.ज.जा) योजना आयोग, 454, योजना भवन नई दिल्ली - 110001	सदस्य
22.	निदेशक, भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, 27, जवाहरलाल नेहरू रोड, कोलकाता - 700016	सदस्य सचिव

सलाहकार समिति के विचारार्थ विषय

(i) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसंधान के कार्यक्रमों, सर्वेक्षणों तथा अन्य कार्यकलापों की समय-समय पर समीक्षा और सरकार को उन पर सिफारिश करना।

(ii) सहयोगशील अनुसंधान विषयों, कार्मिकों के आदान-प्रदान, विशेष अध्ययनों, संगोष्ठियों, परिसंवाद और प्रकाशनों के विशेष संदर्भ में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय विभागों के बीच सहयोग हेतु विशिष्ट उपाय की सिफारिश करना; तथा

(iii) ऐसे अन्य सभी मामलों पर सलाह देना जो इसे सरकार द्वारा विशेष रूप से सौंपे जा सकते हैं।

2. सलाहकार समिति के सदस्यों का कार्यकाल इस संकल्प के जारी होने की तारीख से पाँच वर्ष का होगा। तथापि, सरकार किसी भी सदस्य की सदस्यता, उसका कार्यकाल पूर्ण होने के पूर्व कोई कारण बताए बिना समाप्त कर सकती है अथवा सलाहकार समिति का पूर्णतया पुनर्गठन कर सकती है।

3. समिति की बैठक आवश्यकतानुसार लेकिन कम से कम वर्ष में एक बार अवश्य होनी चाहिए।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि संकल्प को आम सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

वर्षा सिन्हा
अवर सचिव

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, दिनांक 17 फरवरी 2007

नियम

सं. 2006/ई(जी.आर./I/1/4)--भारतीय रेल के यांत्रिक विभाग में विशेष श्रेणी अप्रेन्टिसों के रूप में नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों का चयन करने के उद्देश्य से संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 2007 में ली जाने वाली प्रतियोगी परीक्षा के नियम आम जानकारी के लिए प्रकाशित किए जाते हैं।

2. परीक्षा परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या का परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने से पहले सरकार द्वारा निश्चित किया जाएगा। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों तथा अन्य पिछड़ी श्रेणियों के उम्मीदवारों के सम्बन्ध में रिक्तियों का आरक्षण भारत सरकार द्वारा नियत की जाने वाली संख्या के अनुसार किया जाएगा।

3. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट में निर्धारित ढंग से ली जाएगी।

4. उम्मीदवारों के लिए आवश्यक होगा कि वह या तो:

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए, या

(ख) नेपाल की प्रजा, या

(ग) भूटान की प्रजा, या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(ड.) कोई भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और केनिया, उगांडा तथा तंजानिया संयुक्त गणराज्य और पूर्वी अफ्रीका देशों से या जांबिया, मलावी, जेरे, इथोपिया और वियतनाम से आया हो।

परन्तु (ख),(ग), (घ) और (ड.) वर्गों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवारों के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता (एलिजिबिलिटी) प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

ऐसे उम्मीदवारों को भी उक्त परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है जिसके बारे में पात्रता प्रमाण-पत्र प्राप्त करना आवश्यक हो किन्तु उसको नियुक्ति प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा उस सम्बन्ध में पात्रता प्रमाणपत्र जारी कर दिए जाने के बाद ही भेजा जा सकता है।

5. (क) उम्मदीवार के लिए आवश्यक है कि उसकी आयु पहली अगस्त, 2007 को 17 वर्ष हो चुकी हो लेकिन 21 वर्ष न हुई हो अर्थात् उसका जन्म 2 अगस्त, 1986 से पहले और पहली अगस्त, 1990 के बाद का न हो।

(ख) ऊपर बताई गई अधिकतम आयु सीमा में निम्नलिखित मामलों में ढील दी जा सकती है :--

(1) यदि कोई उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष।

(2) अन्य पिछड़ी श्रेणियों के उन उम्मीदवारों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष तक जो ऐसे उम्मीदवारों के लिए लागू आरक्षण को पाने के पात्र हों।

(3) ऐसे उम्मीदवार के मामले में, जिन्होंने 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसम्बर, 1989 तक की अवधि के दौरान साधारणतया जम्मू और कश्मीर राज्य में अधिवास किया हो, अधिकतम 5 वर्ष तक।

(4) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से मुक्त किए गए ऐसे रक्षा कार्मिकों को अधिक से अधिक 3 वर्ष।

(5) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशनप्राप्त अधिकारियों (आपातकालीन) कमीशनप्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित पहली अगस्त, 2007 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की हो और जो (1) कदाचार अक्षमता के आधार पर बर्खास्त न हो कर अन्य कारणों से कार्यकाल समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित है जिनका कार्यकाल पहली अगस्त, 2007 से एक वर्ष के अन्दर पूरा न होता हो) या (2) सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या (3) अशक्तता के कारण कार्यमुक्त हुए हैं उनके मामले में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक।

(6) आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के उन मामलों में जिन्होंने पहली अगस्त, 2007 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की सेवा की प्रारम्भिक अवधि पूरी कर ली है और जिसका कार्यकाल 5 वर्ष से आगे भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय एक प्रमाण-पत्र जारी करता है कि ये सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा, अधिकतम 5 वर्ष।

टिप्पणी : 1 अनुससूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित वे उम्मीदवार जो उपर्युक्त नियम 5 (ख) के किन्हीं अन्य खंडों अर्थात् जो भूतपूर्व सैनिकों जम्मू तथा कश्मीर राज्य में अधिवास करने वाले व्यक्तियों की श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं, दोनों श्रेणियों के अन्तर्गत दी जाने वाली संचयी आयु सीमा छूट प्राप्त करने के पात्र होंगे।

टिप्पणी : 2 भूतपूर्व सैनिक शब्द उन व्यक्तियों पर लागू होगा जिन्हें समय-समय पर यथासंशोधित भूतपूर्व सैनिक (सिविल सेवा और पद में पुन: रोजगार) नियम, 1979 के अधीन भूतपूर्व सैनिक के रूप में परिभाषित किया जाता है।

टिप्पणी : 3 आपतकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा के कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित वे भूतपूर्व सैनिक तथा कमीशन अधिकारी, जो स्वयं के अनुरोध पर सेवामुक्त हुए है, उन्हें उपर्युक्त नियम 5 (ख), (5) और (6) के अधीन आयु सीमा में छूट नहीं दी जाएगी।

उपर्युक्त व्यवस्था को छोड़कर अन्य किसी भी स्थिति में निर्धारित आयु-सीमा में छूट नहीं दी जा सकती है।

आयोग जन्म की वह तारीख स्वीकार करता है जो मैट्रिकुलेशन या माध्यमिक विद्यालय छोड़ने के प्रमाण-पत्र या किसी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मैट्रिकुलेशन के समकक्ष माने गए प्रमाण-पत्र या किसी विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित मैट्रीकुलेटों के रजिस्टर में दर्ज की गई हो और वह उद्धरण विश्वविद्यालय के समुचित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित हो। जो उम्मीदवार उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या उसकी समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुका है वह उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण-पत्र की अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत कर सकता है।

आयु के संबंध में कोई अन्य दस्तावेज जैसे जन्म कुण्डली शपथ-पत्र, नगर निगम तथा सेवा अभिलेख से प्राप्त जन्म संबंधी उद्धरण तथा अन्य ऐसे प्रमाण स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

अनुदेशों के इस भाग में आए हुए "मैट्रिकुलेशन/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र" वाक्यांश के अन्तर्गत उपर्युक्त वैकल्पिक प्रमाण-पत्र सम्मिलित हैं।

टिप्पणी : 1 उम्मीदवार यह ध्यान में रखें कि आयोग उम्मीदवार की जन्म की उसी तारीख को स्वीकार करेगा जो कि आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की तारीख को मैट्रिकुलेशन/उच्चतर परीक्षा प्रमाण-पत्र में या समकक्ष परीक्षा प्रमाण-पत्र में दर्ज है और इसके बाद उसमें परिवर्तन के किसी अनुरोध पर न ही विचार किया जाएगा और न ही उसे स्वीकार किया जाएगा।

टिप्पणी : 2 उम्मीदवार यह भी नोट कर ले कि उसके द्वारा किसी परीक्षा में प्रवेश के लिए जन्म की तारीख एक बार घोषित कर देने और आयोग द्वारा उसे अपने अभिलेख में दर्ज कर लेने के बाद उसमें किसी भी परिस्थिति में बाद में (या किसी बाद की परीक्षा में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी)।

6. उम्मीदवार ने:--

(क) भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किसी विश्वविद्यालय या बोर्ड से इन्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा गणित के साथ और भौतिकी और रसायन विज्ञान में से कम से कम एक विषय लेकर प्रथम या द्वितीय श्रेणी में पास की हो: गणित और भौतिकी या रसायन विज्ञान में से कम से कम एक विषय के साथ स्नातक भी आवेदन कर सकते हैं, या

(ख) स्कूली शिक्षा की (10+2) प्रणाली के अन्तर्गत हायर सैकण्डरी (12 वर्ष) परीक्षा गणित के साथ और भौतिकी तथा रसायन विज्ञान में कम से कम एक विषय लेकर प्रथम या द्वितीय श्रेणी में पास की हो; या

(ग) किसी विश्वविद्यालय के तीन वर्ष के किसी डिग्री पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम वर्ष की परीक्षा या ग्रामीण उच्चतर शिक्षा की राष्ट्रीय परिषद् की ग्रामीण सेवाओं में तीन वर्ष के डिप्लोमा पाठ्यक्रम की प्रथम परीक्षा पास की हो या मद्रास विश्वविद्यालय (सान्ध्य कालेज) के स्नातक कला/विज्ञान के चार वर्षीय पाठ्यक्रम के चौथे में प्रोन्नति के लिए तीसरे वर्ष की परीक्षा पास की हो जिसमें गणित के साथ भौतिकी और रसायन विज्ञान में कम से कम एक विषय रहा हो, लेकिन शर्त यह है कि डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने से पहले उसने उच्चतर/माध्यमिक परीक्षा या पूर्व विश्वविद्यालय या समकक्ष परीक्षा प्रथम या द्वितीय श्रेणी में पास की हो।

जिन उम्मीदवारों ने तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम/द्वितीय वर्ष की परीक्षा प्रथम या द्वितीय श्रेणी में गणित के साथ और भौतिकी और रसायन विज्ञान में एक विषय के साथ पास की हो वे आवेदन पत्र भेज सकते हैं लेकिन शर्त यह है कि प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा किसी विश्वविद्यालय द्वारा ली गई हो; या

(घ) भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किसी विश्वविद्यालय की पूर्व इंजीनियरी परीक्षा प्रथम या द्वितीय श्रेणी में पास की हो; या

(ङ) किसी भारतीय विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त बोर्ड की पूर्व व्यावसायिक/पूर्व तकनीकी परीक्षा जो उच्चतर माध्यमिक या पूर्व विश्वविद्यालय स्तर के एक वर्ष के बाद ली गई हो प्रथम या द्वितीय श्रेणी में पास की हो और परीक्षा के विषयों में गणित के साथ भौतिकी और रसायन विज्ञान में कम से कम एक परीक्षा का विषय रहा हो; या

(च) किसी विश्वविद्यालय के पांच वर्षीय इंजीनियरी डिग्री पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम वर्ष की परीक्षा पास की हो लेकिन शर्त यह है कि डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करने से पहले उसने उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या पूर्व विश्वविद्यालय या समकक्ष परीक्षा प्रथम या द्वितीय श्रेणी में पास की हो।

जिन उम्मीदवारों ने पांच वर्षीय इंजीनियरी डिग्री पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा प्रथम या द्वितीय श्रेणी में पास की हों वे आवेदन-पत्र भेज सकते हैं लेकिन शर्त यह कि प्रथम वर्ष की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा ली गई हो; या

(छ) केरल और कालीकट के विश्वविद्यालयों से गणित के साथ भौतिकी और रसायन विज्ञान में कम से कम एक विषय लेकर पूर्व-स्नातक परीक्षा, प्रथम या द्वितीय श्रेणी में पास की हो।

टिप्पणी : 1 जिन उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय/बोर्ड इंटरमीडिएट या उपर्युक्त किसी अन्य परीक्षा में कोई विशिष्ट श्रेणी न दी गई हो उन्हें भी शैक्षणिक दृष्टि में पात्र समझा जाएगा लेकिन शर्त यह है कि उसके प्राप्तांकों का कुल योग सम्बन्धित विश्वविद्यालयों/बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रथम या द्वितीय श्रेणी में अंकों की सीमा में हो।

टिप्पणी : 2 ऐसे उम्मीदवार जो कि ऐसी परीक्षा में बैठ चुके हैं जिसे पास करने से वह इस परीक्षा में बैठने के पात्र बनते हैं लेकिन जिसके परीक्षाफल की सूचना उन्हें नहीं मिली है, इस परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र भेज सकते हैं। यदि कोई उम्मीदवार, किसी ऐसी अर्हक परीक्षा में बैठने चाहते हैं तो वह भी आवेदन-पत्र दे सकते हैं। ऐसे उम्मीदवार को यदि वह अन्यथा पात्र हो, तो परीक्षा में प्रवेश मिल जाएगा लेकिन उसके प्रवेश को अनंतिम

समझा जाएगा तथा अर्हक परीक्षा का पास करने का प्रमाण प्रस्तुत न करने की स्थिति में रद्द कर दिया जाएगा उक्त प्रमाण विस्तृत आवेदन पत्र के, जो उक्त परीक्षा के लिखित-भाग के परिणाम के आधार पर अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों द्वारा आयोग को प्रस्तुत करने पड़ेंगे, साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

टिप्पणी : 3 अपवादित मामलों में, आयोग किसी ऐसे उम्मीदवार को शैक्षणिक दृष्टि से अर्हक मान सकता है जिसके पास इस नियम में निर्धारित अर्हताओं में से कोई भी अर्हक न हो लेकिन ऐसी अर्हताएं हों, जिसके स्तर के बारे में आयोग का यह मत हो कि उनके आधार पर उसे परीक्षा में प्रवेश देना उचित है।

टिप्पणी : 4 राज्य तकनीकी-शिक्षा बोर्ड द्वारा दिए गए इंजीनियरी डिप्लोमा स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिसेज परीक्षा में प्रवेश के लिए स्वीकार्य नहीं है।

7. उम्मीदवार के लिए आवश्यक होगा कि वह आयोग के नोटिस में विनिर्दिष्ट फीस दे।

8. जो व्यक्ति पहले से ही सरकारी नौकरी में आकस्मिक या दैनिक दर कर्मचारी से इतर स्थाई या अस्थाई हैसियत से या कार्य प्रभारित कर्मचारियों की हैसियत से काम कर रहे हैं अथवा जो लोक उद्यमों के अधीन सेवारत है, उन्हें यह वचन (अंडरटेकिंग) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने सिविल रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

उम्मीदवार को ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने/परीक्षा में बैठने से सम्बद्ध अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उसका आवेदन-पत्र अस्वीकृत/उनकी उम्मीदवारी को रद्द किया जा सकता है।

9. परीक्षा में प्रवेश के लिए उम्मीदवार पात्र है या नहीं, इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

परीक्षा में आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर ले कि परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हैं। परीक्षा के उन सभी स्तरों, जिनके लिए आयोग ने उन्हें प्रवेश दिया है अर्थात् लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार परीक्षा में उनके प्रवेश पूर्णतः अनंतिम होगा तथा उनके निर्धारित पात्रता की शर्तों को पूरा करने पर आधारित होगा। यदि लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार परीक्षण के पहले या बाद में सत्यापन करने पर यह पता चलता है कि वे पा त्र की किन्हीं शर्तों को पूरा नहीं करते हैं तो आयोग द्वारा परीक्षा के लिए उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

10. जब तक किसी उम्मीदवार के पास आयोग से प्राप्त प्रवेश प्रमाण-पत्र नहीं होगा तब तक उसे परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा।

11. जो उम्मीदवार आयोग द्वारा निम्नांकित कदाचार का दोषी घोषित होता है या हो चुका है :--

(1) किसी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी का समर्थन प्राप्त करना; या

(2) किसी व्यक्ति के स्थान पर स्वयं प्रस्तुत होना; या

(3) अपने स्थान पर किसी दूसरे का प्रस्तुत करना; या

(4) जाली प्रलेख या फेर बदल किए गए प्रलेख प्रस्तुत करना; या

(5) अशुद्ध या असत्य वक्तव्य देना या महत्वपूर्ण सूचना को छिपाकर रखना; या

(6) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में किसी अनियमित या अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करना; या

(7) परीक्षा के समय अनुचित तरीके अपनाए हों; या

(8) उत्तर पुस्तिका (ओं) पर असंगत बातें लिखी हों जो अश्लील भाषा या अभद्र आशय की हों; या

(9) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो; या

(10) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो; या

(11) परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन/पेजर या किसी अन्य प्रकार का इलैक्ट्रोनिक उपकरण या यंत्र अथवा संचार यंत्र के रूप में प्रयोग किए जा सकने वाला कोई अन्य उपकरण प्रयोग करते हुए या अपने पास रखे पाया गया हो; या

(12) परीक्षा की अनुमति देते हुए उम्मीदवारों को भेजे गए प्रवेश-पत्रों के साथ जारी अनुदेशों का उल्लंघन किया हो; अथवा

(13) उपर्युक्त वाक्यांश में निर्धारित सभी या कोई भी कृत्य करने का प्रयास करने या उसे अवप्रेरित करने, जैसा भी मामला हो, का दोषी हो या आयोग द्वारा दोषी घोषित किया गया हो तो उसके विरुद्ध आपराधिक अभियोग चलाए जाने के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्यवाही भी की जा सकती है :--

(क) आयोग द्वारा उसे परीक्षा के लिए जिसका वह उम्मीदवार है; अनर्हक घोषित किया जा सकता है; और या

(ख) उसे स्थाई रूप से या विनिर्दिष्ट अवधि के लिए निम्नलिखित से विवर्जित किया जा सकता है :--

(1) आयोग द्वारा स्व-आयोजित परीक्षा या चयन से,

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी नौकरी से; और

(ग) यदि वह पहले से ही सरकारी नौकरी में है तो उपर्युक्त नियमों के अधीन उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है। किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक :--

(1) उम्मीदवार को इस सम्बन्ध में लिखित अभ्यावेदन जो वह देना चाहे, प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो, और

(2) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो।

12. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में उसमें न्यूनतम अर्हत अंक प्राप्त कर लेते हैं, जितने आयोग स्वविवेक से निर्धारित करे; उन्हें आयोग व्यक्तित्व परीक्षा हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाएगा।

किन्तु यदि आयोग की राय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ी श्रेणी के उम्मीदवारों को उसके लिए आरक्षित रिक्तियों के भरने के उद्देश्य से सामान्य स्तर के आधार पर पर्याप्त संख्या में साक्षात्कार के लिए बुलाना संभव न हो तो आयोग द्वारा उन्हें निर्धारित स्तर में छूट दी जा सकती है।

13. (1) सांक्षात्कार के बाद आयोग प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में अंतिम रूप से प्राप्त, उसके कुल अंकों के आधार पर योग्यताक्रम से उम्मीदवारों की सूची बनाएगा और उसी क्रम से उन उम्मीदवारों में से जिन्हें आयोग उचित समझेगा उन अनारक्षित रिक्तियों पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा करेगा जिन्हें इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरा जाना है।

(2) आयोग द्वारा अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक, स्तर में छूट दे कर सिफारिश की जा सकेगी किन्तु शर्त यह है कि ये उम्मीदवार सेवा पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त हों।

परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ी श्रेणियों के जिन उम्मीदवारों की अनुशंसा आयोग द्वारा परीक्षा के किसी भी चरण में अर्हक या चयन मापदंडों में रियायत/छूट दिए बिना की जाती है, उनका समायोजन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पि. श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्तियों में नहीं किया जाएगा।

14. प्रत्येक उम्मीदवार का परीक्षाफल किस रूप में और किस ढंग से भेजा जाए, इस बात का निर्णय आयोग स्वविवेक से करेगा। परिणाम के सम्बन्ध में आयोग उम्मीदवारों से कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा।

15. परीक्षा में सफल होने से तब तक नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता जब तक सरकार आवश्यक जांच पड़ताल के बाद इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार उसके चरित्र और पूर्व वृत्त को ध्यान में रखते हुए सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए सर्वथा उपयुक्त हो।

16. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए, जिससे वह संबंधित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्त्तव्यों की कुशलतापूर्वक न निभा सके सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जैसी भी स्थिति हो, निर्धारित चिकित्सा परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह पाया जाता है कि वह इस अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी। केवल उन्हीं उम्मीदवारों की स्वास्थ्य परीक्षा की जाएगी जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा स्पेशल क्लास रेलवे अप्रैंटिसेज परीक्षा, 2007 में अंतिम रूप से उत्तीर्ण घोषित किए जाएंगे। रेल मंत्रालय द्वारा चिकित्सा/स्वास्थ्य परीक्षा हेतु सूचना पत्र उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से उनके उस डाक पते पर भेज दिया जाएगा जो उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग को सूचित किया है। यदि किसी उम्मीदवार को रेल मंत्रालय से ऐसा पत्र अंतिम परिणाम घोषित होने के 21 दिनों के भीतर प्राप्त नहीं होता है तो वह उनसे स्वास्थ्य परीक्षा की तिथि जानने हेतु संपर्क कर सकता/सकती है। अंतिम परिणाम घोषित होने की तारीख से 21 दिनों के भीतर ऐसा नहीं करने पर, वह स्वास्थ्य परीक्षा तथा उसके उपरान्त स्पेशल क्लास रेलवे अप्रैंटिसेज परीक्षा, 2007 के आधार पर सेवा-आबंटन का अपना दावा खो देगा/देगी।

डाक्टरी जांच के लिए सभी सफल उम्मीदवारों को अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, केन्द्रीय अस्पताल, उत्तरी रेलवे, बसन्त लेन, नई दिल्ली पर उपस्थित होना पड़ेगा। यदि उम्मीदवार चश्मा लगाए हों तो उन्हें हाल ही के चश्मे के नम्बर के साथ मेडिकल बोर्ड के सामने उपस्थित होना चाहिए।

डाक्टरी जांच की तारीख या स्थान-परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उम्मीदवारों को यह नोट कर लेना चाहिए कि किसी भी हालत में डाक्टरी जांच से छूट के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा :--

उम्मीदवार यह भी नोट कर लें कि :--

(1) उनको (सोलह रुपए) रु. 16/- की नकद राशि मेडिकल बोर्ड को भुगतान करनी होगी,

(2) डाक्टरी जांच के सम्बन्ध में की गई यात्राओं के लिए उम्मीदवार को कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा, और

(3) उम्मीदवार की डाक्टरी जांच हो जाने का अर्थ यह नहीं होता कि नियुक्ति के लिए उसके मामले पर विचार किया ही जाएगा।

उम्मीदवार यह नोट कर लें कि उसको रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) से डाक्टरी जांच से सम्बन्धित अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी।

उम्मीदवारों को किसी प्रकार की निराशा न हो उनके लिए उन्हें सलाह दी जाती है कि परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने से पहले सिविल सर्जन स्तर के किसी सरकारी चिकित्सा अधिकारी से परीक्षा करा लें। नियुक्ति से पहले उम्मीदवारों को किस प्रकार की डाक्टरी परीक्षा देनी होगी और इसमें उनसे किस स्तर की अपेक्षा की जाएगी, इसका ब्यौरा इन नियमों के परिशिष्ट-2 में दिया गया है। अपाहिज, भूतपूर्व सैनिक कर्मचारियों के सम्बन्ध में प्रत्येक सेवा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन मानकों से छूट दी जाएगी।

17. कोई भी व्यक्ति :--

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो अथवा विवाह करने की संविदा की हो, जिसकी एक पत्नी/जिसका पति जीवित हो, अथवा

(ख) जिसने एक पत्नी/पति के रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया हो अथवा विवाह करने की संविदा की हो।

सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसे व्यक्ति तथा विवाह दूसरे पक्ष पर लागू होने वाली स्वीकार्य विधि के अन्तर्गत इस प्रकार का विवाह अनुमेय है और ऐसे करने के अन्य कारण हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है।

18. इस परीक्षा के माध्यम से चयन किए गए विशेष श्रेणी अप्रेंटिसों के लिए अप्रेंटिसों की शर्त परिशिष्ट-3 में दी गई है। यांत्रिक इंजीनियरों के भारतीय रेल सेवा से सम्बन्धित संक्षिप्त विवरण भी परिशिष्ट-4 में दिए गए हैं।

ममता कंडवाल
उप निदेशक
रेलवे बोर्ड

परिशिष्ट-1

(देखिए नियम-3)

परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार आयोजित की जाएगी :--

भाग--1 नीचे दर्शाए गए विषयों में अधिकतम 600 अंकों की लिखित परीक्षा।

भाग--2 व्यक्तित्व परीक्षण जिसमें अधिकतम अंक 200 होंगे। (देखिए नियम 12)।

2. भाग 1 के अन्तर्गत लिखित परीक्षा के विषय, प्रत्येक विषय प्रश्न-पत्र के लिए निर्धारित समय और अधिकतम अंक निम्नलिखित होंगे :--

क्रम सं.	विषय	कोड सं.	अनुमत समय	अधिकतम अंक
1	2	3	4	5
प्रश्न-पत्र-1	सामान्य योग्यता परीक्षा (अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान एवं मनो-वैज्ञानिक परीक्षण)	01	2 घंटे	200
प्रश्न-पत्र-2	भौतिक विज्ञान (भौतिकी एवं रसायन)	02	2 घंटे	200
प्रश्न-पत्र-3	गणित	03	2 घंटे	200
			कुल अंक	600

3. सभी विषयों के प्रश्न-पत्रों में केवल "वस्तुपरक (बहुविकल्प) प्रश्न" होंगे। प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी में ही होंगे।

4. प्रश्न-पत्र में जहां आवश्यक हो एस. आई. (SI) इकाइयों का प्रयोग किया जाएगा।

5. प्रश्न-पत्र लगभग इण्टरमीडिएट स्तर के होंगे।

6. उम्मीदवार उत्तरों को अपने ही हाथ से लिखें। उन्हें किसी भी हालत में उत्तर लिखने के लिए किसी व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7. आयोग परीक्षा के किसी एक विषय या सभी विषयों के लिए अर्हक अंक निर्धारित कर सकता है।

8. उम्मीदवार वस्तुपरक प्रश्न-पत्रों (परीक्षण-पुस्तिका) का उत्तर देने के लिए कैलकुलेटरों का प्रयोग नहीं कर सकते। अत: वे इन्हें परीक्षा-भवन में न लाएं।

9. परीक्षा का पाठ्यक्रम संलग्न अनुसूची में दिया गया है।

अनुसूची

प्रश्न-पत्र I

(i) अंग्रेजी--प्रश्न इस प्रकार के होंगे जिनसे उम्मीदवार की समझ और भाषा पर अधिकार का पता लग सके।

(ii) सामान्य ज्ञान--प्रश्न इस प्रकार के होंगे जिनसे उम्मीदवार को अपने चारों ओर के वातावरण और सामाजिक व्यवस्थाओं की सामान्य जानकारी का परीक्षण करना है। प्रश्न के उत्तरों का स्तर उस स्तर का होगा जैसा कि 12वीं कक्षा या समकक्ष स्तर के विद्यार्थियों का होता है।

व्यक्ति और उसका परिवेश:

जीवन का विकास, पौध और पशु वंशानुगत और परिवेश आनुवंशिकी प्रकोष्ठ ग्रोमोसोन, जीन्स।

मानस-शरीर की जानकारी--पोषाहार सन्तुलित भोजन प्रतिस्थाई खाद्य महामारियों और सामान्य रोगों की रोकथाम सहित लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता, वातावरणीय प्रदूषण और उसकी रोकथाम, खाद्य अपमिश्रण, खाद्यान्नों और उनसे निर्मित उत्पादों का सही प्रकार से स्टोर करना तथा परीक्षण। जनसंख्या विस्फोट, जनसंख्या नियंत्रण, खाद्य और कच्चे सामान का उत्पादन। पशुओं तथा पोधों का संप्रजनन, कृत्रिम गर्भाधान, खाद और उर्वरक, फसल रक्षण उपाय, अधिकतम किस्में और हरित क्रांति भारत के मुख्य अनाज और नकदी फसलें।

सौर-परिवार और पृथ्वी ऋतुएं, जलवायु, मौसम। भूमि--इनकी रचना और अपरदन, वन तथा उनके उपयोग, प्राकृतिक संकट--चक्रवात, तूफान, बाढ़, भूकम्प, ज्वालामुखी उदगार। पर्वत और नदियों और भारत में सिंचाई के लिये उनका योगदान। भारत में प्राकृतिक साधनों और उद्योगों का वितरण, तेल सहित भूगत खनिजों की खोज। भारत के वनस्पतिजात और प्राणिजात के विषय सन्दर्भ के साथ प्राकृतिक साधन।

भारत का इतिहास राजनीति और समाज:

वैदिक, महावीर, बुद्ध, मौर्य, शुंग, आंध्र कुषाण, गुप्त काल (मौर्य कालीन स्तम्भ, स्तूप, कन्दराएं, सांची, मथुरा और गन्धर्व विद्यालय, मन्दिर, वास्तुकला, अजन्ता और एलोरा)।

इस्लाम के आने के साथ नई शक्तियों की उत्पत्ति और व्यापक सम्बन्धों की स्थापना। सामन्तवाद में, पूंजीवाद में स्थानान्तरण। यूरोपीय सम्बन्धों की शुरूआत। भारत में ब्रिटिश शासन की स्थापना। राष्ट्रीयवाद और स्वतंत्रता-प्राप्ति के लिये राष्ट्रीय संग्राम।

भारत का संविधान और इसकी महत्वपूर्ण विशेषताएं--लोकतन्त्र, धर्म-निरपेक्षता, समाजवाद, समानता के अवसर और सरकार की संसदीय प्रणाली, प्रमुख राजनैतिक विचारधाराएं--लोकतन्त्र, समाजवाद, साम्यवाद और अहिंसा के गांधीवाद विचार। भारतीय राजनैतिक दल, प्रभावशाली गुट, लोकमत और प्रैस, चुनाव प्रणाली।

भारत की विदेश-नीति और गुट-निरपेक्षता, शस्त्र-निर्माण होड़ शक्ति सन्तुलन। विश्व संगठन--राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पिछले दो वर्ष के दौरान भारत और विदेश में घटित प्रमुख घटनाएं (खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यकलाप सहित)।

भारतीय सामाजिक व्यवस्था की मुख्य विशेषताएं--जाति व्यवस्था से हाल में हुए परिवर्तनों और दृष्टिकोण, अल्प संख्यक सामाजिक संस्थाएं, विवाह, परिवार, धर्म और संस्कृति संक्रमण।

श्रम-विभाजन, सहकारिता, टकराव और प्रतियोगिता, सामाजिक नियंत्रण, पुरस्कार और सभा, कला, कानून, रीति-रिवाज, गलत प्रचार, लोकमत, सामाजिक नियंत्रण की एर्जेसियां--परिवार, धर्म, राज्य शैक्षिक संस्थाएं, सामाजिक परिवर्तन के कारण, आर्थिक औद्योगिकीय जन सांख्यिकीय सांस्कृतिक क्रांति की संकल्पना।

भारत में सामाजिक विघटन:

जातिवाद साम्प्रदायिकता, जनजीवन में भ्रष्टाचार, युवक अशांति, भीख मांगना, औषध अपराधवृत और अपराध, गरीबी और बेरोजगारी।

सामाजिक योजना और भारतीय सामुदायिक विकास का कल्याण और श्रम कल्याण, अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों का कल्याण।

धन कराधान, मूल्य, जन सांख्यिकीय दृष्टिकोण, राष्ट्रीय आय, आर्थिक विकास निजी और सार्वजनिक क्षेत्र, योजना में आर्थिक और गैर-आर्थिक कारण, संतुलित बनाम असंतुलित विकास, कृषि बनाम औद्योगिक विकास स्फीती और साधन जुटाने के संबंध में मूल्य स्थिरीकरण समस्याएं, भारत की पंचवर्षीय योजनाएं।

मनोवैज्ञानिक परीक्षण

(iii) प्रश्न इस प्रकार के होंगे जिन से उम्मीदवारों को बुनियादी जानकारी और यांत्रिक अभिरूचि का मूल्यांकन हो सके।

प्रश्न-पत्र-II

(i) भौतिकी

वर्नियर, स्कुगेज स्फीरोमीटर और आप्टीक: लीवर का प्रयोग करते हुए लंबाई की माप।

समय और द्रव्यमान का माप:

सरल रेखिक गति और विस्थापन, वेग और त्वरण के बीच संबंध।

न्यूटन के गति के नियम, संवेग, आवेग, कार्य, ऊर्जा और शक्ति।

घर्षण गुणांक:

बल क्रिया के अन्तर्गत पिंडों का संतुलन: बल का आघूर्ण, युगपत न्यूटन का गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत। पलायन वेग। गुरुत्व के कारण त्वरण। द्रव्यमान तथा भार। गुरूत्व केन्द्र। एक समान चक्रीय गति अभिकेन्द्र बल। सरल आवर्त गति। सरल लोलक।

द्रव में दबाव और इसकी विभिन्न गहराई पास्कल का नियम। आर्कीमिडिज का सिद्धांत, तैरने वाले पिण्ड, परिवेशी दबाव और इसकी माप।

तापमान और इसकी माप। तापीय प्रभार। गैस नियम और परम ताप। विशिष्ट ऊष्मा। गुप्त ऊष्मा और उसकी माप। गैसों की विशिष्ट ऊष्मा का यांत्रिक समकक्ष, आंतरिक ऊर्जा और ऊष्मागति का पहला नियम। समपाती और रूद्रयों में निर्भरत अनुनाद परिघटना (वायु स्तम्भ और रज्जु)।

तरंग गति अनुदैर्ध्य और अनुप्रस्थ तरंगें। प्रगामी और अप्रगामी तरंगें गैस में ध्वनि का वेग और विविध कारणों पर निर्भरता। अनुवाद परिघटना (वायु स्तम्भ और रज्जू)।

प्रकाश का परिवर्तन और आवता। वक्र दर्पणों और लैंसों द्वारा बिंब रचना। सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी (दृष्टि दोष)।

प्रिज्म:--विचलन और प्रकीर्णत। न्यूनतम विचलन दृश्य स्पेक्ट्रम।

छड़ चुम्बक का क्षेत्र। चुम्बकीय आघूर्ण। भू-चुम्बकीय क्षेत्र के तत्व चुम्बकीयमापी। डाय, पैरा और फारी चुम्बकत्व।

विद्युत चार्ज, विद्युत क्षेत्र और विभव-कोलम्ब नियम।

विद्युत धारा:--विद्युत सेल, इं.एम.ई., प्रतिरोध एमीटर और वोल्टमीटर। ओह्म का नियम; श्रेणी और समान्तर में प्रतिरोध, विशिष्ट प्रतिरोध और चारकता धारा का तापन प्रभाव।

व्हीटस्टोन ब्रिज, विभवमापी:

धारा का चुम्बकीय प्रभाव: सीध तार कुन्डली और सोलिनायड: विद्युत चुम्बक, विद्युत घंटी।

चुम्बकीय क्षेत्र में चालक वाली धारा पर बल: बल कुंडली धारामापी एमीटर या वोल्टमीटर परिवर्तन।

धारा के रासायनिक प्रभाव: प्राथमिक और स्टोरिज सैल में उनकी क्रिया विधि, विद्युत अपघटन के नियम।

विद्युत चुम्बकीय प्रेरणा, सरल ए सी तथा डी सी जनित्र। ट्रांसफार्मर। अपघटन कुण्डली।

केथोड किरणें, एलैक्ट्रान की खोज, परमाणु का बौहर माडल डायोड और परिशोधक के रूप में इसके उपयोग।

एक्स-किरण का उत्पादन, गुण और उपयोग

रेडियोधर्मिता--अल्फा, बीटा और गामा किरणें।

नाभिकीय ऊर्जा, विखंडन और सलयन: द्रव्यमान का ऊर्जा में परिवर्त शृंखला अभिक्रिया।

(ii) रसायन विज्ञान

भौतिकी रसायन विज्ञान:

1. परमाणु संरचना, संक्षेप में पूर्ण माडल। क्रिविम माडल के रूप में परमाणु। कक्षाएं परिसंकलना क्वांगटम, संख्या और उनकी विशेषता; केवल आरंभिक/अभिक्रिया। वाली का अपवर्जत सिद्धांत। इलैक्ट्रोनिक विन्यास अंकन सिद्धांत एम पी डी और एफ ब्लाक तत्व।

आवर्ती वर्गीकरण--केवल दीर्घ रूप/आवर्त और इलैक्ट्रोनिक विन्यास परमाणु अनुपात/आवर्तक और ग्रुपों में विद्युत नकारात्मकता।

2. रासायनिक आबंधन, इलैक्ट्रोलेट, कोबलेड कार्डिनेट की ब्लैड बंधन/जा तथा एक्स/बंधनों के बंधन गुण, जल हाइड्रोजन सल्फाइड मीथेन और अनोमियम क्लोराइट जैसे सरल अणुओं के आकार। मोलेक्यूलर संबंध और हाइड्रोजन आबंधन।

3. रासायनिक अभिक्रिया ऊर्जा परिवर्तन ऊष्मा उन्मीवी और ऊष्मा-शोधी अभिक्रिया ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम का प्रयोग। स्थिर ऊष्मा संकलन की हैस क्या नियम है।

4. रासायनिक संकलन और अभिक्रिया की दरें। द्रव्यमान का नियम दबाव के प्रभाव। तापमान और अभिक्रिया दर पर केन्द्रीयकरण

(लाचेटीलियनर के सिद्धांत पर आधारित अभिक्रिया) आणविकता प्रथम तथा द्वितीय क्रम अभिक्रियाएं संक्रियमण की ऊर्जा परिकल्पना। अमोनिया और सल्फर ट्राइआक्साइड के निर्माण के लिए प्रयोग।

5. विलयन: वास्तवकि विलयन, गोलयड़ विलयन और स्थगन। टन विलयनों के अनुसंख्य गुणधर्म और विज्ञान पदार्थों के अनुसार निश्चित करना। क्वाली बिन्दुओं का उनयन हिमांक मूल्यांकन अल्मटे दबाव। राल्ट का नियम (केवल अनुष्मागति की अभिक्रिया)।

6. विद्युत रसायन विज्ञान--विद्युत अपघटन। विद्युत अपघटन का फैराडे नियम। आयमी संलयन। धुल शीलता उत्पाद। प्रवल तथा क्षीण अपघटन। अम्ल तथा गैस (लोवण तथा यूरिस्टड की परिकल्पना) पी एच तथा उभय प्रतिरोधी विलयन।

7. आक्सीजन अपचयन:--आधुनिकी इलैक्ट्रानिक परिकल्पना और आक्सीजन अंक।

8. प्राकृतिक और कृतिम विघटनात्मिकता:--नाभिकीय विखंडन और संचयन। विघटनात्मिक समास्थानिकों के उपयोग, अकार्बनिक रसायन विज्ञान।

अजैव रसायन विज्ञान ;

तत्वों की संक्षिप्त अभिक्रिया और उनके औद्योगिकीय महत्वपूर्ण मिश्रण।

1. हाइड्रोजन : अवत तालिकाओं स्थित हाइड्रोजन का समस्थानिक--गुणत्मक तथा घनात्मक विद्युत। जल, कठोर तथा मृदु जल उद्योगों में जल का उपयोग। भारी पानी और इसके उपयोग।

2. ग्रुप 1 तत्व। सोडियम हाइड्रोआक्साइड का विनिर्माण सोडियम कार्बोनेट। सोडियम बाइकार्बोनेट और सोडियम फ्लोसाईड।

3. ग्रुप 2 तत्व। आश तथा बुझा हुआ चूना। जिप्सम। प्लास्टर ऑफ पेरिस। मैगनीशियम सल्फेट और मैगनीशिया।

4. ग्रुप 3 वीररस; एलमिया तत्व और एलम।

5. ग्रुप 4 तत्व। कोयला, लकड़ी तथ ठोस ईंधन। सिलिकेट, जोलिंटिस तथा अर्द्ध सुचालक। शीशा (प्रारम्भिक अभिक्रिया)।

6. ग्रुप 5 तत्व। अमोनिया और नाइट्रिक अम्ल का विनिर्माण। शैल फास्फेट और रिनापट दियासलाई।

7. ग्रुप 6 तत्व। हाइड्रोजन और आक्साइड, गंधक सल्फयूरिक अम्ल की उपभोगता गंधक के आकसाइड।

8. ग्रुप 7 तत्व। फुलरीन, क्लोरीन प्रोटीन और आयोडीन का निर्माण तथा उपयोग। हाइड्रोक्लोरिक एसिड। ब्लीचिंग पाउडर।

9. ग्रुप 0 (उत्कृष्ट गैस हीलियम और इसके उपयोग)।

10. धातुकर्मीय संसाधक--तांबा, लोहा, एल्यूमिनियम। चांदी, सोना, जस्त तथा सीसे के विशिष्ट संदर्भ के साथ धातुओं को निकालने की सामान्य पद्धतियां। इन धातुओं को सर्वनिष्ट मिश्रधातु : निकिल मैगनीज इस्पात।

कार्बनिक रसायन विज्ञान :

1. कार्बन का टेट्रोहाइन स्वरूप। संस्करण जी. एन. बंधन तथा उनकी सापेक्षित शक्ति। जल तथा बहुबंधन अणु का आकार। ज्योमितीय तथा प्रकाशीय समावयकता।

2. एलकेन, एलकीम और एल्फिलीन के तैयार करने के गुणधर्मी और अभिक्रियाओं की सामान्य पद्धतियां। पेट्रोलियम और इनका परिष्करण, ईंधन के रूप में इसके उपयोग।

एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन् :--

अनुवाद और एरोमैटिकता। बैन्जीन तथा नैथालीन और उसके सादृश्य एरोमैटिक प्रतिस्थापन अभिक्रियाएं।

3. हेलोकिन व्युत्पत्तियां, क्लोरोफार्म कार्बन टैट्राक्लोराइड, क्लोरोबेनजीन--डी. डी. टी. और गमवसीन।

4. हाइड्राक्सी मिश्रण--प्राथमिक और द्वितीय और तृतीयक एल्कोहल, मिथनोल, एथनोल, ग्लासरोल और फिनाइल के तैयार करने, गुणधर्म उपयोग। एलिफेटिक कार्बन अणु पर प्रतिस्थापना अभिक्रियाएं।

5. प्रवर--डाइथाइल इथर।

6. एल्डीहाइड्स और केन्यस। फार्मल्डीहाइड। एसीटे लाइज पनेल्डाइड, एसेटीन एस्सायफीनोल।

7. नाइड्रो योगक एमीन, नाईड्रोबेन्जीन, डी. एन. टी.। एनीलाम डाइजीनियम यौगिक। एजोडाइज।

8. कार्बोक्सीलिक अम्ल : फोर्सीक, एसीटिक, बनजोईक और सेलिसिलिक अम्ल, एसीटाइल सेलिसिलिक अम्ल।

9. एसटर एथालरोसीटड, मिथाइल, सेलिसिलेट्स इथाइल बंजार।

10. पालीमर्स : पोलीथीन टजलान, पसपैक्स, कृत्रिम रबड़, नायलान और पोलिस्टलत।

11. कार्बोहाईटस, वसा और लिपीडस, एमीनी अम्ल और प्रोटीन विटामिन और हर्मोन्स का असंरचनात्मक अभिक्रिया।

प्रश्न पत्र III

गणित

1. बीजगणित

समुच्चय की अवधारणा, समुच्चयों का सम्मिलन व सर्वनिष्ठ, समुच्चय का पूरक समुच्चय, रिक्त समुच्चय, समष्टीय समुच्चय और घात समुच्चय, वेन आरेख और साधारण अनुप्रयोग। दो समुच्चयों के कार्तीय गुणन, संबंध व प्रतिचित्रण--उदाहरण, समुच्चय पर द्वि-आधारी संक्रिया उदाहरण।

वास्तविक संख्याओं का एक रेखा पर निरूपण। संमिश्र संख्याएं : मापांक, कोणांक, संमिश्र संख्याओं पर बीजगणितीय संक्रिया। ईकाई का घनमूल। संख्याओं की द्विआधारी प्रणाली, दशमलव संख्या का द्विआधारी संख्या में परिवर्तन तथा विलोमत: परिवर्तन। अंकगणितीय, ज्यामितीय, तथा हरात्मक श्रेणी। अंकगणितीय श्रेणी, ज्यामितीय श्रेणी तथा हरात्मक श्रेणी को अन्तर्ग्रस्त करके श्रेणियों का संकलन। वास्तविक गुणांकों के द्विघात समीकरण। द्विघात व्यंजक, चरम मान। क्रमचय तथा संचय, द्विपद प्रमेय तथा इसके अनुप्रयोग।

आव्यूह तथा सारणिक : आव्यूहों के प्रकार, समानता, आव्यूह योग तथा अदिश गुणन-गुणधर्म आव्यूह गुणन-अक्रम-विनिमय तथा योग के सापेक्ष वितरण गुणधर्म, आव्यूह-परिवर्त, आव्यूह का सारणिक, उपसारणिक तथा

सह-खण्ड। सारणिकों के गुणधर्म। अव्युत्क्रमणीय तथा व्युतक्रमणीय आव्यूह वर्ग आव्यूह का सहखंडज तथा व्युत्क्रम। दो तथा तीन चरों में रेखिक समीकरणों के समूह का हल--निराकरण विधि, क्रैमर नियम तथा आव्यूह व्युतक्रमण विधि। (m पंक्ति तथा n स्तंभ सहित आव्यूह जहां $m, n \leq 3$ माना जाना है।)

समूह की धारणा, समूह की कोटि, आबेली समूह तत्समक तथा व्युत्तक्रम अवयव-साधारण उदाहरणों द्वारा समझाना।

2. त्रिकोणमिति

संकलन एवं व्यकलन-सूत्र; बहुल तथा उपवर्तक कोण, गुणनफल तथा गुणनखंड सूत्र, व्युतक्रम त्रिकोणमितीय फलन-प्रांत, रेंज तथा ग्राफ। द--मायवर प्रमेय, साइन तथा कोसाइन के बहुगुणकों की श्रेणी में साइन n.q. तथा कोस n.o. का प्रसार साधारण त्रिकोणमितीय समीकरणों का हल। अनुप्रयोग : ऊँचाई व दूरी।

3. विश्लेषक जयामिति (दो विमाएं)

आयतीय कार्तीय निर्देशांक पद्धति, दो बिन्दुओं के मध्य दूरी, विभिन्न प्रकारों में सरल रेखा के समीकरण, दो रेखाओं के मध्य कोण, एक रेखा से एक बिन्दु की दूरी। अक्षों का रूपांतरण। सरल रेखाओं के युग्म, x तथा y में द्वितीय डिग्री के सामान्य समीकरण-सरल रेखाओं के युग्म को निरूपित करने की शर्तें, प्रतिच्छेद बिन्दु, दो रेखाओं का मध्य कोण। मानक तथा सामान्य प्रकार में एक वृत का समीकरण, एक बिन्दु पर स्पर्शरेखा तथा अभिलंब के समीकरण दो वृत्तों की लंब कोणीयता। परवलय, दीर्घवृत्त तथा अतिपरवलय के मानक समीकरण-प्राचलिक समीकरण, एक बिन्दु पर स्पर्शरेखा तथा अभिलम्ब के कार्तीय तथा प्राचलिक दोनों प्रकार के समीकरण।

4. अवकल गणित

वास्तविक मान फलन की अवधारणा--प्रांत, रेंज व ग्राफ, संयुक्त फलन, एकेकी, आच्छादिक तथा व्युतक्रम फलन, वास्तविक फलनों का बीजगणित। बहुपद, परिमेय, त्रिकोणमितीय, चरघातांकी तथा लघु गणकीय (लागेरिथमीय) फलनों के उदाहरण। सीमांत की धारणा मानक सीमांत--उदाहरण। फलनों के सांतत्य--उदाहरण, सांतत्य फलनों पर बीजगणितीय संक्रिया। एक बिन्दु पर एक फलन का अवकलज, एक अवकलज के ज्यामितीय तथा भौतिक निर्वचन--अनुप्रयोग। फलनों के योग, गुणनफल और भागफल के अवकलज, एक फलन के सापेक्ष दूसरे फलन का अवकलज, संयुक्त फलन का अवकलज, श्रृंखला नियम। द्वितीय क्रम अवकलज। रौले का प्रमेय (केवल प्रकथन), वर्धमान तथा समान फलन। एक फलन के उच्चिष्ठ, अल्पिष्ठ, उच्चतम तथा लघुतम मानों की समस्याओं में अवकलजों का अनुप्रयोग।

5. समाकलन गणित तथा अवकल समीकरण

समाकलन गणित :

अवकलन के प्रतिलोम के रूप में समाकलन, प्रतिस्थापन द्वारा समाकलन तथा खंडशः समाकलन, बीजीय व्यंजक त्रिकोणमितीय, चरघातांकी तथा अतिपरवयिक फलनों को अंतर्ग्रस्त करके मानक समाकल--निश्चित समाकलों का मानांकन-वक्र रेखाओं द्वारा घिरे समतल क्षेत्रों के क्षेत्रफलों का निर्धारण--अनुप्रयोग।

अवकल समीकरण :

अवकल समीकरण की कोटि तथा डिग्री की परिभाषा, उदारणों द्वारा अवकल समीकरण की रचना। अवकल समीकरण का सामान्य तथा विशेष हल। विभिन्न प्रकार के प्रथम कोटि तथा प्रथम डिग्री अवकल समीकरणों का हल--उदाहरण। नियम गुणांकों के द्वितीय कोटि समघात अवकल समीकरण का हल।

6. सदिश तथा इसके अनुप्रयोग

सदिश का परिमाण तथा दिशा, समान सदिश, इकाई सदिश, शून्य सदिश दो तथा तीन विमाओं में सदिश, स्थिति सदिश। सदिश का अदिश द्वारा गुणन, दो सदिशों का योग व अन्तर, योग का समांतर चतुर्भुज नियम तथा त्रिभुज नियम। सदिशों का गुणन--दो सदिशों का अदिश गुणनफल या बिन्दु गुणनफल, लम्बता, क्रम विनिमेय तथा बंटन गुणधर्म। दो सदिशों का सदिश गुणनफल या क्रास गुणनफल--इसके गुण, दिए गए दो सदिशों पर लम्ब इकाई सदिश। अदिश तथा सदिश त्रिक गुणनफल। सदिश रूप में एक रेखा, समतल तथा गोले का समीकरण--साधारण प्रश्न, त्रिभुज, समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल तथा सदिश पद्धति द्वारा समतल ज्यामिति तथा त्रिकोणमिति के प्रश्न। बल तथा बल के आघूर्ण द्वारा किया गया कार्य।

7. सांख्यिकी तथा प्रायिकता

सांख्यिकी : बारंबारता-बंटन, संचयी बारंबारता-बंटन--उदाहरण। ग्राफी निरूपण-आयात चित्र, बारंबारता बहुभुज--उदारण केन्द्रीय प्रवृत्ति का मापन-माध्य, माध्यिका तथा बहुलक। प्रसरण तथा मानक विचलन-निर्धारण तथा तुलना। सहसंबंध तथा समाश्रयण।

प्रायिकता : यादृच्छिक प्रयोग, परिणाम तथा सहचारी प्रतिदर्श समष्टि, घटना, परस्पर अपवर्जित तथा निश्शेष घटनाएं, असंभव तथा निश्चित घटनाएं। घटनाओं का सम्मिलन तथा सर्वनिष्ठ। पूरक, प्रारंभिक तथा संयुक्त घटनाएं। प्रायिकता की परिभाषा : चिरसम्मत और सांख्यिकीय--उदाहरण प्रायिकता पर प्रारंभिक प्रमेय। साधारण प्रश्न। सप्रतिबंध प्रायिकता, बेज़ प्रमेह--साधारण प्रश्न। प्रतिदर्श समष्टि पर फलन के रूप में यादृच्छिक चर। द्वि आधारी बंटन, द्वि आधारी बंटन को उत्पन्न करने वाले यादृच्छिक प्रयोगों के उदाहरण।

व्यक्तिगत परीक्षण

प्रत्येक उम्मीदवार का एक ऐसे बोर्ड द्वारा साक्षात्कार किया जाएगा जिसके सामने उम्मीदवार के शैक्षिक तथा बाहरी दोनों प्रकार के जीवन वृत्त का अभिलेख होगा। इनमें सामान्य हित के मामलों में संबद्ध प्रश्न पूछे जाएंगे। उनके नेतृत्व में पहलशक्ति और बौद्धिक उत्सुकता व्यवहार कुशलता और अन्य सामाजिक गुणों, मानसिक और शारीरिक शक्ति व्यवहारिक प्रयोग की शक्ति और चरित्र की सत्यनिष्ठा के गुणों का मूल्यांकन करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा।

परिशिष्ट--2

1. यांत्रिक इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा में नियुक्ति हेतु उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के लिए विनियम।

[ये विनियम उम्मीदवारों को सुविधा और अनके अपेक्षित शारीरिक स्तर की संभाव्यता को सुनिश्चित करने के लिए प्रकाशित किए जाते हैं। विनियमों का उद्‌देश्य स्वास्थ्य परीक्षकों और उन उम्मीदवारों का मार्गदर्शन भी करता हैं जो विनियमों में निर्धारित न्यूनतम अपेक्षाओं को पूरा नहीं करते और जिन्हें स्वास्थ्य परीक्षकों द्वारा योग्य घोषित नहीं किया जा सकता है। किन्तु यदि कोई उम्मीदवार इन विनियमों में दिए गए नियमों के अनुसार योग्य नहीं है तो भी चिकित्सा बोर्ड को भारत सरकार को उनकी अनुशंसा करने का अधिकार होगा जिसके लिए बोर्ड इस आशय के लिखित कारणों का उल्लेख करेगा कि अमुक उम्मीदवार सरकार को हानि के बिना सेवा में भर्ती किया जा सकता है।

(क) यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि भारत सरकार के चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद किसी भी उम्मीदवार को अस्वीकृत या स्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।

(ख) केवल उन्हीं उम्मीदवारों की स्वास्थ्य परीक्षा की जाएगी जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा स्पेशल क्लास रेलवे अप्रैंटिसेज परीक्षा, 2007 में अंतिम रूप से उत्तीर्ण घोषित किए जाएंगे। रेल मंत्रालय द्वारा चिकित्सा/स्वास्थ्य परीक्षा हेतु सूचना पत्र उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से उनके उस डाक पते पर भेज दिया जाएगा जो उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग को सूचित किया है। यदि किसी उम्मीदवार को रेल मंत्रालय से ऐसा पत्र अंतिम परिणाम घोषित होने के 21 दिनों के भीतर प्राप्त नहीं होता है तो वह उनसे स्वास्थ्य परीक्षा की तिथि जानने हेतु संपर्क कर सकता/सकती है। अंतिम परिणाम घोषित होने की तारीख से 21 दिनों के भीतर ऐसा नहीं करने पर, वह स्वास्थ्य परीक्षा तथा उसके उपरांत स्पेशल क्लास रेलवे अप्रैंटिसेज परीक्षा 2007 के आधार पर सेवा आबंटन का अपना दावा खो देगा/देगी।]

2. नियुक्ति के लिए स्वस्थ ठहराए जाने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवारों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो और उनमें कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिससे नियुक्ति के साथ दक्षतापूर्ण काम करने में बाधा पड़ने की संभावना हो।]

(क) केवल भारतीय (एंग्लो इण्डियन सहित) जाति के उम्मीदवारों की आयु, ऊंचाई और छाती के घेरे के परस्पर संबंध के बारे में मेडिकल बोर्ड के ऊपर यह छोड़ दिया गया है कि वह उम्मीदवारों की परीक्षा में मार्गदर्शन के रूप में जो भी परस्पर संबंध के आंकड़े सबसे उपयुक्त समझे, व्यवहार में लाए। यदि वजन, कद और छाती के घेरे में विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल में रखना चाहिए और उसकी छाती का एक्स-रे लेना चाहिए। ऐसा करने के बाद ही कोई बोर्ड उम्मीदवार को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ घोषित करेगा।

(ख) किन्तु कद और छाती के घेरे के लिए कम से कम मानक निम्नलिखित है। जिसके बिना पूरा उतरने पर उम्मीदवार स्वीकार नहीं किया जा सकता :--

	कद	छाती का फैलाव (पूरा फैलाकर)	
	सें.मी.	सें.मी.	सें.मी.
पुरुष उम्मीदवारों के लिए	152	79	5
महिला उम्मीदवारों के लिए	150	74	5

अनुसूचित जनजातियों तथा गोरखाओं, गढवालियों, असमियों, नागालैंड के आदिवासियों आदि जैसी जातियों जिनका औसत कद स्पष्टत: ही कम होता है के उम्मीदवारों के मामले में भी निर्धारित न्यूनतम कद में छूट दी जा सकती है।

3. उम्मीदवारों का कद निम्नलिख्वित विधि से मापा जाएगा

वह अपने जूते उतार देगा और उसे मापदण्ड (स्टैण्डर्ड) के साथ इस तरह सटाकर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहें और उसका वजन सिवाय एड़ियों के पांवों के अंगूठों या किसी हिस्से पर न पडे। वह बिना अकड़े सीधा खड़ा होगा और उसकी एड़ियों, पिण्डलियां, नितम्ब और कंधें मापदण्ड के साथ लगे होंगे। उसकी ठोड़ी नीचे रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (बटेक्स आफ दी हैड लेवल) हारिजेंटल बार (आड़ छड़) के नीचे जाए। कद सेंटीमीटरों और आधे सेंटीमीटरों में मापा जाएगा।

4. उम्मीदवारों की छाती मापने का तरीका इस प्रकार है

उसे इस भांति खड़ा किया जाएगा कि उनके पांव जुड़े हों और उसकी भुजाएं सिर से ऊपर खड़ी हो। फीते को छाती के गिर्द इस तरह लगाया जाएगा कि उसका ऊपर किनारा असफीक (सोल्डर ब्लेड) के निम्न कोणों (इन्फीरियर एंगिल्स) के पीछे रहे यह फीते उसकी छाती के गिर्द के जाने पर (आड़े समतल उसी हारिजेंटल प्लेन) में रहे। फिर भुजाओं को नीचे किया जाएगा और उन्हें शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा। किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कंधे ऊपर या पीछे की ओर न किए जाएं ताकि फीता अपने स्थान से हट न जाए। तब उम्मीदवार को कई बार गहरी सांस लेने के लिए कहा जाएगा तथा छाती के अधिक से अधिक फैलाव पर सावधानी से ध्यान दिया जाएगा और कम से कम अधिक से अधिक फैलाव सेंटीमीटरों में रिकार्ड किया जाएगा। जैसे 84--89, 86--93 आदि। माप रिकार्ड करते समय आधा सेंटीमीटर से कम भिन्न फ्रैक्शन को नोट नहीं करना चाहिए।

विशेष ध्यान--अंतिम निर्णय से पूर्व उम्मीदवार का कद और छाती दो बार मापे जाने चाहिएं।

5. उम्मीदवार का वजन किया जाएगा और यह किलोग्राम में होगा। आधा किलोग्राम या उसका अंश नोट नहीं करना चाहिए।

६. उम्मीदवार की नजर की जांच निम्नलिखित नियमों के अनुसार की जाएगी प्रत्येक जांच का परिणाम रिकार्ड किया जाएगा।

(1) सामान्य (जनरल) :--किसी रोग या असामान्यता (एबनार्मिलिटी) पता लगाने के लिए उम्मीदवार की आखों

की सामान्य परीक्षा की जाएगी। यदि उम्मीदवार की आंखों, पलकों अथवा साथ लगी संरचनाओं (कन्टिगुअस स्ट्रकचर) का कोई रोग हो जो उसे अब या आगे किसी समय सेवा के लिए अयोग्य बना सकता हो तो उसको अस्वीकृत कर देना चाहिए।

(2) दृष्टि तीक्ष्णता (विजुअल एक्यूटी):--के दृष्टि की तीव्रता का निर्धारण करने के लिए दो तरह की जांच की जाएगी। एक दूर की नजर के लिए और दूसरी नजदीक की नजर के लिए। प्रत्येक आंख की अलग-अलग परीक्षा की जाएगी।

चश्मे के बिना आंख की नजर (नेकेड आई विजन) की कोई उच्चतम सीमा (मैक्सीमम लिमिट) नहीं होगी, किन्तु प्रत्येक माप में मैडिकल बोर्ड या अन्य मैडिकल प्राधिकारी द्वारा इसे रिकार्ड किया जाएगा, क्योंकि इससे आंख की हालत के बारे में मूल सूचना (बेसिक इनफारमेशन) मिल जाएगी।

उम्मीदवार की उपकरण से परीक्षा की जाएगी और उसकी दृष्टि सुतीक्ष्णता रेलवे बोर्ड के चिकित्सा अधिकारी की स्थाई सलाहकार समिति द्वारा निर्धारित विधि के अनुसार की जाएगी।

विशेष ध्यान:-- नीचे निर्धारित स्तर को जो उम्मीदवार पूरा नहीं करेंगे उन्हें नियुक्ति हेतु स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उम्मीदवार की दृष्टि का परीक्षण निम्नलिखित नियमों के अनुसार किया जाएगा:--

क्रम संख्या	अच्छी दृष्टि (सुधारी हुई दृष्टि)	खराब दृष्टि
1. दूर दृष्टि	6/6 या 6/9	6/12 या 6/9
2. निकट दृष्टि	जे 1	जे 2
3. सुधार का अनुमत प्रकार		चश्मा
4. रंग-दृष्टि अपेक्षाएं		उच्च श्रेणी
5. बाइनोकुलर दृष्टि की आवश्यकता		हां

टिप्पणी (1)

(क) मायोपिया (सिलेण्डर सहित) कुल (-4.00 डी) से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(ख) हाइपरमैट्रापिया (सिलेण्डर सहित) कुल (4.00 डी.) से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(ग) मायापिया फंडस की प्रत्येक मामले में परीक्षा की जानी चाहिए और उसका परिणाम रिकार्ड किया जाना चाहिए। यदि उम्मीदवार की ऐसी रोगात्मक दशा हो जो कि बढ़ सकती है और उम्मीदवार की कार्यकुशलता पर प्रभाव डाल सकती है, तो उसे अयोग्य घोषित किया जाए।

रेडियल केरीटेटमी/लेसिक सर्जरी को इस सेवा के लिए अयोग्यता माना जाएगा।

टिप्पणी (2)

कलर विजन--कलर विजन की जांच जरूरी है और समस्त उम्मीदवारों के सम्बन्ध में परिणाम सामान्य होना चाहिए। लाल संकेत, हरे संकेत और पीले रंग के संकेत के प्रभाव से और हिचकिचाहट के बिना पहचान कर लेना सन्तोषजनक कलर विजन है। कलर विजर जांच के लिए इशिहारों के प्लेटों और एडिग्रीन जैसे दोनों मटन का प्रयोग होगा।

नीचे दी गई तालिका के अनुसार रंग का प्रयोग ज्ञान उच्चतर हायर और निम्नतर (लोअर) ग्रेडों में होना चाहिए जो लैन्टर्न अपर्चर के आकार पर निर्भर होगा।

ग्रेड	रंग के प्रत्यक्ष ज्ञान का उच्चतर ग्रेड	रंग के प्रत्यक्ष ज्ञान का निम्नतर ग्रेड
1. लैम्प और उम्मीदवार के बीच की दूरी	16 फीट	16 फीट
2. द्वारक (एपर्चर) का आकार	1.3 मी. मीटर	13 मी. मीटर
3. उदभासन काल	5 सेकण्ड	5 सेकण्ड

स्पेशल क्लास के लिए रंग के प्रत्यक्ष ज्ञान का उपचार ग्रेड आवश्यक है।

टिप्पणी (3)

दृष्टि क्षेत्र (फील्ड आफ विजन)--सभी सेवाओं के लिए सम्मुखन विधि (कन्फेन्टेशन मेथड) द्वारा यूनिट दृष्टि क्षेत्र की जांच की जाएगी। जब ऐसी जांच का नतीजा असन्तोषजनक या संदिग्ध हो तब दृष्टि जांच क्षेत्र की (परमापी) पैरामीटर पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

टिप्पणी (4)

रतौंधी (लाइट ब्लाइण्डनेस)--केवल विशेष मामलों को छोड़कर रतौंधी की जांच नेमी रूप से जरूरी नहीं। रतौंधी में दिखाई न देने की जांच करने के बाद कोई स्टेण्डर्ड टैस्ट निश्चित नहीं हैं। मैडिकल बोर्ड को ही ऐसे काम चलाऊ टेस्ट कर लेने चाहिए। ऐसे रोशनी कम करके या उम्मीदवार को अंधेरे कमरे में लाकर 20 से 30 मिनट के बाद उससे विविध चीजों की पहचान करवा कर दृष्टि तीक्षणता रिकार्ड करना। उम्मीदवार के कहने पर ही हमेशा रिकार्ड नहीं करना चाहिए। किन्तु उन पर उचित विचार किया जाना चाहिए।

टिप्पणी (5)

दृष्टि से तीक्षणता से भिन्न आंख की दशा आक्यूलर कन्डीशन :--

(क) आंख की अंग सम्बन्धी बीमारी को या बढ़ती हुई अपवर्धन त्रुटि (रिफ्रैक्टिव एरर) जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि की तीक्षणता के कम न होने की संभावना हो अयोग्यता का कारण समझा जाना चाहिए।

(ख) भैंगापन--जहां दोनों आंख की दृष्टि का होना जरूरी है भैंगापन अयोग्यता माना जाएगा चाहे दृष्टि की तीक्षणता निर्धारित स्तर की ही क्यों न हो।

(ग) एक आंख वाला व्यक्ति--एक आंख वाला व्यक्ति नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

टिप्पणी (6)

कान्टेक्ट लैंस--चिकित्सा परीक्षा के दौरान उम्मीदवार को कान्टैक्ट लैंस का प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यहां आवश्यक है कि आंख का परीक्षण करते समय दूर की दृष्टि के लिए टाइप अक्षरों की प्रदीप्ति 15 फुट कन्डिल की प्रदीप्ति जैसी हो। विशेष परिस्थितियों में किसी उम्मीदवार के सम्बन्ध में किसी भी शर्त को शिथिल करने की छूट सरकार को है।

टिप्पणी (7)

रक्त दाब (ब्लड प्रेशर)

ब्लड प्रेशर के सम्बन्ध में बोर्ड अपने निर्णय से काम लेगा। नार्मल मैक्सीमम सिस्टलिक प्रेशर की आकलन की काम चलाऊ विधि निम्न प्रकार है :-

(1) 15 से 25 वर्षों के युवा व्यक्तियों में औसत ब्लड प्रेशर लगभग 100 जमा आयु होता है।

(2) 25 के ऊपर की आयु वाले व्यक्ति में ब्लड प्रेशर के आकलन में 110 जमा आधी आयु का सामान्य नियम बिल्कुल सन्तोषजनक दिखाई पड़ता है।

विशेष ध्यान--सामान्य नियम के रूप में 140 एम. एम. के ऊपर सिस्टलिक प्रेशर और 90 एम. एम. के उपर डयिस्टलिक प्रेशर को संदिग्धा मान लेना चाहिए और उम्मीदवार को अयोग्य या योग्य ठहराने के सम्बन्ध में अपनी अन्तिम राय देने से पहले बोर्ड को चाहिए कि उम्मीदवार को अस्पताल में रखें। अस्पताल में रखने की रिपोर्ट से यह पता लगाना चाहिए कि घबराहट (एकसाइटमेंट) आदि के कारण ब्लड प्रेशर थोड़े समय रहने वाला इसका कारण कायिक (आगनिक) बीमारी है? ऐसे सभी मामलों में हृदय का एक्सरे और इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी जांच और रक्त यूरिया निकास (क्लियरेंस) की जांच भी नेमी तौर पर की जानी चाहिए। फिर भी उम्मीदवार के योग्य होने या न होने के बारे में अन्तिम फैसला केवल मेडिकल बोर्ड ही करेगा।

ब्लड प्रेशर (रक्त दाब) लेने का तरीका।

नियमित : पारे वाले दाब मापी (मरकरी मोनोमीटर) किस्म का उपकरण (इन्स्ट्रूमेंट) इस्तेमाल करना चाहिए। किसी किस्म के व्यापार या घबराहट के बाद पन्द्रह मिनट तक रक्त दाब नहीं होना चाहिए। रोगी बैठा हो या लेटा हो बशर्ते कि वह और विशेषकर उसकी आंख शिथिल और आराम से हो। यहां थोड़ी बहुत हारिजेंटल स्थिति में रोगी के पार्श्व पर ही तथा उसके कन्धे से कपड़ा उतार देना चाहिए। कफ में से पूरी तरह हवा निकालकर बीच में रबड़ भुजा के अन्दर की ओर रखकर और उसके निचले किनारे को कोहनी के मोड़ से एक या दो इंच उपर करके लगाना चाहिए। इसके बाद कपड़े की पट्टी को फैलाकर समान रूप से लपेटना चाहिए ताकि हवा भरने पर कोई हिस्सा फूल कर बाहर न निकले।

कोहनी के मोड़ पर बांह धकनी (बैकिजल आर्टरी) को दबा कर ढूंढा जाता है और तब इसके ऊपर बीचों-बीच स्टथोस्कोप को हल्के से लगाया जाता है। जो कफ के साथ न लगे। कफ में लगभग 200 एम.एस.जी. हवा भरी जाती है इसके बाद इसमें धीरे-धीरे हवा निकाली जाती है। हल्की क्रमिक ध्वनियां सुनाई पड़ने पर जिस स्तर पर पारे का कालम टिका होता है वह सिस्टलिक प्रेशर दर्शाता है और जब हवा निकाली जाएगी तो और तेज ध्वनियां सुनाई पड़ेंगी। जिस स्तर पर साफ और अच्छी सुनाई पड़ने वाली ध्वनियां हल्की दबी हुई सी लुप्त प्राय: हो जाए व डायस्टलिक प्रेशर है। ब्लड प्रेशर काफी थोड़ी अवधि में ही लेना चाहिए क्योंकि कफ से लम्बे समय का दबाव रोगी के लिए क्षोभकारी होता है और इससे रीडिंग गलत होती है। यदि दोबारा पड़ताल करनी जरूरी है तो कफ में से पूरी हवा निकाल कर कुछ मिनट के बाद ही ऐसा किया जाए। (कभी-कभी कफ में हवा निकालने पर एक निश्चित स्तर तक ध्वनियां सुनाई पड़ती हैं, दाब गिरने पर ये गायब हो जाती है तथा निम्नस्तर पर पुन: प्रकट हो जाती हैं। इस "साइलैण्ट गैप" से रीडिंग गलत हो सकती है)।

8. परीक्षक की उपस्थिति में किए गए मूत्र की भी परीक्षा की जानी चाहिए और परिणाम रिकार्ड किया जाना चाहिए। अब मेडिकल बोर्ड को किसी उम्मीदवार के मूत्र में रासायनिक जांच द्वारा शक्कर का पता चले तो बोर्ड इसके सभी पहलुओं की परीक्षा करेगा और मधुमेह (डायबिटीज) के द्योतक चिन्ह और लक्षणों को भी विशेष रूप से नोट करेगा। यदि बोर्ड उम्मीदवार को गुलुकोज मेह (ग्लाइकोसूरिया) के सिवाय अपेक्षित मेडिकल फिटनेस के स्टैण्डर्ड के अनुरूप पाये तो वह उम्मीदवार को इस शर्त के साथ फिटनेस घोषित कर सकता है कि ग्लूकोज मेह (अमधुमेही) (नान डायबिटीज) है और बोर्ड यह केस उस विनिर्दिष्ट काय-चिकित्सा विशेषज्ञ के पास भेज देगा जिसके पास अस्पताल और प्रयोगशाली की सुविधाएं हों। मेडिकल विशेषज्ञ स्टैण्डर्ड ब्लड शुगर रालरैस टैस्ट समेत जो भी क्लिनिकल लेबोरेटरी परीक्षाएं जरूरी समझेगा, करेगा और अपनी रिपोर्ट मेडिकल बोर्ड को भेज देगा जिस पर मेडिकल बोर्ड की "फिट" "अनफिट" की अंतिम राय आधारित होगी। दूसरे अवसर पर उम्मीदवार के लिए बोर्ड के सामने स्वयं उपस्थित होना जरूरी नहीं होगा। औषधि के प्रभाव को समाप्त करने के लिए यह जरूरी हो सकता है कि उम्मीदवार को कई दिन तक अस्पताल में देख-रेख में रखा जाए।

9. जांच के परिणाम के आधार पर यदि कोई महिला उम्मीदवार 12 हफ्ते या उससे अधिक समय की गर्भवती पाई जाती है तो उसको अस्थाई रूप से तब तक अस्वस्थ घोषित किया जाना चाहिए जब तक कि उसका प्रसव पूरा न हो। किसी रजिस्टर्ड चिकित्सा व्यवसायी का स्वस्थता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर प्रसूती की तारीख से 6 हफ्ते बाद आरोग्य प्रमाण-पत्र के लिए उसकी फिर से स्वास्थ्य परीक्षा की जानी चाहिए।

10. निम्नलिखित अतिरिक्त बातों पर ध्यान दिया जाना चाहिए :--

(क) उम्मीदवार को दोनों कानों से अच्छा सुनाई पड़ता है और उसके कान में बीमारी का कोई चिह्न नहीं है। परीक्षा कान विशेषज्ञ द्वारा की जानी चाहिए। यदि सुनने की खराबी का इलाज शल्य क्रिया (आपरेशन में) हियरिंग एड के इस्तेमाल से हो सके तो उम्मीदवार को इस आधार पर अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता बशर्ते कि कान की बामारी बढने वाली न हो।

चिकित्सा परीक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन के लिए इस सम्बन्ध में निम्नलिखित मार्गदर्शन जानकारी दी जाती है :--

(1)	एक कान में प्रकट अथवा पूर्ण बहरापन हो दूसरा कान सामान्य।	स्पेशल क्लास अप्रेन्टिस पदों पर नियुक्ति के लिए अयोग्य।

(2)	दोनों कानों में बहरापन का प्रत्यक्ष बोध जिसमें श्रवण के लिए यन्त्र (हियरिंग एड) कुछ सुधार सम्भव हो।	स्पेशल क्लास अप्रेन्टिस पदों पर नियुक्ति के द्वारा अयोग्य।
(3)	सेन्ट्रल अथवा मार्जिनल टाइप के टिमपेनिक मेम्ब्रेन का छिद्र।	कर्ण पटल का कोई छिद्र ठीक न हो तो अयोग्य किन्तु विक्षम घाव का निशान अयोग्यता का कारण नहीं माना जाएगा।
(4)	कान के एक ओर दोनों ओर मस्टाइड कैविटी सबनार्मल श्रवण।	स्पेशल क्लास अप्रेन्टिसिज के पदों के लिए अयोग्य।
(5)	बहते रहने वाला आपरेशन किया गया/बिना आपरेशन किया गया।	तकनीकी और गैर तकनीकी पदों के लिए अस्थाई रूप से अयोग्य।
(6)	नासापुट की हड्डी सम्बन्धी विषमताओं (बोन डिफार्मिटी) सहित अथवा उससे रहित नाक के जीर्ण प्रवाहक आलर्जिक दशा।	(1) प्रत्येक मामले का परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लिया जाएगा। (2) यदि लक्षणों सहित नासापुट अक्सर विद्यमान हो तो अस्थाई रूप से अयोग्य।
(7)	टांसिल्स और अथवा स्वर यंत्र लैरिक्स जीर्ण प्रवाहक दशा।	(1) टांसिल्स और/अथवा स्वर यंत्र की जीर्ण प्रवाहक दशा–योग्य। (2) यदि आवाज में अत्यधिक कर्कशता विद्यमान हो तो अस्थाई रूप से अयोग्य।
(8)	कान नाक गले (ई.एन.टी.) हल्के अथवा अपने स्थान पर यदम-ट्यूमर।	(1) हल्का ट्यूमर अस्थाई/स्थाई रूप से अयोग्य। (2) दुर्लभ ट्यूमर--अयोग्य।
(9)	आस्टेकिलरोसी।	स्पेशल क्लास अप्रेंटिसेज के लिए अयोग्य आपरेशन के बाद श्रवण सहायक यंत्रों की सहायता से सुनाई देने की मात्रा 30 डेसिबिल के अन्दर होने पर स्वस्थ्य।
(10)	कान, नाक अथवा गले के जन्मजात दोष।	(1) यदि कामकाज में बाधक न हो तो योग्य। (2) भारी मात्रा में हकलाहट हो तो अयोग्य।
(11)	नजलपोली।	अस्थाई रूप से अयोग्य।

(ख) उम्मीदवार बोलने में हकलाता/हकलाती नहीं हो।

(ग) उसके दांत अच्छी हालत में हैं या नहीं और अच्छी तरह चबाने के लिये जरूरी होने पर नकली दांत लगे हैं या नहीं/अच्छी तरह भरे हुए दांतों को ठीक समझा जाएगा।

(घ) उसकी छाती की बनावट अच्छी है या नहीं और छाती काफी फैलती है या नहीं तथा उसका दिल या फेफड़े ठीक हैं या नहीं।

(ङ) उसे पेट की कोई बीमारी है या नहीं।

(च) उसे रपचूर है या नहीं।

(छ) उसे हाइड्रोसील, बढ़ी हुई बेरिकासिल, बेरिका (शिरावेन) या बवासीर है या नहीं।

(ज) उसके अंगों, हाथों और पैरों की बनावट और विकास अच्छी है या नहीं और उसकी ग्रंथियां भली भांति स्वतन्त्र रूप से हिलती हैं या नहीं।

(झ) उसे कोई चिरस्थाई त्वचा बीमारी है या नहीं।

(ञ) कोई जन्मजात कुरचना या दोष है या नहीं।

(ट) उसमें किसी उग्र या जीर्ण बीमारी के निशान हैं या नहीं जिसमें कमजोर गठन का पता लगे।

(ठ) कारगर टीके के निशान हैं या नहीं।

(ड) उसे कोई संचारी (कम्युनिकेबल) रोग है या नहीं।

11. हृदय तथा फेफड़ों की किन्हीं ऐसी असमान्यताओं का पता लगाने, जिन्हें सामान्य शारीरिक परीक्षण के आधार पर नहीं देखा जा सकता है, के लिए छाती का रेडियाग्राफी परीक्षण केवल उन्हीं उम्मीदवारों का किया जाएगा जिन्हें स्पेशल क्लास रेलवे अप्रैन्टिसेज परीक्षा में अंतिम रूप से सफल घोषित किया जाता है।

अभ्यर्थी के स्वास्थ्य के बारे में केन्द्रीय स्थायी चिकित्सा मंडल (संबंधित अभ्यर्थी की चिकित्सा परीक्षा का संचालन करने वाला) के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।''

कोई रोग मिले तो उसे प्रमाण-पत्र में अवश्य ही नोट किया जाए। मैडिकल परीक्षक को अपनी राय लिख देनी चाहिए कि उम्मीदवार से अपेक्षित दक्षतापूर्ण ड्यूटी में इसे बाधा पड़ने की संभावना है या नहीं।

टिप्पणी (क)--उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि उक्त सेवा के लिए उनकी स्वस्थता निर्धारित करने हेतु नियुक्त चिकित्सा बोर्ड चाहे बोर्ड विशेष हो या स्थाई हो--के विरुद्ध अपील करने का अधिकार नहीं है, किन्तु फिर भी यदि सरकार पहले बोर्ड के निर्णय में गलती की संभावना के विषय में प्रमाण प्रस्तुत कर दिए जाने पर संतुष्ट हो जाती है तो यह सरकार की इच्छा पर होगा कि वह दूसरे बोर्ड के सामने अपील की इजाजत दे। इस प्रकार का प्रमाण जिस पत्र में उम्मीदवार को पहले चिकित्सा बोर्ड का निर्णय सूचित किया गया है उसकी तारीख से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर दिया जाना चाहिए, अन्यथा दूसरे चिकित्सा बोर्ड को अपील करने के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

यदि किसी उम्मीदवार द्वारा पहले बोर्ड के विनिश्चय में निर्णय संबंधी त्रुटि की संभावना से सम्बद्ध प्रमाण-पत्र के रूप में कोई चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो उसी प्रमाण-पत्र पर तब तक कोई ध्यान नहीं दिया जाएगा जब इसमें सम्बद्ध चिकित्सा व्यवसायी की इस आशय की टिप्पणी अंकित न हो तो वह टिप्पणी इस तथ्य को पूरी तरह जानते हुए अंकित की गई

है कि उक्त उम्मीदवार चिकित्सा बोर्ड द्वारा सेवा हेतु अयोग्य पाए जाने पर अस्वीकृत कर दिया गया।

टिप्पणी (ख)--अपीलीय चिकित्सा बोर्ड के बाद कोई अन्य अपील स्वीकार्य नहीं होगी और अपीलीय चिकित्सा बोर्ड का निर्णय फाइनल होगा।

मैडिकल बोर्ड उनकी रिपोर्ट

मैडिकल परीक्षक के मार्गदर्शन के लिए निम्नलिखित सूचना दी जाती है :--

1. शारीरिक योग्यता (फिटनेस), के लिए अपनाए जाने वाले स्टैण्डर्ड में संबंधित उम्मीदवार की आयु और सेवा काल (यदि हो) के लिए गुंजाइश करनी चाहिए।

2. यदि किसी ऐसे व्यक्ति को पब्लिक सर्विस भर्ती के लिए योग्य नहीं समझा जाएगा जिसके बारे में यथास्थिति सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी (अपाइंटिंग आथारिटी) को यह तसल्ली नहीं होगी कि उसे कोई ऐसी कोई बीमारी या शारीरिक दुर्बलता (बॉडिली इनफर्मिटी) नहीं है जिससे वह उस सेवा के लिए अयोग्य हो या उसके अयोग्य होने की संभावना है।

3. यह बात समझ लेनी चाहिए कि योग्यता का प्रश्न भविष्य से भी उतना ही सम्बद्ध है जितना वर्तमान से है और मैडिकल परीक्षा का मुख्य उद्देश्य निरन्तर कारगर सेवा प्राप्त करना और स्थाई नियुक्ति के उम्मीदवार के मामले में अकाल मृत्यु होने पर समय पूर्व पेंशन या अदायगियों को रोकना है। साथ ही यह भी नोट कर लिया जाए कि जहां प्रश्न केवल निरन्तर कारगर सेवा की संभावना का है और उम्मीदवार को अस्वीकृत करने की सलाह उस हालत में नहीं दी जानी चाहिए जबकि कोई ऐसा दोष हो जो केवल बहुत कम स्थितियों में निरंतर कारगर सेवा में लायक पाया गया हो।

4. महिला उम्मीदवार की परीक्षा के लिए किसी लेडी डाक्टर को मैडिकल बोर्ड के सदस्य के रूप में सहयोजित किया जाएगा।

5. डाक्टरी बोर्ड की रिपोर्ट को गोपनीय रखना चाहिए।

6. ऐसे मामलों में जब कि कोई उम्मीदवार सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए अयोग्य करार दिया जाता है तो मोटे तौर पर उसके अस्वीकार किए जाने के आधार पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उम्मीदवार को बताये जा सकते हैं, किन्तु डाक्टरी बोर्ड ने जो खराबी बताई उसका विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जा सकता।

7. ऐसे मामले में जहां डाक्टरी बोर्ड का यह विचार हो कि सरकारी सेवा के लिए उम्मीदवार को अयोग्य बनाने वाली छोटी-मोटी खराबी चिकित्सा (औषध या शल्य) द्वारा दूर हो सकती है वहां डाक्टरी बोर्ड द्वारा इस आशय का कथन रिकार्ड किया जाना चाहिए। नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस बारे में उम्मीदवार की बोर्ड की राय सूचित किये जाने में कोई आपत्ति नहीं है और जब वह खराबी दूर हो जाये तो दूसरे डाक्टरी बोर्ड के सामने उस व्यक्ति को उपस्थित होने के लिए कहने से संबंधित प्राधिकारी स्वतंत्र है।

(क) उम्मीदवार का कथन और घोषणा

अपनी मेडिकल परीक्षा से पूर्व उम्मीदवार को निम्नलिखित अपेक्षित स्टेटमेंट देनी चाहिए और उनके पास लगी हुई घोषणा (डिक्लेरेशन) पर हस्ताक्षर करने चाहिए। नीचे दिए गए नोट में उल्लिखित चेतावनी की ओर उम्मीदवार को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए :--

1. अपना पूरा नाम लिखें।
(साफ अक्षरों में)
2. अपनी आयु और जन्म स्थान बताएं।
3. क्या आप गोरखा, गढ़वाली, असमियों जैसी जातियों, नागालैण्ड जन-जाति आदि में से किसी से सम्बन्धित हैं जिनका औसत कद दूसरों से कम होता है "हां" या "नहीं" में उत्तर दीजिए। उत्तर "हां" में हो तो उस जाति का नाम बताइए।
4. (क) क्या आपको कभी चेचक, रुक-रुक कर होने वाला कोई दूसरा बुखार, ग्रंथियां (ग्लेण्ड्स) का बढ़ना या इनमें पीप पड़ना, थूक में खून आना, दमा, दिल की बीमारी, फेफड़े की बीमारी, मूर्छा के दौरे, रुमेटिज्म, एपैंडिसाइटिस हुआ है।
अथवा
(ख) दूसरी कोई ऐसी बीमारी या दुर्घटना, जिसके कारण शय्या पर लेटे रहना पड़ा हो, और जिसका मेडिकल या सर्जिकल किया गया हो, हुई है?
5. क्या आप या आपका कोई निकट का सम्बन्धी कभी कन्जम्पशन, सिरोफला, गाउट, दमा, दौरे अपस्मार या पागलपन का शिकार हुआ है।
6. क्या आप को अधिक काम या किसी दूसरे कारण से किसी किस्म की अधीरता (नर्वसनेस) हुई?
7. अपने परिवार के सम्बन्ध में निम्नलिखित ब्यौरे दें :--

यदि पिता जीवित हो तो उसकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	मृत्यु के समय पिता की आयु और मृत्यु का कारण
1	2

आपके कितने भाई जीवित हैं उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	आप के कितने भाईयों की मृत्यु हो चुकी है, मृत्यु के समय उनकी आयु और मृत्यु का कारण
3	4

यदि माता जीवित हों तो उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	मृत्यु के समय माता की आयु और मृत्यु का कारण
5	6

आपकी कितनी बहनें जीवित हैं उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	आपकी कितनी बहनों की मृत्यु हो चुकी है मृत्यु की समय उनकी आयु और मृत्यु का कारण
7	8

8. क्या इसके पहले किसी मैडिकल बोर्ड ने आपकी परीक्षा की है।

9. यदि ऊपर के प्रश्न का उत्तर "हां" में हो तो बताइए किस सेवा/किन सेवाओं के लिए आपकी परीक्षा की है?

10. परीक्षा लेने वाला प्राधिकारी कौन था?

11. कब और कहां मैडिकल बोर्ड हुआ?

12. मैडिकल बोर्ड की परीक्षा का परिणाम यदि आपको बताया गया हो अथवा आपको मालूम हो।

13. उपर्युक्त सभी उत्तर मेरी सर्वोत्तम जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही हैं तथा मैं अपने द्वारा दी गई किसी सूचना में की गई विकृति या किसी संगत जानकारी को छुपाने के लिए कानून के अंतर्गत किसी भी कार्रवाई का भागी हूंगा। झूठी सूचनाएं देना व किसी महत्वपूर्ण सूचना को छिपाना अयोग्यता मानी जाएगी और मुझे सरकार के अंतर्गत नियुक्ति के लिए अयोग्य माना जाएगा। मेरे सेवाकाल के दौरान किसी भी समय ऐसी कोई जानकारी मिलती है कि मैंने कोई गलत सूचना दी है या किसी महत्वपूर्ण सूचना को छिपाया है तो मेरी सेवाएं रद्द कर दी जाएंगी।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर----------------

उपस्थिति में हस्ताक्षर-----------------

बोर्ड के अध्यक्ष के हस्ताक्षर------------

प्रपत्र-I

(...उम्मीदवार का नाम की शारीरिक परीक्षा करने पर मैडिकल बोर्ड की रिपोर्ट)।

1. सामान्य विकास : अच्छा.................................. बीच का................................ खराब ....पोषण : ....पतला ....(औसत) मोटा ....कद (जूते उतारकर) .... वजन......... ....अत्युत्तम वजन ....कब था वजन में कोई हाल ही में हुआ परिवर्तन ....तापमान .... छाती का घेरा.................. ....

(1) पूरा सांस खींचने पर ....

(2) पूरा सांस निकालने पर ....

2. त्वचा :--कोई जाहिर बीमारी।

3. नेत्र :

(1) कोई बीमारी ....

(2)

रतौंधी ....

(3) कलर विजन व दोष ....

(4) दृष्टि क्षेत्र (फील्ड आफ विजन) ....

(5) दृष्टि तीक्ष्णता (विजुअल एक्विटी) ....

(6) फण्ड्स की जांच ....

